नायर सान

लेखक

ए० एम० नायर

अनुवाद

निशा कुकरेजा

भाषा-संपादन लक्ष्मण चतुर्वेदी

प्रकाशक शब्दकार
2203 गली डकौतान
तुर्कमान गेट दिल्ली 110006
मूल्य एक सौ पच्चीस रुपये (125/)
प्रथम संस्करण सितम्बर 1985
मुद्रक भारती प्रिंटर्स
दिल्ली 110032
आवरण चेतनदास
आवरण मुद्रक विमल ऑफसेट
ए 26 पंचशील गार्डन
नवीन शाहदरा दिल्ली 32
पुस्तक बंध खुराना बुक बाइंडिंग हाउस दिल्ली 110006

घटनाओ के काल क्रमवद्ध अभिलेख एव उसकी व्याख्या को इतिहास कहा जाता है। और इन घटनाओ को यदि उपयुक्त समय पर लिपिबद्ध न कर लिया जाए तो समय की धूल इन पर इस कदर चढती चली जाती है कि बाद मे तथ्यो का ठीक ठीक पता लगाना अनुसधान का विषय बन जाता है और कौन जाने इन अनुसधानो के परिणाम सत्य के कितने करीब होते हैं।

किसी घटनाक्रम का जो व्यक्ति अग रहा हो उस सच्चाई का जिसने भोगा हो, जिया हो उस घटनाक्रम विशेष पर उसका कथन, उसका अभिमत ही उसका प्रामाणिक इतिहास होता है। इतिहास की इस परिभाषा की कसौटी पर कसकर देखें तो श्री ए० एम० नायर के प्रस्तुत सस्मरण एक एतिहासिक दस्तावेज है जिसे सीमित किन्तु अत्यत महत्वपूर्ण विषय पर लिखी गयी अनेक पुस्तको से कही अधिक प्रामाणिक माना जाना चाहिए।

भारत की आजादी की लडाई भारत भूमि पर ही नही लडी गयी बल्कि भारत से बाहर भी इस सघर्ष को तेज करने मे अनेक स्वतन्त्रता सेनानियो ने भारी बलिदान दिया था। रासबिहारी बोस, नेताजी सुभाष बोस राजा महेन्द्र प्रताप जैसे भारत के न जाने कितने बहादुरो ने इस देश को विदेशी दासता से मुक्त कराने के लिए विदेशो मे रहकर असह्य कष्ट सहे और भारी त्याग-बलिदान दिये हैं।

श्री नायर भी उन्ही स्वतन्त्रता सेनानियो की श्रेणी मे आते हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया मे भारत की आजादी के लिए किये गये सघर्ष को उन्होने अपने जीवन के हर पल मे, हर क्षण मे जिया है। एक छात्र के नाते अध्ययन के लिए वे जापान चले गये और जिस उद्देश्य से वे वहा गये थे वह भी उन्होने शानदार तरीके से पूरा किया किन्तु ब्रिटिश उपनिवेशवाद के विरुद्ध विद्रोह और भारत को आजाद देखने की जो प्रबल आकाक्षा बचपन मे ही उनके मन मे अकुरित हुई थी वह निरतर अधिकाधिक बलवती होती गयी और सिविल इजीनियरी मे डिग्री हासिल करने के बाद भी श्री नायर भारत को आजाद कराने के लिए ही कृतसकल्प रहे उसी मे आकण्ठ निमग्न रहे।

श्री नायर का प्रारम्भिक जीवन भारत मे बीता और स्कूली शिक्षा भी

उ होने यही पायी। दश की राजनीतिक परिस्थितियो म उनकी शुरू से ही रुचि थी इस बात का सकेत देते हुए उ होने लिखा है—"अध्यापक आमतौर पर शिक्षा और सामाजिक विषयो पर तो बहस को प्रोत्साहन देते थ लकिन राजनीतिक विषयो पर बहस की इजाजत नही थी। मगर मैं और मेरे कुछ साथी इस प्रतिबध के बावजूद ऐसे राजनीतिक विषय छाट ही लेते थे और भारत पर विदेशी शासन पर बाला करते थे। हम इसके लिए किसी-न किसी अध्यापक की डाँट भी सहनी पडती थी। लेकिन हमारे शिक्षको म कुछ एस भी थे जो हमारी बहस को अनसुना करके हम परोक्ष रूप स प्रोत्साहन दिया करते थे ।

श्री नायर 1928 म जापान चले गय और वहाँ के क्योतो विश्वविद्यालय से इजीनियरी मे स्नातक की उपाधि प्राप्त की। जापान पहुँचने के तुरन्त बाद श्री नायर की मुलाकात महान देशप्रेमी और क्रातिकारी श्री रासबिहारी बोस से हुई जि होने एक सशक्त क्रातिकारी स्वतत्रता अभियान का नेतत्व किया था और उसकी वजह से ब्रिटिश प्राधिकारीगण उनसे बहुत परेशान थे। ब्रिटिश गिरफ्तारी से बचने के लिए श्री रासबिहारी बोस 1915 म भारत से निकलकर जापान पहुचने मे सफल हो गये थे। श्री नायर श्री रासबिहारी बोस के 13 वष बाद जापान पहुँचे और तत्काल उनके सम्पक म उ होने भारत से बाहर रहकर भारत की आजादी की लडाई के अभियान म हिस्सा लेना शुरू कर दिया। इस सिलसिले मे श्री नायर कभी बौद्ध बनकर जापान के अ य शहरो और आसपास के दशो मे गये तो कभी मुसलमान बनकर। 1928 से लेकर 1947 मे भारत के आजाद होने तक श्री नायर निर तर भारत की आजादी के लिए सघष करते रहे। उनका रोम रोम भारत का आजाद देखने के लिए व्याकुल रहा।

दक्षिण पूव एशिया म भारत की आजादी के लिए इन स्वतत्रता सेनानियो ने जो कुछ किया उसका एक सीधा-सच्चा विवरण श्री नायर ने अपने इन सस्मरणो म दिया है। इसके बारे मे श्री नायर ने लिखा है कि यह सकलन एक दुघटना का परिणाम है। एक बार पैर फिसल जाने से उ हे इतनी चोट लगी कि वे चल फिर नही सकते थे और उ ह मजबूरी मे बिस्तर पर ही रहना पडता था। इसी अवधि मे उ होने एक टेपरिकाडर मँगाकर अपनी बाल्यकाल की घटनाओ का और बाद मे भारत की आजादी से जुडी अपनी यादो को इस टेपरिकाडर पर अकित कर दिया। इसके बाद फिर समय निकालकर उन्होने इसका सम्पादन किया और अपनी बात को तथ्यो से मिलाया। इस तरह उनके सस्मरणो ने पुस्तक का रूप लिया। एक दुघटना का कैसा सुखद परिणाम है यह।

अपने सस्मरणो मे श्री नायर न आजाद हि द फौज और भारतीय स्वतत्रता लीग आदि की स्थापना के सम्ब ध म भी लिखा है। इस स दभ म वे लिखते हैं 'भारतीय स्वतत्रा लीग और आजाद हिंद फौज तथा सुभाषच द्र बोस की दक्षिण

पूव एशिया मे भूमिका के विषय म बहुत कुछ लिखा गया है किन्तु खेद की बात है कि इनमे अधिकाश लाग ऐसे है जो घटना-स्थलो के कही आस-पास भी नही थे। लेकिन उन्होने बहुत विस्तारपूवक इनकी चर्चा की है और प्रामाणिकता का दावा किया है। उनके सन्दर्भो म या तो अज्ञान के कारण अथवा निहित हिता के कारण इन तथ्यो को तोड मरोडकर प्रस्तुत किया गया है"।

श्री नायर को इस बात मे बहुत सदेह है कि श्री सुभाषचन्द्र बोस की मृत्यु ताईपेह म एक जापानी विमान मे हुई थी, जो दुघटनाग्रस्त हो गया था। सुभाष चन्द्र बोस की मृत्यु को लेकर कही जाने वाली तमाम बातो के प्रति वे आश्वस्त नही है। उनका यह भी मत है कि सुभाषचन्द्र बोस की मृत्यु का पता लगाने के सिलसिले म जो प्रयत्न किये गये हैं व कारगर प्रयत्न नही थे और इनकी रिपार्टे अटकलबाजी पर ज्यादा आधारित है।

श्री नायर पिछले 60 वर्षो से जापान मे रह रहे है और अब अपनी आजीविका के लिए वहाँ अपना व्यापार चलाते ह, इसके बावजूद श्री नायर पूरी तरह भारतीय हैं, भारत प्रेमी हैं। यही वजह है कि वे जापान मे अपने व्यस्त जीवन मे समय निकालकर हर वष अपने देश आते है और यहा कुछ दिन ठहरते है। इस सिलसिले मे 1980 मे भारत यात्रा के सम्बन्ध मे उन्होने लिखा है कि जब मैं तिरुअनतपुरम आया तो एक समाचार पत्र के सवाददाता ने केरल म गुजर मेरे यौवनकाल की स्मृतियो के बारे मे जानना चाहा, साथ-साथ वतमान केरल के बार मे मेरे विचार भी। वे कहते हैं "एक क्षण के लिए मैंने सोचा कि काश यह प्रश्न मुझसे न किया गया होता।" फिर भी मैंने ईमानदारी से उत्तर देना ठीक समझा। मैंने कहा मुझे बडी निराशा हुई है कि बहुतो ने स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिए कडा श्रम किया था और बलिदान दिया था। इन सबके बाद हमने अपनी मातभूमि का एक ऐसे महान एव समृद्ध राष्ट्र के रूप मे निर्माण करने की कल्पना की थी जो बाकी विश्व के लिए एक नमूना हो, लेकिन वास्तविकता क्या है? इसी क्रम मे वे आगे लिखते है "1920 के दशक म तिरुअनतपुरम् मे एक आम सभा मे गाधीजी ने कहा था कि वे हमारे राज्य की स्वच्छता स अत्यधिक प्रभावित हुए हैं। अब कभी सोचता हूँ कि गाधीजी यदि अब हमारे बीच होते तो वे क्या सोचते?" अपनी मातर्भूमि के प्रति श्री नायर का यह लगाव इस बात का सूचक है कि वे तन से भले ही जापान म रहते हो, मन उनका भारत म ही बसता है।

श्री नायर के सस्मरण अग्रेजी जापानी और मलयालम, तमिल, तेलगु बगला आदि भारतीय भाषाओ म पहले ही प्रकाशित हो चुके हैं। लेकिन श्री नायर का यह कहना है कि जब तक उनकी यह पुस्तक हिन्दी मे नही छपती तब तक इसकी उपादेयता अधूरी रहगी। खुशी की बात है कि श्री नायर की यह मनोकामना पूरी हो रही है। इनके सस्मरणा का हिन्दी म प्रकाशन एक और दृष्टि से भी बहुत

महत्वपूर्ण है। भारत की आज़ादी की लड़ाई लड़ने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अब अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रही है और कांग्रेस के 100वें वर्ष में आजादी के एक विशिष्ट दस्तावेज़ के रूप में श्री नायर के संस्मरणों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

मुझे विश्वास है कि श्री नायर के इन संस्मरणों में सभी पाठकों को दक्षिण पूर्व एशिया के भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन की एक अनकही या अधकही कहानी को पढ़ने जानने का मौका मिलेगा और वे इसका पूरा लाभ उठायेंगे।

4 सफदरजंग लेन
नयी दिल्ली
13 जून 1985

एक परिचय

विम्पेई शिवा*

ए० एम० नायर, जिन्हे जापान के आदर-सूचक ढग से नायर सान (श्री नायर) कहा जाता है कदाचित जापान मे सर्वाधिक विख्यात और सर्वाधिक लोकप्रिय भारतीय है, जिसे उन्होने अपना दूसरा घर बना लिया है। वे 76 वष के है और 54 वर्षों से जापान म रह रहे है।

उनका आवषक व्यक्तित्व और लोगो का अभिवादन करते समय उनके मुख पर खिलने वाली मनोहर मुस्कान बादलो के बीच से झांकते प्रकाश की किरण के समान है।

---

* विम्पेई शिवा ने अपने व्यस्त जीवन का बहुत बडा भाग विश्व के विभिन्न देशों म जिनमे जापान, अमरीका यूरोप तथा चीन शामिल हैं एक पत्रकार की हैसियत से गुजारा है। उन्होने विश्व भर मे दूर-दूर तक यात्राए की हैं। सन 1951 मे उन्होने भारत सरकार के औपचारिक अतिथि के रूप म भारत-यात्रा की थी और पडित जवाहरलाल नेहरू के साथ जो स्नेहपूर्वक उन्हें अपना निकट का मित्र मानत थे अनेक बार दीघ और गहन विचार विमश किया था। वे हवाई मे जन्मे थे और अपने जीवन के आरभिक वर्षों मे भी वे काफी समय तक जापान मे थे और जापान टाइम्स के लिए काय करते रहे थे जिसका प्रकाशन उनके पिता किया करते थे।

सन 1977 मे जापान मे अग्रेजी भाषा मे पत्रकारिता के प्रवतन के प्रयासो मे उनकी असाधारण योग्यता के पुरस्कार स्वरूप उन्हे वष क जापानी पत्रकार के सम्मान से विभूषित किया गया था। वे जापान क अनुभवी पत्रकारो के समुदाय के वरिष्ठ सदस्य हैं और साहित्य तथा पत्रकारिता जगत म अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मानित व्यक्ति हैं। उन्होंने अनेक अमूल्य पुस्तकें लिखी हैं। अभी हाल तक वे आसाही ईवनिंग यूज के बोड ऑफ डाइरेक्टस क चेयरमन थे और अब उसके वरिष्ठ परामर्शदाता हैं।

आज जापान में उनका नाम उनकी कंपनी 'युगन काइषा नायर' (नायर कार्पोरेशन लि०) का पर्याय बन गया है जो अनेक भारतीय उत्पादनों का विक्रय करती है, भारतीय मसाले का एक कारखाना चलाती है और एकदम भारतीय शैली के कुछ रेस्तरां चलाती है। किन्तु मुझ जैसे उम्रदराज लोग, उनके बारे में कहीं अधिक जानते हैं।

वे एक अत्यन्त उत्साही स्वदेश प्रेमी हैं और सन 1947 में, भारत के आजाद होने तक, सुदूर पूर्व और दक्षिण पूर्व एशिया में, भारतीय स्वतंत्रता अभियान की अग्रिम पंक्ति में रहे हैं।

उनके संस्मरणों की 460 पृष्ठों की पाडुलिपि की एक प्रति पाकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ था। मैंने पूरे मनोयोग से इसे पढ़ा है। यह बड़ी आकर्षक है और काफी हद तक एक असाधारण व उल्लेखनीय जीवन चरित है एक जीवन चर्चा है जो मार्मिक विवरण प्रस्तुत करती है।

नायर सान एक प्रतिष्ठित परिवार से हैं। अपने भाई की सलाह पर, जिन्होंने सप्पोरो स्थित रायल यूनिवर्सिटी में अध्ययन किया था सन 1928 में वे जापान आये और क्योतो विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया और इंजीनियरी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने जापानी भाषा का भी अध्ययन किया, जो उन्होंने बहुत जल्दी सीख ली और इतनी अच्छी सीख ली कि धारा प्रवाह भाषण करने की दक्षता प्राप्त कर ली। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान और उसके बाद, वे एन० एच० के० (यानी जापान रेडियो) से भारत के सम्बन्ध में जापानी भाषा में वार्ताएँ प्रसारित किया करते थे। एन० एच० के० में उन्हें बहुत सम्मान प्राप्त है।

जापान पहुँचने के शीघ्र बाद ही, श्री नायर महान भारतीय देशप्रेमी रास बिहारी बोस से मिलने गये जो उनसे कोई तेरह वर्ष पूर्व जापान आये थे। श्री बोस ने उनका हार्दिक स्वागत किया और तत्काल उन दोनों में एक निकट का नाता स्थापित हो गया।

मेरा रासबिहारी से भी अच्छा परिचय था। दोनों में अद्भुत सादृश्यता के कारण श्री नायर को गलती से रासबिहारी का जुड़वाँ भाई भी माना जा सकता था। श्री बोस का स्वभाव भी श्री नायर की ही भाँति मैत्रीपूर्ण था। मुझे ये देखकर अचरज हुआ था कि ऐसा मासूम लगनेवाला और दयावान व्यक्ति एक क्रांतिकारी हो सकता है। यही बात श्री नायर पर भी लागू होती थी जिनकी आत्मकथा एक साहसी स्वतंत्रता सेनानी का आकर्षक आख्यान है।

अपने देश की स्वतंत्रता के अथक सेनानी रासबिहारी बोस ने भारत में एक सशक्त क्रांतिकारी स्वतंत्रता अभियान का नेतृत्व किया था, जिससे ब्रिटिश अधिकारीगण बहुत परेशान थे। अधिकारियों ने उनकी गिरफ्तारी के लिए इनाम रखा

था। किन्तु किसी तरह वे वहा से भाग निकलने मे सफल हुए और सन 1915 म जापान आ गये। ब्रिटिश अधिकारिया ने जापान के विदेश मत्रालय से अनुरोध किया कि एग्लो जापानी मैत्री को ध्यान मे रखते हुए उन्हे गिरफ्तार करके भारत प्रत्यर्पित कर दिया जाय।

हालांकि जापान सरकार ने उन्हे ढूढकर गिरफ्तार करना चाहा किन्तु उसे सफलता नही मिली क्योकि रासबिहारी बोस न स्वय को अति शक्तिवान, महान देशभक्त मित्सुरु तोयामा के आश्रय मे समर्पित कर दिया था जिनके सनातत्र के साथ निकट सम्बन्ध थे।

उन्हे शिंजुकु म एक अति सफल समृद्ध नानबाई की दुकान, नकमुरा बेकरी के पर्याप्त समद्ध स्वामी ऐज़ो सोमा के मकान मे छिपाकर रखा गया था। सोमा श्री तोयामा के हमख्याल और समथक थे। श्री बोस न नानबाई श्री सोमा को, जिनके मकान की दूसरी मजिल पर एक रेस्तरॉ भी था भारतीय शली की शोरबेदार सब्जी तथा चावल पकाना सिखाया जो तुरन्त बहुत लोकप्रिय हो गया।

श्री बोस न सोमा परिवार की पुत्री से विवाह कर लिया। यह भी एक सयोग ही था कि श्री ए० एम० नायर ने भी, एक अभिजात परिवार की जापानी महिला स ही विवाह किया। लेकिन दोनो म एक अति रोचक अन्तर भी है।

हालांकि रासबिहारी मत्यु पयत भारत की स्वतन्त्रता के लिए सघपशील रह, किन्तु, बचन के लिए ही, तकनीकी दष्टि से उन्होने जापान की नागरिकता ग्रहण कर ली थी। श्री ए० एम० नायर की पत्नी न अपने माता-पिता की अनुमति प्राप्त कर, भारत के स्वतन्त्रता प्राप्त कर लेने के काल तक, भारतीय नागरिक बनन की प्रतीक्षा की। नायर दम्पति के दो पुत्र है, जिन्होन अपने पिता की राष्ट्रीयता स्वीकार की है। उनका बडा पुत्र, मत्स्य विज्ञान मे पी एच० डी० की उपाधि प्राप्त है और एशियाई विकास बैंक म एक ऊँचे ओहदे पर कायरत है जबकि छोटा पुत्र, 'पुगन कईपा नायर' कपनी मे डाइरेक्टर है।

श्री नायर अपन यौवन काल मे भारत के ब्रिटिश शासका के कोपभाजन थ और क्योतो मे अपना अध्ययन समाप्त करके यदि व भारत लौट जात तो उनकी गिरफ्तारी का खतरा था। इसलिए वे जापान मे ही रहत रह और भारत के स्वतन्त्रता सघप की दिशा म कायरत रह।

उसी सिलसिले म जापानी राजनीतिज्ञो तथा उच्च वग क अन्य गणमान्य व्यक्तियो के साथ उनका निकट सपक था। उनमे कोकरयुकाई यानी काला अजगर मासायटी के मित्सुरु तोयामा, कुजु सेनसई, डॉ० सुमेइ ओकावा और अन्य लोग उल्लेखनीय हैं। उनका जापानी सैनिक वग म भी काफी उठना-बैठना था।

मचूरिया पर विजय के बाद, सन् 1931 म जापान न मचुको की स्थापना की। श्री नायर मचुको सरकार के एक प्रमुख अधिकारी गुंता नगाओ क निमत्रण

पर जो क्याती विश्वविद्यालय म उनके सहपाठी थ, एक राजकीय अतिथि के रूप मे वहा गये। श्री नायर ने अवसर का लाभ उठाकर वहाँ एक भारतीय स्वतन्त्रता अभियान केन्द्र का स्थापना की और वहीं एक एशियाई सम्मलन का भी आयोजन किया। उस क्षेत्र म उनकी बहुमुखी गतिविधिया के परिणामस्वरूप उन्हे मचुका नायर का उपनाम दिया गया, उनके कुछ मित्र, अभी भी मजाक म उन्ह इस नाम से बुलात हैं।

उन्होन ब्रिटन विरोधी कायकलाप सम्पन्न करत हुए, मगोलिया तथा चीन की विस्तत यात्राए की। उनकी कुछेक यात्राएँ उन्ह भयानक रगिस्तानी क्षेत्रा और उच्च पवतीय इलाका म ले गयीं'। स्थानिक राजा व सरदार आदि उनके साहस का दखकर आश्चयचकित रह जाते थे और उनके व्यक्तित्व को साहस की प्रतिमा मानत थे।

उन घटनाओ का विवरण बहुत ही रोचक है जब मगोलिया तथा सिंग कियाग (सिगक्यिाग म उन्हे एक डाकू का सामना करना पडा था) मे अपन मिशन की सफलता के लिये पहले तो उन्ह एक जीवित बुद्ध और फिर एक मुस्लिम पुजारी की भूमिका निभानी पडी थी।

द्वितीय विश्व युद्ध आरभ होन से पूव, रासबिहारी बोस तथा नायर ने मिल कर जापान तथा दक्षिण-पूव एशिया म भारतीय स्वतन्त्रता लीग की स्थापना की और उसका विकास किया। श्री नायर लीग तथा जापान सरकार के बीच की प्रमुख कडी थे। श्री नायर तथा श्री बोस दोना का यह विश्वास था कि जापान अधिकृत या जापान नियन्त्रित क्षत्रो म, भारतीय स्वतन्त्रता के सघष को तोक्यो स्थित सैनिक अधिकारियो और उनकी क्षेत्रीय कमानो के सहयोग के बल पर ही बढाया जा सकता है।

किन्तु श्री नायर के दिमाग म यह बात स्पष्ट थी कि जापान की सहायता वांछनीय तो है किन्तु भारतीय स्वतन्त्रता अभियान को मूलत स्वय भारतीयो द्वारा ही पोपित और सुदृढ किया जाना चाहिए। वे चर्चा करते हैं 'कुछ लोगो का विचार यह था कि वे (श्री नायर) जापान के लाभ के लिए ही उसके साथ मिलकर कायशील थे। मगर श्री नायर का कहना है कि यह सब अज्ञानता के कारण बनाई गयी पूर्णतया गलत धारणा ही थी। व अपनी पुस्तक म बल देकर लिखत हैं— यह कहना या इसका आभास तक दिलाना कि मैं कभी भारतीय स्वतन्त्रता सघष का अग्रसर करने के अपने मूल लक्ष्य से लेशमात्र भी भटक गया, ईशनिंदा के समान होगा। सच बात तो यह है कि मैं बडी सख्या म उच्चतम स्तर के जापानियो को अपने साथ मिलाकर भारतीय अभियान के लिए काय करने के लिए राजी करवा सका"।

सन 1943 क आरम्भ म रासबिहारी बोस का जो भारतीय स्वतन्त्रता लीग

के अध्यक्ष थे और भारतीय राष्ट्रीय सेना के अध्यक्ष भी थे, स्वास्थ्य बहुत गिर गया। इसलिए श्री नायर ने एक आकस्मिकता-सभाव्यता योजना लागू किय जान की दिशा मे सक्रियता दिखाई। वह योजना यह थी कि सुभाष च द्र बोस को दक्षिण पूव एशिया लाया जाए। सुभाष सन् 1941 मे भारत से चले गय थे और विदेश म रहकर भारत के मुक्ति सघष को अग्रसर करन के लिए बर्लिन मे रह रहे थे। उ ह ऐसा सर्वाधिक योग्य व्यक्ति माना गया, जि हे अपने स्वास्थ्य के कारण अवकाश ग्रहण के पूव रासबिहारी बोस भारतीय सस्थाओ की बागडोर सौप सकते थे।

जमनी से सुमात्रा तक की सुभाष की ऐतिहासिक व साहसिक यात्रा, जमनी तथा जापान की नौसेनाओ के बीच काय-समजन का एक अभूतपूव और अद्वितीय नमूना थी। सुमात्रा से वे विमान द्वारा तोक्यो आये। वहा जनरल तोजो मे मिले और उसके कुछ समय बाद रासबिहारी के साथ सिंगापुर पहुचे। जिस आयोजन मे रासबिहारी ने प्रस नतापूवक भारतीय सस्थाओ का नेतत्व अपने चुने हुए उत्तराधिकारी सुभाष को सौंपा, उसका श्री नायर द्वारा किया गया वणन बडा सजीव है।

सुभाष का लक्ष्य शस्त्रास्त्र के बल पर भारत को आजादी दिलाना था। उ हाने जनरल तोजो को इस बात के लिए राजी कर लिया कि जापानी सेना द्वारा जिसकी सहायता आई० एन० ए० यानी आजाद हिंद फौज कर रही थी बर्मा की सीमा के पार भारत पर आक्रमण किया जाए। सुभाष का दुर्भाग्य ही कहगे कि उस समय जापानी सेना हर मोर्चे पर कठिनाई मे फँसी थी। इम्फाल अभियान मे तो उसे बहुत बुरी मार खानी पडी जो एक भीषण हानिकर दुघटना सिद्ध हुई।

सुभाष ने भारत पर एक बार फिर आक्रमण करने का प्रयास किया और आई० एन० ए० के लिए और अधिक शस्त्रास्त्र व गोला बारूद आदि की माँग की, किन्तु जापान स्वय शक्ति-क्षय के कगार पर खडा था। बर्मा क्षेत्र म जापानी सना के पाँव, दक्षिण-पूव एशिया कमान की मित्र राष्ट्र मनाआ न उखाड दिये थे। उसके बाद शीघ्र ही जापान न बिना शत आत्मसमपण कर दिया और भारतीय स्वतत्रता लीग तथा आई० एन० ए० के विघटन के साथ युद्ध समाप्त हो गया।

श्री नायर ने इन घटनाओ और उनकी त्रासदियो का बडे मर्मान्तक ढग से खेदपूवक वणन किया है। उ होने जापान की पराजय और उसके आत्मसमपण की भी सक्षिप्त चर्चा की है।

श्री नायर को इस आम विश्वास के प्रति भारी स देह है कि दक्षिण-पूव एशिया मे एक सोवियत नियत्रित क्षेत्र की ओर भागत हुए ताइपेह म एक जापानी विमान के दुघटनाग्रस्त हो जाने म सुभाष की मृत्यु हुई। उ ह तो इस बारे मे भी स देह है कि उनकी मत्यु हुई थी या नही जैसाकि बहुत स लोगा न कहा है। व इस

चर्चित घटना का लेकर किय जान वाले विभिन्न अनुमाना के बारे म भी पूणतया सतुष्ट नही है। साथ ही, इस अफवाह के बार मे भी सदिग्ध हैं कि सुभाष के पास स्वण तथा हीरे जवाहरात का खजाना भी था। उनका विचार है कि सत्य का उदघाटन नही हो पाया है और अब इसके जाहिर हाने की काई आशा भी नहीं है। इसलिए इस मामले पर और अधिक अटकलबाजी निरथक सिद्ध होगी। ' मेरा विचार है कि दक्षिण पूव एशिया म, सुभाष चन्द्र बोस से सबद्ध दु खद युग को भुला दना ही बेहतर होगा' ।

श्री नायर, प्रतिवष कुछ समय के लिए भारत अवश्य जाते हैं। उन्हान, भारतीय उपमहाद्वीप के दक्षिण पश्चिमी छोर पर स्थित अपन प्रान्त 'केरल का अति सुन्दर वणन किया है जो एक रमणीक स्थल है और जहाँ शान्त समुद्र-ताल व लहलहात हरे भरे धान के खेतो के साथ-साथ अतिभव्य ताड वन भी हैं और जिसकी स्वर्णिम आभा वाली सुन्दर समुद्र तटो से सज्जित तट रखा है। उनके जन्म स्थान तिरुवनतपुरम के निकट ही, कोवलम तट की सुन्दर सैरगाह है जिसे विश्व की सर्वाधिक सुन्दर स्नानयाग्य समुद्री खाडियो मे से एक होने का गौरव प्राप्त है।

श्री नायर कुछ खेद के साथ अपने जन्म प्रान्त की दशा का वणन करते हैं। पच्चीस वष पूव केरल राज्य के लोग इतने अधिक कुठाग्रस्त हो गये कि उन्होन इस सिद्धान्त पर दाव लगाने का निणय किया कि चूकि उसस बदतर तो कुछ हो नही सकता था इसलिए क्यो न अपनी आथिक कठिनाइयो से मुक्ति पाने के लिए उग्रवाद का दामन थाम लिया जाए। इस प्रकार, सन 1957 मे, वह राज्य, विश्व का एसा प्रथम खड बन गया जहा ससदीय चुनाव की लाकतन्त्री प्रक्रिया के माध्यम से कम्युनिस्ट पार्टी को अपनी सरकार बनाने के लिए मत दिये गये।

लकिन लोगो को यह निष्कष निकालने म बहुत समय नही लगा कि उन्हान गलत निणय लिया था। लगभग दो वष के भीतर ही कम्युनिस्ट उद्देश्यो के प्रति मोहभग होने से उस सरकार का हटा दिया गया। तब से अब तक कोई कम्युनिस्ट बहुमत विद्यमान नहीं है और प्रान्त की सरकार मिली जुली पार्टिया स बने सरकार तत्र के हाथो म है।

अति प्रतिकूल व कठिन आर्थिक स्थिति तथा राज्य सरकार की अन्य अनेक समस्याआ की ओर किसी कडवाहट या निराशावाद की भावना के बिना, केवल एक प्रकार की व्यग्यात्मक विनोदप्रियता के साथ सकेत किया गया है। श्री नायर का विश्वास है कि जहाँ भी वाँछित इच्छा भावना होती है वहाँ स्थिति को निश्चय ही ज्यादा अच्छी तरह सुधारा जा सकता है। उनका यह भी विश्वास है कि उनके जन्म प्रान्त को एक स्वर्गिक रूप दिए जाने की बहुत अधिक सभावनाएँ हैं।

सुधार की दिशा मे उन्होने अति प्रशसनीय कुछ मोटी माटी सलाह भी दी है। इस सबध मे, उन्होंने जापान व अन्य देशा के अपने अनुभवा को आधार बनाया है। उनका रुख बहुत नया और सकारात्मक है।

भारत व जापान के बीच विभिन्न क्षेत्रा मे और निकट की सहभागिता की भारी सम्भावना सम्बन्धी उनके विचार व टिप्पणिया विशेष रूप स उल्लेखनीय है। तत्सबधी चिंतन और सकारात्मक कारवाई के लिए रूपात्मक कल्पना के सन्दभ मे, वे सर्वाधिक योग्य व्यक्तिया मे से एक है। कारण यह कि भारत व जापान के बीच, शाति व मैत्री की द्विपक्षीय सधि सबधी वार्ता आदि के दौरान वे भारतीय राजदूत के परामशदाता थे। शाति सधि के बाद वे दोना देशो के बीच सदभाव मैत्री व सहयोग को अमल म लाने के लिए विभिन्न सस्थाआ से निकट सम्पक बनाय हुए है।

उनकी यह सलाह कि भारत व जापान के बीच के सबधो म क्या कुछ हा रहा है और क्या कुछ अपेक्षित है, वाकई विचारणीय है। यह आशा की जानी चाहिए कि दोनो पक्षो के सगत अधिकारीगण इस बात को उचित महत्व देंगे। य विचार एक अनुभवी और ऐसे वरिष्ठ व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं जिनके लिए दोनो देशो के बीच आपसी लाभ के लिए निकट सबधो की स्थापना व पोषण आधी शताब्दी से भी अधिक समय स एक सक्रिय उद्देश्य रहा है।

अपनी पुस्तक मे, श्री नायर न द्वितीय विश्व युद्ध से पहले व बाद की अनक महत्वपूण (और दु खपूण भी) घटनाओ का रोचक और विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने सन 1945 मे राख के एक ढेर की स्थिति को प्राप्त जापान की आश्चयजनक पुन स्थापना की भी चर्चा की है। उन्हान अत्यधिक ईमानदारी के साथ एक अति महत्वपूण काल की महान घटनाओ के कथापात्र अथवा चश्मदीद गवाह के रूप मे इस पुस्तक की सामग्री प्रस्तुत की है।

उनकी पुस्तक से हम जापान और दक्षिण-पूव एशिया के भारतीय समूह के अपने देश को स्वतन्त्रता दिलान की प्रक्रिया को गति प्रदान करने के अति साहस पूण किन्तु बहुत कम विदित प्रयासो की दुलभ और गहन जानकारी मिलती है, जिनके बारे म, खेद की बात है कि उनके देश द्वारा उन्हे कदाचित वाछित और उचित मान्यता नही दी गयी है।

यह एक अति रोचक और चित्ताकषक पुस्तक है। आत्मकथा जसी होत हुए भी एतिहासिक रूप मे भी यह अमूल्य और विचारोत्तेजक कृति है। इसम बहुत सी ऐसी सामग्री है जो विद्वानो को वतमान शताब्दी के इतिहास के उथल पुथल भरे काल के अति महत्वपूण सन्दभ मे प्रकटत एक नयी दृष्टि प्रतीत हो सकती है।

मेरी आशा है कि अन्य लोग भी, इस पुस्तक का आनन्द व लाभ उठाएँगे।

उतना ही, जितना मैंने उठाया है, और यह पुस्तक, भारत-जापान मैत्री व सहयोग के लक्ष्यों के लिए जिनकी दिशा मे श्री नायर ने अपने असाधारण जीवन का सर्वोत्तम भाग समर्पित कर दिया है, एक अमूल्य योगदान सिद्ध हो।

उनको व उनके पाठको को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ!

असाहि ईवनिंग न्यूज
तोक्यो

किम्पेई शिबा

1

प्रस्तावना

आधुनिक युग के इतिहास म बोसवी सदी का पूर्वाध सर्वाधिक महत्वपूण सैनिक तथा राजनीतिक घटनाओ का साक्षी रहा है। एक पीढी से भी कम समय म दो विश्व युद्ध हुए। दूसर विश्व युद्ध म अमरीका ने जापान के विरुद्ध अणु बम का उपयोग किया जो 1945 तक की विज्ञान की सर्वाधिक घातक इजाद थी। दो वडी राजनीतिक क्रातियाँ हुई। परमाणु शस्त्रास्त्र की होड म लगी दो बडी सैनिक शक्तियो के उभरने से न सिफ उन दोना के अपने विनाश का वल्कि समूचे विश्व के विनाश का खतरा उत्पन्न हो गया।

इसी अवधि मे जापान सर्वाधिक शक्तिशाली एशियाई दश के रूप मे उभरा। कुछ हद तक उपनिवेशवादी पश्चिमी देशो के रास्ते पर चलते हुए जापान भी विस्तारवाद की ओर बढा। सन 1941 म अपनी सीमाआ को लाधकर जापान ने अमरीका तथा ब्रिटेन की सयुक्त शक्ति को चुनौती दी, च्याग काई शेक के चीन के साथ पहले से ही उसकी लडाई चल रही थी। आरभ मे कुछ शानदार विजय के बाद जापान को पहली वार मात खानी पडी और एक विदेशी शक्ति ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया। लेकिन एक दशक स भी कम समय मे जापान फिर अविश्वसनीय ढग से उभरकर ऊपर उठा, ससार मे ऐसा कोई और उदाहरण नही है जबकि कोई दश इतनी जल्दी और इतने कम समय म दुबारा उभरकर ऊपर उठा हो। दस वप से भी कम अवधि मे वह न सिफ एशिया का एक महान देश बल्कि विश्व की एक महान आर्थिक शक्ति भी बन गया।

जापान का उत्थान और पतन लगभग उसी समय म हुआ जबकि इतिहास का सर्वाधिक शक्तिशाली और सबस बडा औपनिवेशिक साम्राज्य यानी ब्रिटिश राज का पतन शुरु हुआ। दो सदियो तक ब्रिटिश सत्ता की गुलामी के बाद अतत अगस्त 1947 मे भारत दासता की वेडियो से मुक्त हुआ। सन 1931 मे विन्स्टन चर्चिल की यह भविष्यवाणी प्राय सच सिद्ध हुई कि भारत को खोकर ब्रिटेन एक छोटी शक्ति रह जायगा। भारत की स्वतन्त्रता के बाद एशिया तथा अफ्रीका के अन्य उपनिवेश भी एक-एक करके स्वतन्त्र होते गये।

मेरा जन्म इस शताब्दी क पहले दशक म हुआ था। अपनी पीढी के अन्य लोगो

की तरह मैंने भी इन घटनाओं को और विश्व स्तरीय महत्व की बहुत-सी अन्य घटनाओं को या तो भोगा है या फिर बहुत निकट से उन्हें महसूस किया है। एक स्वतन्त्र देश के रूप में भारत का अभ्युदय मेरे लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटना थी, खास तौर पर इसलिए भी कि वैसे तो आजादी की यह कशमकश दो सौ वर्ष तक चलती रही थी लेकिन इसका चर्मोत्कर्ष उन्हीं दिनों हुआ जबकि मैं स्वयं आजादी के आंदोलन में पूरी तरह सक्रिय था। राजनीतिक जीवन का वह सर्वाधिक सक्रिय युग था।

उस युग की कहानी एक ओर जहां दारुण दुःख और विपदाओं की कहानी है, वहीं दूसरी ओर असाधारण शौर्य तथा बलिदान की भी कहानी है। अधिकांश देश प्रेमी स्वदेश में ही संघर्ष कर रहे थे किंतु बहुतों ने देश के बाहर से यह लड़ाई लड़ी। मैं प्रमुख रूप से दूसरी श्रेणी का सिपाही रहा हूँ।

भारत में अपने जीवन के आरंभिक वर्षों की संक्षिप्त चर्चा के बाद, इस पुस्तक के प्रारंभिक अध्यायों में जापान, चीन, भीतरी मंगोलिया और प्रशांत क्षेत्र में तथा मंचुको क्षेत्र में, जिसे तथाकथित वृहत्तर पूर्व एशिया युद्ध में जापान के प्रवेश से पूर्व यह नाम दिया गया था, एक भारतीय स्वतन्त्रता सेनानी के रूप में मैंने अपने कार्यकलापों का जिक्र किया है। बाद के अंशों में मूलतः पूर्व तथा सुदूर पूर्व में भारतीय स्वतन्त्रता लीग में मेरी गतिविधियों की चर्चा है, जिसकी स्थापना महान भारतीय क्रांतिकारी देशभक्त रासबिहारी बोस और मैंने मिलकर की थी। जब, सन् 1943 के आरंभ में रासबिहारी बोस गंभीर रूप से बीमार हो गये तो उन्होंने ऐसा प्रबंध किया कि उनके उत्तराधिकारी की हैसियत से सुभाषचन्द्र बोस को जर्मनी से बुलाया जाये जिससे कि वे भारतीय स्वतन्त्रता लीग के अभियान का नेतृत्व संभाल लें। मैंने इस काम में उनकी पूरी पूरी मदद की।

जापान पर मित्र देशों की सेनाओं के आधिपत्य के अंतिम वर्षों में मुझे जापान में भारतीय राजदूत के परामर्शदाता के रूप में काम करने का अवसर मिला था, मेरे इस दायित्व का संबंध प्रमुखतः जापान तथा भारत के बीच द्विपक्षीय संधि के संबंध में बातचीत कराने से था। वैसे सन् 1952 के बाद बहुत से परिवर्तन हुए। स्वयं जापान के इतिहास की धारा भी बदली। परिवर्तन के इस क्रम में मैंने भी एक व्यापारी के रूप में एक नया मार्ग अपनाया। इसके लिए मैंने अपने मित्रों की मजाक में कही गयी लेकिन निष्कपट बातें भी सुनी कि मैंने अपनी स्थिति या मर्यादा को एक सीढ़ी नीचे गिरा लिया है यानी समुराई अथवा 'रौनिन' के पद के स्थान पर मात्र एक व्यापारी बन गया हूँ।

इन पुरानी बातों का केन्द्र या कहूँ कि मुख्य सम्बन्ध मूलतः मेरे राजनीतिक जीवन से ही है। भारत जापान शांति-संधि सम्पन्न किये जाने के बाद मैंने दोनों देशों के बीच सद्भाव तथा मैत्री बढ़ाने की दिशा में कार्यरत अनेक संस्थाओं को

सक्रिय समर्थन देना आरम्भ कर दिया (जो मैं अब भी करता हूँ)। विशेषकर, तोक्यो स्थित भारतीय संस्था के प्रेसिडेंट के रूप मे। लेकिन एक व्यापारी के रूप म अपनी गतिविधियो को मैंने इस काबिल नही समझा कि उनकी विस्तृत चर्चा की जाय।

मेरे बहुत से मित्रो ने बार बार मुझ से यह आग्रह किया कि मैं अपने संस्मरण लिखू। उनकी दलील यह थी कि सुदूर पूर्व तथा दक्षिण पूर्व एशिया म भारत के स्वतन्त्रता संग्राम से सर्वाधिक अभिन्न रूप से जुडा मैं ही सबसे पुराना वयोवद्ध भारतीय हूँ। मुझे चाहिए कि अपने पीछे इस अभियान के इतिहास के सर्वाधिक महत्वपूर्ण काल के तमाम उतारो और चढावो की सच्ची कहानी की वसीयत आने वाली पीढियो के लिए छोड जाऊँ। किन्तु इसका अवसर मुझे अभी हाल ही मे मिल सका है और वह भी सही अर्थो मे एक दुर्घटना के परिणामस्वरूप ही।

सन् 1980 म मैं अपने एक मित्र से मिलने तिरुवनन्तपुरम गया था। उस समय दुर्भाग्य से उनके घर के चिकने फर्श पर मैं फिसल गया और मेरी पीठ म गभीर चोट आई और वहा स लौटकर तोक्यो के एक अस्पताल म मुझे कई सप्ताह बिस्तर पर लेटे रहना पडा। उस अनचाहे विश्राम-काल म मैंने एक टेप रिकार्डर मँगवाया और अपने विगत जीवन और कार्यकलापो की जो भी बातें मुझे याद थी उन्ह बोलना आरम्भ कर दिया। इस प्रकार मानसिक तनाव को समाप्त करने के उद्देश्य मे मन की बात कहने का जो सिलसिला शुरू हुआ वही इस पुस्तक के लिए आधारभूत सामग्री सिद्ध हुई।

अस्पताल से लौटने के बाद मैं जल्दी ही अपनी सामान्य दिनचर्या म व्यस्त हो गया और अगले एक वर्ष तक ये टेप एक सुरक्षित स्थान पर यू ही रखे रहे। सन 1981 के मध्य म छुट्टी के विचार से कुछ समय के लिए जब मैं केरल म आया हुआ था, उस समय मैंने उन्ह निकाला और उनके सम्पादन तथा उनकी प्रामाणिकता क उद्देश्य से अपनी कुछ यादो को ऐतिहासिक तथ्यो से मिलान का कार्य किया। ये सब उसी कार्य का परिणाम है कि मेरे संस्मरणो ने इस पुस्तक का रूप लिया जो मैं विनम्रतापूर्वक अब अपने सुधी पाठको के सम्मुख प्रस्तुत कर रहा हूँ।

अनेक लेखको द्वारा जिनमे भारतीय लेखक भी शामिल हैं जापान तथा द्वितीय विश्व युद्ध के विषय म बहुत कुछ लिखा जा चुका है। भारतीय लेखको ने भारतीय स्वतन्त्रता लीग और आई० एन० ए० की तथा सुभाषचन्द्र बोस की दक्षिण पूर्व एशिया मे भूमिका के विषय म बहुत लिखा है। किन्तु खेद की बात है कि इनमे अधिकाश ऐसे लोग हैं जो घटनास्थलो के कहीं आसपास भी नही थे लेकिन उन्होंने विस्तारपूर्वक इनकी चर्चा की है और प्रामाणिकता का दावा किया है। अनेक सन्दर्भो म या तो वास्तविक अज्ञान के कारण अथवा निहित हितो के कारण

इन तथ्या का तोड मरोड कर निरुपित किया गया है।

इस पुस्तक के उद्देश्यो म एक उद्देश्य यह भी है कि भारत के स्वतन्त्रता सग्राम के अति महत्वपूण काल की घटनाआ को उनके सही परिप्रेक्ष्य म प्रस्तुत किया जाए। मने अपन विश्लेपण या मूल्याकन मे पूणतया वस्तुपरक और ईमान दार रहन का प्रयास किया है। जो कुछ भी मैंन कहा है, मैं उसकी पूरी जिम्मदारी लेता हूँ क्याकि पुस्तक मे वणित प्रत्येक अनुभव के पीछे या तो एक पात्र के समान मेरी निजी जानकारी का आधार है या फिर एक ऐसे चश्मदीद व्यक्ति की आँखो देखी पक्षपातहीन गवाही है जो घटनास्थल के बहुत करीब रहा हो। मुझे महान भारतीय रासबिहारी बोस के साथ मिलकर भारतीय स्वतन्त्रता लीग की स्थापना करन का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। साथ ही मुझे लीग तथा जापान सरकार के बीच एक निकट सम्पक सूत्र की भाँति काय करन का अवसर भी मिला था। सुभाप युग मे स्थिति मे थोडा परिवतन आया था कि तु जो भी हुआ हो इस घटना क्रम के अ त तक मैं हमेशा इससे जुडा रहा था।

मेरे विवरणों मे पाठका को, उ होने अ यत्र जा कुछ पढा होगा उससे कदाचित भि न सामग्री मिलेगी। मेरी टिप्पणिया या मूल्याकन आदि से उन लोगो को कुछ परेशानी भी हो सकती है जो पक्षपातपूण राजनीतिक प्रचार पर विश्वास करते रहे हैं। उदाहरण के लिए मेरी यह मा यता है कि सुभापच द्र बोस यद्यपि निश्चय ही एक महान नता और परम उत्साही स्वत त्रता सेनानी और देशभक्त थे किन्तु भारतीय स्वत त्रता की प्राप्ति के लिए सघप करने वाला की सूची मे रासबिहारी बोस का स्थान उनसे सदा ऊँचा रहेगा। इन सस्मरणो के सुधी पाठको का आह्वान करता हूँ कि व सवेदना और भावुकता मे न बहकर ठडे दिमाग से सोच विचार करन के बाद ही अपनी राय कायम करें।

कुछ अ य बातें भी है जि हे सही रूप म प्रस्तुत करने का प्रयास मैंने किया है। यह धारणा पूणतया गलत है कि आजाद हि द फौज का गठन कप्तान मोहनसिंह द्वारा किया गया था। उ हाने स्पष्टतया अत्यधिक आत्म प्रचार किया है किन्तु मेरे विचार मे सत्य यह है कि 'स्वप्रतिष्ठित जनरल' मोहनसिंह को एक जापानी मेजर के अलावा अ य किसी ने मा यता नही दी थी। वस्तुत उ होने उस सगठन को तबाह कर दिया और रासबिहारी के साथ पूणतया आधारहीन मुद्दे पर झगडा किया और अ तत उससे हानि उठाकर भारतीय युद्धबदियो के बीच नितान्त अस्तव्यस्तता फैला दी थी।

व्यापक रूप से प्रचलित एक अ य गलत धारणा यह है कि मोहनसिंह द्वारा आई० एन० ए० का विघटन कर दिय जाने के बाद सुभाप ने उसे पुनगठित किया था। यह एक भ्रान्त धारणा है। तथ्य यह है कि पुनगठन का काय रासबिहारी बोस द्वारा किया गया था जि होंने सुभाष का एक कायक्रम और साधक सस्था के रूप

मे एक समूची सही व्यवस्था सौपी थी। हालाकि स्वय सुभाष की नीयत पूरी तरह पाक और साफ थी किन्तु अतत उन्होंने आई० एन० ए० को जापानी सेना की एक छोटी सी अतिरिक्त उपशाखा की भाति भारतीय युद्ध की दिशा मे झाक दिया था जिसका विनाशकारी परिणाम हुआ था। उस समस्त घटनाचक्र के इतिहास को जानने की कोशिश करने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस बात को अच्छी तरह जानता है।

मेरी कही बातो मे ऐसी और अन्य भिन्नताएँ इस नीयत स नही लिखी गयी हैं कि किसी बात को नकारा जाए या उस काल मे सुभाष अथवा आई०एन०ए० द्वारा किये गए महान देशभक्तिपूण सघष के महत्व का अवमूल्यन किया जाए। मैं तो केवल यह कहना चाहता हूँ कि घटनाओ को उनके सही परिप्रेक्ष्य मे देखा जाना चाहिए और अन्य तथ्यो पर विशेष रूप से रासबिहारी बोस व उनके देशवासियो के अथक व अग्रगामी कायकलाप से हटकर विचार नही किया जाना चाहिए। उन्ह कभी भी भुलाया नही जाना चाहिए, वस्तुत उन्हे ऐतिहासिक स्तर की मान्यता मिलनी ही चाहिए जिसके वे नि सदेह हकदार हैं। भारत की आजादी किसी एक या दो चार व्यक्तियो की या किन्ही सस्थाओ की उपलब्धि नही है बल्कि बहुत सी महान विभूतियो के नेतत्व और विभिन्न परिस्थितियो का सबल पाकर असख्य लोगो द्वारा किये गये महान प्रयासो का फल है।

वास्तव मे अतिम श्रेणी में जापान द्वारा आरभ किये गये वहत्तर पूव एशिया युद्ध को भी लिया जाना चाहिए। यह बात अलग है कि स्वय जापान के लिए इस युद्ध का क्या नतीजा रहा था। निश्चय ही जापान को भारी पराजय उठानी पडी किन्तु इसके बारे मे सर आरनाल्ड टोयनोई-जैसे विख्यात ब्रिटिश इतिहासज्ञ ने कहा है कि पश्चिम के विरुद्ध जापान ने जो युद्ध छेडा था, उसके ऐसे व्यापक प्रभाव हुए जिन्होंने विश्व के समस्त इतिहास के, विशेषकर पूव तथा पश्चिम के बीच के, सबधो के प्रभाव को ही बदल दिया। उसके बाद से पश्चिम के देश पूव के देशो के प्रति मनमाना रुख नही अपना सके।

मैं यह मानता हूँ कि उपनिवेशवादी ब्रिटिश शासको के विरुद्ध सघष मे मुझे *किसी ब्रिटिश के प्रति व्यक्ति के स्तर पर नही उस वग के प्रति रोष था।* अब मेरे देश के आजाद होने के बाद मेरे मन मे किसी समूह या किसी व्यक्ति के प्रति, चाहे वह किसी भी जाति या रग का क्या न हो, कोई दुर्भाव नही है। मेरे मित्रो मे न केवल भारतीय और जापानी हैं बल्कि अमरीकी, अग्रेज व अन्य देशो के निवासी लगभग सभी राष्ट्रीयताओ के व्यक्ति हैं। अपने अनुभवो को याद करके इन सस्मरणो को लिपिबद्ध करके उन्ह प्रस्तुत करते समय मेरे मन म किसी के प्रति कोई दुर्भावना नही है।

जिन लोगो ने अपने अनुभव मुझे बताकर और इतिहास के इस महान युग के

बारे म अपने विचार बताकर तथा अति उपयोगी परामर्श देकर मेरी सहायता की है, उनके प्रति मैं आभारी हूँ।

मैं श्री चिम्पेई शिबा का विशेष रूप से आभारी हूँ, जिन्होंने अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद, समस्त पाडुलिपि पढी और उदारतापूर्वक (इस पुस्तक में शामिल किए जाने के लिए) 'परिचय' लिख भेजा। उनके शब्दों को इस पुस्तक म सम्मानित स्थान देकर मैं अपना विनम्र आभार अवश्य प्रदर्शित करना चाहूँगा।

मै ओरियन्ट लौगमन, मद्रास के प्रति भी अपना आभार व्यक्त करना चाहूगा कि उन्होंने इस पुस्तक के सपादन का निरीक्षण किया और बहुत कम समय म यह पुस्तक तैयार कर दी।

तोक्यो

ए. एम. नायर

युगा से भूगोल न हम एक महान देश बनाया है, इतिहास न हम एक देश बनाया है, एक समान सस्कृति ने हम एक देश बनाया है और हमारी एक समान आकाक्षाओ, एक-समान आशाओ-आशकाओ विजय-पराजय ने हमे एक बनाया है। यह हमारा अतीत है। वतमान मे, हमारी सामूहिक मेहनत, सामूहिक बलिदान और सामूहिक सघप के बल पर हम स्वतत्रता मिली। अतीत और वतमान न हम एक समान आधार दिया है। उसी प्रकार हमारा भविष्य भी एक-समान हो— एक एसा भविष्य जिस पान के लिए हम प्रयासरत हैं हमारे लाखा-करोडो लागा का भविष्य, उनका कल्याण। हम किसी भी क्षेत्र मे हो उद्देश्य की एकता, प्रयास और बलिदान की एकता हमार लिए हमेशा वाछनीय होगी।

—जवाहरलाल नेहरू

विपय-सूची

भूमिका 5
श्रीकात वर्मा

एक परिचय 9
किम्पेई शिबा

प्रस्तावना 17

1 मेरा ज म स्थान 27
2 मेरा शैशव 33
3 एक नया मोड 39
4 सामाजिक सुधार आ दालन 46
5 चौराहे पर 52
6 जापान की आर 62
7 क्योतो विश्वविद्यालय म 69
8 रासबिहारी वोस स भेंट 77
9 जापान के सम्राट का राज्याभिपेक 85
10 क्योता का छात्र-जीवन 92
11 अध्ययन के साथ थाडी राजनीति भी 96
12 एक और मोड 104
13 मचुका म 114
14 मगोलिया और सिंकियांग म 128
15 तोक्या यात्रा एक चर्चा 145
16 ब्रिटन के साथ ' आर्थिक युद्ध 151
17 पुन मचूको म 162
18 मेरा विवाह 169
19 मचुको म जासूसी 174

20 द्वितीय विश्वयुद्ध तथा दक्षिण पूव एशिया म भारतीय स्वतन्त्रता लीग 186
21 भारतीय स्वतन्त्रता लीग का तोक्यो सम्मेलन 201
22 बगकाक सम्मलन 209
23 आजाद हिन्द फौज 223
24 भारतीय स्वतन्तता लीग का स्थानातरण सिंगापुर को 234
25 सुभाषचन्द्र बोस का आगमन 241
26 इम्फाल का मोर्चा 265
27 आजाद हिन्द फौज का विघटन 273
28 जापान द्वारा आत्मसमपण 286
29 सुभाषचन्द्र बोस का अतर्धान 294
30 जस्टिस आर० बी० पाल का युद्ध अपराधो पर विसम्मत निणय 307
31 भारत जापान शाति सधि 317
उपसहार 331

परिशिष्ट

1 न्याख्यात्मक विवरण (1) बुशिदा, (2) रोणिन
2 बैंगकाक सम्मेलन (15 जून 1942) के उदघाटन के अवसर पर का सभापति पद से रासबिहारी बोस भाषण 342
3 जस्टिस डा० राधा विनोद पाल तथा श्री यासाबुरो शिमोनाका के सक्षिप्त जीवन वत्त 345
4 भारत-जापान के बीच, चिरस्थायी शाति व मैत्री की सधि—9 जून 1952 356

लेखक

मेरा जन्म-स्थान

मेरा जन्म स्थान तिरुवनतपुरम है जो स्वतन्त्र भारत के एक छोटे राज्य केरल की राजधानी है। ब्रिटिश शासन काल म, यह तिरुविताकूर रियासत का मुख्य केन्द्र था। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद, तिरुविताकूर को उसके उत्तर मे स्थित पडोसी रियासत, कोचीन के साथ मिला दिया गया। सन् 1956 म भाषा के आधार पर जब भारत की रियासतो का पुनगठन किया गया तब तिरुविताकूर कोचीन और पूवकालीन मद्रास प्रात के मलबार क्षेत्र को मिलाकर, केरल नाम दिया गया। इस क्षेत्र की भाषा मलयालम है।

भारत के दक्षिण पश्चिमी छोर मे स्थित केरल एक सँकरा भू क्षत्र है जिसका क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल के एक प्रतिशत से कुछ ही अधिक है। किन्तु जन सख्या घनेपन के लिहाज से (प्रति वग मील मे, 550 व्यक्ति से भी अधिक) इस क्षेत्र का स्थान भारत म पहला है। इसके पश्चिम म, स्वच्छ चमचमाता अरब सागर है, हरियाले वना से आच्छादित घाटिया वाले पश्चिमी घाट की ऊँची नीची पहाडिया हैं। केरल भारतीय उपमहाद्वीप के सर्वाधिक मनोरम क्षेत्रो मे से एक है। सुनहरा सागर तट, शात झीलें, धान के हरे भरे खेत और नारियल के घने उपवन इसकी शोभा बढाते हैं। देशी नौकायें, पश्चजल के वक्ष पर, मनोहारी ढग से मन्द मन्द तरती है, मानो वना से ढँके किनारो पर धीरे धीरे स्केटिंग कर रही हो। तिरुवनन्तपुरम के निकट का समुद्र तट कोवलम विश्व की एक सुन्दरतम तटवर्ती सरगाह है। इसकी धनुषाकार खाडी की स्फटिक-स्वच्छ जल-तरगे हरीतिमा से आच्छादित सुन्दर तटो के चरण पखारती हैं। इसके स्नान घाट एक असाधारण सौन्दय की सृष्टि करते हैं। इसके निकट की एक पहाडी पर, एक अति कलात्मक भवन के निकट 'कोवलम अशोक होटल' बना है। यह कलात्मक इमारत भूतपूव महाराजा न अपनी छुट्टियाँ बिताने के लिए बनवायी थी।

केरल ने सन् 1957 म विश्व का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया जबकि यहाँ की कम्युनिस्ट पार्टी ने आम चुनाव मे अधिकाश सीटें जीत कर अपनी

सरकार स्थापित कर ली थी। यह प्रथम अवसर था जबकि विश्व में किसी भाग में लोकतंत्री तथा संसदीय प्रक्रिया के माध्यम से निर्वाचित कम्युनिस्टों ने सत्ता अपने हाथ में ली थी। इस शनिक प्रगति में समरूप आर्थिक प्रगति की भीषण अपर्याप्तता से उत्पन्न निराशा का अनिवार्य परिणाम यह सकते हैं। जनता ने इस सिद्धान्त पर दाँव लगाया कि चकि इससे बदतर कुछ नहीं हो सकता इसलिए अतिवाद को ही क्यों न आजमाया जाय। किन्तु लोग शीघ्र ही कम्युनिस्टों के उद्देश्यों के मोह के चंगुल से निकल आये और दो वर्ष के भीतर ही यह सरकार सत्ता खो बैठी। सन् 1959 के बाद में राष्ट्रपति शासन की अल्प कालावधि को छोड़ इस राज्य का प्रशासन गैर-कम्युनिस्ट दलों की सहभागिता में मिली-जुली सरकार चलाती रही।

इस क्षेत्र के उद्भव की एक दंत-कथा है। कहा जाता है कि इसके सृजन का श्रेय अवतार पुरुष परशुराम को है। उस समय के क्षत्रीय सामंतों से उन्होंने अनेक युद्ध करके उन पर विजय प्राप्त की। किन्तु बाद में उन्हें इस नर-संहार के कारण बड़ा क्षोभ हुआ। इसके प्रायश्चित के लिए उन्होंने कठिन तपस्या की और अंत में उन्होंने गोकर्ण से अपना फरसा सागर में फेंक दिया। जहाँ फरसा गिरा, वहाँ तक जल उतर गया और वहीं केरल की धरती उभर आई। ये सब विशुद्ध काल्पनिक कथा के समान लग सकते हैं, तो भी इस बात के पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध हैं कि भारत का दक्षिण पश्चिमी भाग कभी सागर की सतह से नीचे डूबा हुआ था। जो भी हो यह धारणा कि केरल की धरती समुद्र का वरदान है हिन्दुओं में आम तौर पर प्रचलित है। उनमें से कुछ की, जो जीवन की वर्तमान विषम स्थिति से निराश हैं, हार्दिक इच्छा है कि परशुराम, चाहे अब वे कहीं भी हों, एक बार पुनः अवतरित हों और अपने फरसा प्रयोग से समस्त केरल राज्य को पुनः सागर के गर्भ में पहुंचा दें ताकि उनकी समस्त पीड़ाएँ मिट जायें।

केरल का समुद्री इतिहास कोई 30 शताब्दी पुराना बताया जाता है जिसका आरंभ फिनीशियनों के आगमन से हुआ। ईसा से पूर्व 10वीं शताब्दी में, राजा सोलोमन ने अपने व्यापारिक पोत भारत भेजे थे जिन्होंने आफिर में लंगर डाला था, अब यह स्थान पूवार कहलाता है और त्रिवेन्द्रम के निकट स्थित है। सिकन्दर की मिस्र विजय के बाद भारत के साथ ग्रीस निवासियों के व्यापार संपर्क का केन्द्र केरल था। कालान्तर में अरब व्यापारियों ने भी इस क्षेत्र के व्यापार में प्रमुख स्थान ले लिया। उनका तब तक बोलबाला रहा जब तक कि पाश्चात्य उपनिवेशी शक्तियों का भारत में पदार्पण नहीं हुआ जिसका आरंभ पुर्तगाली अन्वेषक व साहसी यात्री वास्को डि गामा के आगमन से हुआ। वह यहाँ के मसाले आदि की खोज में आया था और सन् 1498 में कालीकट में उतरा था। उसके और कालीकट के राजा जामूरी के बीच एक व्यापार समझौता हुआ था।

पुर्तगालिया के बाद, बहुत से अन्य विदेशी भी आये, जिनमे ब्रिटेन वासी भी थे, जिन्हान अन्तत समस्त भारत पर कब्जा जमा करके उसे अपने साम्राज्य मे मिला लिया।

यहाँ के लोग अधिकाशत हिन्दू धर्मावलबी हैं। गौतम बुद्ध के बाद सर्वाधिक सम्मानित भारतीय मनीषी शकराचाय का जन्म केरल मे हुआ जो अद्वैतवाद के सर्वोच्च व्याख्याता रहे हैं, जिसे मानव विचारधारा और दशन मे महती योगदान देने की मान्यता प्राप्त है। किन्तु यहा हिन्दू धम के साथ-साथ मसीही धम तथा इस्लाम धम भी बन रहे। भारतीया का मसीही धम मे सवप्रथम धर्मान्तर ईसा पश्चात् प्रथम शताब्दी मे सत थोमस द्वारा केरल ही मे किया गया था जिन्हे सीरियाई मसीही समुदाय का पूवज माना जा सकता है। आजकल यह समुदाय इस राज्य का प्रबुद्ध तथा महत्वपूण अग है। भारत मे पहले से आबाद मुस्लिम भी, जो मलबार क्षेत्र के माप्पळा कहलाते हैं, उन अरब व्यापारियो के वशज बताये जात हैं जिन्होंने केरल की नारियो से विवाह किया था। और तो और, कोचीन मे एक यहूदी समुदाय भी है जिनके पूवज कुछ तो, कदाचित विश्व म सवप्रथम हिब्रू समुदाय के यहूदी रहे होगे। बताया जाता है कि वे राजा सोलोमन के जहाजो मे भारत आये थे। इस प्रकार अनेक विदेशी सम्पर्कों के बावजूद, केरल का एक अपना रूप बना रहा है। उसने विदेशी प्रभावा को आत्म सात तो कर लिया किन्तु अपनी दशीय सस्कृति पर आँच नही आन दी। भारत की सास्कृतिक परम्पराओ म अनेकता देखने मे आती है। तो भी उन सबके भीतर एक समानता की धारा बहती है जिसमे केरल का अशदान अन्य राज्या के अशदान से कही बढकर है। यहाँ के धार्मिक तथा सास्कृतिक तान-बाने म हिन्दू धम मसीही धम, इस्लामधम, बौद्ध धम और यहाँ तक कि जन धम के भी रग मिलत हैं, हालांकि, बौद्ध तथा जैन धम की यहाँ कोई स्थायी छाप नही रह सकी है। लेकिन यहाँ के सामाजिक रूप मे, जिसका अपना एक निराला रग है, आय और द्रविड, उत्तर और दक्षिण दोनो का सुन्दर सम्मिलित रूप परिलक्षित होता है। प्रत्यक सस्कृति के निजत्व को ज्या-का-त्या बनाये रखने के बावजूद, उन सब मे एकता को भी स्थापित किया गया है जिसने भारतीय सभ्यता की आवृद्धि म योग दिया है।

इस राज्य ने आठवी सदी के आसपास से, भारतीय आय भाषाआ म से प्राचीनतम भाषा सस्कृत और उसके महान बहुमुखी साहित्य के विकास म भी महत्वपूण भूमिका निभाई है। न केवल दशनशास्त्र को बल्कि खगोल विज्ञान, गणित शास्त्र तथा ज्योतिष विज्ञान को भी इस क्षेत्र का योगदान उच्चकोटि का रहा है। केरल के भास्कर न, छठी शताब्दी ही म आयभट्ट की खगोल शास्त्र सबधी प्रसिद्ध कृतिया का सरल सक्षिप्त रूपान्तर तैयार कर दिया था। केरल म 'सस्कृत साहित्य का इतिहास नामक कटवकुरूर राजराज वर्मा लिखित ए ग्रन्थ

वाला ग्रन्थ स्थायी महत्व की कृति है। शशिय क्षेत्रों के विभिन्न साहित्यकारों के अलावा शासक परिवारों के अनेक सदस्य भी ज्ञान व विद्वत्ता को प्रश्रय देते थे। उनमें से कुछ तो स्वयं भी बड़े विद्वान थे, जैसा कि तिरुवितांकूर के राम वर्मा (1758 1798) और स्वाति तिरुनाळ (1529 1847) तथा कोचीन के राम वर्मा (1895 1914) राजा श्रीमूलम तिरुनाळ (1884-1924) के काल में तिरुवनन्तपुरम में स्थापित संस्कृत कॉलिज" और कोचीन के तृप्पूणित्तरा में राजा राम वर्मा द्वारा स्थापित एवं अन्य कालिज भारत के सर्वश्रेष्ठ संस्कृत कालिजों में है। कोचीन के अंतिम शासक राम वर्मा परीक्षित तंपुरान आधुनिक भारत के श्रेष्ठ संस्कृत विद्वानों में एक थे।

संस्कृत लेखन में, केरल का अपूर्व योगदान रहा है और यह एक ऐसा तथ्य है जिसकी अवहेलना की जाती रही है क्योंकि इस क्षेत्र की संस्कृत का अधिकांश अध्यापन पठन, लेखन और उसकी शिक्षा देवनागरी लिपि के स्थान पर मलया लम लिपि में की जाती रही है।

केरल के नायर, परम्परा से योद्धा-वर्ग के रहे हैं। वे शासकों की शक्ति एवं सत्ता का परोक्ष बल माने जाते थे। अपने साहस के लिए विख्यात, वे नाग शौर्य वान तथा आत्म-सम्मानी रहे हैं। अपने शासकों के साथ उनके सम्बन्ध कुछ वैसे ही थे जैसे जापान में दामिम्यो या शोगुन के साथ सामुराय' के थे। केरल के गाथा गीतों में दबंग और भावुक नायर-नायकों की कहानियाँ भरी पड़ी हैं, जिनकी आचार-संहिता, जापान के बुशिदो यानी 'एक योद्धा के आचरण' के समान ही हुआ करती थी। शरीर को सुदृढ़ रखने की कलरी विद्या, जो कि उन्हें प्रतिरक्षा तथा आक्रमण दोनों के लिए तैयार किया करती थी, जापान के जुजित्सु की भाँति एक अति परिष्कृत कला थी। यह भी बताया गया है कि चोल राजाओं के साथ की लड़ाइयों में, वळ्ळुवनाड़ु जागीर के शासक ने अपनी 'चावेर' (जान पर खेल जानेवाले) नायरों की टुकड़ियाँ तैयार की थी जिनकी तुलना द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हवाई लड़ाई में जापान के 'कामिकाज' हवाबाजों से की जा सकती है।

केरल के राजाओं की शक्ति उनकी नायर सेनाओं की संख्या से आँकी जाती थी। कालीकट के जामोरी के पास एक लाख साठ हजार सैनिक थे और कोचीन के राजा के पास एक लाख चालीस हजार। तिरुवितांकूर रियासत की नायर सेना और भी बड़ी थी। अठारहवीं और उन्नीसवीं सदी के शुरू में इन सेनाओं को भंग कर दिया गया था। किन्तु तिरुवितांकूर और कोचीन में भारत की स्वतंत्रता के समय तक ब्रिटिश ढंग पर प्रशिक्षित सेना कायम थी।

किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि सभी नायर सैनिक ही हुआ करते थे। वे अन्य विभिन्न क्षेत्रों में भी प्रमुख स्थान रखते थे। हाल के इतिहास में, सार्वजनिक

क्षेत्र की लब्ध प्रतिष्ठ विभूतियो मे प्रसिद्ध विधि शास्त्री सर चेट्टूर सकरन नायर का नाम उल्लेखनीय है, जो सन 1817 मे इडियन नेशनल काग्रेस' के अध्यक्ष रहे थे। 1915 म हालाँकि उन्हे वायसराय की प्रशासन समिति मे नियुक्त किया गया था, किन्तु हृदय से वे सच्चे राष्ट्रवादी थे और अमतसर के हत्याकाड के बाद पजाव मे ब्रिटिश दमन के विरोध मे उन्होने अपना पद त्याग दिया था।

सरदार वल्लभ भाई पटेल तथा भारत के अन्तिम वायसराय और गवनर जनरल, लार्ड माउण्टबेटन के निकटतम विश्वास पात्र, श्री वी० पी० मेनन ने बहुतो की दृष्टि मे एक असभव काय करके दिखाया था यानी भारत के विभाजन के बाद, करीब 560 रियासतो को मिलाकर भारतीय सघ म शामिल कर लिया था। श्री वी० के० कृष्णमेनन को तो कोई नही भुला सकता, जो सन् 1947 तक यानी लम्बे अरसे तक इग्लैण्ड मे भारतीय स्वतत्रता अभियान के नेता तथा 'पेलिकन बुक्स' के सपादक रहे थे। स्वतन्त्र भारत म वे ब्रिटेन मे भारत के प्रथम हाई कमिश्नर नियुक्त किए गए थे। उन्होंने करीब पन्द्रह वष तक राष्ट्र सघ म भारतीय प्रतिनिधिमडल का नेतृत्व किया। वे तीसर विश्व यानी अविकसित देशो के हितो के बहुत बडे हिमायती थे। वे जवाहरलाल नेहरू के घनिष्ठ मित्र थे और सन् 1957 से 1962 तक, नेहरू मत्रिमडल मे रक्षा मत्री भी रहे थे। उस काल मे, उन्हे भारत का शक्तिमान व्यक्ति माना जाता था। हालाकि सन 1962 मे चीनी आक्रमण के अवसर पर भारत के तात्कालिक पराभव के परिणामस्वरूप उन्हे इस्तीफा देना पडा था तो भी व्यक्तिगत स्तर पर वे नेहरू के बहुत करीब बने रहे थे। सन् 1974 मे उनकी मृत्यु हो गयी, मृत्यु स पूव उन्हाने समस्त सम्पत्ति देश के नाम कर दी थी। ततीय विश्व के देश, दीघ काल तक उन्हे अपने सच्चे समथक के रूप म याद रखेंगे।

नायर समुदाय की पुरानी सामाजिक सरचना ने विदेशी पयवेक्षको मे विशेषकर समाजशास्त्रियो और मानव विज्ञानियो म काफी कौतूहल जगाया है। इस समाज को तरवाड कहलाने वाली सयुक्त पारिवारिक इकाइयों म गठित किया गया था, जिनमे मातृ-सत्तात्मक व्यवस्था थी। मूलत इसका अथ यह था कि वशगत परम्परा पिता की ओर से नही बल्कि माता की ओर से प्रमाणित की जाती थी। प्रत्येक तरवाड का नियत्रण यद्यपि कारनवन (मुखिया) कहलाने वाले परिवार के वरिष्ठतम पुरुष सदस्य के हाथो म होता था, किन्तु स्त्रियो को सदा महत्वपूण स्थान प्राप्त था। एक कुटुम्ब की सम्पत्ति, एक माता या किसी अन्य नारी (पूर्वाधिकारिणी) के वशज सदस्यो की सयुक्त सम्पत्ति हुआ करती थी। पिता की सम्पत्ति, उसके अपने पुत्र-पुत्रियो को नही बल्कि उसकी बहन की सन्तान को मिला करती थी। यदि उसके कोई बहन न हो तो, वह साधारणत एक दो स्त्रियो को बहन बना लेता था, जिसस कि उस भान्जे मिल जाएँ, जिन्हे

धिकार मे उसकी सम्पत्ति मिल सके। तिरुवितांकूर तथा कोचीन रियासतों म, सिंहासन के अधिकारी व शासको के अपने पुत्र नही बल्कि उनके ज्यष्ठतम भांज हुआ करत थ।

विचित्र लगने वाली नायरो की इस परपरा के पीछे निहित कारण यह था कि उस समुदाय क पुरुषा का प्राय सैनिक कतव्य निभाने के लिए लबे अरस तक अपन घर-परिवार स दूर रहना होता था और गृहस्थी की दखभाल का काम परिवार की नारियो पर रहना था। इस प्रथा के कारण महिलाओ के महत्व व प्रतिष्ठा म वृद्धि हुई। मानव विज्ञानियो न पुराने नायर समाज म स्त्री पुरुष की समानता का प्रमाण खोज निकाला है।

जापान का जरा परिवार सूय देवी का वशज माना जाता है। इसलिए जापान की मूल सामाजिक रूप रखा भी मात सत्तात्मक थी, जिसम महिलाओ को महत्वपूण स्थान प्राप्त था। बहुत बाद म बाहरी प्रभावो के कारण ही जापानी समाज म पुरुष प्रधान परम्परा का विकास हुआ होगा।

इस मात सत्तात्मक परम्परा के कारण बहुपति प्रथा नायर परिवारों की एक अन्य विशेषता थी। किन्तु समय के साथ-साथ, दोनो ही प्रथाएँ अब समाप्त हो चुकी है। वतमान सदी के आरम्भ मे ही परिवतन होने लग थे। सन् 1925 तक, तिरुवितांकूर और कुछ समय बाद तत्कालीन ब्रिटिश मलबार मे भी कानूनन मात सत्तात्मक प्रथा का उन्मूलन किया गया। इसके साथ ही बहुमात-बहुपति प्रथा को भी गर-कानूनी करार द दिया गया।

2

मेरा शैशव

मेरा पुश्तैनी घर, तिरुवनन्तपुरम से कोई बीस किलोमीटर दूर एक छोटे से कस्बे नय्याटिनकरा में था और मेरा परिवार ऊट्टि चाक्कोणत्तु वलिय वीडु नामक एक सयुक्त परिवार था। मेरा परिवार उस क्षेत्र के अभिजात परिवारों में से एक था और यथानाम काफी बड़े आकार का था। मेरी मा, लक्ष्मी अम्मा करीब 17 वर्ष की आयु तक वहीं रही। सन 1874 में उन्होंने मेरे पिता से विवाह किया। वह एक अतर्जातीय विवाह था। मेरे पिता अरवामुद अय्यगार तमिलनाडु के अन्तर्गत कुम्भकोणम नगर के कुलीन ब्राह्मण थे।

नायर जाति की सयुक्त परिवार प्रथा के अतर्गत, परिवार के मुखिया द्वारा आमतौर पर लडकियो के बाल विवाह पर बल दिया जाता था। इतना ही नही, वर का चयन लडकी के माता पिता या उसके मामा आदि करते थे और इस मामले मे कन्या का मुश्किल से ही कोई दखल हुआ करता था। जहा तक अन्तर्जातीय विवाह का प्रश्न था, यदि एक नायर कन्या अपने मे निम्न जाति के वर से विवाह करती थी तो इसे प्रथा का उल्लघन माना जाता था। किन्तु यदि उसका विवाह किसी ब्राह्मण या क्षत्रिय से होता तो वह घटना कन्या तथा उसके परिवार के लिए सम्मान की सूचक मानी जाती थी। मेरी माता के विवाह की घटना से न केवल परिवार किंतु समस्त कस्बे ने गर्व का अनुभव किया क्योकि मेरे पिता न केवल एक उच्च वर्गीय ब्राह्मण ही थे बल्कि इजीनियरी के क्षेत्र मे अति प्रतिभावान माने जाते थे। वे तत्कालीन शासक आयिल्यम् तिरुनाळ और उनके दीवान सर टी० माधव राव के सयुक्त निमत्रण पर तिरुविताकूर आये थे। शासक तथा उनके दीवान दोनो ही राज्य की प्रगति तथा प्रजा के कल्याण के प्रति समर्पित थे। सार्वजनिक कार्यों को सदा ही उच्च प्राथमिकता दी जाती थी। मेरे पिता अल्पकाल मे ही प्रमुख इजीनियर की पदवी पर आसीन हुए तथा रियासत के तमाम निर्माण कार्यों के केन्द्र बने।

आयिल्यम तिरुनाळ तथा सर टी० माधव राव की प्रगतिशील नीतियो का

उनके उत्तराधिकारियों[1] ने भी पालन किया। उन दोनों ने मेरे पिता को काफी आजादी दी जिससे बहुत ही कम समय में बहुत-सी परियोजनाएँ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। उनके सक्षम नेतृत्व का प्रमाण प्रस्तुत करने वाले बहुत से भवनों में तिरुवनन्तपुरम का बडा संग्रहालय, ललित कला संग्रहालय, नगर का सार्वजनिक पुस्तकालय प्रमुख है। राज्य भर मे सडकों का व्यापक जाल, केन्द्रीय बंदीगृह तथा प्रसिद्ध वकला की आग्रवाही नहर का स्थापत्य शिल्प भी उल्लेखनीय है।

विवाह के शीघ्र बाद मेरे माता पिता तिरुवनन्तपुरम के उस मकान मे चले गये जो मेरे पिता ने बनवाया था। वह एक विशाल भवन था किन्तु उसका नाम कुजु वीडु रखा गया था जिसका अर्थ है 'नन्हा घर'। इस विरोधाभास को क्या कहें। खैर! मेरे पिता ने अनेक एकड क्षेत्र के धान के खेत और नारियल के बगीचे भी खरीद लिये। इससे हमारे परिवार को काफी अच्छी आय हो जाती थी। अपने माता पिता की 10 संतानों में मैं सबसे छोटा हूँ। अंग्रेजी कलेण्डर के हिसाब से मेरा जन्मदिन 18 सितम्बर 1905 को पडता है। पडोस मे मेरे जन्म के ग्रह को लेकर बडी चर्चा रही। मेरा जन्म 'रोहिणी' नक्षत्र मे हुआ था, जिसमें भगवान कृष्ण का भी जन्म हुआ था। उस घटना का कोई विशेष महत्व था या नही, यह मैं कभी नही जान सका। लेकिन बडे दुःख के साथ कहना पडता है कि मेरे चार बहन भाई मेरे जन्म से पूर्व ही भगवान को प्यारे हो चुके थे। इसलिए मुझे केवल अपने दो भाइयों और तीन बहनों की ही याद है।

मेरे सबस बड़े भाई डाक्टर कुमारन नायर मुझस चौन्ह वष बडे थ। हमारे परिवार म उनका बहुत सम्मान था। सना की नौकरी के अलावा गरसरकारी चिकित्सालयों और अस्पताला म भी व बहुत व्यस्त रहत थ। उन्ह बहुत ख्याति प्राप्त थी। किन्तु अपन व्यावसायिक कायकलापा की व्यस्तता क कारण अपन निजी मामलो के लिए उन्ह समय नही मिल पाता था। यद्यपि उन्ह हम लागा स स्नेह था किन्तु पत्नी तथा तीन बच्चा की दखभाल की जिम्मदारी की वजह स स्वाभाविक रूप स वे हम बहुत समय नही दे पात थ।

परिणामत नारायणन नायर के साथ मेरी घनिष्ठता ज्यादा थी। व मुझसे पाच वष बडे थे। नारायणन बहुत मेधावी छात्र थे और विज्ञान के विषयो म उनकी विशेष रुचि थी। सन 1920 म जब उन्होने मट्रिक की परीक्षा पास की तो मेरे पिताजी ने निणय किया कि उन्ह तक्नीकी विज्ञान की किसी शाखा म अध्ययन के लिए भेजा जाना चाहिए जोकि उस समय भारत म लगभग एक नयी बात थी। उनके बहुत से मित्रा को उस समय बडा अचरज हुआ जब उन्ह यह मालूम हुआ कि वे मत्स्य विज्ञान म रुचि रखत हैं। आश्चय इसलिए कि एक उच्च वर्गीय शाकाहारी ब्राह्मण के बारे मे यह कल्पना भी दूभर थी कि चाहे दूसरा के लिए ही सही क्या वह मत्स्य का विकास करेगा अथवा मास को चीज़ा का समाधन करगा, उनके लिए यह कोई सामान्य बात नही थी। किन्तु मरे पिता केरल के मत्स्य उद्योग के सदभ म प्रबल सम्भावनाओ को पहचानत थे इसलिए उन्होने इस क्षेत्र का ही सर्वोत्तम माना। अत निणय हुआ कि मेरे भाई मत्स्य क्षेत्र के विशषज्ञ का प्रशिक्षण ग्रहण करे। मुझे स्मरण है उन्हान मुझस कहा था कि उन दिनो विज्ञान मत्स्य विज्ञान म स्नातक स्तर की शिक्षा देने वाली सर्वोत्तम सस्था जापान के होक्काइदो म स्थित इपीरियल यूनिवर्सिटी आफ सापारो' थी। उन्होने इस विश्वविद्यालय के प्रधानाचाय स पत्राचार किया और मेरे भाई को सन 1921 म आरम्भ होन वाले बी० एस-सी० डिग्री पाठ्यक्रम क लिए प्रवेश

की अनुमति मिल गई।

यह वह समय था जबकि मेरे माता पिता का घर ससार सुखमय था। मेरे पिताजी ने मेरे भाई का जापान भेजन का प्रबन्ध किया और उन्ह डिग्री दिलाने के समय तक का उनका सारा खर्च उठाया। दुर्भाग्य से शिक्षा समाप्त होने के समय तक मेरी मा और मेरे पिता के सम्बन्धो म दरार आ गयी थी। अत मेरे पिता ने वापसी यात्रा के लिए मेरे भाई को कोई धन न भेजा। इसलिए यह खर्च यानी कोई दो हजार रुपये मेरे सबसे बडे भाई कुमारन नायर ने दिये। किन्तु जिन परिस्थितियो मे उन्होने ऐसा किया उसकी वजह से उन्हे कटु आलोचना का शिकार बनना पडा। बाद मे पता चला कि उन्होने यह धन अपने एक मित्र से इस शर्त पर लिया था कि नारायणन नायर जापान से लौटते ही उस मित्र की बेटी से विवाह कर लेंगे।

हालाकि मैं अपने बडे भाई का सम्मान करता था किन्तु इस मामले म उनका आचरण मुझे नैतिकतापूर्ण नही लगा क्योकि उन्होने उक्त सौदा करने से पूर्व मेरे भाई से कोई सलाह मशविरा नही किया था। ऐसे रिश्ते यद्यपि उन दिनो कोई असाधारण बात न थी आर्थिक दृष्टिकोण से भी कुमारन नायर को अपने भाई को इस तरह गिरवी रखने की कोई आवश्यकता न थी। स्नातक बनने के बाद नारायणन नायर स्वय अपने ही विश्वविद्यालय मे अशकालिक शोधकर्ता के रूप मे काफी धन कमा रहे थे जो उनकी वापसी यात्रा के लिए पर्याप्त था। खैर हमारे सबसे बडे भाई ने जो कुछ किया उससे नारायणन को कोई प्रसन्नता तो नही हुई थी फिर भी बडी भद्रता का परिचय देते हुए उन्होने भाई के वचन का सम्मान किया ताकि परिवार की प्रतिष्ठा बनी रहे। स्थिति का सामना करने और इस लादे गये रिश्ते को सफल बनाने के लिए उनमे काफी दार्शनिक और चारित्रिक बल था।

वापस आने पर उन्होने तिरुविताकूर सरकार के कृषि विभाग म मत्स्य पालन के इस्पेक्टर का पद सभाला। कालान्तर मे जब स्वतन्त्र मत्स्य विभाग स्थापित हुआ तो उन्हे उसका निदेशक बनाया गया। कुछ समय बाद वे कनाडा चले गये और वहाँ के मत्स्य सवर्धन से सम्बद्ध जीवाणु विज्ञान मे एम० ए० की डिग्री लेकर लौटे। बाद म उन्होने अपने कार्य क्षेत्र म विश्व के उच्चतम वैज्ञानिकों की ख्याति प्राप्त की।

उधर मेरा परिवार स्वय मेरे भविष्य के प्रति चिंतित था। स्कूल म मेरे कार्य-कलापो के कारण अधिकारीगण पहले ही मुझसे नाराज थे और यदि मैं पूरी तरह से राजनीतिक गतिविधियो को समर्पित हो जाता, जैसाकि बहुत से लोग सोच रहे थे तो एक ब्रिटिश विरोधी आन्दोलनकारी के रूप म तुरन्त जेल म ठूस दिया गया होता। इसलिए मेरे भाई नारायणन नायर ने मुझे राजनीतिक क्षेत्र म बहक जाने की स्थिति से बचाने का जिम्मा लिया और वे मेरी पढाई आगे जारी रखने

के प्रब ध म लग गय। उन्होने मेरे लिए इजीनियरी विषय चुना जिसमे मैं डिग्री प्राप्त कर सकता था साथ ही इस क्षेत्र म मेरे लिए एक अच्छी नौकरी की भी गुजाइश हो सकती थी। जापान म उनके सम्पर्कों तथा वहा उपलब्ध शिक्षा के उच्च स्तर के कारण उन्होने सोचा कि मेरे लिए वहाँ जाकर अध्ययन करना ही सर्वोत्तम होगा। मेरे दूर के एक रिश्तेदार श्री नीलकठ पिल्ल जापान के क्योता विश्वविद्यालय स इजीनियरी म स्नातक की उपाधि प्राप्त करके तिरुविताकूर सरकार म उच्च पद पर आसीन थे। उनकी मिसाल पेश की गई। मेरे भाई न क्योता विश्वविद्यालय को लिखा और सन् 1928 मे आरम्भ होने वाले इजीनियरी के डिग्री कोर्स मे मेरे लिए स्थान प्राप्त कर लिया।

मेरी उत्कट अभिलाषा थी कि कांग्रेस के तिरंगे झण्डे की छाया म भारत क स्वतत्रता आन्दोलन मे जमकर भाग लू। इसलिए इस प्रस्ताव के प्रति काफी हद तक मानसिक सकोच का अनुभव किया। अन्त मे अपने भाई के प्रति स्नेह और उनकी इच्छाओ के प्रति मेरे मन क सम्मान भाव की मरी निजी पसन्द पर विजय हुई। मैंन जीवन म पहली बार बलात लादे गये निर्णय के साथ समझौता कर लिया और मानसिक स्तर पर अपने आपको तकनीकी पेशे के लिए तैयार कर लिया।

मुझे हाई स्कूल स उच्चतर स्तर के गणित का अध्ययन करना था। इसलिए मैंन एक विख्यात शिक्षक स गणित की विशेष शिक्षा प्राप्त की। गणित मे वांछित स्तर का ज्ञान प्राप्त करन के बाद मेरे भाई ने मेरी जापान यात्रा की तैयारियाँ पूरी कर ली। मुझे 18 फरवरी, 1928 को कोलम्बो स जापानी पोत मुव मारू म अपनी यात्रा आरम्भ करनी थी। फरवरी मास के दूसर सप्ताह मे मैं श्रीलका क लिए रवाना हो गया। मरे साथ बड़े भाई नारायणन नायर भी आये।

वहाँ मरे भाई न पोत के कप्तान स मेरा परिचय करवाया। उन दोनो ने जापानी भाषा म बहुत देर तक बातचीत की। वह भाषा मेरे लिए बिल्कुल अजनबी थी किन्तु कप्तान का सम्मान जनक रुख देखकर यह स्पष्ट था कि मेरे भाई को जापानी भाषा का उच्चस्तरीय ज्ञान प्राप्त था। उन्होने कप्तान स कहा था, यह मरा प्यारा भाई है। जापान म अध्ययन के लिए जा रहा है। आप कृपया ध्यान रखें कि यात्रा के दौरान इसे केवल जापानी ढंग का भोजन ही दिया जाये, जिसस कि यह उसका आदी हो जाये ताकि बाद म इसे खान की परेशानी न हो जो मुझ आरम्भ म हुई थी। उन्होने कप्तान स यह अनुरोध भी किया था कि आवश्यकता पड़न पर व मरा निजी रूप स ध्यान रखें।

कप्तान न दोनो ही अनुरोधो को स्वीकार करके उन्हे आश्वस्त किया और वस्तुत वसा ही किया भी। उनकी निजी देख रेख म, मुझे और किसी प्रकार

का भोजन नही दिया गया, बल्कि जापानी खाना ही दिया गया। व जापानी रीति रिवाजो और जीवन-शली क बारे म भी मुझ समय-समय पर काफी बतात रहे। मैंने जापानी भाषा क कुछेक काम चलाऊ शब्द बोलना भी सीख लिया जिसस कि पोत स उतरत ही रास्ता आदि ठीक स खोज सकूँ और आ जा सकू।

पात पर प्रथम श्रेणी के एक यात्री थे, जापान क विख्यात चिकित्सक प्रोफेसर डाक्टर फुकुदा। वे कलकत्ता म एक अन्तर्राष्ट्रीय चिकित्सक सम्मेलन म भाग लेन के बाद स्वदेश लौट रहे थे। मरे भाई न उनसे भी मरे बारे म कहा था और वे भी अपन छोटे भाई का-सा स्नह दत रह थ ताकि मुझ घर की बहुत अधिक याद न सताय। जहाँ तक मेरे भोजन का प्रश्न है मुझे चावल, 'मिसो यानी सोयाबीन का सूप, और अन्य विशेष जापानी व्यजन दिए जाते रह जो आरम्भ म मुझे बहुत बेस्वाद लगत। मुझे जहाजी मितली के कारण भी परशानी हो रही थी और बार-बार कै हो रही थी। ऐस क्षण भी आये जबकि मैंने सोचा कि भारत लौट जाना बेहतर रहगा किन्तु यह सम्भव न था और मुझे अनिवायत अपनी समस्याओ स जूझना पडा। साथ ही मैं स्वय को यही समझाता रहा यदि लौट पाना सम्भव होता तो भी, एसा करना कायरता होगी। इतना ही नही, यह बात मैं सोच भी नही सकता था कि मैं अपने भाई को निराश करूँ जिन्होने मेरे लिए इतना कष्ट उठाया था।

यात्रा के दौरान, मरे पास भारत के समाचार पाने का कोइ साधन नही था। विश्व-स्तरीय प्रसारण व्यवस्था का अभी पूरी तरह विकास नही हुआ था और फिर शुरू मारू पोत के वायरलस सट भी इतन सक्षम नही थे कि दूर दराज के देशो द्वारा शाट वेव पर प्रसारित कायक्रम ग्रहण कर सके।

भारत म मरे चलन से कुछ ही पूव बगाल तथा उत्तर भारत के कुछ प्रान्तो म बहुत-सी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएँ हो चुकी थी जिसम हिन्दू मुस्लिम झगडे भी थ जो ब्रिटिश शासको द्वारा बोय गय साम्प्रदायिक मनमुटाव के बीजो के ही दुष्फल थ। राष्ट्रीय मोर्चे पर काग्रेस, वायसराय और ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध एक अन्य बल परीक्षण की तयारी कर रही थी। दिसम्बर 1927 मे मद्रास के काग्रेस अधिवेशन म जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव कि 'पूर्ण स्वराज्य' यानी पूण स्वतन्त्रता ही भारतीयो का लक्ष्य है' पारित किया गया। लोगो मे क्रोध की बढती मन स्थिति का आभास पाकर, ब्रिटेन द्वारा नवम्बर, 1927 मे घोषणा की गई थी कि सभावित सुधारो के प्रस्ताव के लिए एक आयोग नियुक्त किया जायगा। यह घोषणा दश भर मे विदेशियो के दमनकारी शासन के विरुद्ध जनता की ऊँची होती आवाज को दबान का महज बहाना था। इस आयोग के नियुक्त चेयरमन सर जोन साइमन के नाम पर साइमन कमीशन का नाम दिया गया जो हाउस आफ कामन्स मे ब्रिटिश लिबरल पार्टी के एक सदस्य थे।

लेकिन जिस ढंग से इस आयोग का गठन किया गया उससे ब्रिटिश शासकों की ऐसी किसी असली इच्छा का आभास न मिलता था कि वे कोई वास्तविक अधिकार देने के इरादे रखते हैं। इस आयोग के सभी सदस्य ब्रिटिश पार्लियामेंट के सदस्य थे। भारतीय नेताओं ने तुरन्त ही कड़ी प्रतिक्रिया दिखाई कि इस आयोग में किसी भी भारतीय को नहीं लिया गया है। भारतीय नेतागण इस स्थिति को स्वीकार नहीं कर सकते थे कि लन्दन की पार्लियामेंट को ही भारतीय जनता के भाग्य का निर्णय करने का अधिकार हो। 18 फरवरी, 1928 को साइमन आयोग के बहिष्कार का एक प्रस्ताव दिल्ली की असेम्बली में लाला लाजपतराय ने प्रस्तुत किया और अति उग्रता और जोश खरोश के साथ इसका समर्थन किया गया। विचित्र विडम्बना ही कहिए कि उसी दिन मेरा पोत कोलम्बो से रवाना हुआ।

जैसाकि मुझे बाद में पता चला इस आयोग के सदस्यों ने भारत की व्यापक यात्राएं की किन्तु वे जहाँ कहीं गये विरोधी प्रदर्शनकारियों ने काले झंडों के साथ उनका स्वागत किया। उनके पर्यालोचन का कोई ठोस परिणाम निकल पाने में आठ वर्ष का समय लगा। अन्ततः जब उन परिणामों को सन् 1935 के भारत सरकार के कानून का रूप दिया गया तो पता चला कि यह प्रान्तीय स्वायत्तता का अधिकार दिलाने के वे कुछेक अधकचरे प्रयास भर थे। इसमें भी बहुत-सी कठिनाइयाँ सामने आई और अन्तर साम्प्रदायिक सम्बन्धों में अधिक गंभीर बिगाड़ उत्पन्न हुआ। जब सन् 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध छिड़ा तब ब्रिटिश शासकों के लिए भारत में संवैधानिक सुधारों को उठा रखना और मुस्लिम लीग की विभाजनकारी गतिविधियों को प्रोत्साहन दिलाना अधिक सुविधाजनक लगा। इसके बाद के आठ वर्षों के दुःख और संघर्ष भरे काल के बाद ही भारत स्वतन्त्र हो सका और वह घटना भी उपमहाद्वीप के विभाजन और पाकिस्तान के उद्भव की त्रासदी से रँगी थी।

मेरे पोत सुवमारू ने 12 मार्च, 1928 को कोबे बंदरगाह में लंगर डाला। वहाँ के आप्रवास अधिकारी मेरे पास पत्र में 'राष्ट्रीयता की स्थिति' नामक स्थान पर लिखे गये शब्दों से कुछ कुछ अचरज में पड़ गये। वहाँ मुझे ट्रावनकोर का निवासी—ब्रिटेन द्वारा परिरक्षित व्यक्ति कहा गया था। वहाँ के अधिकारियों के बीच तुरन्त विचार विमर्श हुआ। मेरे जापानी सहयात्रियों में से एक ने जो अँग्रेजी भाषा जानता था मुझे धीमे से बताया कि आप्रवास विभाग के अधिकारियों को तिरुविताकूर (ट्रावनकोर) नामक किसी देश की जानकारी नहीं है। उनमें से एक काफी होशियार था और उसे स्मरण हो आया कि तिरुविताकूर भारत में किसी स्थान का नाम है किन्तु इस बात पर वह चकित अवश्य था कि मैं 'भारत' का न होकर भारत के एक स्थान विशेष' का नागरिक कैसे कहला सकता था। यह तो ऐसा होगा कि एक 'जापानी' नागरिक को सतामा या गुम्मा प्रिफेक्चर

(जिला) का नागरिक कहा जाय।

प्रत्यक्षत आप्रवास विभाग के कमचारियो म से किसी न भी इतिहास का इतना गहन अध्ययन नही किया था कि यह पता चलता कि ब्रिटिश शासकों ने भारत की मीमा के भीतर ही 601 छोटे छोटे भारत बना दिय थे। वह उन्ह रज वाडे या देशी रियासते कहा करते थे और उन्होने विशेष सधियाँ कर ली थी, जिनके अतगत स्वामिभक्ति के वचन के एवज म वहाँ के शासको को विशेष अधिकार प्राप्त थे। इस सबके लिए एक विशेष प्रकार की मानसिकता वाधित थी जो कावे के आप्रवास अधिकारियो के पास न थी जिसके सहारे वे समझ पात कि भारत पर अपना औपनिवेशिक शिकजा कायम रखने के उद्देश्य म ब्रिटिश शासक छल-कपट के कितने ही कुटिल तरीके अपना रहे थे। खर अन्तत आप्रवास विभाग के अध्यक्ष न फसला किया कि चूंकि मैं पूरी तरह से भारतीय दिखाई देता था, इसलिए मैं भारतीय ही था और मेर पार पत्र म लिखी गयी सूचना अवश्य ही एक त्रुटि का परिणाम थी। इस समस्त वातचीत के दौरान मैं चुपचाप खडा रहा और सोचा कि एस मौको पर चुप रहना ही श्रेयस्कर है, वहुत अक्लमदी झाडना मूखता भी सिद्ध हो सकती है। या मुझे जापान मे उतरन की अनुमति द दी गयी। अग्रजी जानकार मेरे जापानी सहयानी ने मुझे वताया कि अधिकारीगणो ने उस त्रुटि का नजर अदाज करने का फसला इसलिए किया कि मेरे पास, मुझे प्रवेश की अनुमतिदनेवाला क्योतो विश्वविद्यालय का पत्र था जिस वे मरे पार-पत्र से भी अधिक महत्वपूण तथा विश्वासजनक मानते थे।

वाद के वर्षों मे मरे एक मित्र ने मुझे वताया कि यदि अव मेरे पास वह पार-पत्र होता तो मैं एक खासा 'महत्वपूण' व्यक्ति होता। शायद म पुरावस्तुए एकत्र करनेवाले व्यक्ति को भारी कीमत पर उसे यानी उस असाधारण दस्तावेज को वेच भी सकता था। खद की वात है कि गत विश्व युद्ध के दौरान या तो जापान म या फिर दक्षिण पूव एशिया म कही वह पार पत्र खो गया। दीघकालिक सदभ म उसका महत्व न मानन के कारण मन उसे सभाल रखने की जरूरत भी महसूस नही की थी। और सच वात ता यह है कि उसके खोन का मुझे कोई खेद भी नही।

मैं उसी दिन रलगाडी द्वारा क्योतो के लिए रवाना हो गया। जब मैं एक जापानी सराय म जाकर ठहरा तव अनुभव हुआ कि यात्रा के दौरान अर्जित मेरा जापानी ज्ञान पर्याप्त न था। कुछ समय तक म इशारो स वात करने का प्रयास करता रहा। इसस मरे सपक म आनेवाले प्रत्येक व्यक्ति का खूब मनोरजन होता था। जो भी हो मैं शीघ्र ही समझ गया कि जिस देश के लोग केवल अपनी ही भाषा जानत हैं वहाँ जापानी भाषा का उचित अध्ययन किय विना मैं न तो पढाई

पूरी कर सकूंगा और न किसी अ य क्षत्र म कुछ कर पाऊँगा।

उस सराय म प्रथम बार जो भोजन मैंने किया, वह था चावल और जाली म भूनी 'ग्रीम मछली'। स्पष्ट कहूँ तो पहली बार जब मैंने उस खाया तो मुझे वह बिलकुल पस द नहीं आयी। लकिन मैं शालीनता बरतना चाहता था। अत मैंने जताया कि वह बहुत स्वादिष्ट है और उसका मैं खूब आनन्द उठा रहा हूँ। लकिन शीघ्र ही मैं चुपचाप सराय स बाहर निकल गया, निकट की एक दूकान पर पहुँचा और कुछ अम्पान (जापानी फली के जाम स भरी रोटी) खरीदी और आन जानेवालो की परवाह किय बिना वहीं खुल म खूब छककर खायी। दशकों को अत्यधिक अचम्भा हुआ होगा क्योंकि व किसी व्यक्ति को सडक पर खडे होकर इतने भुक्खड की भाति कुछ खाते देखन के आदी न थ। लकिन यह कहना भी न्याय-सगत ही होगा कि समय के साथ-साथ मुझे जापानी भोजन का स्वाद आने लगा और 'जाली म भूनी ग्रीम मछली' तो मुझे विशष रूप स रुचिकर लगने लगी। बाद म य मेरा प्रिय व्यजन बन गई।

जापानी हमारी तरह हाथ या उगली आदी स नहीं खाते। वे 'हषी' अथात 'चाप स्टिक' का उपयोग करते है। मैंने अपनी यात्रा के दौरान उनके उपयोग का अभ्यास करना आरभ कर दिया था। आरभ म मुझे बहुत कठिनाई हुई। जहाज पर एक जापानी वेटर ने दया कर भोजन के समय मेरे लिए अग्रेजो द्वारा प्रयुक्त छुरी काटा चम्मच आदि का प्रबध कर दिया था। लकिन चूंकि मैं उस सब का भी आदी नहीं था इसलिए मैंने सोचा कि क्यों न हषी का उपयोग कर देखा जाय। आखिरकार मुझे इसका आदी होना ही था। अत कुछ समय बाद, मैंने पाया कि उनका उपयोग काफी सरल था और हाथ की उँगलियों या छुरी-काटे की भांति ही उनस भी आसानी स खाया जा सकता था। 'हषी' यदि दक्षतापूवक उपयोग म लायी जाय तो उसमे हड्डी स गोश्त अलग करने म या गोश्त के टुकडो को उठा कर सहज ही मुह तक ल जाने म बखूबी उस काम म ल सकते है। हा, उस स्तर की दक्षता प्राप्त करने म मुझे बहुत समय लगा लकिन यह देखते हुए आरभिक काल म मुझे हषी स उत्पन्न यानी काफी मोटी सिवया और अड उठाने म भी परेशानी हुआ करती थी बाद म मेरी मेहनत काफी साथक सिद्ध हुई।

7

क्योतो विश्वविद्यालय मे

सराय म रात भर ठहरन के वाद, अगली सुवह मै क्याता विश्वविद्यालय मे गया। सवप्रथम मेरा परिचय पुल निर्माण की इजीनियरी के प्रोफेसर डाक्टर ताकाहाशी मे हुआ जिनकी अतिरिक्त जिम्मेदारी थी, विदेशी छात्रा के दाखिने आदि का काम करना। मैं उन महानुभाव के गरिमामय व्यक्तित्व से ठगा सा रह गया। उनका मुखमडल अति शात था किन्तु उनकी गहरी आखें वहुत पैनी और कातिमय थी। व मेरे भीतर पैठती प्रतीत होती थी मानो पता लगाना चाहती हो कि मेरे भीतर क्या है। मैंने उनकी एक दयावान सज्जन जैसी धारणा वनाई साथ ही एक ऐसे सज्जन की भी जिनका सम्मान किया जाना था। मैन सुन रखा था कि उन्होने जमनी के एक विश्वविद्यालय से पी एच० डी० की उपाधि प्राप्त की थी और वे एक अति कुशल अध्यापक थे और अपने क्षेत्र म विश्वविद्यालय के विश्वविख्यात वज्ञानिको म से एक थे।

दाखिल से सम्वद्ध आरभिक कारवाई के पश्चात मैने डाक्टर ताकाहाशी से पूछा कि आगे मुझे क्या करना चाहिए। उन्होने कहा कि सबस पहले तो मुझे अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण म रहने का स्थान प्राप्त करना होगा और फिर तुरन्त ही जापानी भाषा सीखन का प्रबन्ध। उन्हान अपने सहायक प्रोफेसर तगुची स कुछ वातचीत की। तुरत ही यह निणय किया गया कि मैं तगुची परिवार क साथ ही रहूँ। इस उदार व्यवहार स मैं अभिभूत हो उठा और उन महानुभावा को धन्यवाद दिया।

उसी दिन दोपहर को मुझे एक भिन्न प्रकार का अनुभव हुआ जो उसी दिन सवरे के मेरे अनुभवो से पूणत भिन्न था। डाक्टर ताकाहाशी म विदा लेकर मैंने प्रोफेसर तगुची के घर जाकर रहन के उद्देश्य स सराय जाकर वहाँ मे छुट्टी लेने का निणय किया। हालांकि वह वसत काल था तो भी प्रान बफ गिरी थी और वहुत सर्दी थी। इसलिए मैंन ताकाहाशी के कमरे के वाहर खडे होकर अपना ओवर कोट पहना और निकटस्थ उस स्थान के लिए रवाना हुआ जहाँ से मुझे

अपनी सराय तक पहुचने के वास्ते ट्राम पकडनी थी। अभी मैं विश्वविद्यालय के अहाते में ही था कि अचानक मेरे कधे पर किसी ने धीरे से थपथपाया। मुडने पर मैंने देखा ओवर कोट तथा छाताधारी एक ऊँचे लबे वृद्ध सज्जन खडे थे। बढ़िया अग्रेजी में उन्होंने कहा 'मेरे साथ आओ।' उनके स्वर में अधिकार की सुस्पष्ट छाप थी। अचानक मिले इस आदेश से मैं कुछ परेशान हुआ किन्तु निर्णय किया कि कम से कम अभी तो विवाद खडा करना अक्लमदी न होगी। वे लबे से सज्जन मुझे विश्वविद्यालय के ही एक निकट के भवन के एक बडे से कमरे में ले गये। एक बडे प्रभावोत्पादक डेस्क के पीछे बैठकर अपने ठीक सामने की कुर्सी पर बैठने का आदेश मुझे दिया। दो या तीन मिनट तक बिना पलक झपकाये वे मेरी ओर घूरते ही रहे। फिर अचानक ही अपना दाया हाथ उठाकर उन्होंने मेरी ओर उँगली से सकेत किया और पूछा 'क्या तुम गुप्तचर हो?'

इस प्रकार के प्रश्न के लिए तो मैं बिलकुल तैयार न था। किन्तु किसी प्रकार इस अप्रत्याशित प्रश्न को सुनकर मै शात बना रहा और शातिपूर्वक ही उत्तर दिया 'जी नही मैं कोई जासूस नही हूँ। मैं यहाँ पर अध्ययन करने वाला एक छात्र हू।'

उन्होंने मेरे उत्तर देने के ढग में न जाने क्या देखा, मुझे इसका कोई ज्ञान नही था। लेकिन उनकी कठोरता अचानक ही पिघलती प्रतीत हुई और उनके मुख पर मृदु मुस्कान छा गयी। पूर्णतया भिन्न और बहुत ही नम्र स्वर में उन्होंने लगभग यो कहा 'तुम भारत से हो किन्तु भारत के किस भाग से हो?' अपने भीतर उमडते रोष को जिसे उस समय प्रकट करना अक्लमदी न होती, दबाने का प्रयास करते हुए बिना नज़रें झुकाये उनकी ओर घूरकर मैंने इतना ही कहा 'तिरुवनन्तपुरम'। तभी तीर के समान एक और प्रश्न मेरी ओर आया जिसकी मैंने कल्पना भी न की थी। 'गणपति शास्त्री कुशल से तो हैं।'

मेरी समझ में कुछ नही आ रहा था कि मैं उन वृद्ध सज्जन के विषय में क्या सोचू जिन्होंने पहले तो मुझसे पूछा था कि क्या मैं एक जासूस हू और अब गणपति शास्त्री का कुशल क्षेम जानना चाहते थे। मैं जानता था कि गणपति शास्त्री कौन थे। वे तिरुवनन्तपुरम के महाराजा कालिज में सस्कृत के प्रोफेसर थे। मैं कालिज जानेवाली सडक पर उन्हें कभी-कभार देखा करता था किन्तु मैंने कभी उनमें विशेष रुचि नही ली थी। वास्तव में निजी रूप से मेरे मन में उनके विरुद्ध एक अस्पष्ट-सी शिकायत का भाव था। अब सोचता हूँ तो लगता है कि यह बात बहुत तर्कसगत नही थी किन्तु साथ ही यह भी सही है कि मेरी यह भावना कदाचित इस कारण से ठीक थी कि मैं उन्हें अपनी बहन के पति श्री सी० पी गोविन्द पिल्ले का प्रतिद्वन्द्वी मानता था जो मलयालम के प्रोफेसर थे। किन्तु ये दोनो अध्यापक विख्यात विद्वान तथा लेखक थे। इस बात का कोई प्रत्यक्ष कारण न था

कि मैं श्री शास्त्री के प्रति रुखाई दर्शाता कि‍न्तु पूवग्रह कभी-कभी अवोधगम्य और तर्कहीन हुआ करत हैं। मैं साचता हूँ कि मेरी वह धारणा इसीलिए थी कि मैं अपने वहनोई से स्नेह करता था और इसीलिए मन ही मन उनके प्रतिद्वद्वियो के प्रति ईर्ष्या का भाव रखता था। इस प्रकार के विचारो म उलझा मैं उत्तर खाजन की चेष्टा कर ही रहा था कि तभी डेस्क के पीछे वठे सज्जन न कुछ नाराजगी के स्वर म वही प्रश्न दोहराया ' वे कैसे है ?"

एक वार फिर मैं हिचकिचाया और कदाचित उस प्रश्न को टालने के प्रयास म मैंन धीम स कहा, "वे कसे है ?" इस पर उन सज्जन ने आश्चर्य और हताशा म अपने हाथ हवा मे उछालकर कहा, 'क्या तुम यह नही जानत कि गणपति शास्त्री कुशलपूवक है या नही ? क्या तुम यह नही जानत कि वे भारत मे सस्कृत के महानतम और विश्व के तीन महानतम विद्वानो म से एक है ?"

कहने की आवश्यकता नही कि मुझे वडी लज्जा का अनुभव हुआ। यह सही है कि मुझे गणपति शास्त्री के विषय म कुछ तो मालूम था किन्तु मैंने यह न सोचा था कि वे इतनी वडी हस्ती थे जसाकि मेरे सामन वठे सज्जन न अभी कहा था। यह जानकर वडा सुख मिला कि यहाँ क्योतो विश्वविद्यालय म एक ऐसा व्यक्ति भी था जो गणपति शास्त्री का प्रशसक था और एक क्षण के लिए मैं ईर्ष्या की अपनी सकीण भावना का भूल गया और उल्टे मुझे गव का अनुभव हुआ। कालान्तर म मुझे ज्ञात हुआ कि अन्य दो महान विद्वानो मे से एक थे एक यूरोपीय व्यक्ति (मुझे ठीक से याद नही कि वे जमन थे या फ्रासीसी और उनका नाम भी मुझे ठीक याद नही है) और तीसरे व्यक्ति और कोई नहीं साक्षात मेरे सामने वठे प्रश्नकर्त्ता—डाक्टर साकाकिवारा थे जो क्योतो विश्वविद्यालय म सस्कृत और भारत विद्या के प्रोफेसर तथा भारतीय दशन के प्रकाण्ड विद्वान थे।

वाद म मुझे पता चला कि प्रा० साकाकिवारा वडे दयालु तथा उदारमना हैं और वे केवल मरी मनोवज्ञानिक परीक्षा ले रहे थे और केवल यही जानना चाहत थ कि मैं कैसा व्यक्ति हूँ। मुझे उनस यह पूछने का भी अवसर नही मिला कि मैं उनकी परीक्षा म कैसा उतरा। कि‍न्तु उसके वाद की घटनाएँ इसका प्रमाण थी कि मैं पास हो गया था। प्रोफेसर शीघ्र ही वदल गय और देखते देखते दया की मूर्ति वन गय। उन्होंने पूछा 'तुम यहाँ किसलिए आय हो ?' मैंने उत्तर दिया ' मैं सिविल इजीनियरी की शिक्षा प्राप्त करन के उद्देश्य स एक छात्र की हैसियत स आया हूँ।" वे मृदु मुस्कान विखरकर वोले— विना जापानी भाषा सीखे तुम इजीनियरी की शिक्षा कसे प्राप्त कर सकाग ? रोज शाम को मेरे पास आया करो। मैं तुम्हे जापानी भाषा पढाऊँगा"।

एक क्षण के लिए मैं आश्चयचकित रह गया। मैं सोचता रह गया कि उक्त घटना क्या वास्तविक थी या कोई स्वप्न था। एक दिन की अवधि म ही इतना

चमत्कार। एक सहायक प्रोफसर क घर अतिथि बनकर ठहरना फिर मुझस पूछा जाना कि क्या मैं कोई जासूस हूँ। फिर मरी अल्प मनावज्ञानिक जाच-पड़ताल वह भी इस उद्देश्य स कि म कसा व्यक्ति हूँ और य परीक्षा लेन वाले प्रसिद्ध सस्कृत विद्वान और भारतविद प्रोफेसर साकाकिबारा थे। अन्तत उन्ही प्रोफेसर महोदय द्वारा मुझे जापानी भाषा पढाने का प्रस्ताव—आरभ म मुझ य सब काफी उलझन भरा प्रतीत हुआ किन्तु जो कुछ मेरे सामने प्रत्यक्ष था, शायद मै उसी की खोज म भटक रहा था। खर मैंने स्वय अनुभव किया कि कुल मिलाकर मैं काफी सौभाग्य शाली था।

उसी शाम मैं प्रोफेसर तथा श्रीमती तगुची क यहा रहन चला गया। वहाँ मेरा हार्दिक स्वागत किया गया। उन्होने मेरे साथ परिवार के सदस्य का-सा व्यवहार किया। व अति दयालु और भल लाग थ जिनकी कृपा मैं कभी भूल नही सकता।

प्रोफेसर साकाकिबारा द्वारा मेरा जापानी भाषा का अध्ययन अविलम्ब आरम्भ हो गया। वे एक बहुत अच्छे अध्यापक थे। मुझे पढाकर व मुझ बडा मान प्रदान कर रहे थे, न केवल इसलिए कि मैं क्योतो विश्वविद्यालय का छात्र था बल्कि इसीलिए भी कि उनक मन म भारत के प्रति अत्यधिक सम्मान था, साथ ही वे गणपति शास्त्री को भी बहुत मानते थ जिनक नगर का मै भी निवासी था। यह मेरा प्रथम वास्तविक अनुभव था उस प्रकार की मान्यता का जो एक जापानी प्रोफसर अन्यत्र अपन सह विद्वाना को प्रदान करन की क्षमता रखत थ।

जहाँ प्रोफसर साकाकिबारा मेरे जापानी भाषा के प्रमुख अध्यापक थे वही मेरे मेजबान तगुची दम्पति भी मुझ अतिरिक्त जानकारी दन का प्रयास किया करते थे और उनका एसा करने का तरीका भी बहुत ही बढिया था। प्रोफसर तगुची तथा उनकी पत्नी दोना ही क्योतो निवासी थ। वे यहाँ की कानसाय शली की जापानी क अभ्यस्त थ जो ताक्यो म प्रचलित कान्तो शली स कुछ भिन्न थी। तोक्यो चूकि राजधानी-नगर था और वहाँ शाही परिवार का निवास था इसलिए वहाँ प्रयुक्त जापानी भाषा की शली को मानक जापानी भाषा समझा जाता था। कुछ हद तक इसकी तुलना आक्सफोड की अग्रजी को महारानी की अंग्रेजी मानन की प्रथा से की जा सकती है। तगुची दम्पति चाहत थ कि एक विदेशी छात्र के नाते मुझ ताक्या की कान्तो शली की जापानी भाषा सीखनी चाहिए। कानसाय शली की भाषा क अभ्यस्त एक व्यक्ति क लिए अचानक अपनी आदत को छोडकर कान्तो शली म बालना काफी परशानी की बात थी। किन्तु मेरे मेजबान दम्पति ने मरी खातिर आवश्यक परशानी उठाना स्वीकार किया। उन्हान निणय किया कि मेरी उपस्थिति म व कवल कान्तो शली का ही उपयाग करग। उनकी यह बात काफी ममस्पर्शी थी।

लेखक की माँ, लक्ष्मी अम्मा, 80 वर्ष की आयु में

श्री ए० एम० नायर— आर्डर आफ द मैरिट आफ सक्रेड ट्रेजर की उपाधि ग्रहण करते हुए।

तोक्यो मे प्रधानमत्री श्रीमती इदिरा गाधी के साथ लेखक (6 अगस्त, 1982)

रासबिहारी बोस (1942)

ब्लैक ड्रैगन सोसाइटी के,
मित्सुरू तोयामा

सिगकिंग (मचूको) के यामातो होटल में, 1933। चीनी वेशभूषा पहने। बीच में हैं, श्री चाग। उनके बाईं ओर हैं—राजा महेन्द्रप्रताप, दाईं ओर लेखक। दायें से (पहली पंक्ति) राजा महेन्द्रप्रताप के मंगोलियाई क्रांतिकारी सहयोगी।

मचूको सरकार के अधिकारियो के साथ सिगकिग मे (1933)। बीच मे राजा महेन्द्रप्रताप। उनकी दाईं ओर नरेश पू ई के प्रमुख सहायक और मचूको सेना के स्थानीय कमाडर श्री चो। उनके बाइ ओर गुन्टा नागाओ (जिन्होंने लेखक को मचूको आमन्त्रित किया) और लेखक, साथ मे—याग लामा और मचूको समाचार एजेंसी के एक सवाददाता।

बायें से दायें—मचूको सेना से सम्बद्ध कोरिया के कनल ली, राजा महेन्द्रप्रताप और लेखक, हरबिन (मचूको) मे (1933)।

बाइ स दाइ आर—निचिरेन मदिर के मुख्य पुजारी रेव काकेई, रासबिहारी बोस और लेखक (मचूको) म, 1934।

रासबिहारी बोस तोक्यो म अपने परिवार के एक मित्र के साथ (1930 के पूर्वार्ध मे)

कलगन (उत्तर-पश्चिमी चीन) म, (1935)। बठे हुए—बौद्ध लामा के रूप मे लेखक (बाये) और श्री कुरोकी (खडे हुए) श्री टोकोटो (बाईं ओर) और श्री ओजेकी। दोना मचूको सरकार से सम्बद्ध।

मितसुरू तोयामा इम्पीरियल कमान के जनरल काडा और आठवे सेक्शन की दूसरी डिवीजन के प्रमुख, कनल (बाद म जनरल) क्वामाता द्वारा सयुक्त रूप से आयोजित विदाई समारोह (1933 म), (दायें से बाये) लेखक (दायें से दूसरे) जनरल काडा। तोयामा और कनल क्वामाता, उसके आगे बाइ ओर है—कोरी, होसोकवा और यामामोतो, तीनो नेता एक मुस्लिम आदोलन का सचालन और सहयोग कर रहे थे।

मेरे मज़बान मर भाजन के प्रति भी उतने ही चिंतित थ। मुझे मेरी पसन्द का भाजन उपलब्ध कराने का व यथासम्भव प्रयास किया करत थ। स्थिति काफी विचित्र थी। मैं तो जापाना खाद्यादि का आदी बनने का प्रयास किया करता था, किन्तु तगुची दम्पति, मेरे लिए भारतीय शैली का भाजन तयार करने की कोशिश म काफी परशानी उठाया करत थ। परिणामत इस प्रकार का खाना न तो जापानी होता था और न भारतीय। उदाहरण के लिए मेरे मज़बान अधिक मात्रा म लाल अदरक मिश्रित चावल का बडा-सा प्याला जिसम खूब सारा पोयु अथात् सोयाबीन की पतली चटनी मिलाकर खान को देत। जापान म पोयु का चावल क साथ मिलाकर खाना अच्छा नही समझा जाता। भारत म चावल के साथ दाल या शोरबा वाली तरकारी मिलाकर खात है। जापान म चावल और ऐसी दूसरी चीजा को अलग-अलग खाया जाता है। श्रीमती तगुची प्राय ओया-कोदावरी चीनी, मुर्गा व अडा मिश्रित चावल बनाया करती जा मेरे लिए एक खास व्यजन था। व उसम थाडी चीनी और कुछ पायु डालकर, विशष ढग स उस स्वादिष्ट बना देती और हँसी म उस श्री ए० एम० नायर पेटेंट कहा करती।

हम कभी कभी शोरबेदार सब्जी या गोश्त आदि पकाने के लिए मसालो की उपयागिता के विषय म बातचीत और प्रयाग आदि भी किया करत जो आम तौर पर काफी सतोषजनक परिणाम दिया करत थ। भारत म, जसाकि सभी जानत है, सब्जी व गोश्त के सालन म मसाला भिन्न प्रकार से मिलाया जाता है। इस मिलान का ढग भी विभिन्न व्यक्तियो की रुचि के अनुरूप होता है। भारत के विभिन्न भागा के लागा की खान-पान की आदते बहुत भिन्न होती है। उदाहरण क लिए, दक्षिण भारत के निवासी उत्तर भारतीया की तुलना म अधिक मसालो का उपयोग करते हैं और उत्तर भारतीय दक्षिण वाला की तुलना म घी का अधिक उपयोग करत ह। इसके विपरीत, जापानी भोजन बहुत सादा किन्तु बहुत पौष्टिक हाता है और विभिन्न स्थाना म खाद्य म बहुत अधिक भिन्नता हो ऐसी बात भी नही है। हालाकि जापानी भोजन म बहुत मसाले आदि नही होत तो भी जापानी विशिष्ट शली के शारबेदार भारतीय व्यजन का स्वाद बहुत पसन्द करत हैं। काफी परिश्रम क बाद तगुची परिवार में हम अन्तत पूणतया जापानी शली का भाजन खान लग। जब कभी परिवतन की इच्छा होती तो हमे कोई परेशानी न होती थी क्योकि भारतीय शली का या उससे कुछ मिलता-जुलता शोरबेदार सालन तथा चावल और चावल की पापडी तथा टमाटर की चटनी जसे कुछ पाश्चात्य शैली के खाद्य पदाथ भी सन 1920 के दशक म जापान के अनेक नगरा के होटला व रेस्तराओ मे लोकप्रिय हो गये है। वास्तव म शोरबेदार सब्जी या सालन मिला चावल का व्यजन जापानी भाषा म करेराइसू के नाम स प्रसिद्धि पा चुका है।

मेरे छात्र जीवन मे, क्योतो विश्वविद्यालय के पास 'चेरी' नामक एक विख्यात रेस्तराँ था। मैं नही जानता कि यह रेस्तराँ अब भी वहाँ है या नही। विश्वविद्यालय के अहाते की कैंटीन म करेराइसू से मिलता जुलता एक खाद्य पदार्थ मिलता था किन्तु 'चेरी' नामक रेस्तराँ म उपलब्ध करेराइसू अधिक स्वादिष्ट हुआ करता था। मेरे अध्यापको म स एक, जो बहुत शिष्ट और सुसस्कृत थ मुझे वहाँ कभी-कभी लच के लिए ले जाया करत थे। अपनी पसन्द की चीजें वे अपने लिए मँगाया करते थे किन्तु वेटर स बडी अदा और गम्भीरतापूर्वक कहा करत, 'श्री नायर के लिए करेराइसू लाओ'। एक अन्य प्रोफेसर, डाक्टर कोबायाशी, जो बहुत ही दयालु थ, मुझे जापानी भाषा सिखाने मे बडी मेहनत किया करत थ। वे भी एक अन्य स्थान पर मध्यम स्तर के एक भोजनालय म कभी-कभी मुझे करेराइसू खिलाया करत थे परन्तु मुझे वह बिल्कुल पसन्द न था। कदाचित, मेरी परेशानी को भापकर व मुझे बाद म वहाँ नही ले गये और अच्छे रेस्तराओ म जाने लगे जो मुझे बहुत अटपटा लगता था क्योकि वे बहुत महँगे थे। धीरे धीरे मैंने ऐसे कुछ स्थान खोज निकाले जो भारतीय ढग के स्वादिष्ट सालन और चावल देते थे। उन दिनो कही भी भोजन महँगा नही होता था। मेरे छात्र-जीवन म विश्वविद्यालय की हमारी कैंटीन म चावल और सालन की एक प्लेट के दाम पाँच 'सेन' यानी कोई दस पैसे हुआ करता था जो आज अविश्वसनीय प्रतीत होता है।

मैं मन लगाकर पढता और खूब श्रम करता था। मैं एक नये देश म था और अपने परिवार का धन व्यय कर रहा था और इसलिए यथाशक्ति अच्छा परिणाम प्राप्त करने का इच्छुक था। जापान एक विश्व शक्ति बन चुका था और यहाँ की शिक्षा का स्तर बहुत ऊँचा था। क्योतो के लिए रवाना होने से पूर्व मैंने गणित शास्त्र की जो विशेष पढाई की थी उसकी वजह से मुझे विश्वविद्यालय मे इजीनियरी की शिक्षा प्राप्त करने म कोई विशेष कठिनाई नही हुई। इसलिए जापानी भाषा मे उच्च स्तरीय प्रवीणता पाने की शिक्षा मे ध्यान व समय भी दे सका। विशेष रूप से तकनीकी विषयो के छात्रो के लिए भाषा ज्ञान मानविकी के विषय के छात्रो की तुलना म कही अधिक व्यापक तथा वाछित था।

मेरे अध्यापकगण जापानी भाषा मे मेरी तीव्र प्रगति से अति प्रभावित और प्रसन्न थे। अपने इन अध्यापको की चर्चा मैं पहले कर चुका हूँ। इन महानुभावो के अलावा भी अन्य अनेक अध्यापक समय समय पर मेरी कठिनाइयो को दूर करते रहे। इस दिशा मे मेरे सहपाठी भी सहायक सिद्ध हुए। मैं स्वय अपने विश्वविद्यालय के अन्य छात्रो के साथ मिलना बहुत पसन्द करता था जो मेरे लिए बडा सतोषप्रद अनुभव था। साथ ही उस वातावरण मे निरन्तर बने रहने के कारण भाषासबधी मेरा ज्ञान तेजी से बढता गया। सामाजिक स्तर पर मेल-जोल आदि म भी आसानी हुई। जापानी लोग हालाँकि स्वभाव मे ही सकोची और अल्पभाषी

होते है किन्तु जान-पहचान अच्छी तरह हो जाने पर बहुत ही मैत्रीपूण हो जाते है और अगर उनकी भाषा पर सरल व सुरुचिपूण ढग स अधिकार हा ता घनिष्ठता तीव्र से तीव्रतर हो जाती है।

लगभग सभी जगहो पर विदेशी छात्रा मे यह प्रवृत्ति देखने म आती है कि वे स्वय को अपने ही दश के छात्रा के समूह मे बाँध लेते है। मैंने सदा सोचा है कि एसा करना अच्छा नही हाता है। जब हम विदश मे रहत है तब हम चाह तो अपनी सास्कृतिक मा यताआ को बनाये रखकर भी स्थानीय सस्था के छात्र-समूह के साथ सामजस्य स्थापित कर सकत है। मेरे सदभ मे तो सौभाग्यपूण बात यह रही थी कि उस समय क्योतो क्या जापान के अन्य विश्वविद्यालया मे भी एकमात्र भारतीय छात्र म ही था। इसीलिए जापानी सहपाठियो के अलावा अ य किसी समूह म शामिल होने का प्रश्न ही नही था।

मै क्योतो स बहुत प्रेम करने लगा था। यह जापान क सु दरतम नगरा मे स एक है और राष्ट्र की सास्कृतिक राजधानी के रूप म आज भी लाकप्रिय है। इस नगर का निर्माण सन 1794 म हुआ था। बाद म शाही परिवार ने निकट-वर्ती नगर नारा के स्थान पर क्योतो को अपना निवास बनाया। इतिहास के उतार चढाव के साथ साथ अ दरूनी लडाइया, अग्नि-दुघटनाआ और भूकम्पा आदि के कारण क्योतो को समय समय पर हानि भी उठानी पडी। प द्रहवी शताब्दी के उत्तराध के आरम्भ म ओनिन-नो-रान नामक युद्ध के परिणामस्वरूप समूचा नगर प्राय नष्ट हो गया था। किन्तु सोलहवी शताब्दी के अत म तोयोतोमी हिदयोषी द्वारा इसका पुन निर्माण किया गया था। हिदयोषी सनिक कमाण्डर थे और लगभग एक सौ वष के सतत गह युद्धा के बाद, उनके नेतृत्व म देश मे राज नीतिक और प्रशासनिक एकता स्थापित हो पायी थी। सम्राट कोई ग्यारह शताब्दिया तक क्योतो म निवास करते रहे। सन 1868 मे मइजी पुनजागरण के पश्चात राजधानी को औपचारिक रूप से तोक्यो लाया गया था। किसी समय क्योतो को प्राप्त हइयान-क्यो यानी शान्ति का के द्र' विशेषण आज भी सवथा साथक है।

परम्परा स क्योतो धम शिक्षा और कलाआ का मूल स्रोत था। करीब तीन हजार बौद्ध तथा शितो मदिर यहाँ हैं। यहाँ के आलीशान भवना और असख्य दुर्गों म 'स्वण मडप' योपिमित्सु योगुण का निवास स्थान था जो उनकी मृत्यु के बाद बौद्ध मदिर म परिवर्तित कर दिया गया था।

क्योतो विश्वविद्यालय की स्थापना सन् 1897 म हुई थी जा जापान की सर्वोत्कृष्ट शिक्षा सस्थाआ म म एक है। क्योतो के राष्ट्रीय सग्रहालय की गिनती विश्व के सर्वोत्तम सग्रहालया मे होती है। कुल मिलाकर क्योता नगर का एक असाधारण व्यक्तित्व है और परिष्कृत सौन्दय-बोध का अति उच्च व सूक्ष्मतम

आभास यहाँ मिलता है। यहाँ का परिदश्य अनत प्राकृतिक सौदय का विपुल भण्डार है। यह नगर सुदर, लहराती ऊँचाइया वाली चीड, दवदार, सरु, मिसा और अय अनेक सुदर वक्षा स आच्छादित पहाडिया की पृष्ठभूमि म बसा है। जापान के उद्यान सौदय का भडार होत है, किन्तु क्याता म व जापानिया की विश्व विख्यात कलात्मक सुरुचि का सर्वोत्तम रूप प्रस्तुत करत हैं। वसन्त ऋतु म प्रसिद्ध चेरी पुष्पा की घनीभूत आभा म वह समूचा प्रदश एक स्वप्न लोक का रूप धारण कर लता है।

अनक सवेदनशील कविया व गद्य लखको न जापान के ग्रामीण क्षेत्रो के सौदय के बारे म बहुत लिखा है और यहाँ के प्रत्यक क्षत्र का अपना ही सौन्दय है। 19वी शताब्दी के प्रसिद्ध जापानी साहित्यकार हिरातोरी मकाजिमा की एक पद्यात्मक गद्य रचना का अनुवाद कुछ या किया जायगा —

यत्र-तत्र वक्षा की पत्तिया, गहरे पीले और लाल रगा म स्नात सी लगती हैं पपास तण ऐसे लहरा रहे हैं मानो आजानबाहु किसी को बुला रह हा। सौदय से लथपथ पहाडी माग पर धीरे धीरे मुरझात पुष्पो और ऑकिड के बीच गुलदाऊदी अब फूटन लगे है, उनकी टहनिया जो ओस स बोझिल है, लहराती है और सबसे बढकर अपने मनोहारी सौन्दय स मन को गुदगुदा जाती हैं।

मैं कह नही सकता कि हिरातारी कौन स परिदश्य का वणन कर रहे थ, किन्तु मेरा विचार है कि उनकी लखनी से लिपिबद्ध यह शब्द चित्र, क्याती पर भी सटीक बठता है।

जापान के लिए यह सौभाग्य की बात थी कि पिछन विश्व युद्ध म क्योतो नगर बम-वर्षा स बचा रहा जबकि अधिकाश अन्य जापानी नगर अमरीकी वायु सना की मार स नष्ट भ्रष्ट हो गय थ।

8

रासबिहारी बोस से भेंट

अप्रैल 1928 के आरम्भ म मैं कुछ समय के लिए तोक्यो गया था। मै वहा का विश्वविद्यालय देखना चाहता था, किन्तु मेरी तोक्यो यात्रा का उद्देश्य भिन्न था और वह कम महत्वपूण नही था। प्रसिद्ध भारतीय क्रातिकारी रासबिहारी बोस तोक्यो म स्वय निवासित रूप म रह रहे थे। मैंन भारत मे उनके काय कलापो के विषय म और जापान म भारतीय लक्ष्य के लिए किए जान वाले उनके कार्यो के बार म सुन रखा था। मैं उनसे यथाशीघ्र भेंट करन का इच्छुक था। अत शिजुकु म उनके और उनके परिवार द्वारा चलायी जानेवाली नकामुराया नामक दुकान म उनसे मिलन गया।

बडी गमजोशी के साथ मरा स्वागत करते हुए रासबिहारी बोस ने मुझे बढिया चावल और सालन खिलाया। मैं उनके व्यक्तित्व से अति प्रभावित हुआ था जिसमे दया और दढता दोना की झलक थी। हालाकि आयु म व मुझस कोई पच्चीस वप बडे थे, तो भी मैं आसानी से उनके व्यक्तित्व की चुम्बकीय शक्ति को पहचान गया। व मुझसे मिलकर बहुत प्रसन्न हुए विशेषकर उन्हे जब ज्ञात हुआ कि उस समय जापान भर म मैं ही एकमात्र भारतीय छात्र था।

मैं इसी पुस्तक म पहले ही सक्षेप मे, इस शताब्दी के आरभिक काल मे भारत म ब्रिटेन विरोधी अभियाना की चर्चा कर चुका हूँ और यह भी कह चुका हू कि राजनीतिक उबाल कभी कभी क्राति और आतककारी रूप ले लिया करता था। जो लोग यह सोचते थे कि साम्राज्यवादी जुए से स्वतत्रता प्राप्ति के लिए हिंसा के माग से लक्ष्य सिद्ध हो सकता है, वे पुलिस के हाथो क्रूर दमन के शिकार हुआ करत थ। अदालतो मे नाममात्र के मुकदमे के बाद बहुत स क्रातिकारी या तो मौत के घाट उतार दिए गये थ या जेल म ठूस दिए गये थे, उनम से अधिकाश का छूटने की कोई प्रयास न था, वे आत्म-रक्षा के बदले अडिग रहकर अपनी सजाएँ भुगतते रहे। रासबिहारी बोस इसके अपवाद थ। वे अपना सघप त्यागने को तैयार न थे और उस जारी रखने के लिए उनका जीवित रहना जरूरी था। वे मात्र ऐसे

असाधारण व्यक्ति थे जो ब्रिटेन के जाल से बच निकले थे और इस तरह उन्होंने ब्रिटेन की सरकार को पूर्णत अक्षम सिद्ध कर दिया था। वे सफलतापूर्वक भारत से बाहर निकल आये और अन्तत भारत की स्वतन्त्रता प्राप्ति के लक्ष्य की दिशा में अपनी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जापान आ गये।

रासबिहारी बोस ने देहरादून स्थित वन शोध संस्थान में एक क्लर्क के रूप में अपना जीवन आरम्भ किया था। किन्तु वे अपना अधिकांश समय गुप्त राजनीतिक क्रान्तिकारी कार्य-कलापों में देने में सफल रहे थे। वे बंगाल के वामपंथी नेताओं के साथ सतत सम्पर्क बनाये रहे और बम बनाने की विधि भी सीखी। उत्तर भारत के विशेषकर पंजाब तथा बंगाल के क्रान्तिकारियों के बीच सम्पर्क स्थापित करने में भी वे सहायक रहे थे। अन्तत देश की क्रांतिकारी गतिविधियों के केन्द्र बन गये थे। उनका विश्वास था कि क्रांति के माध्यम से ही भारत की जनता को इस ओर से सचेत किया जा सकता है कि वह गुलामी का जीवन जी रही है। उनका विश्वास था कि एक बार जागृत कर दिए जाने पर जनता स्वयं बगावत के लिए उठ खड़ी होगी।

उन्होंने अपने साथियों का एक समूह बनाया जो साहस और देशभक्ति की सुलगती भावना से ओतप्रोत थे, यहाँ तक कि अपनी जान पर भी खेल जाने को तत्पर थे। इस समूह ने और दूसरे लोगों को प्रभावित किया। इस प्रकार हिंसा के बल पर भारत से ब्रिटिश सत्ता को निष्कासित करने का लक्ष्य अपनाने वाले क्रांतिकारियों की संख्या, बंगाल, पंजाब और उत्तर भारत के अन्य प्रांतों में बहुत अधिक बढ़ गयी। अनेक स्थानों पर अंग्रेजों पर बम फेंके गये। गुप्त तरीके से क्रान्तिकारी साहित्य व समाचार पत्रों के वितरण का एक खुफिया अभियान भी सफलतापूर्वक चलाया गया। इस प्रकार उल्लेखनीय कार्यक्षमता के साथ क्रांतिकारी आन्दोलन चलता रहा। उधर सरकार ने भी तुरन्त प्रतिक्रिया दिखाई। सरकार ने न केवल उन लोगों को कड़ी सजाएँ दीं जिन पर हिंसात्मक कार्रवाई का सन्देह था बल्कि उन्हें भी जिनके पास राजद्रोही पठन-सामग्री मिली। उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। बहुतों को लम्बी-लम्बी सजाएँ हुईं। पुलिस का सर्वाधिक महत्वपूर्ण निशाना उस व्यक्ति पर लगा था जिस वह क्रान्ति की भावना फैलाने के लिए जिम्मेदार समझती थी। वह व्यक्ति था रास बिहारी बोस! किन्तु उन्हें पकड़ने के पुलिस के सभी प्रयत्न असफल रहे।

सन् 1912 में ब्रिटिश सरकार ने वायसराय का निवास स्थान कलकत्ते से हटाकर नया दिल्ली ले जाने का फैसला किया जिसे देश की नई राजधानी बनाया जा रहा था। वायसराय लार्ड हार्डिंग, 23 दिसम्बर को दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर उतरे। गज ध्वज हाथी पर सवार हो कर वे कोई छ मील दूर स्थित वायसराय निवास-स्थान की ओर शानदार और रंगारंग जुलूस के साथ आगे चले। रेलवे

स्टेशन स कोई एक मील पर जबकि भारी भीड उनका जय-जयकार कर रही थी हाथी पर वायसराय के आसन के पीछे एक बम फटा जिससे उनके पीछे बैठा एक सनिक अधिकारी गभीर रूप से घायल हो गया और स्वय वायसराय को बहुत चोट आयी।

यह बम किसने फेंका, इस विषय म बहुत स मत है, कुछ ता इस घटना के लिए स्वय रासबिहारी बोस को ही उत्तरदायी मानत है, किन्तु इसमे स देह है। इस बात की सम्भावना कम ही थी कि रासबिहारी बोस, जिनके पकडे जाने की आशका थी, खुले रूप से यह काम करते। उ होन स्वय इस बात की सच्चाई किसी पर जाहिर की है या नही यह ज्ञात भी नही, कि तु अब तक प्राप्त सर्वाधिक मान्य प्रमाण यही आभास देता है कि उन्होने यह काम अपन निकट के साथी बसत कुमार विश्वास को सौपा था। बताया जाता है कि विश्वास एक लडकी के वेष म जुलूस देखने वाली महिलाओ के झुण्ड म जा मिला था। मौका पाकर उसने बम फेंका और चुपचाप उसी भीड मे गुम हो गया था।

इस दुस्साहसी हमले ने समस्त जाचकर्ताओ को महीनो तक पशोपेश म डाले रखा जब तक कि पुलिस न क्रा तिकारी साहित्य आदि बाटने वाले खुफिया सगठन का पता न लगा लिया। अन्तत दिल्ली षड्य त्र केस कहलाने वाली इस घटना मे विश्वास सहित ग्यारह व्यक्तियो को हिरासत म ले लिया गया और उन पर आरोप लगाया गया कि उनके पास गोला बारूद आदि विस्फोटक पदाथ हैं और उ होंने हत्याएँ की है। विश्वास व तीन अ य लोगो को 11 मई, 1914 को फासी दे दी गयी। किन्तु रासबिहारी बोस, जो आरोपित व्यक्तियो की सूची मे प्रथम नम्बर पर थे, लापता थे।

सरकार ने उनकी गिरफ्तारी म सहायक सूचना आदि देने वाले को पाच हजार रुपये का इनाम घोषित किया। कि तु यह चाल भी बेअसर रही। रास बिहारी बहुत से वेष बदला करते थे। और जब पुलिस अनुमानत उनकी खोज म, छिपन के अड्डो की तलाश म व्यस्त रहती, वे कुछ समय तक काफी खुले घूमते रहते थे। उनकी दुलभ गुण शृखला की एक कडी थी, बहुभाषा प्रयोग की उनकी योग्यता। साथ ही वे किसी भी स्थिति को उसके सही परिप्रेक्ष्य म तुर त समझ लेते थ। सबसे बढकर प्रबल साहस और किसी भी कीमत पर भारत को ब्रिटिश शासन स मुक्त देखने का अटूट सकल्प उनम था। उनके साथी प्राय उ हे सतीश च द्र या फिर केवल 'मोटे बाबू' कहा करते थे। उनम से केवल कुछेक ही को उनका असली नाम ज्ञात था।

उ होने 21 फरवरी, 1915 को बडे पैमाने पर आम बगावत की योजना बनायी थी, कि तु कुछ पचमागियो ने यह रहस्य खोल दिया और वह योजना असफल रह गयी। उनके अनेक सगी-साथी गिरफ्तार कर लिये गये, लेकिन उनका

का सर्वोत्तम सार प्रस्तुत करता है। वे जहाँ भी जाते उनके पास गीता की एक प्रति अवश्य रहती थी। उनके लिए महत्वपूर्ण था उनकी आत्मा द्वारा अनुभूत कर्म न कि उसका परिणाम। शब्दों में वे निष्काम अथवा अनासक्त कार्य सिद्धांत के अटल पालक थे।

"तुम्हारा कर्तव्य है—'कर्म करना' और परिणाम की चिंता न करना। कर्म के फल को अपना उद्देश्य न बनाओ, स्वयं को अकर्म के मार्ग पर जाने से रोको।" संक्षेप में, इसी आदर्श में उनकी गहन आस्था थी।

गांधीजी के बाद मैं एक ही भारतीय व्यक्ति को जानता हूँ जिसका कार्य उसके उपदेश के अनुरूप होता था वे थे रासबिहारी बोस।

रासबिहारी जून 1915 में जापान पहुँचे और शीघ्र ही उन्होंने जापान में शरण पाने वाले दो अन्य प्रसिद्ध क्रांतिकारियों के साथ सम्पर्क स्थापित किया। इनमें एक थे, भारत के लाला लाजपतराय (जो बाद में अमरीका चले गये) और दूसरे चीन के सन-यात सेन। किन्तु भारत व पूर्व एशिया और विशेषकर जापान का ब्रिटिश गुप्तचर विभाग हाथ पर-हाथ रखकर नहीं बैठा था। जापान में उसका जाल सशक्त और सक्षम था और शीघ्र ही उसे खबर लग गयी कि रासबिहारी जापान में है, हालांकि उनके सही सही ठिकाने की जानकारी उसे नहीं थी। रास-बिहारी बहुत होशियार सिद्ध हुए और जल्दी जल्दी बार-बार अपना ठिकाना बदलते रहे। इस सबसे इस बात का खटका रहता था कि पुलिस किसी भी समय आकर उन्हें गिरफ्तार कर लेगी। जापान में, ब्रिटिश राजदूतावास ने जापान सरकार से अनुरोध किया कि राष्ट्रव्यापी खोज द्वारा उन्हें ढूंढ निकाला जाय और भारत सरकार के हवाले कर दिया जाय।

जापानी सरकार के उच्च स्तरीय राजपुरुषों तथा प्रतिष्ठित जापानियों में ऐसे भी थे जो श्री बोस के प्रति कम सहानुभूति नहीं रखते थे। उनमें से एक थे स्वयं जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री काउंट शिगेनोबु ओकुमा। किंतु सन 1902 में हुई एंग्लो जापानी संधि अभी लागू थी। इसलिए ब्रिटेन, जापानी विदेश मंत्रालय पर भारी दबाव डालने की स्थिति में था। श्री बोस का प्रत्यर्पण सम्बन्धी आदेश वास्तव में जारी भी हो गया था और शंघाई होते हुए उन्हें भारत वापस भेजे जाने की तिथि भी निश्चित की जा चुकी थी। ब्रिटिश सरकार की मंशा यह थी कि एक बार शंघाई पहुँच जाने पर उन्हें गिरफ्तार कराया जा सकेगा क्योंकि शंघाई में उन्हें कुछ अतिरिक्त क्षेत्रीय अधिकार प्राप्त थे। किन्तु प्रत्यर्पण संबंधी इस आदेश के कार्यान्वयन से पूर्व ही रासबिहारी बोस का परिचय सौभाग्यवश सन-यात-सेन द्वारा मित्सुरू तोयामा से करवाया गया, जो जापान के दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी समूह के नेता थे।

श्री तोयामा अत्यधिक प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी पहुँच बहुत

दूर-दूर तक थी। राजमहल से लेकर आम किसानो तक उनका दबदबा था। व रासबिहारी बोस की उत्कट देशभक्ति से अत्यधिक प्रभावित हुए और उन्ह जापान म निरापद शरणदान दन का निणय किया। एक दिन जब रासबिहारी श्री तोयामा के घर पर थ, तब रिपाट मिली कि जापानी पुलिस बाहर फाटक पर उनक निकलने की प्रतीक्षा कर रही है। (श्री तोयामा के प्रभाव के कारण पुलिस अन्दर प्रवश का दुस्साहस नही कर पा रही थी।) श्री तोयामा न पिछले दरवाजे स श्री बोस के बाहर निकल जाने का प्रबन्ध किया और किसी को भी यह ज्ञात न हो सका कि रासबिहारी कहाँ चले गये। असल मे हुआ यो कि श्री तोयामा की सलाह के अनुसार एक असाधारण साहसी दम्पति श्री एजो सोमा तथा उनकी पत्नी कोक्को न, जो कि शिंजुकु म नका मुराया नामक दुकान के मालिक थे, अपने घर म रास बिहारी को शरण देना स्वीकार कर लिया था। उन्होन बडा जोखिम उठाया था। यदि ब्रिटिश एजटो को उसकी भनक मिल जाती तो न केवल रासबिहारी को बल्कि उनक उपकारी सरक्षको को भी भारी मुसीबत का सामना करना पडता।

इस बीच मे तोयामा ने जापान सरकार को यह परामश दिया कि चर्चित भारतीय दशप्रमी को खाजने के प्रयास म वह ब्रिटिश सरकार की बात न माने क्योकि उस यदि ढूढनवालो के हाथ मे सौपा गया तो निश्चित रूप से उसे फासी दे दी जायगी। सयोगवश हुआ यह कि यूरापीय युद्ध के फलस्वरूप चीन तथा ब्रिटेन दोनो की जापान विषयक नीति म परिवतन आरम्भ हो गया था। चीन म, जापान तथा ब्रिटेन के हितो के बीच दरार उत्पन्न हो गयी थी और जापान तथा इग्लड के सबध भी बहुत अच्छे नही रह गय थे। इसालिए हालाँकि जापान सरकार को अतत यह पता चल गया था कि रासबिहारी कहाँ है उसने उन्ह परेशान नही किया। सरकार न ब्रिटिश अधिकारियो का अटकलें लगाते रहने दिया, और श्री बोस को पकडवान के खोखले वायदो द्वारा स्वय ब्रिटिश सरकार को उल्लू बनाती रही। वास्तव म जसा कि मैंन बाद म सुना, जिस पुलिस अधिकारी को उन्ह गिरफ्तार करन का आदेश दिया गया था, वह चिबा क सागर तट पर अनेक बार श्री बास के साथ तरन जाया करत थ। श्री मितसुरु तोयामा ने पक्का प्रबन्ध कर रखा था कि श्री रासबिहारी पर कोई आँच न आन पावे।

ब्रिटिश सरकार न एक वरिष्ठ अंग्रेज पुलिस अधिकारी को रासबिहारी को खोज निकालने म जापानी अधिकारियो की सहायता के लिए भारत स जापान भेजा था। काफी प्रयासो के बाद उस अधिकारी से भारत सरकार को जो रिपोट मिली उसक अनुसार श्री रासबिहारी सम्राट के महाप्रबन्धक के निवास स्थान के अहाते के भीतर ही रहत थ। ब्रिटेन की खुफिया पुलिस के लिए यह एक अति अविश्वसनीय बचकानापन ही था। इतना ही नही, जापान म, ब्रिटेन के कूटनीति चक्र के प्रभाव को घटान क लिए ही मानो दक्षिण चीन सागर म एक घटना हुई।

जहा एक ब्रिटिश गश्ती दल न एक जापानी पोत पर हमला किया और उस पर सवार कमचारियो को गिरफ्तार कर लिया जिनमे कई भारतीय भी थे। इससे जापान म रोष भडक उठा तथा तोक्यो स्थित विदेश मत्रालय द्वारा अप्रेल 1916 म श्री रासबिहारी बोस के प्रत्यपण सवधी आदेश को रद्द कर दिया गया। श्री बोस हालाकि अब कानूनी दृष्टि स एक स्वतत्र व्यक्ति थे पर उनके लिए खतरा अब भी बना हुआ था क्याकि ब्रिटिश गुप्तचर अब भी समस्त जापान म कायरत थे और वे श्री बोस को अपहृत कर सकते थे।

इसलिए रासबिहारी सदा सतक रहत थे और अपना घर बार-बार बदलते रहे। लेकिन वे गुप्त रूप से सोमा दम्पति के साथ सम्पक बनाये रहे जिनकी सहायता की उन्ह भिन्न-भिन्न सन्दर्भों म आवश्यकता रहती थी। तोपिको इस सम्पक की कडी थी जो सोमा दम्पतियो की सबसे बडी बेटी थी। वह असाधारण लडकी स्वय को इतने बडे खतरे म डालने पर भी घबराती नही थी। इस स्थिति पर विचार करते हुए श्री मितसूरु तोमाया को विचार आया कि यदि दोनो पक्षो को कोई आपत्ति न हो तो सोमा दम्पति के लिए तोपिको और रासबिहारी का विवाह करा देना ही उचित था जिसस कि रासबिहारी का जीवन कुछ आसान हो सकता था। सोमा दम्पति ने यह निणय अपनी पुत्री पर छोड दिया। तोपिको ने एक मास तक इस प्रस्ताव पर विचार किया और फिर निणय किया कि उसे इस विवाह स प्रसन्नता होगी। रासबिहारी तोपिको स प्रेम करते थे, और वे उनके माता पिता को अपने माता पिता के समान मानत थे और उन्ह इसी रूप म सबोधित करत थे। तोपिको ने भी अपना निणय सुनाकर समस्या का अत कर दिया। तोपिको तथा रासबिहारी का विवाह 1917 म सम्पन्न हुआ।

यह एक असाधारण घटना थी। जापानी कन्याओ के विदेशियो स विवाह की घटनाएँ तब तक बहुत नही हुइ थी और इस घटना म तो विदेशी वर ऐसा था जो अपने सिर पर बडा इनाम लिये था। जो भी हो, यह विवाह अत्यन्त सफल सिद्ध हुआ। विशालहृदया तोपिको ने अदम्य साहस का परिचय दिया। रासबिहारी तथा तोपिका के बीच जो अनुरक्ति विद्यमान थी वह मानवीय सबधो की सुन्दरतम मिसाल थी।

उनके दो बच्चे हुए। बडा पुत्र था और छोटी पुत्री। पुत्र मसाहिदे बोस जिसका भारतीय नाम 'अशोक' था दुर्भाग्यवश द्वितीय विश्वयुद्ध के समय आकिनावा म मर गया। पुत्री तत्सुको जिसकी आयु इस समय लगभग उनसठ वप की है एक सफल इजीनियर श्री हिगुचि की पत्नी है। वे स्वय तो कभी भारत नही गई हैं किन्तु उनकी सबसे बडी पुत्री न सन 1969 मे भारत यात्रा की थी। उन्होने दिल्ली म शिक्षा ग्रहण करन का भी विचार किया था किन्तु अन्तत भाषा की बाधा और

पूणतया भिन्न वातावरण म समजन की कठिनाइया क कारण वह विचार त्याग दिया ।

दुभाग्यवश, विवाह क आठ वष बाद सन 192९ म तोपिको वास का देहात हो गया। उस समय उनकी आयु क्वल 28 वष की थी। इसस रासबिहारी का क्रांतिकारी तथा साहसी दिल टूट गया। फिर भी वे भारत की स्वतत्रता क लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा म विभिन्न कठिन कार्यों म अपना ध्यान लगाए रहे। उधर एक बार फिर श्री मितसूरु तोमाया के परामश पर ही जापान सरकार न उन्ह 1923 म जापान की नागरिकता प्रदान कर दी जिसस उन्ह एक स्वतत्र व्यक्ति की भाँति अपनी गतिविधिया को और अधिक ओजस्विता स सफल करने की प्रेरणा मिली। वे जानी मानी हस्तिया से मिलन तथा अपन भाषणा द्वारा भारत के पक्ष म लागा क मत प्राप्त करन क लिए जापान और समस्त दक्षिण-पूव एशिया म भारत समथक सस्थाओ के सगठन म अत्यधिक व्यस्त रहे। उन्हान जापानी भाषा का इतना ज्ञान प्राप्त कर लिया था कि वे न केवल इस भाषा म भाषण कर सकत थ, बल्कि अंग्रेजी बगला और हिन्दी पुस्तका का आसानी स जापानी म अनुवाद भी कर सकत थे। जापानी म अनूदित उनकी कृतिया म सन्दरलड लिखित 'पराधीन भारत' उल्लेखनीय है। उन्होंने जापान म भारत की मुक्ति के सघप के प्रवतन को एक सुव्यवस्थित अभियान का स्वरूप प्रदान किया था।

मुझे नकामुराया दुकान के स्वामी सोमा दम्पति स परिचय प्राप्त करन का जो सौभाग्य मिला था वह आज हमारे परिवारा के बीच बहुत घनिष्ठ हो गया है। जब मैं क्योतो म पढता था, उस समय रासबिहारी के साथ मरा सम्पक छिटपुट भेटा तक सीमित था किन्तु जब स जापान विश्वयुद्ध मे शामिल हुआ (उस समय मैं मचूक्वो म था) हमारा सम्बन्ध निरन्तर प्रगाढ होता गया। इस विषय की मैं इस पुस्तक मे अन्यत्र चर्चा करूगा, किन्तु इस अध्याय म उसके सन्दभ मे इतना कहना चाहूँगा कि हालांकि, कानूनी रूप से तो वे एक जापानी नागरिक जीवन शैली से पूरी तरह सामजस्य बठाए हुए थ तो भी मन से वे उतने ही भारतीय दश भक्त थ जितन कि जापान आने स पहले थे। अपनी अतिम साँस तक वे भारत की स्वतत्रता के लिए जूझते रहे। हिन्दू दशन अथवा गीता पर उनके भाषण के दौरान वे प्राय कहत थे कि भारत की स्वतत्रता प्राप्ति के बाद उनकी मात्र इच्छा यही है कि फुजि या हिमालय पवत पर जाकर रहे।

श्री रासबिहारी के साथ भेट करने के बाद मैं इस भावना को लकर क्योतो लौटा कि मैं एक तीथ यात्रा करन गया था और एक पावन विभूति के दशन करके आया हू। यह भावना सदा ही मुझे प्रेरणा देती रही है।

9

जापान के सम्राट का राज्याभिषेक

अपन विश्वविद्यालय के जीवन मे मुझे एक अप्रिय झटका लगा और विडबना ही कहूँगा कि यह घटना सम्राट हिरोहितो के राज्याभिषेक के अवसर पर क्योतो म शानदार राष्ट्र स्तरीय समारोह के समय हुई।

मेइजी के समय म देश की राजधानी क्योतो से तोक्यो को स्थानातरित किए जाने के बाद भी, परम्परा की माँग थी (और अब भी है) कि प्रत्यक नवीन सम्राट के सिंहासनारूढ होने की रस्म क्योतो के शाही महल म अदा की जाय। जब 25 दिसम्बर 1927 को सम्राट ताइशो दिवगत हुए तो रीजेंट (जो युवराज भी थे) हिरोहितो न अविलब गद्दी का भार सँभाल लिया, किन्तु उनके औपचारिक राज्याभिषेक का समारोह क्योतो म मनाया जाना अभी शेष था जिसकी तयारियाँ इस प्रकार की जानी थी जो जापान की शान के अनुरूप हो। उनके लिए बहुत समय चाहिए था। समस्त विश्व के राजनेताओ व शासको को आमन्त्रित किया जाना था और इस अवसर के लिए उचित सभार तत्र का गठन किया जाना था। इस घटना की गरिमा के अनुरूप सब कुछ श्रष्ठ स्तर का होना चाहिए था। सबसे बढकर, सुरक्षा प्रयास पूणतया सतोषजनक होने चाहिए। तोक्यो मे महल के निकट, तोरानोमोन स्थान पर दायिसुके नबा द्वारा, दिसम्बर 1923 मे रीजेंट पर किये गये हमले की याद अभी ताजा थी। सौभाग्यवश, हत्यारे की गोली का निशाना चूक गया था।

अतत इस शुभ काय का आयोजन, 10 नवम्बर, 1928 को साय चार बजे निर्धारित किया गया। पिछली शाम से ही महल की ओर जानेवाली सडको पर लोगो की भारी भीड एकत्र होने लगी थी। लोग अपने सम्राट को देखना चाहते थे जो जुलूस के आगे-आगे अश्वचालित रथ मे जानेवाले थे और उनके पीछे मोटर गाडियो की एक लबी कतार चलनी थी।

इस प्रकार के आयाजनो म सदा ही कुछ कठिनाइयाँ सामने आती हैं जिनको हल करने मे चतुर अधिकारीगण भी शायद ही पूणतया सफल हो पाते हैं।

उदाहरण के लिए जब हजारो-लाखो की भीड सडक के किनारे एकत्र हो और लगभग दिन भर वही जमी रहे ता प्राकृतिक आवश्यकताओ के लिए सामान्यत स्थापित व्यवस्थाए काफ़ी नही रहती। उस अवसर पर सडास तथा मूत्रालय आदि का प्रबध कसे किया जाय ? यानी बिना सडको को गदा किये या स्वास्थ्य के लिए खतरा उत्पन्न किये बिना इन आवश्यकताओ की पूर्ति कसे की जाय ?

लागो के पास समाधान तयार थे। सडास की आवश्यकता पर काबू रखा जायगा। कि तु जहाँ तक गुर्दों का सवाल था इतनी लबी अवधि तक सयम बनाये रखना कठिन था खासकर तब जबकि महीना नवम्बर का था और खूब ठड पड रही थी। इसके लिए भी रास्ता खोजा गया। प्रत्येक व्यक्ति या तो रबड की एक थैली या एक खाली बोतल अपने साथ रखेगा। जब आवश्यकता होगी उनका उपयोग करेगा फिर ढक्कन से उन्ह बन्द कर समारोह क अन्त तक उन्ह थामे रहेगा। बाद म उन पात्रो को निर्धारित स्थलो पर रख दिया जाएगा। चाह हो तो राह अवश्य ही निकल आती है।

उत्सव का आनन्द उठाने की इच्छा स मैंने भी एक खाली बोतल का प्रबन्ध किया और 8 नवम्बर की शाम को दर्शको की कतार म शामिल हो गया। किन्तु तुरन्त ही मैं एक अजीब स्थिति म पड गया। मैं सडक के किनारे एक ओर खडा हुआ ही था कि सुरक्षा गार्ड मरी ओर बढे। उन्होंने जापानी शली के अनुसार अनेक बार झुककर मेरा अभिवादन किया। साथ ही एक ने बार-बार मरी तलाशी ली मानो इसकी पुष्टि करना चाहता हो कि मरे पास कोई घातक वस्तु तो नही है। उन्ह कुछ भी न मिला। मूत्र की मरी बोतल भी अन्य लोगो जैसी ही थी। इसलिए किसी भी तरह अवांछित नही कहा जा सकता था। तो भी कुछ गार्ड बराबर मरे निकट ही खडे रहे। किसी और पर इतना ध्यान नही रखा जा रहा था। मुझे यह बात बडी अजीब लगी कि मुझ ही दूसरो स क्यो अलग किया जाय। मैं मानसिक रूप से कुछ अशात हुआ और परेशान भी। मैंने कुछ तो स्वय स और कुछ उन्हे सुनाकर कहा कि मैं सडक से जुलूस नही देखना चाहता। शायद कुछ समय बाद मैं किसी सिनेमा घर म वह जुलूस देख पाऊँगा। निराश मन स मैं घर जाकर सो गया।

लकिन बात वही खत्म नही हुई। अगले दिन मुझे पता चला कि पुलिस की साधारण कपडो वाली टुकडी ने विश्वविद्यालय के अधिकारियो स अनुमति माँगी थी कि मरी गतिविधियो पर नजर रख सकें। विश्वविद्यालय क अधिकारीगणो ने अपने अहाते म एस किसी काम की अनुमति नही दी। किन्तु पुलिस द्वारा अहाते क बाहर की जानेवाली कारवाई के विषय म व कुछ कह नही सकते थ। क्योकि मैं प्रोफ़सर तगुची क घर म रहता था इसलिए एक पुलिस अधिकारी उनक पास गया

और मुझ पर नजर रखने की अनुमति मागी। इस बात से चकित प्रोफेसर तगुची को बताया गया कि खुफिया पुलिस विभाग को मुझ पर नजर रखने का आदेश मिला है क्योकि मैं ड्यूक आफ ग्लौसेस्टर के लिए खतरा हो सकता था जो राज्याभिषेक समारोह मे ब्रिटिश शाही परिवार का प्रतिनिधित्व करने के लिए उस समय क्योतो म आये हुए थे।

मेरे मेजवान बहुत परेशान हुए। उन्हे आश्वस्त करने के उद्देश्य से निगरानी दल के कप्तान ने उन्हे बताया कि वह और उसके अन्य साथी उनके लिए कोई शर्मिदगी पैदा नही करेग। सिफ मकान की छत से बिना किसी व्यवधान के मुझ पर नजर रखेंगे। प्रोफसर तगुची इसस नाखुश थे किन्तु एतराज करन की स्थिति म भी नही थे। अत उन्होने खुफियो को सलाह दी कि मुझे इसकी जानकारी देना उचित होगा।

पुलिस अधिकारी मेरे पास आया और विनम्रतापूवक झुकन के बाद मुझे अपना पहचान पत्र दिखाया। वह मरे प्रति आदर दिखा रहा था जिसकी मुझे कतई प्रत्याशा न थी क्योकि मै केवल छात्र ही था। वह बोला, "श्री नायर, आइये, हम मित्र बन जाएँ, हम आपको सिनेमा या जहा भी आप जाना चाहते हो ले जाएँगे। किन्तु हम आपके साथ ही रहेगे।" जब मैने पूछा कि कारण क्या है ?" तो उसने उत्तर दिया, "डयूक ऑफ ग्लौमेस्टर यहा से होकर गुजरेंगे हम बताया गया है कि आप एक खतरनाक व्यक्ति है और उन्हे हानि पहुँचाने का प्रयास कर सकते है। यदि ऐसा हुआ तो हम सब बडी मुसीबत म फँस जाएँग, इसलिए हमे आप पर नजर रखनी ही होगी।"

मेरे समक्ष यह एक आश्चयजनक खुली घोपणा थी, एक ऐसी घोपणा जो सामान्यत कोई भी पुलिस, इसम कोई सच्चाई हो या न हो एकदम गुप्त रखा करती है। लेकिन पुलिस के इस समाधान से मैं शात नही हो सका। मैने काफी क्रोध से उत्तर दिया आप ऐसा क्यो सोचते है ?' हिमशैल की-सी शात मुखमुद्रा मे उसने उत्तर दिया, 'क्याकि हम भारत से सूचना मिली है। ब्रिटिश पुलिस की इच्छा है कि हम आप पर कडी नजर रखे। इसलिए आप अवश्य ही एक खतरनाक व्यक्ति होगे।"

हालांकि मैं क्रोध से पागल सा हो गया था, तो भी अपना मानसिक सतुलन कायम रखत हुए मैने उत्तर दिया 'मै खतरनाक व्यक्ति नही हूँ। यहाँ क्योतो विश्वविद्यालय का एक छात्र मात्र हू'। किन्तु वह अधिकारी मुझे छोडन को तैयार न था। वह बोला, "जी नही, ब्रिटिश सरकार की मूचना के अनुसार आप खतरनाक व्यक्ति है"। आखिरकार अपन क्रोध पर काबू खाकर मैं काफी अशिष्टता से बोल उठा, 'देखिए मित्र, यह आपका देश है आप अपना कतव्य निभाइये, किन्तु मुझे अकेला छोड दीजिए। मै आपके इस विश्वविद्यालय म विधिवत दाखिला

प्राप्त एक छात्र हूँ और मरी समझ म यह कतई नही आ रहा है कि आप या आपके साथी मुझे क्या परेशान कर रहे है"। वह अधिकारी जितना अधिक शात बना हुआ था, उतना ही अधिक मेरा गुस्सा भी बढ रहा था। उसन पूववत शात लहजे म मुझसे कहा, "हम आपका कोई हानि नही पहुँचाएँगे। आप चाह तो हम छात्रो की-सी वेश भूषा धारण करग, किन्तु आप जहा कही जाएँ हम आपक साथ ही होगे"।

"आप सब ठहर पुलिस कमचारी आर आपको अपनी ही वर्दी पहननी होती है तो आप छात्रो की यूनिफाम कसे पहन सक्त है'?

"ओह, वह कोई परशानी की बात नही है। हम साधारण पुलिस के नही वल्कि विशेष पुलिस के आदमी है। इसलिए हम काइ भी वेष धारण कर सक्त है'।

मुझे उस अफसर के दावे पर कोई सदह न था कि वह विशेष आदेश क अधीन काम कर रहा था। स्पष्ट था कि जापान के ब्रिटिश गुप्तचर विभाग और भारत की पुलिस के अनुरोध के अनुसार जापान की पुलिस कारवाई कर रही थी। मने सुन रखा था कि ब्रिटिश गुप्तचर विभाग का एक बहुत व्यापक जाल है और जाहिर है कि उसका भारत तथा अन्य देशो के साथ सपक होगा। तिरुविताकूर की पुलिस की दृष्टि मे तो म निश्चित रूप स विद्रोही आदमी था, किन्तु य समाचार मरे लिए बिलकुल ही नया था कि किसी ने जापानी पुलिस को समझाया कि मै एक इतना खतरनाक आदमी हूँ कि ड्यूक आफ ग्लौसेस्टर को भी मुझसे खतरा हो सकता है और उनकी मुझसे रक्षा की जानी चाहिए। कहा कुछ गडबडी थी किन्तु मुझ ज्ञात न था कि असली बात क्या थी। इस मामले म कटुता और परेशानी का अनुभव करने के सिवाय मैं इस बारे म कुछ कर भी नही सकता था।

ड्यूक ऑफ ग्लौसेस्टर एक सप्ताह तक क्योतो मे रहे उस समस्त अवधि म पुलिस अधिकारी सडास अथवा स्नान गह तक मे छाया की तरह मरे साथ साथ बने रहे। लकिन एक बात मैं अवश्य कहूँगा कि उनका बर्ताव सदा ही बेहद शिष्ट और आदरपूण था। उन अधिकारियो म स एक न मुझे बताया कि उसे बहुत खेद है कि मुझ जसे छात्र के साथ उस एसा बर्ताव करना पड रहा था। उसन कहा कि मैं ड्यूक के आवास क इद गिद क अलावा कही भी आ जा सकता हूँ और बाकी उसके साथियो की उपस्थिति मुझे बर्दाश्त करनी ही होगी। एक दिन ड्यूक नगर दशन के लिए मियाको होटल के अपने कमरे से निकलन वाल थ। पुलिस अधिकारी न निणय किया कि उस समय मैं एक चलचित्र देखूगा। इसलिए मुझ सिनेमाघर मे ले गय। बाद मे एक मित्र स मिलने काबे जाना चाहता था। वे मुझे वहाँ भी ले गय। जब मैं अपना टिकट खरीद रहा था तो उस अधिकारी ने कहा "इसकी कोई आवश्यकता नही है आप मुफ्त यात्रा कर सक्त है"। उस क्षण

मैंने अपमानित अनुभव किया और अपनी मनोभावना उसे जतायी। उसने उत्तर दिया कि उसकी मंशा मेरा अपमान करने की न थी, वह केवल मेरी यात्रा का खर्च बचाना चाहता था। मैंने उत्तर दिया कि मुझे दान नहीं चाहिए। किन्तु पुलिस की यह संगति एक ऐसी स्थिति थी जिससे मैं बच नहीं सकता था। बिना किसी प्रत्यक्ष कारण के बलपूर्वक मुझे निगरानी में रखा जा रहा था। यह स्थिति मेरे लिए असहनीय थी। मगर मेरे प्रति जापान पुलिस का व्यवहार अत्यधिक सौहार्दपूर्ण था।

ड्यूक आफ ग्लौसेस्टर और अन्य मुख्य विदेशी अतिथियों के लौटने के तुरन्त ही बाद वे पुलिस अधिकारी मेरे लिए केक का डिब्बा लाये। उन्होंने गत सप्ताह के अपने व्यवहार के लिए क्षमा याचना की। वे चाहते थे कि मैं उनके कर्तव्य पालन के प्रति कोई गलतफहमी न रखूं। हालांकि इस मामले में मैं अपने को अपमानित ही महसूस कर रहा था और इस कारण मैं शर्म और रोष दोनों से सुलग रहा था तो भी मैंने उन्हें बताया कि 'मेरे मन में निजी तौर से उनके प्रति कोई दुर्भाव नहीं हैं, उल्टे मैं उनके शिष्ट व्यवहार का प्रशंसक हूँ। मेरा रोष तो किसी अन्य शक्ति के प्रति है"। वे खुशी-खुशी लौट गये।

किन्तु मैं संतुष्ट न था। मैंने क्योतो के गवर्नर को कड़े शब्दों में एक पत्र लिखा, जिसमें यह कटु शिकायत की कि मुझे अपमानित किया गया है। मैंने लिखा—जापान के प्रति सद्भावना रखनेवाला एक एशियाई छात्र जो क्योतो विश्वविद्यालय में अध्ययनरत है, अपमानित किया गया है। एशिया के सर्वाधिक विकसित देश के लिए एशिया के अन्य भागों से आये व्यक्तियों के साथ ऐसा वर्ताव क्या उचित है? मैंने अपने पत्र में वाकई अपनी तमाम भड़ास निकाल ली और गवर्नर से यहाँ तक पूछा कि क्या जापान ब्रिटेन के हाथों की कठपुतली है?

गवर्नर महोदय को निश्चय ही आश्चर्य हुआ होगा। अगर चाहते तो वे मेरे पत्र को नजरंदाज कर सकते थे, परन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया। मुझे पता चला कि उन्होंने अपने सबसे उच्च सहायक सुपरिंटेंडेंट को बुलाया और कहा "हमें अवश्य कुछ करना चाहिए"। सुपरिंटेंडेंट मेरे घर आये, मुझे अपने घर ले गये। मुझे बढ़िया भोजन कराया और कहा, 'हमें खेद है, किन्तु कृपया हमें गलत न समझें। हम जानते हैं कि आप भले आदमी हैं। हम जानते हैं कि आप एक देश-भक्त हैं और शायद इसीलिए ब्रिटिश आपको पसंद नहीं करते। किन्तु हम पर अपने राजकीय अतिथियों के सुरक्षापूर्ण प्रबन्ध की पूरी जिम्मेदारी थी।

मैंने सोचा कि यह तो कोई सफाई नहीं मानी जा सकती है और उनसे पूछा कि केवल मुझ ही एक 'खतरनाक व्यक्ति' क्या चुना गया? यदि ब्रिटेन विरोधी लोगों की ही निगरानी वांछित थी तो केवल मेरा ही पीछा क्यों किया गया, अन्य किसी पर, उदाहरण के लिए रासविहारी बोस पर, क्या नजर नहीं रखी गयी?

ज्यो ही मैंने रासबिहारी का नाम लिया, सुपरिंटेडेंट महोदय को झटका सा लगा। काफी परेशान दिखाई दिये और कुछ समय तक शब्द खोजते स प्रतीत हुए, फिर अतत उहाने ऐसा कुछ कहा कि सभव है कि जापान मे विवाहित होकर पारिवारिक जीवन वितानेवाले श्री बास को ब्रिटिश सरकार न एक चितक मात्र मानकर छोडा हो और वे खतरनाक न माने जा रहे हा और ब्रिटिश सरकार आप जस एक युवा उग्रवादा ए० एम० नायर' को लेकर चिंतित हो गयी हो।

मैने स्वय से कहा कि यदि सुपरिंटडेंट का अदाजा सही था तो ब्रिटिश खुफिया विभाग के लोग वडे बुद्धू होगे। खर, गवनर के कार्यालय से आय मेरे दयालु अतिथि के साथ बहस को बढाने से कोई लाभ न था। हमारा वार्तालाप मत्रीपूवक समाप्त हुआ। उसके बाद से गवनर के कमचारीगणो का, विशेषकर विदेश विभाग के अध्यक्ष का मेरे साथ बर्ताव बहुत अच्छा रहा। मुझे जापान म कही भी यात्रा करन के लिए एक नि शुल्क पास दिया गया और एक विशेष पहचान-पत्र भी, जिसे दिखाकर म महत्वपूण अवसरो पर राजकुमार-राजकुमारियो जसे विशिष्ट अतिथिया आदि के लिए निर्धारित आरक्षित स्थलो म जाकर बठ सकता था। इस प्रकार विगत सप्ताह की कठिन परीक्षा मेरे जीवन म अपकष और उत्कष की मिश्रित अनुभूति रही।

इस शानदार उत्सव के बाद, क्योतो के शात वातावरण म कुछ तटस्थ होकर, उन दिना की घटनाआ पर सोचने लगा तो इस निष्कष पर पहुचा कि 'ये घटनाएँ हालाकि दुखदायी थी, कि तु एक प्रकार की चुनौती भी थी। मुश्किलें तो आयेंगी ही कभी कभी तो एकदम अप्रत्याशित रूप से, लेकिन उन पर विजय पाना भी आवश्यक है। उनसे पलायन सभव नही है। चुनौती जितनी भी गभीर होगी, अनुभव उतना ही अच्छा रहेगा। मलयालम की एक कहावत है कि 'अग्नि म उगने वाला पौधा, धूप मे मुरझाता नहो'।

कि तु परदश म होनेवाली इस घटना को मैं एकदम भूल नही सका था। यह विचार मुझे लगातार सालता रहा कि मुझे बिना वजह परेशान किया गया। इस सबका अगर कोई तकसगत कारण था भी, तो मैं उसे खोज पाने म असमथ था। अनक वर्षों बाद मुझे असली कारण का पता चला। ये सत्य मुझ पर एक विश्वसनीय सूत्र द्वारा प्रकट किया गया जो गुमनाम ही रहना चाहता था। सत्य यह था कि जापान स्थित ब्रिटिश गुप्तचर विभाग ने अपनी शघाई स्थित शाखा के माध्यम से, दिल्ली (और कदाचित लदन को भी) वष के आरभ म तोक्यो म रासबिहारी बोस के साथ मरी भेंट की एक रिपोट भेजी थी। इस रिपोट मे कहा गया था कि रास-बिहारी और मैंने जसा कि दिल्ली म, सन् 1912 म, लाड हार्डिंग के विरुद्ध किया गया था, ठीक उसी प्रकार, ड्यूक ऑफ़ ग्लोसस्टर पर भी बम फेंकन का षडयत्र रचा गया है। इसलिए क्योतो म ड्यूक के प्रवास के दौरान मुझ पर लगातार कडी

नजर रखी जानी चाहिए।

इससे अधिक गरजिम्मदाराना और झूठी रिपोट की कल्पना भी नही की जा सकती। रासबिहारी के साथ मरी भेट मात्र सौहादपूण रही थी। यह सही था कि स्वय को ब्रिटिश शासका स बचाये रखने के उद्देश्य से उन्होंने जापानी नागरिकता ल ली थी। तो भी, व तन मन से एक भारतीय देशप्रेमी और पूणतया ब्रिटिश विरोधी व्यक्ति वन रह थे। किन्तु एक पागल व्यक्ति ही एसी कल्पना कर सकता था कि मरे माध्यम स या अन्य किसी प्रकार स वे, जिस देश ने उन्ह बचाव के लिए शरण दी थी उस दश के किसी भी अतिथि को व कोई चोट पहुचा सक्त थे।

लकिन, ब्रिटिश गुप्तचर विभाग की शरारत भरी रिपोर्टों के आधार पर, मुझ जस व्यक्ति पर निगरानी रखी जाने की बात, ड्यूक आफ ग्लौसस्टर की क्योतो यात्रा तक ही सीमित न थी। नई दिल्ली स्थित भारत सरकार क राजनीति विभाग न समस्त भारत और विशेषकर, तिरुवितांकूर की पुलिस का आदेश दिया था कि जब कभी भी मैं पुन भारत लौटू तो मुझे हिरासत म ले लिया जाये क्याकि मैं रासबिहारी बास का सहयोगी था और इसलिए सभवत वास क समान ही ब्रिटिश विरोधी खतरनाक आतककारी भी। भारत मे मर परिवार पर गुप्त नजर रखी जाती थी ताकि यह पता लगाया जा सके कि मैं भारत लौटनवाला हूँ या नही। हमारे बीच का पत्र व्यवहार भी सेसर किया जाता था।

लेकिन, वास्तव म यह सब ब्रिटिश सरकार के लिए समय की बबादी ही थी। विधि हमारी जीवन धारा को सचालित करती है, हम उसम अडगा क्स लगा सक्त है? मरी प्रथम भारत यात्रा (और तब मरी पत्नी जानकी नायर और मरा छोटा पुत्र गोपालन नायर मरे साथ थे) 18 सितम्बर, 1958 को यान, जापान के लिए कोलम्बो म सुवा मारू पोत पर सवार हान क ठीक तीस वष बाद हुई। तब तक भारत स्वतन्त्रता के दूसरे दशक म प्रवेश कर चुका था। अगस्त 1947 म, ब्रिटिश साम्राज्य का भारत म सूर्यास्त हा चुका था।

10

क्योतो का छात्र जीवन

प्रोफेसर साकाकिवारा एक प्रतिभा सम्पन्न अध्यापक तो थे ही साथ ही आला दर्जे के मेहमाननवाज भी थे। उनका परिवार भी उतना ही मित्रताप्रिय था। एक घटना की याद करके मुझे बहुत खेद होता है। जापानी रीति रिवाजों के प्रति अपने अज्ञान अथवा गलतफहमी के कारण कुछ समय तक मेरे मन में उनके लिए बुरी भावना घर कर गयी थी, सौभाग्यवश मैं उन्हें नाराज करने या कष्ट पहुँचाने से बाल बाल बच गया।

जापानी भाषा की नियमित कक्षा के अन्त में श्रीमती साकाकिवारा मुझे कुछ नाश्ता दिया करती थी इसमें अक्सर जापानी ढग का केक और चाय हुआ करता था। एक दिन मुझे भूख न थी और इसलिए अपना नाश्ता मैं पूरा खा नहीं सका। मैंने लगभग आधा केक उस प्लेट में ही छोड दिया। घर की सेविका ने उस टुकडे को एक कागज में लपेटकर मुझसे कहा, ' कृपया इसे अपने साथ ले जाइए और बाद में घर पर खा लीजियेगा"। भारत में जिसे हम आभिजात्य वर्ग के लोग, 'जूठन' कहते हैं, वह जब पैकेट के रूप में मुझे दिया गया तो मुझे क्रोध हो आया। अत वहाँ से बाहर आते ही मैंने निकटस्थ कूडेदान में उस पैकेट को फेंक दिया और मन-ही मन उन्हें कोसा।

घर पहुँचते ही मैंने यह सारा किस्सा तगुची दम्पति को सुनाया। लेकिन मुझे बेहद अचरज हुआ कि मेरे साथ सहानुभूति दर्शाने के बजाय उनकी मुद्रा ऐसी थी मानो मैंने कोई गलत हरकत की हो। श्री तगुची ने मुझसे कहा, नायर साहब, आपने गलती की है। सेविका अवशिष्ट केक के द्वारा आपका अनादर नहीं करना चाहती थी। उसने तो ऐसा, उस परिवार की आपके प्रति समादर भावना के तहत किया था। ये सब हमारे रीति रिवाजों का एक अग है"। दयावान प्रोफेसर के परिवार को गलत समझने के कारण खेद के साथ मुझे बहुत अधिक सकोच का भी अनुभव हुआ। इस घटना की याद ने मुझे काफी अरसे तक परेशान रखा। सताप यही था कि प्रोफेसर के घर में मैंने कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया था। वस्तुत

इसका असली कारण मात्र गलतफहमी थी, कृतघ्नता नही।

जापान के रिवाजो को पूरी तरह जानने, समझने की कोशिश न करने के लिए मैंने स्वय को प्रताडित किया और निणय किया कि आइन्दा एसी कोई अनुचित गलती न हो इसका ख्याल रखूगा। इस विषय म पुन सोचने पर मन अनुभव किया कि मुझे 'अभिजात वग वाली बात नही सोचनी चाहिए थी। बचा हुआ केक जो मुझे दिया गया था वह उस अथ मे उच्छिष्ट' नही था जसा कि भारत मे मानत थे। भारत म 'उच्छिष्ट' वह माना जाता है, जिसका कुछ अश कोई अन्य व्यक्ति खा लेता है। लेकिन यहा तो, बात सिफ इतनी थी कि मुझ जो बचा खाद्य दिया गया था, वह मूलत मेरा ही था जिसे मै स्वय पूरा खा न पाया था। इसलिए तथा कथित भारतीय दष्टिकोण म भी मेरा व्यवहार उचित नही था। केरल मे, मेरे घर म भी यही नियम था कि खाद्य व्यथ बर्बाद नही किया जाना चाहिए। बौद्ध सस्कृति के अनुसार भी 'खाद्य के सन्दभ म लापरवाही न वरता उसे फेंको मत" की शिक्षा दी जाती है। इस प्रकार हर दष्टि स गलती मेरी ही थी और मन्य निश्चय ही बहुत अधिक (जो कि उचित ही था) खेद हुआ।

मुझे इस बात की खुशी थी कि थोडे अरस म, विश्वविद्यालय म तथा बाहर भी जापानी भाषा म मेरी निपुणता की ख्याति फैल चुकी थी। कालान्तर मे मरे मित्र मुझसे यह भी पूछन थ कि क्या भाषा के सम्बन्ध म मुझमे कोई विशेष गुण है" ? मैं ऐसे प्रश्नो का उत्तर भला क्या देता ? लेकिन इतना कहना सही है कि किसी भी विदेशी भाषा को सीखन म जिसके सम्पक म मै कुछ अरसा रहा मुझे कभी कठिनाई नही हुई। अपनी मात भाषा के अतिरिक्त अपने देश की बहुत सी भाषाओ मे मे कुछ का मुझे ज्ञान है। मचुको, चीन मगोलिया मलाया और दक्षिण-पूव एशियाई देशो की यात्राओ मे वहा की भाषाओ का कामचलाऊ ज्ञान हासिल करने मे भी मुझे बहुत समय नही लगा। म अपना काम सवत्र सतोषजनक ढग से चला लेता था।

जापानी भाषा की अपनी योग्यता के सम्बन्ध मे मुझे एक रोचक घटना याद आती है। अमरीकी सेनाओ का जब जापान पर कब्जा था उस समय एन० एच० के० यानी जापान प्रसारण निगम द्वारा तोक्यो केन्द्र से विभिन्न विषयो पर वातायें प्रसारित करने के लिए मुझ प्राय आमत्रित किया जाता था। मैं आमतौर स अपनी वार्ताएँ राजनीति की बनिस्बत आर्थिक तथा सास्कृतिक विषयो तक सीमित रखता था। गुलामी के अतिम चरण म 'भारत सपक मिशन' के अध्यक्ष और बाद म जापान के लिए नियुक्त प्रधान भारतीय राजदूत श्री के० के० चेटटूर सदा य जानने को उत्सुक रहत थे कि जापानी प्रसारणो मे क्या कहा जाता है और विशेषकर भारत से सम्बद्ध कायक्रमा म क्या कहा जा रहा है। सामान्य अनुवाद क अलावा जाकि निश्चय ही उन्ह सुलभ था, वे स्वय भी, भाषाविद थे और थोडी जापानी

भी समझ लेते थे। मेरा ख्याल है कि सन 1951 मे वे भारत सम्बन्धी एन० एच० के० (जापान प्रसारण केन्द्र) का एक कार्यक्रम सुन रहे थे, जिसका वक्ता मैं था। एन० एच० के० द्वारा प्रारभ मे प्रस्तुत मेरा परिचय वे नही सुन पाये थे। किन्तु अन्त तक सुनते रहे। प्रसारण के अन्त म प्रसारित सामग्री के लेखक की हैसियत म पुन मेरा नाम घोषित किया गया तो वे विश्वास नही कर सके। उन्हे ऐसा प्रतीत होता रहा कि कोई जापानी व्यक्ति प्रसारण कर रहा है और वे यह जानने के लिए उत्सुक थे कि किस जापानी को भारत का ऐसा निकट का ज्ञान प्राप्त है। उन्होंने अपने एक सहायक से पता लगाने को कहा। जब एन० एच० के० द्वारा यह बताया गया कि वक्ता श्री ए० एम० नायर हैं तो उन्हे बहुत आश्चर्य हुआ। यह बात उन्ही सहायक महोदय न मुझ बताई थी। मै सोचता हू कि मेरे इस भाषा ज्ञान का श्रेय वस्तुत मेरे अध्यापकों को है।

जापानी भाषा अति समृद्ध और लालित्यपूर्ण है। भारत म तथा अन्य देशो म भी बहुत से लोग भ्रातिवश यह समझत कि जापानी भाषा चीनी भाषा के समान है। सचाई यह है कि ये दो भिन्न भाषाएँ हैं। हालाकि मोटे तौर पर आरभिक काल मे चीनी सभ्यता का जापान पर प्रभाव रहा किन्तु जापानियो की आरभ म ही अपनी भाषा रही है। चौथी शताब्दी क आसपास तक यहा इस भाषा के लिखने की व्यवस्था न होने की वजह से चीनी लिपि उधार लेकर काम चलाया गया। किन्तु उस भाषा की लिपि को जापानियो की भाषा सबधी परम्परा की आवश्यकताओ के अनुरूप ढाला भी गया।

सदियो के दौरान लिपि की रूपातरण प्रक्रिया मे अपनाई गयी विभिन्न देशज व्यवस्थाओ की व्याख्या करना जटिल बात है। सक्षेप में कहे तो चीनी भाषा सीखने के बाद जापानी लोग काफी हद तक कानजी कहलानेवाले चीनी चित्राक्षरो को स्वय अपनी भाषा लिखने म उपयोग करने लग थे किन्तु चीनी ध्वनियो के बजाय, अपन उच्चारण को उन्होने बरकरार रखा। किन्ही विशेष शब्दो का चीनी उच्चारण जापानी भाषा के किन्ही विशेष ध्वन्यात्मक सन्दर्भों म भी प्रयुक्त हो सकता है, परन्तु 'उधार लिये गये' चीनी चित्राक्षरो की ध्वनि और अर्थ दोनो का ही पूर्णतया भिन्न उपयोग किया जाता है।

इसके अलावा कताकना और हिरागाना नामक अक्षर मालाएँ जिनम से प्रत्येक म लगभग पचास ध्वनि प्रतीक होते हैं, देशज आविष्कार हैं और उनकी ध्वनि सरचना पर सस्कृत भाषा का प्रभाव स्पष्ट है। कहा जाता है कि इनकी अक्षरमालाओ की रचना, बौद्ध मनीषी कोबो दयी द्वारा की गई थी जो शिनगोण सम्प्रदाय के सस्थापक थे और जिन्होने जापान के बौद्ध धर्म म वज्रयानी मार्ग का समावेश भी किया था। इस प्रकार, हालाकि जापानी भाषा म अनकानेक चीनी चित्राक्षर हैं तो भी दोनो भाषाएँ एक-दूसरी से बिलकुल भिन्न है।

थी जा विश्वविद्यालयी जीवन के बाद भी बनी रहती थी। अपने अपन धन्धे और और अपनी निजी राजनीतिक विचारधारा के बावजद शिक्षा काल क पुराने सम्बन्ध' सामान्यत जीवन भर कायम रहते हैं। इस सम्बन्ध को जापानी भाषा म गक्कोबत्सु' कहा जाता है जिसम माटे तौर पर, अपनी शिक्षण सस्था के प्रति छात्र छात्राओं की सदा सवदा बनी रहन वाली स्नेह व सम्मान भावना भी निहित होती है। मुझे अभी भी अपन छात्र-काल के क्योतो विश्वविद्यालय के इजीनियरी सकाय के छत्तीस सहपाठियो म स प्रत्यक की पक्की याद है। दुर्भाग्य की बात है कि उनम स कुछ अब नहीं रह, किन्तु हम म से जो भी बचे है, परस्पर सम्पक रखे हुए है।

विश्वविद्यालय का माहौल शान्तिमय और गम्भीर अध्ययन के सवथा अनुकल था। लेकिन इसका अथ यह नहा था कि छात्रगण और कुछ नही करत थे। वस्तुत उनम काफी राजनीतिक जागरूकता थी, हालाकि व निकट के मित्रो के बीच अति करीबी वातावरण मे ही अपना मत व्यक्त करते थे और अन्य स्थिति म खुलकर कुछ कहन मे हिचकिचात थे। इस सकोच का कारण था सेना द्वारा नागरिक जीवन पर बढता नियत्रण जा नि सन्देह अत्यधिक सख्त होता जा रहा था।

इतना ही नहा, लाग छात्र हो या अन्य कोई, स्वभाव से ही चुप्पे और मित भाषी थ (और काफी हद तक आज भी है) और उनका दिल खुलवान म काफी समय लगाना पडता था। किन्तु एक बार आपसी विश्वास स्थापित हा जान पर एक चिरस्थायी घनिष्ठता हा जाती थी। मुझे न केवल अपन साथी छात्रा बल्कि राजनीति क्षेत्र के बहुत-स महत्वपूर्ण व्यक्तियो क साथ स्थायी निजी सम्बन्ध बनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनकी विशिष्ट निजी विचारधाराओ के बावजूद मैं प्रत्यक समूह के सदस्यो मे मिलता-जुलता था। उनके साथ मेरे सम्बन्धो को, 'अनुप्रस्थ' न कह कर अनुलम्ब माना जाना चाहिए क्योकि अनुप्रस्थ सम्बन्धो मे सदा इस बात का भय बना रहता है कि कोई अनजान ही किसी का दिल न दुखा दे या उसकी नाराजगी का पात्र बन जाए। जहाँ तक जापान की भीतरी राजनीति का प्रश्न था, मरा उद्देश्य यही था कि पूर्णतया निष्पक्ष बना रहूँ लेकिन साथ ही मैं यथासम्भव सम्पर्को म जापानियो को ब्रिटेन विरोधी और भारत-समथक बनाने का कोई भी अवसर नही खोना चाहता था जिस काय को मैं अपन पाठ्यक्रम के बाद मुख्य काय मानता था।

लकिन मुझे सावधान भी रहना पडता था। उदाहरण के लिए जापान म 'उपनिवेशवाद' शब्द बहुत लोकप्रिय न था। विश्व की एक बडी शक्ति के रूप म उभरन क बाद, स्वय जापान ने भी विस्तारवादी आकांक्षाओ को पोषित करना आरम्भ कर दिया था। कोरिया तथा प्रशात सागर क्षेत्र क कुछ द्वीपो पर विजय

थी जो विश्वविद्यालयी जीवन के बाद भी बनी रहती थी। अपने अपन ध धे आर आर अपनी निजी राजनीतिक विचारधारा के बावजद शिक्षा काल के पुराने सम्ब ध' सामा यत जीवन-भर कायम रहत हैं। इस सम्ब ध को जापानी भाषा मे गक्कोवत्सु' कहा जाता है जिसम माटे तौर पर, अपनी शिक्षण सस्था के प्रति छात्र छात्राओ की सदा सवदा बनी रहने वाली स्नेह व सम्मान भावना भी निहित होती है। मुझे अभी भी अपन छात्र काल के क्योतो विश्वविद्यालय के इजीनियरी सकाय के छत्तीस सहपाठिया म स प्रत्यक की पक्की याद है। दुर्भाग्य की बात है कि उनमे से कुछ अब नही रहे, कि तु हम म से जो भी बचे है, परस्पर सम्पक रखे हुए है।

विश्वविद्यालय का माहौल शा तिमय और गम्भीर अध्ययन के सवथा अनुकल था। लेकिन इसका अथ यह नही था कि छात्रगण और कुछ नही करत थे। वस्तुत उनम काफी राजनीतिक जागरूकता थी, हालाकि वे निकट के मित्रो के बीच अति करीबी वातावरण मे ही अपना मत व्यक्त करत थ और अ य स्थिति म खुलकर कुछ कहन म हिचकिचात थ। इस सकोच का कारण था सना द्वारा नागरिक जीवन पर बढता नियत्रण जो नि स देह अत्यधिक सख्त होता जा रहा था।

इतना ही नही, लाग छात्र हो या अ य कोई, स्वभाव से ही चुप्पे और मितभायी थ (और काफी हद तक आज भी है) और उनका दिल खुलवाने म काफी समय लगाना पडता था। कि तु एक बार आपसी विश्वास स्थापित हो जान पर एक चिरस्थायी घनिष्ठता हो जाती थी। मुझे न केवल अपने साथी छात्रो बल्कि राजनीति क्षेत्र के बहुत स महत्वपूण व्यक्तियो क साथ स्थायी निजी सम्ब ध बनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनकी विशिष्ट निजी विचारधाराओ के बावजूद मैं प्रत्यक समूह क सदस्या मे मिलता-जुलता था। उनक साथ मेरे सम्ब धो को, 'अनुप्रस्थ' न कह कर 'अनुलम्ब माना जाना चाहिए क्याकि अनुप्रस्थ सम्ब धो मे, सदा इस बात का भय बना रहता है कि कोई अनजान ही किसी का दिल न दुखा दे या उसकी नाराजगी का पात्र बन जाए। जहाँ तक जापान की भीतरी राजनीति का प्रश्न था, मेरा उद्देश्य यही था कि पूणतया निष्पक्ष बना रहूँ लेकिन साथ ही मैं यथासम्भव सख्या म जापानिया को ब्रिटेन विरोधी और भारत-समथक बनाने का कोई भी अवसर नही खोना चाहता था जिस काय को मैं अपने पाठ्यक्रम के बाद मुख्य काम मानता था।

लेकिन मुझ सावधान भी रहना पडता था। उदाहरण के लिए जापान म 'उपनिवेशवाद' शब्द बहुत लोकप्रिय न था। विश्व की एक बडी शक्ति के रूप म उभरने के बाद, स्वय जापान ने भी विस्तारवादी आकांक्षाओं को पोषित करना आरम्भ कर दिया था। कोरिया तथा प्रशात सागर क्षेत्र क कुछ द्वीपा पर विशप

कर फारमोसा पर तो कब्जा किया भी जा चुका था। इन तथ्यो से जनित, परिभाषा सम्बन्धी कठिनाइयो से बचने के लिए मैं ब्रिटेन द्वारा उपनिवेशवादी कारवाइयो की चर्चा के बदले ब्रिटेन द्वारा भारत और भारतवासियो के शोषण की बात करता। यह अन्तर जो काफी सूक्ष्म था और वास्तव म काई अन्तर था भी नही, न जाने क्यो सुनने वाला पर अपक्षतया अधिक अनुकूल प्रभाव डालता था।

जापान की सास्कृतिक राजधानी हाने के साथ साथ क्योतो सामाजिक राजनीतिक विचारधारा के विभिन्न महत्वपूण रूपो के जन्म व विकास का केन्द्र रहा है। दक्षिणपथी अभियान और इसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से काफी प्रमुख था। लकिन अल्पसख्यक वामपथी दल भी थे, जिनम सिद्धान्तवादी' श्रेणी के कम्युनिस्ट भी थे। उदाहरण के लिए, मरे प्रवेश से कुछ ही पूव क्योतो विश्वविद्यालय म अथशास्त्र क प्रसिद्ध प्राध्यापक हाजिमे कवाकामी मार्क्सवाद के समथक थ। और दिवगत राजकुमार फूमिनारू काणोय जो भूततूव प्रधान मन्त्री भी थे (और जिन्हान जापान द्वारा बिना शत हथियार डाले जाने की, सम्राट की घोषणा सुनने पर आत्महत्या कर ली थी) प्रोफेसर कावाकाए की छाया म अध्ययन करने के लिए क्योतो विश्वविद्यालय म प्रविष्ट हुए थे जो अपन प्रोफेसर की विचारधारा स प्रभावित थे।

विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफसरों को ऊँची प्रतिष्ठा प्राप्त थी और वे सेना के प्रभाव से भी मुक्त थे। सेना का दवाव निचले तबका के लोगो पर ही विशेष पडता था। य प्रोफसर लगभग सभी 'सिद्धान्तवादी' थे तथा उनके बहुत से छात्रो म उग्रवादी विचारा का भी प्रावल्य था। उनम स बहुता ने चुपचाप मिलकर, सन 1922 म जापान कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना कर ली थी जो केन्द्र सरकार के लिए भय और आशका का कारण बनी। सरकार की परेशानी सन् 1928 के आम चुनावो के वाद तो लगभग आतक और सन्त्रास का रूप ले चुकी थी। इन चुनावा म मतदान का अधिकार उस समय तक प्रचलित मताधिकार व्यवस्था से कही अधिक व्यापक रूप ल चुका था। इसके परिणामस्वरूप लोगो के बीच राजनीतिक मत भिन्नता उभर कर सामन आ गयी। वामपथी दल भी बराबरी के आसपास आ रहा था। सत्तारूढ सयुकाय पार्टी को प्रतिपक्षी मिनसेइतो पार्टी की तुलना म कुछ ही अधिक वोट मिले थ। इतना स्पष्ट हो गया था कि पार्टिया के आपसी सम्बन्ध म ध्रुवीकरण स्थापित हो चला है तथा दक्षिणपथी विरोधी पार्टियो का प्राप्त सीटो की सख्या कम थी किन्तु साथ ही यह बात भी कम रोचक नही थी कि लगभग पाँच लाख वोट वामपथी उम्मीदवारा के पक्ष म गये थे।

चुनाव के कुछक सप्ताह बाद ही सयुकाइ पार्टी के नता प्रधान मन्त्री गिचि तनाका न लगभग सभी प्रमुख कम्युनिस्ट नताओ की गिरफ्तारी का आदेश दिया

जिनकी सख्या करीब एक हज़ार थी। जिन नताओ को गिरफ्तार किया गया उनम सवश्री क्यूची तोकुदा और सानज़ो नोसाका जसे व्यक्ति भी थे जिन्होने जापान कम्युनिस्ट पार्टी के इतिहास म द्वितीय विश्व युद्ध के बाद महत्वपूण भूमिका निभायी थी। मैं इस घटना की चर्चा इसलिए नही कर रहा हूँ कि उस समय इस घटना का अपन आप म कोई तात्विक मह व था बल्कि इसलिए कि इसस रूस व जापान के बीच सदा से चल आए अविश्वास की याद हो आती है। सन् 1917 की क्राति के बाद रूस न साम्यवाद को अपना लिया था। उसकी नयी विचारधारा का विस्तार अनक दशो के लिए खतरे का विषय था और इन देशो मे जापान भी शामिल था।

यह बात भी काफी रोचक है कि प्रधानमत्री गिच्चि तनाका, जिन्होन चुनाव क बाद कम्युनिस्ट नेताओ को हिरासत म लिए जाने का निणय किया था, स्वय एक अवकाश प्राप्त सनिक जनरल थे। उन्होन साइबीरिया युद्ध का सचालन किया था जिसम रूस की पराजय हुई थी। वे तोक्कुमुकिक्कान के भी सस्थापक थे जो सना की वह शाखा है जो गुप्तचरी की गतिविधियाँ करती है। उन परिस्थितियो म यह बात आश्चयजनक न थी कि सरकार वामपथी विचारधारा के आविर्भाव की किसी भी सभावना को अकुर म ही दबा दना चाहती थी। आज भी सामा य सम्ब धो की स्थिति के बावजूद दुर्भाग्य की बात है कि रूस तथा जापान, राज-नीतिक तथा अ य अनेक विषयो पर सहमत नही है।

सनिक प्रशिक्षण समस्त जापानी छात्रो की शिक्षा का एक अभिन्न अग हुआ करता था कि तु एक विदेशी छात्र होने के नाते मुझ पर ऐसी कोई बदिश नही थी। मैने कभी भी कवायद या तत्सब धी किसी भी गतिविधि म भाग नही लिया। प्रत्यक शक्षिक सस्था म सनिक प्रशिक्षण विभाग हुआ करता था और उसका अध्यक्ष आम तौर पर कनल के दर्जे का सैनिक अधिकारी हुआ करता था। क्योता विश्वविद्याल्य के सनिक प्रशिक्षण विभाग के अध्यक्ष थे कर्नल तरादा। वस य सनिक अधिकारी शैक्षिक सस्था के अध्यक्ष के प्रशासनिक नियत्रण के अतगत माने जात थे, किंतु वास्तव म उनका व्यवहार एसा होता था कि वे केवल सनिक उच्च कमान के प्रति ही जिम्मेवार हैं। उनम स कुछ बिना वजह अपना रौब भी दिखाते थ और ख्रामखाह् अपने पद व शक्ति की शेखी झाडते थे। मरे अनक सहपाठी कनल तरादा के सबध मे भी एसी ही धारणा रखत थ। लेकिन कम-स-कम मैंने सनिक प्रशिक्षण म शामिल न होने के नात ही सही, सदा उ ह बडा हँसमुख और मित्र जसा पाया। हम लोग आपस म प्राय बडा खाभकर वाद विवाद किया करत थे, इस प्रकार के वार्तालाप म मरा मुख्य विषय हुआ करता था भारत की पीडा-यातना जो एक विदशी सत्ता के अधीन हान के कारण उसको भुगतनी पड रही थी।

के लिए रासविहारी द्वारा किये जानेवाले काय म उनका अनुसरण करने की मेरी इच्छा धीरे धीरे बलवती होती गयी।

विश्वविद्यालय मे मेरे द्वितीय वष से लेकर मेरे अध्ययन काल की समाप्ति तक मैं ऐसी किसी भी सभा मे अनुपस्थित न रहा जहाँ एशियाई या भारतीय मामलो पर विचार विमश हुआ हो। इन अवसरो पर कालिज के सहपाठियो के अलावा अध्यापको के साथ भी मत्री बढान की सुविधा मिलती थी। इतना ही नहीं बल्कि इसकी वजह स मुझे अनेक ऐस जापानी सगठना के सपक म आने का अवसर भी सुलभ हुआ जो स्वय अपनी राष्ट्रवादी नीति को आगे बढान मे सलग्न थे। जिस किसी व्यक्ति न कभी स्वतत्रता अभियान म भाग लिया हो वह जानता है कि देश भक्ति का जन्म चाहे कही भी हुआ हो उसके प्रभाव की लगातार वद्धि होती जाती है। इन घटनाओ मे वातावरण का प्रभाव अनिवायत सशक्त होता है। जितना अधिक मुझे जापानियो की राष्ट्रवादी भावना का परिचय मिला, भारत को स्वतत्रता दिलाने के अपने लक्ष्य को आग बढान म मुझे उतनी ही अधिक प्रेरणा मिली। अनक भारतीय देशप्रेमी थ जो विदेश म रहत हुए भी अपने देश को मुक्ति दिलाने की दिशा म कायरत थे। मने जापानी हल्को म अपने प्रचार काय को इसी लक्ष्य की दिशा म अपना योगदान माना।

योवा (सन 1931) काल के छठे वष स जब मै विश्वविद्यालय म ततीय वष का छात्र था, एशियाई मामलो के अध्ययन म सलग्न विभिन्न सस्थाओ की सभाओ म भाषण करने के मुझे अधिकाधिक निमत्रण प्राप्त होन लगे। इन अवसरो का लाभ उठान के लिए मैं अपन देश तथा विदेशो म होनवाली घटनाओ की जानकारी पाने का यथासभव प्रयास करता रहा और रासविहारी बोस स भी मिलता रहा जिनके माध्यम स मुझे अमूल्य सूचना सामग्री और मागदशन प्राप्त होता रहा। विश्वविद्यालय के भीतर वहा के अनुशासन को भग न किया जाय इस उद्देश्य से मुझे अपना ब्रिटेन विरोधी प्रचार काफी दब-छिपकर करना होता था। कितु जब कभी मुझे बाहर कोई अवसर मिलता मैं अपना अभियान अपेक्षतया अधिक जोर से चलाता था। इन अवसरो स सम्बद्ध स्थान थे सनिक सस्थाएँ।

मेरे कालिज जीवन के दौरान जापान म विश्वविद्यालय म या अन्य कही भी जाति सबधी या अन्य किसी प्रकार का भेद भाव न था। फिर भी कोरियाइयो के बीच चाहे वे छात्र तबके म हो या अन्य कही के एक प्रकार की मनोवज्ञानिक अवरुद्धता स्पष्ट लक्षित होती थी। यह स्थिति कोरिया के जापान के अधीन होने का ही परिणाम थी और मानव प्रकृति के अनुरूप ही दोनो ही पक्षो द्वारा ऐसी भावना-ग्रंथि का परिचय दिया जाता था जो ऐसी परिस्थितियो म स्वाभाविक होती हैं। कोरियाई छात्र समुदाय मे मेरे अनेक घनिष्ठ मित्र थे जिनमे से कुछ अति मेधावी

थे। उनम एक प्रकार की बेचैनी व्याप्त रहती थी और उनमे से कुछ मुझे जापान और कोरिया के सबधो के विषय मे कुछ भी बोलन से सावधान किया करत थे। उनकी चिता समझ पाना मुश्किल नही था। मैं पहले ही ऐसी नीति अपनान की चर्चा कर चुका हूँ कि जापानी श्रोताओ के सम्मुख' 'उपनिवेशवाद' शब्द का उपयोग कतई नही किया जाना चाहिए। सावधानी' सदा ही दिलेरी' स बाजी ले जाती है।

मरे विश्वविद्यालय काल की ही एक अय स्मृति एक जापानी व्यापारी कम्पनी से सम्बद्ध है जिसके साथ मेरा एक असाधारण परिस्थिति म सम्पक हुआ था।

एक निर्धारित प्रबध व्यवस्था के अनुसार क्योतो म अपने खच के लिए मैं प्रति मास अपन घर स बीस डालर की रकम मँगवा सकता था। यह राशि सत्तर यन प्रतिमास के बराबर हुआ करती थी जो मेरे लिए जरूरत से ज्यादा थी। कुछ कारणो स प्रेषित रकम मुझ तक पहुँचन मे कई बार विलम्ब हो जाता और उसके पहुँचने तक मेरे मित्र मेरी सहायता किया करत थ। उस समय छात्रो का ऐसी कोई सुविधा प्राप्त न थी कि वे अपने वित्तीय साधना को कुछ अल्प कालिक काय करके थोडा समद्ध बना सके। इसलिए मुझे यह बात सूझी कि किसी प्रकार का व्यापार करके आकस्मिक स्थिति के लिए कुछ धन जमा करके रखा जाय। मेर भाई नारायण नायर तिरुवनन्तपुरम मे मत्स्य विभाग के निदेशक थे और उनकी यह निश्चित धारणा थी कि भारतीय त्रिपग यानी भारत के समुद्री घोघे बहुत बढिया स्तर के होते है। इसलिए उनका विचार था कि जापानी मडी मे उनका प्रवेश कराया जाना चाहिए। उहोने मुझे नमूने के तौर पर कुछ माल भेजा और मैंने उनकी बिक्री करान की सानद स्वीकृति भी दी। कोबे की प्रथम श्रेणी की एक कपनी को मैंने वह नमूना दिखाया और उस वह किस्म बहुत पसद आयी और कपनी ने उचित दाम पर काफी बडी मात्रा मे समुद्री घोघे की माँग की।

माग के अनुसार मैंने तिरुविताकूर स कई टन घाघा आयात किया। किन्तु वह कपनी पूव निर्धारित दाम देने स मुकर गयी और निर्धारित मूल्य का काई दसवाँ भाग ही देने को राजी हुई। मुझे विश्वस्त सूत्रो स ज्ञात हुआ कि कपनी ने ऐसा इसलिए किया कि उसके विचार म मैं केवल एक छात्र भर था और इसलिए व्यापारिक सौदो के सदभ मे अनुभवहीन इसलिए आसानी से मुझस फायदा उठाया जा सकता था। युवावस्था की झाक म मैंने इस घटना को अपनी राष्ट्रीय भावना तथा आत्मसम्मान के प्रति अपमान माना और क्रोधवश सारा माल समुद्र म फेंक दिया जिससे काफी हानि हुई। मैंने अपन भाई को इस बात की सूचना दी। उह इससे कोई प्रसन्नता तो शायद नही हुई होगी किन्तु मुझे

कोई खेद न था क्याकि मरी दलील यह थी कि चूकि मैंने कभी अपना वचन भग नही किया था, अत किसी को मेरे साथ ऐसा व्यवहार करने का कोई हक नही।

मेरे सभी मित्रो न जिह मैंने यह कहानी सुनाई, मरी कारवाई की प्रशसा की और एक मत से कहा कि अपने सिद्धान्त पर अडिग रहकर मैने ठीक ही किया भले ही ऐसा करन पर मुझे वित्तीय हानि उठानी पडी हो। इस घटना स मुझे मानव मनोविज्ञान को समझने का भी एक अवसर मिला। एस व्यक्ति समाज मे हमेशा रहत हैं जो नाजायज लाभ उठाना चाहते है किन्तु परिणाम की चिंता किये बिना ऐसे लोगो का सामना करने को तैयार रहना चाहिए। जिस कपनी ने मुझे धोखा दिया था उसन अत म मुझस क्षमायाचना की। किन्तु पानी सिर के ऊपर से गुजर चुका था।

मोटे तौर पर कहूँ तो क्यातो विश्वविद्यालय के जीवन की मेरी स्मृतियाँ आज भी ताजी है और बडी सुखद है। आज भी मुझे यही लगता है कि सौभाग्यवश ही इस महान सस्था का छात्र बनन का सुअवसर मुझे प्राप्त हुआ। आरभ म, मुझे महान डॉक्टर साकाकिवारा, भद्र तगुचि-दम्पति और अय अध्यापका की निजी देख-रेख का पात्र होने का सौभाग्य मिला। अपने छात्र काल के अतिम दिनों म मुझे सेना विभाग के सम्मानित कमाडर जनरल यामामोतो का घनिष्ठ मित्र बनने का सुअवसर मिला। उनके माध्यम से जापानी कमठ समाज के एक बडे भाग म मैं ब्रिटिश शासन के अधीन भारत की दुरावस्था के प्रति चेतना जगा सका और इसके परिणाम म भारत की स्वतत्रता प्राप्ति के सघष के लिए उनकी सहानुभूति प्राप्त कर सका। जनरल यामामातो के साथ अपनी मित्रता के कारण, जो मुझे लगभग अपने भाई का-सा स्नेह देते थे, मैं सेना की युवा श्रेणी से नतिक बल प्राप्त कर सका था। मुझे अत्यधिक प्रसन्नता तब हुई जब जनरल यामामातो ने बल देकर कहा, जैसा कि वे सदा कहते थ, कि जिन सभाओ मे उह बोलने के लिए आमत्रित किया जाता था उनमे मैं उनके साथ ही बैठू।

पोवा काल के सातवें वष मे (सन 1932 म) मैंने क्योतो विश्वविद्यालय से सिविल इजीनियरी म स्नातक की उपाधि प्राप्त की। चूकि अपने अध्ययन की पूणता के लिए व्यावहारिक अनुभव वाछनीय था इसलिए मैंने कुरिमोतो एण्ड कपनी नामक ओसाका की एक इजीनियरी कपनी मे काम करना आरभ किया। मैंने वहाँ लगभग एक वष तक काम किया और फिर अपने जीवन के एक अय प्रमुख मोड पर आ खडा हुआ।

12

एक और मोड

विश्वविद्यालय छोडने के बाद छात्र जीवन के बधनो म मेरा राजनीतिक जीवन अधिकाधिक मुक्त होता गया। मैं अपेक्षतया अधिक स्वतत्रतापूर्वक महत्वपूर्ण बातो पर अपना मत साहसपूर्वक प्रकट कर सकता था। व्यवसाय तथा जन क्षेत्रो म मेरे जापानी मित्रो की सख्या बहुत बडी हो गयी थी। ब्रिटेन विरोधी प्रोपेगडा और प्रचार-काय अब पहले से तेज हो गया था। मैं अपेक्षतया अधिक सख्या म लागो स मिलता, पहले की अपेक्षा अधिक सभाओ म भाषण करता और विभिन्न जापानी पत्रिकाओ म भारत सबधी लेख आदि लिखता। ऐसी पत्रिकाओ म से एक थी 'आयन' जो ओसाका म विदेशी भाषा विश्वविद्यालय के हिंदुस्तानी विभाग द्वारा प्रकाशित की जाती थी। भारत के स्वतत्रता अभियान के लिए जापानी मत परिवतन करन के प्रयासो मे मैंने यथासभव समूचे जापान की यात्रा की।

सन 1932 33 के दौरान आम सभाओ म दिय गये अपन भाषणो की याद मुझे बार-बार हो आती है। मेरी नौकरी एक जिम्मेवार इजीनियर की थी। लेकिन वह अभी इतनी नई थी कि मन माचा कि अभी कुछ समय तक तो मैं कम स-कम एक प्रशिक्षार्थी या ऐसा ही कुछ दिखाई दू। इसलिए आम सभाओ म भाषण क समय मै छात्र का-सी यूनीफाम पहन लेता था। मन की यह सहज भावना थी कि कपनी कमचारी जसा दिखने के बजाय मैं यदि एक छात्र दिखाई दू तो श्रोताओं की अधिक सहानुभूति जगा पाऊँगा। इसका परिणाम अच्छा ही होता था। श्रोतागण आमतौर पर एक छात्र क दुस्साहस पर अचरज व्यक्त करत थ। मैं भारत पर ब्रिटेन के अत्याचारो पर खुलकर वाक प्रहार किया करता था। उनम से कुछ विशिष्ट जापानी अदाज मे कहते ये 'ये है एक सच्चा पुरुष'। कहने की आवश्यकता नही कि मझ ऐसी बातें सुनकर बडी खुशी और कुछ हद तक गव भी होता था। किन्तु घमण्ड मुझे कभी नही हुआ।

मेरे विचार म मेरे विश्वविद्यालय काल म आत्मसयम और विनम्रता की

जापानी परपरा का मुझ पर इतना असर हो चुका था कि मैं स्वय को आत्मश्लाघा या डीग हाकने से बचाये रख सकता था। मेरे लिए अपना कर्तव्य निभाना महत्व की बात थी। किन्तु उसकी शेखी बघारना म बिलकुल अशोभनीय मानता था। अब भी सोचता हूँ कि मैंने सही रुख अपनाया था। मेरे और जापानी लोगो के बीच की उन दिनो की महत्वपूर्ण मैत्री चिरस्थायी हुई और समय की कसौटी पर आज भी खरी उतर रही है। उस समय के महान शितो पुजारियो म से एक सागिय' के साथ अपने निकट सपर्क की स्मृति आज भी मुझे विशेष आनन्द देती है। वे सम्राट द्वारा विशेष सम्मानित व्यक्ति थे। शितो धर्म का जोकि शाही परिवार का धर्म था, राजनीतिक जीवन पर सशक्त प्रभाव था। महामान्य सागिय और मुझे कई बार सभाओ म बोलने के लिए एक साथ बुलाया जाता था और हम दोनो नगनो शिमा के एक ही मच से, जहाँ वे निवास करते थे भाषण किया करते थे।

भारत म राष्ट्रीय मोर्चे की घटनाएँ जोर पकड रही थी। मैं पहले सन् 1928 म प्रस्तावित सविधान सबधी सुधारो के खिलाफ साइमन आयोग के बहिष्कार सम्बन्धी राष्ट्रवादियो के निर्णय की चर्चा कर चुका हूँ। यह आयोग बिना किसी उल्लेखनीय सफलता के प्रयास करता रहा। सन 1931 को काग्रेस ने ब्रिटेन द्वारा प्रदत्त नियत्रित प्रान्तीय तथा केन्द्रीय विधि-व्यवस्था के राष्ट्रव्यापी बायकाट की भी माँग प्रस्तुत की थी। साथ ही, नागरिक नियम-अवज्ञा का कार्यक्रम भी चलाया गया था जिसके तहत गाधीजी व अन्य नेताओ को बदी बनाया गया था। किन्तु वायसराय लार्ड इर्विन ने शीघ्र ही यह समझ लिया कि दमन से भारत म ब्रिटेन के लिए स्थिति बेहतर नही होगी। अत बदियो को शीघ्र ही रिहा कर दिया गया। लदन मे एक गोल मेज कान्फ्रेन्स म सवैधानिक सुधारो के प्रश्न पर गाधीजी और इर्विन के बीच एक समझौता हुआ। उस कान्फ्रेन्स का परिणाम आने तक काग्रेस ने ब्रिटेन द्वारा स्थापित कानूनो की अवज्ञा का कार्यक्रम स्थगित रखा।

किन्तु गोल मेज कान्फ्रेन्स सफल नही हुई। ब्रिटेन ने गाधीजी की पूर्ण स्वतत्रता की माँग ठुकरा दी। भारत की राष्ट्रीय भावना पुन प्रज्ज्वलित हो उठी और उसके उत्तर म ब्रिटिश अधिकारियो का दमन चक्र पुन चालू हुआ और काग्रेसी नेता एक बार फिर जेल म डाल दिए गये। लदन स्थित भारत लीग' ने एक प्रतिनिधिमण्डल भारत भेजा जिसमे बूट रस्सल शामिल थे जिन्होने स्थिति का जायजा लेने के बाद एक ज्वालामुखी के समान वक्तव्य दिया कि ' जर्मनी म नाजियो के कुकर्मों के प्रति सबकी दिलचस्पी दिखाई जा रही है किंतु इग्लैण्ड म बहुत कम लोग शायद यह जानते होंगे कि वैसे ही भयकर काले कारनामे भारत म ब्रिटिश सरकार और उसके भक्तो द्वारा किये जा रहे है"।

भारत की दुखमय स्थिति का प्रचार करने के लिए मेरे पास बहुत-सी सामग्री

थी और जापानी जनता की ओर स काफी सहानुभूतिपूर्ण प्रतिक्रिया आ रही थी। एक बार अपनी वार्ता के दौरान अपने श्रोताओ को मैंने अंग्रेजी पत्रिका के एक लेख का साराश सुनाया। उसमे कहा गया था कि ब्रिटिश की कृषि उत्पादन क्षमता केवल इतनी थी कि वहा के लोगो को एक वष मे केवल इक्तालीस दिन ही खिला सकती थी। वष के बाकी दिनो के लिए उन्ह अपन उपनिवशो से विशेषकर भारत से खाद्य का आयात करने पर बाध्य होना पडता था और य आयात उत्पादको को काफी नुकसान पहुँचाकर ही किया जाता था। उधर स्वय भारतीय गेहूँ या चावल के अभाव म भूखे मर रहे थे। अंग्रेज परिवार भारत स एँठी गयी आय के बल पर अपन बागो म गुलाब के फूल उगा रह थ। इतना ही नही, भारत म ब्रिटिश शासन बदूक का शासन था। शानो शौकत और एयाशी म डूबे कोई डेढ हजार अंग्रेज, सेना और पुलिस के माध्यम स दमन और आतक का चक्र चलाकर भूख से पीडित करोडो भारतीयो पर नियत्रण रखे हुए थ। य शासक पुलिस तथा सना को भी अपना गुलाम ही समझत थ।

इस बीच चीन व जापान के बीच के सबध तेजी से बिगड रहे थे। चीनियो और कोरियाइयो के बीच (जोकि जापानियो द्वारा सरक्षित लोग थ) भूमि को पट्टे पर दिए जाने को लेकर झगडे होने लग थे। चीन ने एक बार फिर जापान के विरोध मे बहिष्कार की नीति अपना ली थी और जुलाई, 1931 म चीन की गुप्त यात्रा करने वाल जापानी सना के एक कप्तान शिनतारो नकामुरा की कुछ चीनी सनिको द्वारा हत्या कर दिये जाने के बाद तो जापान के साथ चीन के सबध और बिगड गये। वष का अत होत होते 18 सितम्बर, 1931 को मुकदेन घटना के परिणाम म तो सकट की-सी स्थिति उत्पन्न हो चुकी थी। दक्षिण मचूरियाई रेलवे लाइन पर एक बम विस्फोट हुआ और जापानी सनिको ने (जिनके बारे मे कहा जा रहा था कि उन्होने स्वय ही यह विस्फोट करवाया था) इस बहाने से, कि यह घटना उनकी सुरक्षा व्यवस्था की जडें खोदने के लिए हुई थी, तत्काल चीनी सेना के विरुद्ध कारवाई आरभ कर दी। उसके बाद ही पट्टे पर लिये गये क्वानतुग क्षेत्र की जापानी सेना ने जापानी प्रधानमत्री वकातसुकी की तोक्यो स्थित मिनसेइतो सरकार से अनुमति प्राप्त किये बिना मचूरिया के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानो पर कब्जा कर लिया।

इस पुस्तक म उक्त उल्लेख का मेरा उद्देश्य यह हरगिज नही है कि मचूरिया म जापानी सेना की गतिविधियो की अच्छाई-बुराई की व्याख्या करूँ। फिर भी इतना तो स्पष्ट है कि मचूरिया के सन्दभ म जापान की युद्धकारिता की पृष्ठभूमि म सनिक शक्ति को प्रोत्साहित करने की नीति के समथको की प्रेरणा उक्त आक्रमण के लिए काफी हद तक जिम्मेदार थी। 1931 म स्थापित प्रसिद्ध 'चेरी सोसाइटी', जिसके सदस्य मुख्यत सनिक अधिकारी थे, राजनीतिक पार्टियो द्वारा

जाइवत्सु (बृहद उद्योग सगठन) और नागरिक नौकरशाही आदि पर लोगा की बदहाली की, जो सन 1929 की विश्वव्यापी मदी के कारण और भी खराब हा गयी थी जिम्मेदारी का आरोप लगाया जा रहा था। सन् 1926 की मदी और सन 1923 म घटित अभूतपूव भूकप से सारा देश लगभग अकाल क चगुल मे फँस गया था। यह दु स्थिति और बहुत बडी जनसख्या, इन दोना वातो ने मिलकर आम लोगो क बीच अत्यधिक उग्र असतोष को ज म दिया था और सै यवादी पक्ष अपना मतलब साधन के लिए इसका पूरा-पूरा लाभ उठा रहा था।

विदेशा के साथ सबधो के स दभ म सन् 1921-22 के वाशिंगटन सम्मेलन और सन 1930 के लन्दन नौसेना सम्मेलन की रूपरेखाओ को नापसद किया जा रहा था और उन दानो को जापान के प्रति पक्षपातपूण माना जा रहा था। अमरीका की आप्रवास नीति के प्रति भी सशक्त विरोध प्रकट किया जा रहा था जा जापान के स दभ म अति पक्षपातपूण थी। कुल मिलाकर, धीरे धीर जापानिया के बीच यह भावना बलवती होती जा रही थी कि वे हालाँकि प्रगति के सिलसिले मे पाश्चात्य देशो से किसी भी तरह पीछे न थे तो भी जाति-विषयक पूर्वाग्रह के कारण उनके साथ पक्षपातपूण व्यवहार किया जा रहा था। इसमे कोई स देह नही है कि *मचूरिया म जापानियो द्वारा की गई कारवाई पूवनियोजित थी और उस* कारवाई म जापान की विस्तारवादी नीति प्रतिबिंबित होती थी जो सन् 1920 के दशक के अ त म जापान ने स्पष्टतया अपनाली थी। लेकिन सेना के प्रचारतत्र न लोगो म य विश्वास भर दिया कि अतिरिक्त क्षेत्र पर कब्जा करने की आका क्षाओ की दिशा म जापान की पाश्चात्य देशो से तुलना की जाये तो जापान कोई गलत काम नही कर रहा था। जो मियाँ खुद फजीहत मे हो वह औरो को क्या नसीहत दे सकेंग ?

ओसाका स्थित कपनी मे लगभग एक वष तक काम करन के बाद मरी भारत लौटने की योजना थी किन्तु इस अवधि के समाप्त होते-न-होत मुझे केरल म अपने घर से और अन्य सूत्रा से सूचना मिली कि मेरी ब्रिटेन विरोधी प्रत्येक कारवाई की सूचना जापान स्थित ब्रिटिश गुप्तचर सस्था द्वारा तुरन्त पहुँचा दी *जाती है और भारत म कदम रखत ही मुझे गिरफ्तार कर लिये जाने का* पूरा खतरा है। मैंन पहले भी चर्चा की है कि मेरे और मरे परिवार के बीच का पत्राचार सेंसर किया जाता था। अपने एक पत्र म मेरे भाई नारायणन नायर न मुझे बताया था कि मेरे पत्र उन्हे डाकिये स नही पुलिस के सिपाहिया स प्राप्त होते हैं।

यह स्थिति कतई आरामदेह न थी। सौभाग्यवश, मेरे भाइया की सगत अधिकारियो के बीच इतनी निजी थी कि व अधिकारी अनौपचारिक रूप स समय रहते सूचना दे दिया करत थे कि तिरुवनन्तपुरम के दीवान का नई दिल्ली

के राजनीति विभाग स आदश मिला है और मुझे पगान व उद्देश्य स सुराग खोजन के लिए हमारे घर की तलाशी भी ली जानवाली है। एक बार तिरुवनन्तपुरम म तथा नय्याटिटकरा म भी मर समस्त परिजनो क घरो की तलाशी की तारीख निश्चित की गयी। पुलिस अधिकारियो म ही गुप्त रूप स पूव सूचना मिल जाने के कारण मरे भाइयो न चुपचाप पत्र, फ़ोटोचित्र या अय एसी सामग्री को छिपा दिया जिसस कि पुलिस को यह रिपोट दन म कोई परशानी न हो कि उस कुछ नही मिला। वास्तव म मरा एक फोटोचित्र एक कमर म था, जिसकी तलाशी ली गयी थी। उस एक आईन के पीछे रख दिया गया। पुलिस अधिकारी न आईन म तो झाँका किन्तु उसके पीछे न दखा। मर भाई प्रत्यक्षत उस भल पुलिस अधिकारी क साथ शरारत कर रह थ। मनोविज्ञान क विशषज्ञ की भाँति उन्होंने सही अनुमान लगाया था कि आईना दखनवाला व्यक्ति सामान्यत उस सामन ही से दखगा।

अपनी कहानी क इस चरण म मुझे खद क साथ कहना पड रहा है कि दिसम्बर, 1939 म जब मरी माता का देहान्त हुआ तब तत्कालीन दीवान सर सी० पी० रामस्वामी अय्यर न मेरे भाइयो कुमारन नायर और नारायणन नायर को य परामश दिया बताया जाता है कि उन्ह और मरे अय सभी सम्बधियो को मरे साथ नाता तोड लेना चाहिए। मेरे कुटुम्ब के विभाजन क पश्चात नेय्या टिटकरा म मेरे नाम पर मेरी कुछ अचल सम्पत्ति थी और जब मरी माता का देहान्त हुआ तो उनकी सम्पत्ति का कुछ अश भी मुझे प्राप्त हुआ। यदि मुझे मृत घोषित कर दिया जाता तो वह समस्त सम्पत्ति मरे परिवार के बच रह सदस्यो को मिल जाती। मेरे परिवार के कुछ सदस्यो ने जिनकी गवाही प्रत्यक्षत अधिकारी गणो को स्वीकाय थी लिखित रूप स यह घोषणा कर दी कि मेरी मृत्यु हो चुकी है और इसी घोषणा के अनुरूप भारत म अपने कुटुम्ब तथा माता से प्राप्त होन वाली मेरी समस्त सम्पत्ति मेरे सबधियो म बाँट दी गयी।

मुझे यह मानन म कठिनाई होती है कि सर सी० पी० रामस्वामी अय्यर जसे व्यक्ति न जिन्ह एक श्रेष्ठ प्रशासक होन की ख्याति प्राप्त है ऐसी सलाह दी होगी। यदि वास्तव म उन्होंने ऐसा कहा था तो मैं नही समझता इसका कारण क्या था। अगर मैं चाहता तो इस मामले की तह तक जा सकता था और अप राधियो के विरुद्ध दण्डात्मक कारवाई कर सकता था लेकिन आज तक मैंने इस दिशा मे कोई कदम नही उठाया है। हाँ ये जानकर सदमा जरूर पहुँचा था कि स्वय मरे परिवार म ऐस लोग भी थे जो ऐसी नीच हरकत कर सकत थे। मानव स्वभाव को समझ पाना कभी-कभी बडा कठिन हो जाता है।

सन् 1931 के अन्त तक लगभग समस्त मचूरिया जापान के नियत्रण म आ गया था। विश्व म आम तौर पर जापान के विरुद्ध प्रतिक्रिया जा रही

थी। भारत के राष्ट्रवादी नेता भी जापानी कारवाई की आलोचना कर रहे थे, जोकि स्वाभाविक ही था, क्योकि वे भारत म ब्रिटिश उपनिवेशवाद के विरुद्ध सघप कर रहे थ और अय किसी स्थान पर साम्राज्यवाद या विस्तारवाद के चिह्नो से घृणा करत थे। लेकिन क्वानतुग सेना किसी भी आलाचना के प्रति वेपरवाह थी। सेना ने निणय किया कि मचूरिया को चीन से अलग एक राज्य बनाया जाये।

चिग राजवश के हेनरी पू ई, जिह सन् 1912 म अपदस्थ कर दिया गया था, तियनसिन म रह रह थे। क्वानतुग सना के कमाण्डर जनरल पिगेरु होजो के आदेश पर कनल सपिरो इतागाकी वहा गय और पू ई को मचूरिया म चागचुन (जिस बाद म सिकिग यानी नई राजधानी) ले जान म सफल हुए। विजित क्षेत्र को 1 माच 1932 का मचुको नाम से एक नव राज्य घोषित कर दिया गया। पू ई को वहा का रीजेंट बना दिया गया। 1 माच 1934 को उह सम्राट की पदवी से सुशोभित किया गया और मचुको गणराज्य को एक राजतत्र म परिवर्तित कर दिया गया।

निश्चय ही इन घटनाओ न अमरीका व अय पश्चिमी देशा के नताओ के लिए परेशानी उत्पन्न की। किन्तु अमरीका ने अनजानी करने की नीति अपनाई और कोई कारवाई नही की। चीन म अति प्रचण्ड प्रदशन हुए और शघाई म रहने वाले जापानी समुदाय के लिए जिसकी सख्या कोई तीस हजार थी जान व माल का खतरा उत्पन्न हा गया। तत्कालीन मत्री मामोर शिगमित्सू के अनुरोध पर तोक्यो मे मौजूद युद्ध मत्री योपिनोरी पिराकावा न एडमिरल किच्चिसाबुरो नोमुरा के नेतत्व म सना की तीन टुकडिया और एक नौ सनिक वेडा शघाई भेजा। कई दिन घनघोर युद्ध के बाद जापानी सेना ने चीनी सना को शघाई के बाहर खदेड दिया।

जापानियो ने अपनी समझ म एक चीनी विमान मार गिराया किन्तु बाद म पता चला कि वह एक अमरीकी विमान था जिस पर चीनी झडा बना था और उसका चालक भी अमरीकी था। जब यह समाचार प्रकाशित हुआ तब मैं क्योतो विश्वविद्यालय क निकट तनाका नामक स्थान पर एक अमरीकी प्रसबिटीरियन धम प्रचारक श्री फ्रकलिन के घर म वठा था। श्री फ्रैंकलिन जोकि शातिवादी थे आश्चयचकित रह गय और उन्होने कहा कि ये पहला अवसर है जब कि एक एशियाई दश न विमान मार गिराया था। मैंने उत्तर दिया कि कदाचित यह भी प्रथम अवसर हो या जबकि एक अमरीकी एशियाइया की आँखा म धूल झाकत हुए मारा गया था और भविष्य म जब कभी भी ऐसी धोखाधडी की घटना होगी परिणाम यही होगा। श्री फ्रकलिन ने टिप्पणी की कि अमरीकी सरकार का इसम कोई हाथ न था और अमरीकी पाइलट मात्र एक स्वयसेवक था। मैंन यह कहकर

वार्तालाप समाप्त कर दिया कि युद्ध की स्थिति मे कितने ही बहाने ढूढे जा सकते हैं और कुछ भी हो सकता है।

इसी बीच 10 दिसम्बर 1931 को लीग ऑफ नशन्स न मचुको घटना की जाच के लिए एक आयोग की नियुक्ति की जिसके अध्यक्ष ग्रेट ब्रिटन के एल आफ लिटन थे और इटली, फ्रास, अमरीका और जमनी इन सभी देशा का एक एक प्रतिनिधि इस आयाग का सदस्य था। जापान सरकार ने इस आयोग की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबन्ध कर दिया ताकि वे अपनी जिम्मेवारी निभा सकें। लेकिन, जापान म बडी मात्रा म दक्षिण पथी तत्व विद्यमान जो लिटन आयोग की नियुक्ति की आलोचना कर रहा था। इन विरोधी तत्वा के प्रमुख नेताओ म थे—जिम्मू काय के सदस्य डॉ० पूम ओकवा जो एक प्रसिद्ध उग्र राष्ट्रवादी थे और कहा जाता था कि 15 मई को घटित दुघटना की योजना उन्हाने बनाई थी जिसम प्रधानमत्री त्सुयाशी इनुकाई की हत्या की गयी थी।

तत्कालीन जापानी राजनीति की एक उल्लेखनीय बात यह थी कि बहुत स उग्रवादी दक्षिण पथी राष्ट्रवादी व्यक्ति थे जो सम्राट क दैवत्व की विचारधारा को बनाए रखन और जापान की सनिक शक्ति को बरकरार रखन के लिए कृत सकल्प थे और जिन्ह खतरनाक माना जाता था। वे अति विद्वान थे और निजी न्यायनिष्ठा के स्वामी थे। जिम्मु-काई (तीव्र राष्ट्रवादी सघ) के सदस्य पूम आकवा को जिनसे मैं भली भाति परिचित था और व भी मुझे पसन्द करते थे तोक्यो विश्वविद्यालय से दो डाक्टर की उपाधियाँ प्राप्त थी, एक दशन शास्त्र मे (जिसमे भारतीय दशन भी शामिल था) और दूसरी राजनीति शास्त्र मे। वे भारत के मित्र थे तथा भारत के स्वतन्त्रता अभियान म रासबिहारी बोस के सहकर्मी थे और इसी सदभ म उनके साथ मेरा सम्पक घनिष्ठ हुआ।

मित्सुर तोयामा, जिन्होने सन 1891 म गेयोपा की स्थापना की थी, और रियाची उचिदा के साथ जिन्हाने 1901 म कोक्कुर्यूकाई (यानी काला अजगर सोसाइटी) की स्थापना की थी, मेरी आत्मीयता के भी ऐसे ही कारण थे। जापान म युयुत्स प्रवृत्ति के वे दोनो सर्वाधिक शक्तिशाली नेता थे। इनके अलावा अन्य बहुत से लोग भी थे जो इसी लक्ष्य के लिए गठित सस्थाओ का नेतृत्व कर रहे थे। ब्रिटन का विरोध उन सभी सस्थाओ के बीच सबध की सशक्त कडी थी और कदाचित मैं उस समान भावना का भारतीय स्वतन्त्रता अभियान के लिए लाभ उठा सकता था इसलिए मैं उन सब के साथ सम्पक रखता था।

मचुको घटना की जाच के लिए लिटन आयोग की नियुक्ति उन अवसरो म से एक थी जबकि दक्षिण पथी सस्थाओ के कणधार मित्सुरु तोयामा और पूमे आकावा आदि ने लीग आफ नेशन्स म पश्चिमी शक्तियो के विरुद्ध एक अभियान छेड दिया था। उन्हाने एशिया म जापान क मामलो मे हस्तक्षप का आरोप उन

पर लगाया जोकि अधिकाशत उपनिवेशवादी थ और जिन्हे जाँच आदि करने का कोई अधिकार न था। उनकी विचारधारा से कदाचित कम ही लोग सहमत रहे होगे।

पूम ओकावा द्वारा सचालित लिटन आयोग विरोधी अभियान 1931-32 तक क्योतो मे परिलक्षित पश्चिम विरोधी भावनाओ का सर्वाधिक उग्र प्रदशन था। मैंने इस आयोग के विरुद्ध प्रदशन मे भाग लिया और इन अभियानो को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत सी सभाओ मे भाषण भी दिये। मेरे भाषणा म बल इस बात पर नही दिया जाता था कि जापान द्वारा मचूरिया की हार का समथन ध्वनित हो बल्कि मेरा आक्रमण आयोग मे प्रतिनिधित्व करनेवाले दशो के चयन की निरथकता पर हुआ करता था जो एक ऐसी समस्या के निपटारे का प्रयास कर रहे थे जिसका समाधान खोजना स्वय एशियाई देशो पर ही छोड दिया जाना चाहिए था। मैं इस बात पर बल देता था कि आयोग के अध्यक्ष लाड लिटन एक ऐसे देश से थे जो भारत को गुलाम बनाए हुए था। ऐसा व्यक्ति मचूरिया की समस्या के समाधान की खोज के लिए अनुपयुक्त था। मेरा विषय दशन, 'एशियाइया के लिए एशिया' बहुत सफल रहा, न केवल दक्षिण-पथी सस्थाआ के बीच बल्कि जापानी जन-समुदाय क अन्य क्षेत्रो म भी। हाँ, यह सही है कि मुझे हर समय ये विचार घेरे रहता कि ब्रिटिश गुप्तचर विभाग मे मेरी स्थिति बहुत तीव्र गति से नाजुक होती जा रही थी।

रासबिहारी बोस के अतिरिक्त, कुछेक प्रमुख भारतीय क्रातिकारियो ने प्रथम विश्व युद्ध के बाद थोडी अवधि के लिए ही सही, जापान यात्रा की थी और भारतीय स्वतत्रता अभियान के लिए सराहनीय काम किया था। उनमे प्रमुख थे बरकतुल्लाह, लाजपतराय और राजा महेन्द्रप्रताप। मेरी बरकतुल्लाह तथा लाजपतराय स तो भेंट न हो सकी, लेकिन सन 1930 मे जब मैं क्योतो विश्व विद्यालय का छात्र रहा था, तब मैं राजा महेन्द्र प्रताप के सम्पक म आया।

महेन्द्र प्रताप को यह ख्याति प्राप्त थी कि वे ऐस प्रथम भारतीय थे जिन्होंने सन् 1915 म काबुल म स्वतत्र भारत की एक अस्थायी सरकार स्थापित करने का प्रयत्न किया था। वे शुरू शुरू के उन भारतीय देश प्रेमियो मे से थे जिन्होंने स्वदेश के बाहर रहते हुए भारत की स्वतत्रता के लिए सघष किया। प्रथम विश्व युद्ध के प्रारभिक काल मे वे यूरोप मे थे और बाद मे अफगानिस्तान चल गय जहाँ उन्हे सुरक्षा और अफगान नागरिकता भी प्रदान की गई थी। यह उनके लिए आस्था का ही विषय था कि जब कभी भी व जनता के बीच उपस्थित हुए तो वे बलपूवक कहा करते थे कि वे एक अफगान नागरिक थ। इसका उद्देश्य यही था कि ब्रिटिश सरकार की कुदृष्टि से उन्हे बचाये रखनेवाले दश के प्रति वे अपना आभार दर्शाते थे। क्योतो मे उनके साथ मेरी मुलाकात के आरभिक दिना म हमारे

बीच, मुख्यत भारतीय समस्याओ स सम्बद्ध अनक लबी बहस हुइ और इन बहसो का अन्य विषय था उनकी अपनी व्यापक यात्राएँ जिनके माध्यम स व बहुत स सूत्रो से लाभान्वित हुए थे और भारतीय स्वतत्रता अभियान के लिए समथन हासिल कर सके थे।

ली-कायन्तेन दक्षिण कोरिया के थे। वे जन्मजात राष्ट्रप्रेमी थे। जब सन् 1910 म जापान ने कोरिया पर अधिकार कर लिया तो वे बहुत क्रुद्ध हुए थे। जब सन् 1938 म मचुको मे हम इकट्ठे थे तब उनकी आयु लगभग 65 वप की थी यानी मेरी आयु से लगभग दुगुनी किन्तु उनकी आजस्विता म कोई कमी न थी। वे मेरे बराबर थे कदाचित मुझसे कुछ बढकर ही थ। उनका मस्तिष्क बहुत विलक्षण था और शरीर अति सबल। वे एक धनी परिवार से थे और दक्षिण कोरिया म सियोल म रहते हुए बाहरी तौर पर तो शानदार और वभवपूण जीवन का आभास देते थे किन्तु निजी रूप स बहुत सादा और मितव्ययी जीवन के हामी थे। जडी-बूटिया की औपधि म उनका अखड विश्वास था और स्वय उनका स्वास्थ्य उन औपधियो की प्रभावोत्पादकता का सर्वोत्तम प्रमाण था। ली धूम्रपान

नही करते थे और मद्यपान भी कभी-कभार ही करते थ और वह भी बहुत थाडी-सी मात्रा म। हम दोना की आयु मे अतर का हमारी हार्दिक मित्रता पर कोई प्रभाव नही पडा था जो हमारे अपन अपन दश के स्वतत्रता अभियाना की प्रेरणा की पहचान पर आधारित थी। प्रत्यक्ष कारणो स ही उनके काम काज का तरीका मेरे तरीके से कही अधिक खतरनाक था।

ली का जमाई किन भी मेरा अच्छा मित्र था। वे तोक्यो के हितोत्सुबाषी विश्वविद्यालय के स्नातक थ। व बडे मेधावी छात्र थ और अपने अथशास्त्र सकाय की सूची म प्रथम स्थान प्राप्त करक उन्होने सन 1935 या 1936 म स्नातक की उपाधि ली थी। तोक्यो हितोत्सुबाषी विश्वविद्यालय का अथशास्त्र सकाय बहुत ख्याति प्राप्त था। जापान के युद्धोत्तर प्रधान मन्त्रियो म स एक, श्री आहिरा आसाही समाचार-पत्र स सलग्न एक प्रसिद्ध पत्रकार श्री रियु शिन्तरो और अय अनेक प्रमुख अथशास्त्री वही के स्नातक थे। किन की आयु लगभग मेरे बराबर ही थी। ली के समान ही वे भी रग रग म दश प्रेम की भावना लिये हुए थे। ससुर और दामाद ने मिलकर स्वतत्रता क लिए एक सुदर कायकर्ता-दल बना रखा था।

यह सोचना गलत होगा कि जापानियो को ऐसी कोई भ्राति थी कि ली काय तन का खरीदा जा सकता है या उ ह एजेट बनन के लिए मनवाया जा सकता है। फिर भी उन्ह अनिवायत कोई जोखिम ता उठानी ही थी। मध्यवर्ती क्षेत्र सबधी कारवाई एक जाने पहचाने प्रसिद्ध कोरियाई राष्ट्र प्रेमी की सहायता के बिना सभव न थी। जापानियो ने यह आशा की थी कि रूस म एक स्वायत्त कोरियाई क्षेत्र की सभावना और कोरिया पर उनकी पकड मे ढील देने की उनकी इच्छा की अभिव्यक्ति मे कदाचित ली के लिए वह आकषण पदा किया जा सकता था जिसके बल पर वे उस परियोजना का सँभाल लते।

हान वाकाबयाषी जो काला अजगर सोसाइटी से सलग्न थे, इस काय के बिचौलिया बने तथा जापान सरकार ने क्वानतुग माध्यम स ली तक अपना विचार पहुँचाया। ली न अपनी शर्तों के अनुसार उस योजना को काय रूप देने की हामी भरी।

उक्त योजना के अनुसार उन्हे रूसी क्षत्र के भीतर के अलावा कोरिया मचुको शघाई और चीन के अन्य भागो मे भी क्रातिकारी कोरिया मे एक गुप्त आदोलन का नेतृत्व करना था। योजना यह थी कि इस सस्था द्वारा शिकिंग मे एक स्कूल खोला जायेगा जहाँ क्वानतुग सना क जापानी अफसरा के साथ मिलकर वह अपनी पसद के चुन हुए कोरियाइ लागा को कोरियाकू यानी षडयत्र आदि की तकनीक सिखा सगे। वहाँ के पाठयक्रम के दो भाग हागे। एक म तो आध्यात्मिक और राजनीतिक शिक्षा दी जायगी जिसका सचालक स्वय ली करनेवाल थ। दूसरे भाग म रण-क्षत्र

या मदानो म गुप्तचरी के कार्यों के सिद्धान्त और प्रयोग की शिक्षा दी जायगी जो जिम्मेवारी जापानी प्रशिक्षका की थी। ली की चतुराई का कमाल यह था कि इस सब कायकलाप का नियत्रण पूणतया उन्ही के हाथो मे रहनेवाला था। 'सबसे पहली बात तो यह कि छात्रो का चयन भी उन्ही के द्वारा किया जायगा। व इस बात का आश्वासन प्राप्त करनेवाले थे कि उनमे से प्रत्येक कोरिया की स्वतन्त्रता के सकल्प से ओतप्रोत होगा जबकि प्रत्यक्ष रूप से वह रूस मे कोरियाई निष्कासितो की बस्तियो मे घुसपैठ का प्रशिक्षण प्राप्त करता रहेगा।

इस योजना का समस्त खच जापान की सरकार द्वारा वहन किया जायगा। जब भी उसकी माग प्रस्तुत की जायगी तो कोष ली और वाकाबयाषि को सयुक्त रूप से प्रदान किया जायगा। वकावयाषि को प्रदत्त राशि मे से क्यानतुग सना के अफसरो की खातिर की जानी थी जसा कि उन दिना आम प्रथा थी। बाकी राशि का ली द्वारा, जसा वे उचित समझत, उपयोग किया जाना था। वाकाबयाषि को हर बार 'सम्पक सूत्रधार' होन की हैसियत से एक मोटी रकम अलग से दलाली के एवज मे दी जानी थी।

ली ने मुझे एक प्रशिक्षक की भाति काय करन के लिए आमन्त्रित किया। उनके साथ अपनी मित्रता को देखते हुए मै उन्ह इनकार न कर सका हालाकि मैंने ईमानदारी स उन्ह यह स्पष्ट बता दिया कि मै जापानियो या कोरियाइयो का पक्ष लिये बिना षड्यत्र आदि की मोटी मोटी जानकारी की ही शिक्षा दूगा। दूसरे शब्दो मे मै बोरियाकू के सिद्धान्तो क बिषय मे एक अप्रतिबद्ध परामशदाता भर ही होऊँगा और परियोजना के प्रायोगिक रूप से मेरा कोई सवध न होगा। मेरे मित्र को यह बात स्वीकाय थी। मुझ जैसे एक बाहरी व्यक्ति से सहायता की प्राप्ति नीति से सवद्ध थी, इसलिए ताक्यो के अधिकारीगणा की स्वीकृति लेना आवश्यक था। यह स्वीकृति प्राप्त करने मे ली को कोई कठिनाई नही हुई। मुझे उनकी सहायता करने म बहुत खुशी हुई क्योकि मैं यथा सुलभ किसी नये प्रयास के बल पर कोरिया द्वारा स्वतन्त्रता प्राप्त किए जाने के पक्ष मे था।

जापानी विशेषज्ञो के एक समूह के साथ जो प्रशिक्षका के रूप मे नियुक्त किय गये थे, ली-काय-तेन ने अपनी पसन्द के चुने गये तीस कोरियाइयो को लेकर शिकिंग म एक षडयत्र स्कूल की स्थापना की और उनके लिए तीन मास की अवधि का एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आरभ किया। उस अवधि की समाप्ति पर, उतनी ही सख्या का दूसरा समूह भरती किया गया और वैसे ही एक कायक्रम को सम्पन्न किया गया। मैं पाठ्यक्रम का सयोजक और अवैतनिक परामशदाता होने के साथ-साथ अतिथि प्रशिक्षक भी था और साथ ही मुझे मुख्य वाडन का दायित्व भी सौंपा गया था।

प्रशिक्षण सम्पन्न कर लेने और अपना काय आरभ करन की अवस्था को

पहुँचने पर ली-काय-तन न अपने शागिर्दों को मचुको, कोरिया और रूस क सीमा क्षेत्र स होत हुए साइबीरिया भेज दिया। कालान्तर म सन 1940 के दशक क आरभ मे जब समस्त क्षेत्र हिम से ढँका था और यात्रा स्थिति भयावह हो गयी थी, ता व स्वय भी सीमा पार कर साइबीरिया मे प्रविष्ट हा गय। मैंने सीमावर्ती काणचुन नामक नगर म उन्ह विदा दी। क्वानतुग सना और तोक्या स्थित जापानी सनिक हाई कमान को इस दल से अति महत्वपूण सूचना पान की प्रत्याशा थी किन्तु कोई सूचना प्राप्त नही हुई। उन गुप्तचरा और उनके नता के विषय म फिर कभी कोई सूचना न मिल सकी। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद मुझे पता चला कि जिन कारियाइयो को ली ने और मैंने सिकिंग म प्रशिक्षण दिया था व उत्तर कोरिया के राजनीति जगत् म बहुत सक्रिय थ। किन्तु मुझ खेद है कि मैं इस बारे म कोई विश्वसनीय जानकारी प्राप्त नही कर सका कि स्वय मरे मित्र ली पर क्या गुजरी।

18

मेरा विवाह

1938 की शरद म, जब मै सिंकिग मे कोरियाइ पडयन्त्र केन्द्र म कायरत था समय के लिए तोक्यो गया। यह यात्रा जापानी हाई कमान के निमन्त्रण पर यी थी जिसका उद्देश्य था—मचुको की स्थिति पर विचार विमश क लिए सभाओ म भाग लेना। सरकार तन्त्र से बाहर के अपन कुछ पुरान मित्रो क भेंट के लिए भी मैन इस अवसर का लाभ उठाया। इनम थ—श्री रिसुके फुवा तोक्यो मे एक व्यापारी थे और भारत से सम्बद्ध मामला म जिनकी चिर स्थाई थी।

फुवा श्री इमागोरो असामी के दामाद थे। श्री असामी सईतामा जिला के एक सम्मानित ग्राम मुखिया थे और उन्ह इस क्षेत्र के सर्वाधिक अभिजात परिवार सिरमौर हान की ख्याति प्राप्त थी। एक शाम अपन मित्र क घर पर भोजन के मेरी भेंट उनकी पत्नी की वहन कुमारी इकु असामी स हुई जो कुछ समय क वहाँ रहन आयी हुई थी। विनम्र और साधारण वातालाप के अलावा हम के बीच मुश्किल से ही कोई बात हुई होगी, फिर भी मैंन स्वय को उनके प्रति प आकृष्ट पाया।

जब मैं तोक्यो म था ता मैंने अपनी भावनाओ को एकदम अपन तक ही सीमित था। प्रेमपाश म बाँधने की बुद्धिमत्ता के प्रति मेरे मन म वडा ऊहापोह था। एक ऐसी स्थिति थी जिसका मेरी तत्कालीन जीवन शैली के साथ कदाचित मल बठ सकता था। मैं एक रोणिन की तरह एक स्थान स दूसर स्थान तक घूमता ता था जिसका न कोई निश्चित कायस्थल था न कोई घर-बार। राज-क सन्दभ म मुझे इतना कुछ करना था कि मैं इस बार म कुछ अनिश्चित था कभी भी एक विवाहित स्थिर जीवन बिता पाऊँगा। इसलिए मैंन विवाह सब भावनाओ का अपन मन से दूर रखने की चेष्टा की। कि तु वे बार-मेरे मानस म उभरती रहा। सिंक्यांग म लौटन के कुछ ही समय बाद मैंन एक अभिन्न जापानी मित्र श्री कोरी के साथ कुमारी इकू असामी क विषय

म अपनी भावनाओ को प्रकट किया।

इस विषय पर मुझे सवप्रथम बोलत सुनकर श्री कोरी को बडी आनन्दमय उत्तेजना हुइ। उन्होने अपने ऊपर एक जिम्मेदारी-सी सँभाल ली। उनके विचार म यह उनकी' जिम्मेदारी थी कि यह समाचार फला दे कि ए० एम० नायर कुमारी इकू असामी के साथ विवाह के लिए राजी है। मेर विचार म उनकी ओर स यह एक बडा साहसपूण कदम था किन्तु उन्हे भला कौन रोक सकता था।

कोरी ने जापानी सनिक हाई कमान के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियो को, जिनम क्वानतुग सना के महत्त्वपूण अध्यक्ष (भूतपूव) और तत्कालीन युद्ध मत्री जनरल इतगाकी भी शामिल थे तार भेजे। जापान म जिन भारतीयो को उन्होने सर्वप्रथम सूचित किया उनमे रासबिहारी बोस भी थे। मचुको मे यह समाचार तीव्रता स फल गया और जनरल कुदो के माध्यम से सम्राट पू ई तक पहुँच गया। श्री ली-काय-तेन का यह समाचार सवप्रथम मिला। इस तार के लिए कोरी ने स्वय ही सन्देश की रचना कर ली थी जिसका अथ यह निकलता था कि कुमारी इकू के साथ मेरा विवाह पहले ही से निश्चित हो चुका था और अब केवल तिथि निश्चित करनी था। हालांकि मैं विवाह के विषय पर स्वय को बहुत निश्चित न पाता था तो भी मैंने कोरी द्वारा किय गये साहसिक उपक्रम का कोई विरोध नही किया। उल्ट, अन्तत मुझ यह जानकर काफ़ी सुकून सा मिला कि मेरा भी कोई था जो एक ऐसे मामले को सभालने के लिए तयार था जिसके बारे मे मुझे एहसास था कि मैं चाहता तो हू किन्तु आरभ म ऐसा स्वीकार करने को तयार न था।

कोरी ने बुद्धिमानी से काम लिया। अन्य लोगो की तुलना मे श्री इमागोरो असामी स बात करते हुए कुछ भिन्न रूप अपनाया। उन्होन इस बात का ध्यान रखा कि यह सन्देश उनके पास सीधे नही बल्कि कुमारी इकू के भाई के माध्यम से भेजा जाय। यह एक प्रकार से मेरी ओर से एक अनुरोध था कि मुझे उनकी पुत्री से विवाह की अनुमति मिल जाए।

घटनाचक्र तेजी से चला। श्री इमागोरो की अनेक पुत्रिया द्वारा एतराज उठाया गया। यह बात अनसुनी थी कि एक विदेशी को एक जापानी अभिजात परिवार, विशेषकर ग्राम मुखिया के परिवार म विवाह की अनुमति दी जाए। जहाँ तक भारतीया का प्रश्न था, रास बिहारी बोस का विवाह एकमात्र ऐसी घटना थी, जब एक प्रसिद्ध जापानी परिवार की कन्या का विवाह एक भारतीय स और वह भी और कोइ नही बल्कि मित्सुरु तायामा के अनुरोध से हुआ था। स्वय श्री इमागोरो ने खुले दिल स काम लिया। उन्होने मेरे बारे म सुन रखा था और उन्हे मुझे अपना दामाद बनाने म कोई आपत्ति न थी। व केवल इस विषय म सोचन का अवसर चाहत थ। इसी बीच बधाई सन्देश आने शुरू हो गये। स्थिति कुछ

ऐसी हो गयी कि श्री ली कायन्तेन के स्कल म मेरी व्यस्तता के बावजूद मैंने सोचा कि बजाय इसके कि अनावश्यक अटकलबाजी हो इस निजी मामले का निपटारा करने क लिए मुझे तोक्यो जाना ही चाहिए ।

विभिन्न पत्रा व स देशो के अलावा तोक्यो म मरे लिए जनरल इतगाकी का एक खत भी पडा था जिस पर लिफाफे म स्वय उनके हाथ की लिखाई थी। उस लिफाफे म हार्दिक शुभ कामनाआ को सु दर सदेश के साथ । विवाह के अवसर पर दिये जानेवाला नकद उपहार यानी तीन हज़ार येन की राशि भी थी। एक क्षण तो मुझे विश्वास ही न हुआ कि मैं ठीक स गिन रहा था क्याकि उन दिना तीन हज़ार यन एक बडी धनराशि समझी जाती थी। लेकिन वह बात ता छोडिये, श्री इतगाकी का शुभ कामना स देश एक ऐसा बेहतरीन प्रमाण था जिसकी कोई आशा भर ही कर सकता था। मैंने श्री इमागोरो के सबधिया द्वारा उठाई जान वाली आपत्ति के बारे म सुन रखा था इसलिए मैंन अपन एक मित्र क हाथ इतगाकी की शुभ कामना का लिफाफा श्री इमागोरी का भेजन का निणय किया ताकि उनके परिवार म मुझे अपनाने के सम्ब ध म वे कुछ निणय ले सके। जसा कि मुझे कुछ अदाज था, उसका प्रभाव बहुत जल्दी हुआ। दो बडी बहना के विरोध को छाडकर, अ य हर प्रकार का विरोध विलुप्त हो गया। उन दोनो ने मेर विवाह के तथ्य से तभी समझौता किया, जब जापान की पराजय हा चुकी थी, भारत आजाद हो चुका था और मैंने तोक्यो म अपना मकान बनवा लिया था।

श्री इमागोरो एक प्रश्न का समाधान चाहत थे। यदि वे मेरे साथ अपनी पुत्री का विवाह करते है ता उनकी पुत्री के कोसेकी यानी परिवार पजीकरण का क्या होगा ? उस समय, उनके बडे भाई के हाथ मैंने यह स देश भेजा कि दुर्भाग्यवश भारत अभी भी ब्रिटेन की औपनिवेशिक सत्ता के अधीन है, कि तु मुझे विश्वास है कि शीघ्र ही वह स्वतत्र हो जायेगा। उस स्थिति म यदि वे मुझ से विवाह करती हैं तो मैं चाहूँगा कि वे भारतीय नागरिकता अपना लें। उ हाने कुछ समय तक विचार किया और आखो के झिलमिल आँसुओ के साथ श्री इतगाकी के पत्र को परिवार के पूजा-स्थल पर रख दिया।

मैं जानता था कि इसका अथ था मेरे विवाह के प्रस्ताव क प्रति उनकी स्वीकृति। उ हाने अपने पुत्र के माध्यम से मुझे स देश भिजवाया कि मैने जो कुछ कहा था उसस वे पूणतया सहमत थे। अपनी पुत्री इकू के साथ विवाह के विषय पर उ हे बहुत प्रस नता है। उनकी राष्ट्रीयता बदलन के सिलसिले मे मैं भारत द्वारा स्वतत्रता प्राप्ति तक प्रतीक्षा कर सकता था क्योकि वे भी नही चाहते थे कि उनकी पुत्री ब्रिटेन की नागरिक बने। मैं इसस बहुत प्रभावित हुआ। मरे ससुर उन जापानी गणमा य व्यक्तियो की अग्रिम पक्ति म थ जि ह हार्दिक विश्वास था कि शीघ्र ही भारत स्वतत्र हो जाएगा। दुर्भाग्यवश यह शुभ अवसर

अपनी आखा से देखन से पूव ही वे स्वग सिधार गय । किन्तु मैं बहुत बार सोचता हूँ कि वे स्वग म इस घटना के प्रति आनन्द का अनुभव कर रह होग ।

स्वय अपने परिवार की परम्परा के अनुसार मैंने अपन सबस बडे भाई डॉ० कुमारन नायर को कुमारी इकू असामी के साथ अपन विवाह के प्रस्ताव की सूचना लिख भेजी । वधू के परिवार क सम्बन्ध म सब बाते ब्योरेवार लिखी और अपनी माता की अनुमति व आशीर्वाद की मांग की थी । मुझ यकीन न था कि मेरा पत्र उन तक पहुँचेगा भी या नही । वह पत्र पहुँचा जरूर, मगर डाकिय के बदल उस पत्र को एक पुलिसमन न मेरे घर पहुँचाया । उनका उत्तर अविलब ही आया कि मेरे परिवार को कोई आपत्ति न थी । अपना आशीर्वाद देत हुए, मेरी माता न यह आशा भी व्यक्त की थी कि मैं अपनी (और समय आन पर सतान की भी) ठीक से देखभाल करूँ—आर्थिक और सामाजिक दाना ही प्रकार स और यह भी कि मुझे एक अच्छा सहृदय पति और पिता बनना चाहिए । उनकी एक अभिलाषा और भी थी कि उनकी इहलीला समाप्त होन स पूव व कम स-कम एक बार मुझे और मेरी पत्नी व बच्चो का देखना चाहती है । मेरा जी भर आया । मैंने अपनी माता को लिखा कि उन्ह अपने सबस छाटे पुत्र के बार म चिंतित नही होना चाहिए और यह भी कि मैं एक भला आदमी बनूगा, चाह महान न भी बनू । मुझ विश्वास है कि मेरे आश्वासन स उन्हे तसल्ली मिली होगी ।

6 फरवरी, 1939 को तोक्यो म एक सादा समारोह म कुमारी इकू असामी से मेरा विवाह हुआ जिसम असामी परिवार के निकट के मित्रो और सबधिया ने, जिनमे श्रीमती इमागोरो भी शामिल थी भाग लिया और मेरे कुछ अतरग मित्र भी आये । कुल बीसेक व्यक्ति थे । मेरे ससुर न अपनी पत्नी के हाथा अपना आशीर्वाद हमारे लिए भेजा ।

7 फरवरी को मेरी पत्नी और मैं कोबे के लिए रवाना हो गये और अगले दिन पोत पर सवार हम दायरन की ओर बढे जहाँ हम 11 फरवरी को पहुँचे । अपन मित्रो द्वारा आयोजित भोज और उत्सवो क आनन्द मे कुछ दिन बिताने के बाद मै अपनी सामान्य राजनीतिक गतिविधियो म व्यस्त हो गया । उस समय मेरी काय सूची मे मुख्य काम था—श्री ली काय-तेन के स्कूल म उन दिनो प्रचलित पाठयक्रम को समाप्त कराना । मुझे लौट आया देखकर कोरियाई नता बहुत प्रसन्न हुए । यहाँ इस बात का उल्लेख करना जरूरी है कि अपने विवाह के लिए तोक्यो तक की यात्रा और फिर वापसी के लिए उन्हाने मेरी जो वित्तीय सहायता की थी उसके प्रति मेरा मन आभार भाव से विशेष अभिभूत हुआ । उन्होने मुझ काफी धन उपहार म दिया था । हालाकि मुझ अन्य अनेक शुभचितका स काफी अच्छे उपहार प्राप्त हुए थे और जनरल इतगाकी के उपहार की राशि भी बहुत अधिक थी तो भी मै श्री ली काय-तेन के उपहार का भी उपयोग तो कर ही सकता था

क्योंकि अति मितव्ययता से की गयी विवाह रस्म भी तो कम खर्चीली नहा होती है।

मेरे पास सदा ही बहुत स काम होते थे जिसम मचुको के भीतर ही बार-बार की याना भी शामिल थी। मेरी पत्नी और मैं सिंकिग मे एक अच्छे घर म रहते थे और आराम का जोवन विता रह थे। हमारा प्रथम पुत्र वासुदवन नायर 4 दिसम्बर, 1939 को सिंकिग म जन्मा। मेरे परिवार को देखने की मरी माता की इच्छा की बात एक दिन के लिए भी मैं नही भूलता था।' लेकिन दुर्भाग्यवश, उनकी और मरी भी यह आशा फलीभूत नही हुई। मरे पुत्र वासुल्वन के जन्म के पाच दिन बाद मेरी माता का निधन हा गया। हालांकि उस समय उनकी आयु 80 वप से ऊपर थी तो भी इस समाचार स मुझे बहुत दुख हुआ और अब भी जब कभी मैं उनकी याद करता हूँ तो मरा मन दुख से भर उठता है।

19

मचुको मे जासूसी

विवाह के बाद कदाचित अधिकाश लोग, विशपकर जो इसस पूर्व सावजनिक कार्यों म बहुत सक्रिय रहे होते हैं, पहल की तुलना म अधिक शात पारिवारिक जीवन बिताने की इच्छा करते हैं। मैं एक घुमक्कड जीवन का काफी आनन्द ले चुका था और अपने राजनीतिक जीवन के खतरो का भी सामना कर चुका था। अत मेरे बहुत से मित्रो की सलाह थी कि मुझे एक टिकाऊ, अच्छी तनख्वाह वाली गर राजनीतिक नौकरी कर लेनी चाहिए। मचुको म या जापान म कही भी ऐसी नौकरी के अवसरो की कमी न थी। केवल भारत ही एसा स्थान था जहा मुझ बेरोजगारी का मुह देखना पडता क्योकि ब्रिटिश अधिकारीगण मुझ जेल म ठूस दने के लिए आकुल थे।

किंतु मुझे अपनी काय शली मे परिवतन की कोई इच्छा नही हुई थी। निश्चय ही मेरे विवाह के कारण मेरी निजी जिम्मेवारी बहुत बढ गयी थी परन्तु यह कोई कारण न था कि मैं काया पलट कर लेता। जहाँ तक मेरी पत्नी का प्रश्न था, उनके जीवन की पृष्ठभूमि कुछ ऐसी थी कि वे सदा ही खतरे की छाया मे जीन वाले एक क्रातिकारी के जीवन के तनाव और परेशानियो के बजाय एक समद्ध जीवन शली की ओर आकृष्ट होती। किन्तु वे न केवल सतुष्ट थी बल्कि जो कोई भी काय-क्षेत्र मैं अपन लिए चुनता उसम शामिल होने और अन्त तक मेरी सहायता करन को उत्सुक थीं। वे मेरे जीवन-लक्ष्य के साथ पूणतया सहानुभूति रखती थी और मानती थी कि मुझे औपनिवेशिक सत्ता स मुक्ति के लिए भारत के स्वतत्रता सघष का अग बने रहना चाहिए। सौभाग्य से बहुत अच्छी जीवन सगनी मुझे मिली थी।

सन 1939 के आरभ म मचुको सरकार ने अनक नव प्रशासनिक कार वाइयो के सिलसिले मे मेरी सेवाओ की माग की जो उन्हे मजबूरन उस राज्य म करनी पड रही थी। चूकि मचुको म किये गए सुधार जापान अधिकृत चीनी क्षेत्रो म बढते तनाव को कम करने के लिए कारगर हो सकते थ इसलिए तोक्यो

सरकार म पूण समथन दिया। मैंन 'मजबूरन' इसलिए कहा क्योकि मचूरिया पर काफी आसानी से अधिकार करने और उसे एक स्वतत्र राज्य म परिणत कर लेन के बाद जापान को उस पर नियत्रण बनाय रखन के स दभ म समस्याओ का सामना करना पड रहा था। वहाँ प्रशासनिक सुधारो की अत्यधिक आवश्यकता थी।

इस दिशा म सवप्रथम आवश्यकता इस बात की थी कि बढिया प्रशासक दल की रचना की जाय। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए मचुको सरकार ने सन 1939 के आरभ म सिंकिग मे एक केनगोकू दैगक्को यानी 'राष्ट्रीय निर्माण विश्व-विद्यालय' की स्थापना का निणय लिया। इस विश्वविद्यालय मे पाचो जातियो से चुने गय उच्च योग्यता-प्राप्त उम्मीदवारा को चार वष के पाठ्यक्रम की शिक्षा दी जानी थी। विभि न सकायो के विशेपज्ञ प्रशिक्षक वहाँ नियुक्त किये जाने थे जिनम सनिक विज्ञान और तकनीक आदि के विद्वान भी शामिल थ। तोक्यो से जनरल इतगाकी और जनरल इषिहरा भी कनल सूजी, लेफ्टिने ट कनल कतओका और मेजर मिपिना के साथ इस नव सस्था के सगठक थे और उ होन राष्ट्रीय तथा अतर्राष्ट्रीय मनाविज्ञान के विभाग म अध्यापन काय के लिए मुझे आमत्रित किया। यह सस्था मचुको सरकार के शिक्षा मत्रालय के अधीन थी किन्तु तकनीकी सह-योग आदि क्वानतुग सेना स प्राप्त होता था। मैंने एक अतिथि प्रोफेसर की भाति काम करना स्वीकार कर लिया।

अध्यापन के तरीका के अ तगत मैने अपने छात्रो को अपने घर मे अधिकतर प्रति रविवार को आमत्रित करना आरभ कर दिया जिससे कि विभि न जातियो के छात्र एक-दूसरे को भली प्रकार जान-पहचान सकें। य दिन ऐसे थे जब साधारण-तया कोई भी खुले रूप से अपना मत व्यक्त नही करता था क्योकि उसको गुप्तचरी के जरिये शिकायत हो जान का भय बना रहता था। एक स्वतत्र चिंतक द्वारा उच्चरित एक भी आवाज के परिणाम मे सनिक-पुलिस के उस पर झपट पडन की आशका बनी रहती थी। छात्रगण उनसे बेहद भयभीत रहते थे। कि तु जहा तक मेरे घर मे उनकी सभाओ का प्रश्न था उ हे चिंता की कोई आवश्यकता न थी। क्वानतुग सना के अध्यक्ष ने यह आदेश दे रखा था कि मरा घर सेना पुलिस की हद से बाहर रह। इसलिए छात्रगण बिना किसी डर के अपन मन की बात खुलकर कह सकते थे। यह देखकर बडा अच्छा लगता था कि एक मुक्त वातावरण म वे कसे अपना-अपना मत प्रकट किया करते थे और सिद्धान्तो को लेकर प्राय गर्मागर्मी भी हो जाया करती थी।

कोरियाई छात्र आम तौर पर जापानी और चीनी छात्रा से असहमत रहा करते थे। किन्तु यह बात ध्यान देने योग्य थी कि स्वय जापानी छात्रो म भी कई ऐस थे जो काफी खुले दिमाग के थे और हालाँकि वे सभी आमतौर पर इस

विचार के समथक थे कि एक नव एशिया के निर्माण के लिए जापान का प्रमुख भूमिका निभानी है किंतु वे, कही भी औपनिवेशिक विस्तारवाद के विरुद्ध थ। मै छात्रो को सदा इस ओर आश्वस्त करान की चेष्टा करता था कि उन्ह अपना मत व्यक्त करने का अधिकार तो प्राप्त होना चाहिए मगर उनके विचार विमश म निजी तनाव नही आना चाहिए। उन्ह कभी भी झगडा नही करना चाहिए और न ही मुक्का मुक्की की नौवत आनी चाहिए। उत्तेजना का कसा भी अवसर क्या न आय किसी के प्रति कभी भी निजी शत्रुता की कोई भावना नही रखनी चाहिए। बहस आदि का आधार अच्छी जानकारी होना चाहिए और उन्ह वौद्धिक स्तर तक ही सीमित रखा जाना चाहिए। यदि कोई छात्र दूसरे किसी छात्र के साथ सहमत न हो तो उसे असहमति प्रकट करनी चाहिए। उन सबको मैंन यह सलाह दी कि उन्ह एक समान भावना को अपनाना चाहिए और वह थी एशिया म हर प्रकार क पश्चिमी उपनिवेशवाद का विरोध।

इन सभाओ पर जोकि वौद्धिक रूप स वडी प्रेरक होती थी, कुछ व्यय भी होता था। हमारे घर मे अपने छात्रो को उचित रूप स खिलाने पिलान योग्य सुविधाएँ न थी। इसलिए मेरी पत्नी को काफी खच करके निकट के रेस्तरा स उनके लिए बढिया भोजन का प्रबन्ध करना पडता था।

जबकि इधर मचुको प्रशासको के एक वेहतर दल की रचना के प्रयास किये जा रहे थे उधर क्वानतुग सना को कठिनाइ का सामना करना पड रहा था। सन 1939 के वष भर चीन म उस अधिकाधिक परेशानी उठानी पड रही थी। मचुको चीन सीमा पर स्थिति अति सकटपूण होती जा रही थी। जापानियो को ज्ञात हो चला था कि वे अपराजेय होन की अपनी ख्याति या प्रतिष्ठा को और अधिक न वनाये रख सकेंगे। कुछ सीमावर्ती मुठभेडो म, जिनम विरोधी दल म रूसी होते थे जापानी सेनाओ को बहुत मार खानी पडी थी। एक रिपोट के अनुसार सोवियत सघ ने पूर्वी साइवेरिया म कोई ढाई लाख सना केन्द्रित कर रखी थी जिससे कि बडी लडाई छिडने की स्थिति मे क्वानतुग सना का सामना किया जा सके।

सन 1939 की ग्रीष्म ऋतु म तथाकथित नोमोणहान घटना हुई जिसका जापानी प्रतिष्ठा पर जबरदस्त दुष्प्रभाव हुआ। क्वानतुग सेना के लिए यह बहुत शम की बात थी। नोमोणहान बाहरी मगोलिया तथा मचुको के बीच की सीमा पर चरागाही क्षेत्र म एक छोटा-सा ग्राम था। वहाँ की सीमावर्ती हल्की-सी झडप ने सोवियत सघ तथा जापान की सनाओ के बीच एक वडी लडाई का रूप ले लिया। भारी हमले और जवावी हमल हुए और बहुत वडी सख्या म दोना ओर के टको और विमानो न अपनी-अपनी थल सेनाओ की सहायता की। क्वानतुग सना को मुह की खानी पडी। इसम कोई नौ हजार सनिक मारे गये थे

और तकरीबन उतन ही घायल हुए थे। कहा जा रहा था कि स्थानीय जापानी कमाडर न गलती की थी। किन्तु क्वानतुग सेना के अध्यक्ष लेफ्टिनन्ट जनरल रेनसुके इसोगाइ न सारा दोष अपने सिर ले लिया। उन्ह वहा से बुला लिया गया। अगस्त 1939 म रूस तथा जमनी के बीच हुई आक्रमण विरोधी सधि के बाद मचुको-सोवियत सीमा पर शाति स्थापित हो गयी। किन्तु जापान वस्तुत सोवियत सघ को सदा एक खतरा समझता रहा।

सन 1940 की ग्रीष्म ऋतु म मैं पूववत सिंकिंग म अपनी सामान्य गति विधियो म सलग्न था यानी भारतीय स्वतन्त्रता अभियान का प्रचार करता था और केनगोकू दैगक्को मे पढाता था। नोमोणहान की दुघटना के पश्चात जनरल उवेदा के स्थान पर जनरल यापीजिरो उमेजू को क्वानतुग सेना का अध्यक्ष बनाया गया। जापान अधिकृत चीनी क्षेत्रो स प्राप्त हानवाली खबरें बहुत परेशान करनेवाली थी जिनस यह आभास मिलता था कि उन क्षेत्रो का प्रशासन बहुत कमजोर है। जनरल उमजू ने इन समस्याओ के कारण खोजने का निणय किया और इस बारे म विचार विमश के उद्देश्य से अपने सहायको के साथ कई बैठके की। इन बैठका मे किये गय निणयो के अनुसार मुझसे सगत चीनी के द्रो मे से कुछ म सही जानकारी प्राप्त करने के लिए जाने और इस यात्रा की रिपोट जनरल उमेजू को देने का अनुरोध किया गया।

मैंने यह काम करना स्वीकार कर लिया क्योकि इससे मुझे यह देखने-जानने का अवसर भी मिल रहा था कि जिन क्षेत्रो मे ब्रिटेन को कुछ इलाके किराये पर दिये गय थे वहाँ ब्रिटिश तथा अन्य पश्चिमी शक्तिया क्या कर रही है? मैने जनरल उमेजू को अपनी विशेष रुचि के बारे मे भी बता दिया जो उन सब के अलावा थी जो काम मुझे क्वानतुग सेना के लिए करना था। मैंने उन्हे सूचित किया कि स्वय अपनी जासूसी की गतिविधियो के लिए यानी शघाई तीनसीन और पीकिंग आदि स्थाना पर ब्रिटेन निश्चित रूप से उपस्थित है जो गुप्तचरी का काय कर रहा है उसकी जवाबी कारवाई के लिए मुझे कभी-कभी जापानविरोधी रुख भी दशाना पड सकता था। इसलिए समस्त जापानी अधिकारियो और गुप्तचरो को अग्रिम सूचना भेज दी जानी चाहिए जिससे कि व मुझे गलत न समझे बल्कि जरूरत पडने पर मुझे वाछित सरक्षण और सहायता सुलभ कराये। जनरल उमेजू इस बात पर राजी हो गये कि इस आशय के आदेश अविलब ही जारी कर दिये जाएँगे। लेकिन मैं निश्चय ही बोन्चो की सहिता के अनुसार आचरण करूँगा।

मैंने पीकिंग, नार्नकिंग और अन्य क्षेत्रो मे लगभग पाच मास बिताये। परेशानी का कारण करीब सभी स्थानो पर एक ही था। जापानी सनिक कमान और स्थानीय चीनियो व अन्य नागरिको के बीच किसी प्रकार की सौहादपूण भावना नही थी। चीनी लोग जापानियो के काम करने के ढँग को नही समझते थे और जापानी

पक्ष द्वारा उसे स्पष्ट करन का कोई प्रयास भी नही किया जाता था। उदाहरण के लिए यदि किसी चीनी को किसी सहायता के लिए जापानी सेना के अधिकारियो से मिलना होता था तो उसे यह मालूम नही होता था कि उस किस कार्यालय विशेष म जाना चाहिए। एक ही केन्द्र म, बहुत-सी सस्थाएँ एक साथ कायरत थी, एक तथाकथित आधिपत्य सम्बन्धी' मामलो को देखती थी, ता दूसरी सस्था जिला कार्यालय का काम करती थी और तीसरे विभाग मे जिला सरकारा के परा मशदाता कायरत थे। इसके अलावा 'सप्लाई और सेवा कार्यालय', सनिक पुल्सि प्रशासन विभाग आदि उपकार्यालय भी थे जिनमे से अधिकाश को स्थानीय लाग भूल भुलैया मानते थे।

मामला को मानो और भी जटिल करने के लिए शिनमिन-काइ (नूतन जन सघ) जसे नामावाली अस्पष्ट इकाइयाँ या अन्य 'काइ' (विभाग) भी थ। इस सब का कुल परिणाम था—बेहद बेतरतीब प्रशासन तत्र। अथव्यवस्था एकदम अव हलित थी और चूकि जापानी व्यापारी ठेकेदारो के कायकलाप पर कोई उचित नियत्रण न था इसलिए वे स्थानीय लागो स नाजायज लाभ भी उठाया करत थे।

सक्षेप मे कहूँ तो मुझे एसा प्रतीत होता था कि जापानी सना चीन के अधि कृत क्षेत्रो का प्रशासन उसी शली मे करने का प्रयास कर रही थी, जसाकि जापान के जिलो के लिए किया जाता था जिसे चीनी लोग बिलकुल नही समझ पाते थे। विभिन्न विभागा के बीच सामजस्य नही के बराबर था। स्थिति बहुत से रसोइयो द्वारा पकाये जाने वाले भोजन के समान थी।

अपनी गुप्तचरी के दौरान मुझे पता चला कि अमरीकी और ब्रिटिश अधिकारीगण चीनियो म जापानिया के विरुद्ध मन मुटाव बढ़ाने म बहुत सक्रिय थे। अमरीकी राजदूत का एक अहानिकर कि तु बहुत प्रभावकारी तरीका यह था कि वे चीनी युवजनो का मस्तिष्क प्रक्षालन' करने के लिए लगभग प्रत्येक शाम को दस या पन्द्रह चीनी युवक-युवतियो को अपने घर पर खाना खाने के लिए बुलाया करते उन्ह शराब पिलाया करते और फिर परोक्ष रूप स चीन मे जापानी विस्तारवाद की बुराइयो' के बारे म भाषण दिया करत थ। चीनी युवक शीघ्र ही अमरीका के समयक और जापान के विरोधी बन जाया करते थे। ब्रिटिश अधिकारीगणा का भी कुछ एसा ही तरीका था। शघाई और चीन के अन्य क्षेत्रो म अपन अतिरिक्त क्षेत्रीय अधिकारो के बल पर उनका वहाँ विद्यमान होना अभी भी प्रभावकारी था। ब्रिटेन के गुप्तचर विभाग की कारवाइयो का उत्तर दन के लिए जापानिया की कोई सही सशक्त सस्था नही थी।

एरिक तचमन (बाद म सर एरिक कहलाये थे) जो पीकिंग म ब्रिटेन के वाणिज्य प्रतिनिधि थे एक अति दक्ष गुप्तचर विशेपन थ। उनक इरादे चीनियो के बीच जापान विरोधी भावनाआ के प्रसार स कही बढ़ चढ़ कर थे। उन्हाने

चीन स तिब्बत होते हुए हिमालय के पार, भारत तक के माग का नक्शा तयार करन की योजना बनाई थी। एक बार तो वास्तव मे, वे आश्चयजनक काय क्षमता क साथ अनक मोटर गाडिया और अ य साधन सामग्रिया के साथ 'माग की खोज' के उद्देश्य से यात्रा पर निकल भी पडे थे। यह एक बहुत बडा और दुस्साहसपूण इरादा था। लेकिन आरम्भ मे वे इसे मूत रूप नही दे सके। मैंने अपने सीमित साधनो के बल पर उनकी खोज यात्रा मे यथासम्भव अडगा लगाने की कोशिश की। मैं बहुत कुछ तो न कर सका लेकिन कम से कम तीन स्थाना पर (यानी कोई 40 या 45 मील के फासले मे) मैं चीनी गुप्तचरो की सहायता स जि ह मैंने इस परियोजना को असफल बनाने के लिए भरती कर किया था, माग म पेट्रोल की उनकी समस्त सप्लाई को जला डालने म सफल हो सका।

ब्रिटिश वाणिज्य सवा म बडे-बडे दृढ निश्चयी अधिकारी थे जो सिकियाँग व अ य चीनी क्षेत्रा तथा दूर दूर के इलाका म सक्रिय रूप से कायरत थे। एक रिपोट क अनुसार तचमेन कम स कम उरूँची तक तो चला ही गया था, जो उस स्थान स कही दूर था, जहा तक मैं पहुँच पाया था। जैसाकि मै पहले ही कह चुका हूँ, मुझे हामी से पहले ही एक चीनी लुटेरे ने रोक लिया था। मैं नही जानता था कि तचमेन उरूँची से आग बढ पाया था या नही लेकिन मुझे बताया गया था कि ब्रिटिश वाणिज्य दूतावास के अधिकारिया ने चीन से होते हुए आशिक रपसे गोबी क रेगिस्तान के पार हामी, उरूँची, काशगर और गिलगित होते हुए कारकोरम पवत माला लाघकर भारत मे कश्मीर तक के भूमाग का नक्शा तयार कर लिया था। उ हाने इस माग म सभी महत्वपूण स्थलो पर स्थायी रूप से कार्यालय स्थापित करके अधिकारियो को भी नियुक्त कर दिया था। मुझे इस बात का बडा खद है कि ऐसी यात्रा की मेरी आकाक्षा फलीभूत नही हो सकी। आज भी कभी कभी मैं उस चीनी लुटेरे को कोसता हूँ।

सिकिंग लौटने पर मैंने जनरल उमेजू को तीन पष्ठो की एक रिपोट दी। व और उनके कार्यालय के कमचारी चीन मे उनकी कमान के कार्यालयो मे व्याप्त अयाग्यता के बार म जानकर आश्चयचकित हो गये। उनक प्रशासकगण चीनियो की मनोवनानिक स्थिति से पूणत अनभिज्ञ थे। उमेजू मेरी रिपोट की विस्तत जानकारी के लिए स्वय सेना क्लब मे मुझसे मिले। मैंने उ ह अपनी रिपाट के सम्ब ध म पूरी पूरी सफाई देकर सही सही जानकारी दी। मैंन उ ह बताया कि मेरी बाते, सेना व प्रशासन-तन्त्र को कितनी भी अप्रिय क्यो न लगी हा पर मैन तो अपनी ओर से पूणतया ईमानदारी से रिपोट पेश करना उचित समझा।

मेरी इस स्पष्टवादिता से ही मुझे नवानतुग सेना के कमाण्डर का विश्वास प्राप्त हो सका। जनरल इतगाकी (जो उस समय युद्ध मन्त्री थे) जनरल इपिहरा

(जो क्वानतुग सना के भूतपूव अध्यक्ष थे) और अय सनिक अधिकारिया के अति रिक्त चीनी कमान के जनरल उपिरोकू के साथ भी मेरे इसी प्रकार के वढिया सम्बध थे। सना मे मध्यम स्तर के अधिकारिया म से अपने एक सुहृद मित्र की चर्चा मे विशेष रूप से करना चाहता हूँ। वे थे लेफ्टिनेट कनल मेयदा, जो सना के सोपानक्रम म अवर स्थिति के बावजूद नौसैनिक मामलो के निदेशक के अति महत्वपूण पद पर आसीन थे।

मैंने जनरल उमजू को बताया कि जो कमिया मैन देखी थी, उनम से कुछ मूलभूत प्रकार की थी और राष्ट्रीय मनोविनान स सम्बद्ध थी। कुछ जापानी अधिकारीगण बिना सोचे समझे आख मूद कर काम करत है। लचीलापन अच्छे नताओ का गुण होता है। तोडे बिना, कुछ चीज़ो का मरोडना होगा। लेकिन उस क्षेत्र क नियत्रण काय मे सलग्न वहुत स जापानी पहले तो कुछ बिगाड खडा कर देते थे और बाद म उसे सुधारन के प्रयास करत थे।

क्वानतुग सेना न मेरे विचारो की कद्र की। ताक्यो स्थित हाई कमान न तो उसे और अधिक निष्कपट कहा और रिपोट की प्रतिया जानकारी दिलान के उद्देश्य से विदेशा म समस्त जापानी कूटनीतिक मिशना के सनिक अधिकारिया को भेज दी।

तोक्यो के मरे वहुत से मित्रो से उक्त जाच की सक्षिप्त रिपोट भेजने के लिए मुझे आभार प्रदशन के कई पत्र मिले। लेकिन परिस्थितिया कुछ ऐसा मोड ले रही थी कि जापान अधिकृत चीनी क्षेत्रा म प्रशासन सबधी सुधार का प्रयास सहज न था। कभी समाप्त न होन वाले चीनी युद्ध के कुप्रभाव ताक्यो स्थित युद्ध कायालय को भी तीव्रता मे महसूस हो रहे थ। ब्रिटेन तथा अमेरिका द्वारा च्याग-काइ शक को दी जान वाला अतिरिक्त सहायता के कारण जापान चीन की राज नीति के दलदल म अधिकाधिक धसता चला जा रहा था। जापान के प्रयास प्रशासनिक स्थायित्व के बजाय स्थिति को यथावत बनाये रखन पर ही केंद्रित थे। इतना ही नहीं, यूरोप म द्वितीय विश्व युद्ध छिड चुका था और जापान उस स्थिति का अपने पक्ष म सदुपयोग कर पाने के साधना की योजना मे लगा था।

सम्राट के अनुरोध पर जुलाइ 1940 म राजकुमार कोणोय ने युद्ध मत्रि-मडल' की स्थापना की। मत्सुओका को विदश मत्री बनाया गया और लेफ्टिनेट जनरल हिदेकी ताजो युद्ध मत्री बन। एडमिरल जनगो योपिदा को नौसना मत्री नियुक्त किया गया। यह स्पष्ट हो गया कि अमरीका को किसी भी प्रकार की रियायत नही दी जायगी और उसके किसी भी कदम को वर्दाश्त नही किया जायेगा। 26 सितम्बर को तोक्यो म मत्सुओका द्वारा जमनी के प्रतिनिधि हेनरिक स्टामर के साथ एक सनिक सधि की गई। निश्चित रूप स इसका उद्देश्य अमरीका के विरुद्ध कारवाई करना था।

13 अप्रैल, 1941 को स्टालिन के साथ एक पचवर्षीय तटस्थता सधि सम्पन्न कर मत्सुआका न कदाचित अपन कूटनीतिक काय-काल की सर्वाधिक मूल्यवान उपलब्धि प्राप्त कर ली।

अपनी चीन यात्रा के दौरान मेर लिए निजी लाभ ब्रिटन तथा अमरीका द्वारा की जा रही कुटिल पडयन्त्रकारी कारवाई की जानकारी प्राप्त करना था। लेकिन धन या मानव शक्ति के पूण अभाव मे किसी व्यवस्थित आधार पर गुप्तचरी की जवाबी कारवाई भला कोई कैस कर सकता था।

काफी अचरज की ही वात है कि मचुको म मरी अतिम प्रमुख गतिविधि सितम्बर, 1939 म यूरोप म आरम्भ हुए युद्ध की ही एक शाखा स सम्बद्ध थी।

मचुको म, श्वत रूसियो की काफी वडी सख्या थी जा सन 1917 की बालशेविक क्रान्ति के दौरान स्वदेश छोडकर भाग आय थे। इनकी सर्वाधिक वडी सख्या हारविन, हिलार, शिंकिंग और डायरन म थी। कुछ कम सख्या म वे शघाई, तीनसिन और चीन के अय क्षेत्रो मे भी रहत थे। यह समुदाय गोमिन-सागु क्योवा-काई यानी पाच जातियो की राज्य व्यवस्था का अग न था किन्तु जापानियो ने उह अपनी एक निजी सस्था बनान को प्रेरित किया था। उह राजी के लिए जापानी उद्योग कम्पनिया न, जो मचुको म सिंकिंग और दायरन आदि विभिन्न केद्रो को अति आधुनिक नगरो का रूप दिलान म कायरत थी, उह विशेष रियायते दनी चाही। किन्तु चीन म जापान के बुरी तरह उलझे होन क परिणाम स्वरूप विकास कार्यों म भारी व्यवधान आ गया जिसकी वजह स श्वत रूसियो के बीच वेरोजगारी की समस्या उठ खडी हुई।

21 अगस्त, 1939 का की गयी रूस जमनी अनाक्रमण सधि न विश्व का अचरज म डाल दिया था। हालांकि इसक कारण मचुको और सावियत सघ के बीच की सीमा पर कुछ शाति आ गयी थी, लेकिन ताक्यो स्थित बारान किचिरा हिरानुमा का मत्रिमडल स्तभित रह गया था। मत्रिमडल की दृष्टि म यह जमनी द्वारा उस एटी कोमिटेन सधि का उल्लघन था जा उसन नवम्बर, 1930 म जापान के साथ सम्पन्न की थी। सम्भव है, इसी वजह स जापान सावियत सघ को सदा गम्भीर खतरा मानता आया हो।

सोवियत सघ क किसी भी खतरे का सामना किया जा सक, इस उद्देश्य स, मचुको म अपनी प्रतिरक्षा स्थिति को सुदृढ बनाना क्वानतुग सना क लिए एक धुन या सनक का रूप ल चुकी थी। इस दिशा म सना क प्रयासो म स एक था श्वत रूसियो क बीच म ही लगभग एक डिविजन की-सी क्षमता सम्पन्न कद यूनिटो यानी एक स्वयसवक सना का गठन करना। यह प्रत्याशा की जा रही था कि जार भक्त होन क कारण व कम्युनिस्ट रूसी सनाओ क सम्भावित आक्रमण की स्थिति म एक बाधक की-सी भूमिका निभायगे और इसक साथ हो

नौकरी के अवसरा के बल पर समुदाय का आर्थिक कठिनाइया से भी उबारा जा सकेगा।

इन श्वेत रूसियो को सनिक प्रशिक्षण दिया गया। उनम स चुन गय लागा स बनी सनिक टुकडियो का एक अलग पताका दी गयी जिस पर जमन नाजी पार्टी के स्वास्तिक चिह्न मे मिलता जुलता चिह्न अंकित था। क्वानतुग सनिक मुख्यालय के चौथे विभाग को इन टुकडियो का सभी प्रबन्ध आदि पूर्ण रूप स सौंप दिया गया।

हिटलर की आरम्भिक सफलताओ से जापान बहुत अधिक प्रभावित था। जब 1940 के वर्ष के आरम्भिक काल म, जमन सेनाओ ने फ्रास और हालैण्ड पर विजय प्राप्त की उस समय दक्षिण-पूर्व एशिया म उन दशा के उपनिवेशो म जापान द्वारा घुसपैठ क प्रयास अति स्पष्ट थे। जापान ने 12 जून 1940 को थाईलण्ड के साथ एक मत्री-सधि सम्पन्न की और उतत जिसे, 'वृहत्तर पूर्व एशिया—सह समृद्धि क्षत्र' कहकर पुकारा गया उसके विकास की लाभकर स्थिति का आश्वासन प्राप्त करने क लिए उस सधि का उपयोग किया गया।

जब जमनी ने सोवियत सघ के साथ अपनी अनाक्रमण सधि का उल्लघन करके 22 जून 1941 को रूस पर आक्रमण किया तो विश्व उससे भी कही अधिक अचभित हुआ जितना कि वह अनाक्रमण सधि किये जाने का समाचार पाकर हुआ था। मचुका म अविलम्ब ही जिस बात स विस्मय और आतक का लहर फल गयी, वह यह थी कि ज्यो ही सोवियत सघ पर जमनी के आक्रमण का समाचार आया, क्वानतुग सेना की श्वेत रूसियो की समस्त टुकडियो ने अपनी स्वामिभक्ति बदल दी और निकटतम रूसी व्यापार दूतावासा के प्रतिनिधियो के पास गये और उन्होने जमन सेनाओ के विरुद्ध लडने के लिए अपनी सेवाएँ स्वेच्छया अर्पित की। क्वानतुग सेना के कमाण्डर जनरल उमेजू इस बात पर हक्के-बक्के रह गये।

उसी मास क अतिम सप्ताह म एक दिन मुझे सिकिंग म अपन घर के अहाते म क्वानतुग सना के चतुर्थ विभाग के मेजर मत्सुमारा को मोटर गाडी स उतरते देखकर बडा अचरज हुआ क्योकि व अपनी सनिक वेश भूषा म थे। मैं तुरन्त ही यह अन्दाजा लगा सका कि यह नितान्त निजी शली की भेंट न थी। बिना किसी विलम्ब के उन्होने तुरन्त ही अपने मतलब की बात कही यानी सेना क कमाण्डर मुझसे फौरन मिलना चाहते थे। मत्सुमुरा के साथ मैं गया और जनरल उमेजू से मिला। हमारे वार्तालाप का सक्षिप्त विषय उमेजू का ये प्रश्न था कि क्या मैं उन पर मेहरबानी करके उन परिस्थितियो की शीघ्र जाँच आदि कर सकूँगा जिनमे सना की श्वेत रूसिया की टुकडियो न सोवियत पक्ष की ओर अपसरण कर लिया था। उन्हे इस विषय पर एक रिपोर्ट तोक्यो भेजनी थी।

मैं उस समय यह काम करन के लिए तैयार न था। चीन की एक कठिन और थका देने वाली यात्रा के बाद मैं हाल ही मे लौटा था। इतना ही नही, मैं अपनी पत्नी और न‍्हे बेटे को, सिंकिग मे पुन अकेला छोडकर जाना नही चाहता था। लेकिन जनरल उमेजू सहायता करने के लिए मुझ पर दबाव डालते रहे। इस विषय म दो एक दिन सोच कर और अपनी पत्नी से यह आश्वासन पाकर कि मुझे उनके और अपने पुत्र के बारे म बिलकुल चिन्ता नही करनी चाहिए, मैंने वह काम करना स्वीकार कर लिया और जाच यात्रा पर रवाना हा गया। लगभग अवचेतन ही म, चीन मे विद्यमान ब्रिटिश और अमरीकी गुप्तचर अपने एजे‍टा के माध्यम से मचुको मे क्या गुल खिला रहे थे, उसके बारे म और अधिक जान पाने के अवसर का लोभ भी मुझे आकृष्ट कर रहा था।

मैंने उससे पहली यात्रा क दौरान प्राप्त विशेष सुविधाओ के समान प्रबध की माँग की। सब इन्तज़ाम तुर‍त ही हो गया। इस बार क्वानतुग सेना न और भी उदारता दिखाई। उ‍हाने मुझे लेफ्टिने‍ट जनरल के बराबर का ओहदा भी प्रदान किया और उसी के अनुकूल एक पहचान पत्र भी मुझे दिया गया। आवश्यकतानुसार सभी जापानी कार्यालयो मे भी इसकी सूचना पहुँचा दी गई।

श्वेत रूसिया के समुदाय म प्रवेश कर पाना चीनो क्षेत्रो म घुसपैठ की तुलना म कही कठिन था। मैंने शीघ्र ही यह जान लिया था कि किसी श्वेत रूसी का मुह खुलवाने के लिए शुरुआत 'वोदका' के बडे बडे पैगो स करनी होती थी। अनिवायत मुझे भी उनके साथ वोदका पीनी पडती थी, लेकिन उस स्थिति मे पूणतया मदहोश हो जाने के बजाय अपने होशो-हवास को कायम रखना होता था ताकि जासूसी का प्रयास निष्फल सिद्ध न हो। पूछताछ करन पर पता चला कि एक ऐसा तरीका था जिसे अपनाकर किसी रूसी स अधिक वोदका पीन के बावजूद अपने होश कायम रखे जा सकत थे। वोदका सवन स पूव अच्छी मात्रा मे यदि जैतून का तल पी लिया जाय तो अतडिया म एक प्रकार का अस्तर-सा लग जाता है और तब अलकोहाल इतनी शीघ्रता से रक्त प्रवाह मे नही घुलता। उस स्थिति मे जब दूसरा व्यक्ति मुह खोलने के लिए तयार हा चुका हो तो आप काफी चौकन्ने रह सकते हैं। हाँ, इस तरीके का स्वास्थ्य पर दीघकालिक प्रभाव बुरा हो सकता है, लेकिन कहावत है कि मरे विना स्वग कस देखा जा सकता है'। मुझे अपने काम को ठीक-ठीक अजाम देना था इसलिए मैंने काफी मात्रा म जतून का तल इकटठा कर लिया था। हाँ, मद्य-पार्टी के बाद की प्रतिकारक चिकित्सा के लिए दूध के साथ बारीक कटे सब बडे कारगर थ। मैं उचित समय पर सदा ही उन सबका सेवन किया करता था।

लगभग एक मास की अवधि म मैं श्वेत रूसियो के नेताओ को अच्छी तरह जान गया। इतना समय सेना की रूसी टुकडियो द्वारा उठाय गय क़दम का कारण

खोज पाने के लिए पर्याप्त था। यह राष्ट्रीय मनोविज्ञानिकता का प्रश्न मात्र था। य जार भक्त लोग निस्सदेह कम्युनिस्ट विरोधी थ। रूस के भीतर किसी भी नागरिक गडबडी के अवसर पर वे कम्युनिस्ट का विरोध करत। किन्तु एक गैर देश के रूस पर आक्रमण की स्थिति म व अपने वचारिक मतभेद का ताक पर रखकर पहल रूसी की भाँति और बाद म कम्युनिस्ट विरोधी आचरण क पक्षधर थे। हालाँकि व तो ज़ार भक्त थ मगर अपनी मातृभूमि की अखडता उनके लिए परम पावन थी। यह स्पष्ट था कि रूस और अय किसी भी देश क बीच जिसम जापान भी हो सकता था मुठभेड की स्थिति म जापानी सना की श्वेत रूसी टुकडियो पर भरासा नही किया जा सकता था।

म लौट आया और जनरल उमज़ु का एक पृष्ठ की एक रिपोट दी और बाद म निजी भेट के दौरान प्राप्त जानकारी के प्रमाण आदि पश किय। यह बात आश्चयजनक थी कि उस समुदाय म स लागा का चुनकर सेना की टुकडियाँ गठित करन स पूव जापानियो न उस समुदाय की मानसिकता का जानन समझन का कोई प्रयास न किया था। यह बिना सोच-समझ काम करन की प्रवृत्ति' के अनुरूप ही था, जिसके कारण उन्ह चीन म इतनी कठिनाई उठानी पड़ी थी। मनोविज्ञान की अवहेलना कर समस्त उपयोगिता की दृष्टि य उन्होन स्वय अपनी ही सस्था मे एक पचमाग गठित कर लिया था।

मेरी रिपोट तोक्यो भेज दी गयी लेकिन एक बार जो बीता उसम कुछ भी सुधार ला पाना असम्भव था। पानी सिर के ऊपर स गुजर चुका था। इतना ही नही, तोक्यो का सरकारी-तन्त्र द्वितीय विश्व युद्ध की स्थिति म अपनी सामरिक युक्तियो की योजना म पूरी तरह उलझा हुआ था।

इस सदभ म एक ऐसा तथ्य प्रकट करना चाहूगा जो कदाचित सव विदित नही है। तोक्यो के मन्त्रिमडल के भीतरी हलको म गम्भीर मतभेद उत्पन्न हो गये थे। होप्पोहा दल चाहता था कि रूस पर पहल आक्रमण कर दिया जाय। और नामपोहा दल दक्षिण की ओर आक्रमण के पक्ष म था। इन दोनो समूहो म कभी मतैक्य नही हो सका। अन्तत जनरल तोजो के दबाव म आकर पल हावर पर आक्रमण का निणय किया गया जिसके सामन प्रधानमत्री राजकुमार कोणोय विवश थे। उस समय तोजो युद्ध मत्री थे। वे नामपोहा दल के विचार के अनुकूल सम्राट की सहमति प्राप्त करन म सफल हो गय जो मूलत उनका अपना ही मत था। तोजो न, जिन्हे उनकी तीव्र और कुशाग्र बुद्धि के कारण, धारदार उस्तरा' कहा जाता था, यह मत अपनाया कि मचुको चीन और रूस की सीमाओ पर लगभग दस लाख जापानी सेनाओ के तनात होने के कारण रूस की ओर स आक्रमण का कोई खतरा नही है।

जब जमनी ने रूस पर हमला किया उस समय होप्पोहा दल के भीतर यह

भय उत्पन्न हुआ कि जापान के विरुद्ध विद्वेष की भावना स सोवियत सघ, जा न केवल जमनी का मित्र दश था, बल्कि रूस का ज म ज म का वैरी भी, मचुको या फिर जापान की देशीय द्वीप भूमि पर भी आक्रमण करके कब्जा न कर ले। लेकिन, रूस को चूकि अपना सवस्व जमनी के आक्रमण के उत्तर म अपण करना पड रहा था इसलिए रूस चाहकर भी आक्रमण करन की स्थिति मे न था। उधर नामपोहा दल की यह धारणा कारगर सिद्ध हुई कि दक्षिणी क्षेत्रो के कच्च माल के क्षेत्रा मे घुस जाना कही अधिक लाभकर सिद्ध होगा। भावी घटनाओं की दिशा म पासा फेंका जा चुका था।

20

द्वितीय विश्व युद्ध तथा दक्षिण-पूर्व एशिया मे भारतीय स्वतन्त्रता लीग

नवम्बर 1941 के अत म मुझे क्वानतुग सना के मुख्यालय स एक सदश मिला जिसम यह अनुरोध था कि अन्य किसी सूचना के मिलने तक मैं सिंकिंग म ही रहूँ ।

इसके कारण की कल्पना करना कोई कठिन न था। पिछले कई महीनो स सनिक हाई कमान के कार्यालय म आपात स्थिति का सा वातावरण छाया था। सचार विभाग म चौबीसो घटे कमचारी तनात रहत थे। मुझे और मरे बहुत से मित्रो को ज्ञात था कि जापान द्वितीय विश्व युद्ध म भाग लने वाला था किन्तु किसी को इस बात का तनिक भी गुमान न था कि आक्रमण स्थल पल हावर होगा। आक्रमण की सही सही तिथि को भी पूरी तरह गुप्त रखा जा रहा था। इसम सदेह था कि स्वय क्वानतुग सना के कमाण्डर जनरल उमेजू को भी इसका ज्ञान था। इस आक्रमण की विस्तृत सूचना इस योजना के लिए प्रसारित सना वग को भी केवल अतिम क्षण म ही दी जा सकती थी। किन्तु 8 दिसम्बर, 1941 को समस्त विश्व ने पल हावर पर हुए आक्रमण की खबर सुनी।

यह जापान की तरफ स एक तूफानी हमला था जो बहुत ही सुचारु और सुनियोजित ढँग से किया गया था। तोक्यो समय के अनुसार 8 दिसम्बर को रात्रि के 0 32 बजे, जाकि हवायी समय के अनुसार रविवार सवेरे 7 बज कर 52 मिनट का समय था नौसेना कमाण्डर मित्सुवो फुचिदा ने अमरीका के प्रशान्त समुद्री बेडे पर, जो हवायी के जल प्रागण मे स्थित था आक्रमण करने के लिए बम वषको की टुकडी का नेतृत्व किया। जापानी विमानवाहक पोतो से सकडो विमान उडे थे। चार अमरीकी युद्धपोत एक दजन से भी अधिक अन्य पोत और 200 से अधिक विमान नष्ट कर दिए गय थे। अमरीकी हताहतो की सख्या दो हजार से भी अधिक थी। उसी दिन सवेरे तोक्यो रेडियो स

सम्राट की यह घोषणा प्रसारित की गयी—

" हम धैयपूवक प्रतीक्षा करत रहे है और दीघकाल से हम, इस आशा से बँधे आये है कि हमारी सरकार, शाति की स्थिति को पुन प्राप्त कर सकेगी कि-तु, मेल-मिलाप की भावना का कोई प्रदशन न करत हुए, हमारे शत्रुओ ने निपटार म अनुचित रूप स विलम्ब किया ह और इस बीच उ-होन आर्थिक तथा राजनीतिक दबाव बढा दिया है जिसस हमारे साम्राज्य को अधीनता स्वीकारन के लिए वाध्य किया जा सके। इसलिए हमन कृतसकल्प होकर साम्राज्य की आत्मरक्षा तथा पूव एशिया म स्थायी शाति के उद्देश्य से अमरीका और ब्रिटेन के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी है '

वृहत्तर पूव एशिया युद्ध आरभ हो गया था।

9 दिसम्बर को मुझे क्वानतुग आर्मी जेनरल के कायालय से टलिफोन पर स-देश मिला कि मै कार्यालय म आऊँ। शीघ्र ही मुझे पता चल गया कि इसका उद्देश्य मुझ यह सूचित करना था कि जापानी नौसना न उसी दिन सिंगापुर के विरुद्ध आक्रामक कारवाई आरम्भ कर दी और प्रि-स आफ वल्स तथा रिपल्स नामक ब्रिटेन के युद्धपोत डुबा दिए गये। इस अवसर पर उत्सव मनाने की एक दावत म शम्पेन का सवन किया गया था। वहा उपस्थित अधिकारीगण एक साथ आन-द मनात हुए उस घटना को ब्रिटिश उपनिवेश के अन्त का आरभ मान रहे थे और उ-हाने कहा कि मेरे लिए एकदम 'सीधी कारवाई' आरभ करने का अवसर आ पहुचा है।

यह बात महत्वपूण थी कि इस भाज के दौरान कम से-कम मरी उपस्थिति मे पल हावर पर आक्रमण की कोई चचा नही की गयी। स्पष्टतया सैनिक अधिकारिया ने यह अनुमान लगा लिया था कि चूकि भारत अमरीका का शत्रु न था इसलिए पल हावर पर आक्रमण म मेरी कोई विशेष रुचि नही हो सकती। भारत तो केवल ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध सघपरत था।

आखिरकार उपनिवेशवादी ब्रिटेन को जापान के हाथा भारी मार खानी पड रही थी। अपन काम का रख बदलन के लिए मरे सामने अवसर उपस्थित हो चुका था और मैन निणय कर लिया कि मुझ अवश्य ही युद्ध स्थल पर पहुँचना चाहिए। अपनी पत्नी और न-हे पुत्र की खरियत मेरे लिए भारी चिन्ता का विषय था किन्तु मरी पत्नी न स्वय ही मुझे इस मानसिक सघप स मुक्ति दिलान म सहायता दी। व स्थिति को भली भाँति समझती थी और एक सामुराई की पत्नी की भाँति उ-हान स्वय को सबल बनाकर मुझस कहा कि भारतीय स्वतत्रता की प्राप्ति क लिए उनकी या अपन पुत्र की चिता किय बिना मैं जब चाहू मचुको स अन्यत्र जा सकता हूँ। मैन उनस कहा कि हाल की घटनाओ को दखते हुए चर्चित सघप का पुन स्थिति निर्धारण वाछित है और मुझ इस दिशा म यथासभव प्रयास करन होगे।

यह बात स्पष्ट थी कि हांगकांग तथा अन्य केन्द्रों पर शीघ्र ही जापानियों का अधिकार हो जायेगा। दिसम्बर, 1941 तक ऐसा हो भी गया और 15 फरवरी 1942 को सिंगापुर ने औपचारिक रूप से आत्मसमर्पण कर दिया। शम्पेन पार्टी की समाप्ति के पूर्व ही मैंने क्वांगतुंग सेना में अपने मित्रों से कह दिया कि मुझे तुरंत ही दक्षिण की ओर प्रस्थान करना होगा। मेरे अनुरोध पर उन्होंने तियनसिन, शंघाई, नानकिंग, हांगकांग तथा अन्य केन्द्रों पर बेतार से ये सन्देश भेजे कि मुझे समस्त आवश्यक सुविधाएँ सुलभ कराई जाएँ। सिंकिंग रेलवे स्टेशन पर अपने परिवार तथा मित्रों से विदा लेने के बाद मैं उसी दिन तियनसिन के लिए रवाना हो गया और वहाँ से विमान द्वारा शंघाई पहुँचा। नानकिंग में जापानी सेना की चीनी कमान के कमांडर इन चीफ जनरल उपिराकू को मेरे सिंकिंग से आने का समाचार मिल चुका था। उन्होंने शंघाई कमान को आदेश दिया कि मेजर मिपिना मेरी देखभाल करेंगे। इस सन्देश में यह भी कहा गया था कि मैं जब चाहूँ नानकिंग में जनरल से मिल सकता हूँ।

मैं दो दिन तक शंघाई में रहा और वहाँ मेरा मुख्य उद्देश्य, औपचारिक रूप से, भारतीय स्वतंत्रता केन्द्र की स्थापना करना था जिसे स्थानीय भारतीय नेताओं के द्वारा प्रदत्त कोष के बल पर उन्हीं के द्वारा चलाया जाना था। शंघाई में सम्पन्न भारतीय व्यापारियों की खासी संख्या थी, वहाँ की पुलिस में काफी बड़ी संख्या में सिख भी थे। समस्त समुदाय बहुत ही सहायक सिद्ध हुआ और भारतीय स्वतंत्रता अभियान के लिए प्रभावकारी प्रचार चलाने के उद्देश्य से एक संस्था की स्थापना में उन्होंने मेरे साथ पूर्ण सहयोग किया। मैं जापानी सेना के कई अधिकारियों से भी मिला जिससे कि वहाँ के सभी भारतीय निवासियों की उचित रक्षा का आश्वासन प्राप्त कर सकूं। इस आकस्मिक घटना चक्र के परिणामस्वरूप शंघाई के सामान्य जीवन में काफी गड़बड़ी फैल चुकी थी। मैंने मेजर मिपिना से अनुरोध करके यह बात मनवा ली कि चूंकि भारतीय उस समय तक वैध रूप से ब्रिटेन की प्रजा थे इसलिए इस सन्दर्भ में जापानी सेनाएँ उन्हें शत्रु की श्रेणी में मानकर कैद कर सकती थी इसलिए एक कृपाप्राप्त समुदाय की भांति उनकी विशेष देखभाल की जानी चाहिए। तोक्यो से भी कुछ ऐसे ही आदेश आ गये और सभी भारतीयों को उचित परिरक्षण दिया गया। शंघाई में बड़ी संख्या में ब्रिटिश लोग भी थे। उन परिवारों में से कुछ तो शंघाई छोड़कर जाने में सफल हो गये किन्तु अधिकांश को युद्धबंदी बना लिया गया।

मेरी सुरक्षा का दायित्व मेजर मिपिना पर था। अतः उनके साथ मैं जनरल उपिराकु से मिलने नानकिंग गया। बेहद व्यस्त होने के बावजूद उन्होंने मुझे अपने मुख्यालय में बढ़िया लंच दिया और भारत वर्मा और पूर्व के अन्य स्थानों से ब्रिटिश सत्ता को हटाने के लिए भारत जापान सहयोग की वाञ्छनीयता को लेकर बहुत देर

तक बातचीत की।

नानकिंग से मैं शघाई होते हुए हागकाँग गया। उस क्षेत्र के कमाडर, कनल हारा ने शघाई मे स्थापित भारतीय केन्द्र के समान ही एक केन्द्र की स्थापना के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ सुलभ कराइ। चीन मे होने वाली घटनाओं की सूचना प्राप्त करने के लिए हागकाँग सर्वोत्तम जगह भी थी।

अति योग्य स्थानीय भारतीय नेताओ को उस कार्यालय का कायभार सौंपने के बाद मैं सहयोग के लिए आभार प्रकट करने के उद्देश्य से कनल हारा के कार्यालय मे गया। मेरे साथ नानकिंग मे उपिरोकू कमान के ले० कनल ओकादा भी थे। लेकिन यहाँ अप्रत्याशित रूप से एक अप्रिय घटना हो गयी। हारा और मुझ मे झगडा हो गया। उन्होने बहुत शान बघारते हुए कहा कि हालाँकि मैं जो चाहू कर सकता था किन्तु मुझे सब कुछ सम्राट के नाम पर करना चाहिए था। अकारण ही इस सलाह की मुझे कोई आवश्यकता नही थी। अपनी तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मैंने उनसे कडे स्वर मे पूछा—'कनल हारा, आपका क्या आशय है? मुझे अपना कायकलाप सम्राट के नाम पर क्यो सम्पन्न करना चाहिए? मूलत भारत का स्वतत्रता अभियान ही मेरा लक्ष्य है और वह मैं भारत के नाम पर ही करूँगा।"

हारा बराबर मुझे उकसाते रहे। मुझे उनका आचरण बेहद अप्रिय लगा और लगभग नाराजगी मे ही मैंने कहा, "आप भाड मे जाइये। मैं, जो ठीक समझता हूँ वही करूँगा।'

ले० कनल ओकादा ने मेरे साथ शघाई की यात्रा के लिए अपना दो सीटो वाला विमान तैयार कर रखा था परन्तु हारा तथा मेरे बीच के वादविवाद के कारण उसकी उडान मे विलम्ब हो गया। मुझे हारा के आचरण पर अभी भी बहुत क्रोध था और मैं इसी असमजस मे था कि जनरल उपिरोकु या किसी अन्य वरिष्ठ अधिकारी से हागकाँग छोडने से पूर्व कोई शिकायत करूँ या न करूँ। लेकिन ले० कनल ओकादा ने किसी प्रकार हारा तथा मेरे बीच दोस्ती करवा के स्थिति सभाल ली।

हमारी उडान के दौरान ओकादा तथा मैं दोनो ही काफी तनाव मे रहे और चुपचाप बैठे रहे। हम दोनो हारा के बर्ताव के बारे मे सोच रहे थे। लेकिन शघाई पहुँचने पर हमने कुछ शाति का अनुभव किया।

मेरे पूर्व परिचित, जनरल उपिरोकू की चीन की कमान के वाइस चीफ आफ स्टॉफ, ले० जनरल कसहरा और स्टाफ के अधिकारी मेजर मिपिना एक शानदार जापानी रेस्तराँ मे हमारी प्रतीक्षा कर रहे थे। ओकादा ने उन्हे हागकाँग की घटना कह सुनाई। वे सब खिलखिलाकर हँस पडे। जब मैंने अचरज के साथ पूछा कि ऐसे गभीर मामले को वे इस प्रकार हँसी मे क्यो ले रहे थे, तो ले० जनरल कसहरा

ने कहा कि कर्नल हारा से और किसी प्रकार की उम्मीद थोड़े ही की जा सकती थी क्योंकि वे आधे पागल हैं।

तब मुझे सेना में अपने साथियों के बीच कर्नल हारा की असली ख्याति का ज्ञान हुआ। वे एक अति योग्य अफ़सर ज़रूर थे, वर्ना उन्हें हांगकांग जैसी महत्वपूर्ण कमान का अध्यक्ष न बनाया जाता। उनके समक्ष ही, ब्रिटिश सेना की हांगकांग रक्षक सेना ने आत्म-समर्पण किया था। मुझे बताया गया कि असल में वे बुरे आदमी नहीं हैं। मगर उनकी समस्या ये थी कि कट्टर राष्ट्रवादी भावना अर्थात सम्राट के प्रति अति भक्त होने के कारण कभी कभी वे अपना संतुलन खोकर पागलपन का व्यवहार करने लगते है। हांगकांग में मेरे साथ हुई घटना का भी कदाचित यही कारण रहा होगा। ले० जनरल काशहरा ने मुझे बताया कि हारा ने इससे पूर्व कोरिया में भी ऐसी ही परेशानी खड़ी की थी। ये सब बातें मुझे यदि पहले ही पता होतीं तो मैं उनके साथ भिन्न आचरण करता और कदाचित वह अप्रिय घटना न होती।

भारतीय स्वतन्त्रता अभियान के लिए स्थापित शघाई कार्यालय में खूब बढ़िया काम हो रहा था। जनवरी 1942 के अंतिम सप्ताह में मैंने वहां के एक प्रमुख व्यापारी जोसमान से मिलकर भारतीय ध्वजारोहण समारोह की योजना बनाई। पंजाबी महिलाओं के एक समूह ने मिलकर 'वन्देमातरम' गाया। यह प्रथम अवसर था जबकि शघाई में बाहर खुले मैदान में इस प्रकार का एक भारतीय आयोजन किया गया था। भारतीय समुदाय के लगभग पांच सौ सदस्य वहाँ उपस्थित थे।

अगले ही दिन मैं जहाज से तोक्यो के लिए रवाना हो गया। रवाना होने से पूर्व मुझे बड़ा सुखद अचरज हुआ, मेजर मिथिना मुझे विदा देने के लिए आये थे और उन्होंने छह हजार येन नकद मुझे दिये जो इस संदेश के साथ जनरल उपरोक्त द्वारा भेजे गये थे कि मैं वह रकम निजी खर्च के लिए और अपनी समझ के अनुसार भारतीय स्वतन्त्रता अभियान के लिए उपयोग में ला सकता हूँ।

तोक्यो पहुंचने पर मैं आकासाका स्थित सन्नो होटल गया और 301 तथा 302 नम्बर के कमरे किराये पर लिये। मुझे कार्यालय के लिए एक अतिरिक्त कमरे की भी आवश्यकता इसलिए महसूस हुई क्योंकि अतिथियों से भेंट के अलावा वहाँ से पत्राचार संबंधी बहुत अधिक काम किया जाना था। मैंने जनरल उपरोक्त द्वारा दिए गये धन में से कुछ राशि तो अपने लिए रख ली और बाकी सुरक्षित रखने की दृष्टि से होटल के प्रबंधकों को सौंप दी। वे लोग मेरी सम्पदा देखकर अत्यधिक चकित व प्रभावित हुए। अपनी वर्तमान सम्पन्नता से मैं भी कम प्रसन्न नहीं था। चीनी लुटेरों का शिकार होने के बाद सिक्यिांग से सिंकिंग लौटते समय की नितांत अभाव की स्थिति और अब की स्थिति में कितना अंतर था। आज मेरे पास इतना धन था कि मैं उसे बैंक में रखकर सन्नो होटल में अपनी साख की धाक

जमा सकता था।

येल्लप्पा को बहुत अचरज हुआ। उन्हे दिये गये आदेश के 'वीटो' की बात मुझसे सुनकर वे कुछ चिंतित भी हुए। उन्हे ये भय हुआ कि यदि निर्देशो का पालन न किया गया तो न केवल उनकी बल्कि भारतीय समुदाय की जान मुश्किल मे पड सकती है। जापानी सेना द्वारा उनकी गर्दन भी काटी जा सकती है। यह सुनकर मै मन-ही मन हँसा और अपने मित्र येल्लप्पा से बोला कि वे चिंता न करे। यदि कोई सैनिक या अन्य कोई भी व्यक्ति गर्दन काटने के लिए आया भी तो पहले उसे मेरी गर्दन काटनी होगी। उनके चेहरे पर हालाकि अभी भी चिंता की रेखाएँ थी, तो भी लगा कि मेरे इस कथन से उन्हे कुछ सात्वना मिली है। मै अपनी बात पर अडा रहा और इस बात पर बल देता रहा कि किसी ऐरे गैरे सेनाधिकारी के कहने मात्र से भारतीय समाज का कोई भी सदस्य वहाँ नही भेजा जाएगा। मैंने उन्हें बताया कि वह भारतीय मदिर नही और इसलिए कोई भी जिम्मेदार जापानी ऐसा आदेश नही दे सकता था। यह सब हगामा किसी महत्वहीन अवर अधिकारी की ही करामात होगी। इसलिए उसे नजरअदाज कर दिया जाना चाहिए।

कोई भारतीय वहा नही गया। यह समाचार फैल गया कि मैने येल्लप्पा को आदेश के उल्लघन की सलाह दी थी। वस्तुत वह किसी अवर अधिकारी की अनधिकार चेष्टा ही थी। इस मामले को भुला दिया गया। येल्लप्पा ने यह कहना शुरू किया था कि मै एक 'रहस्यमय व्यक्ति हूँ। 'रोड टु डेल्ही' नामक अपनी पुस्तक मे भी एम० शिवराम ने मुझे रहस्यमय व्यक्ति' कहा है। इस वाक्याश के सृजक वास्तव मे येल्लप्पा ही थे।

हाँ, शिवराम को कालान्तर मे ज्ञात हुआ कि मेरे साथ न कोई रहस्य है और न जादू। तथ्य तो यह था कि उच्च स्तर के जापानी अधिकारियो को मेरी सदाशयता मे पूर्ण विश्वास था। स्वय भी देशभक्त होने के नाते जब भी वे अन्य किसी व्यक्ति मे ऐसी भावना देखते तो उसे तुरन्त ही पहचान लेते थे। उनके साथ की मित्रता के लिए मुझे कोई चापलूसी नही करनी होती थी। दो व्यक्तियो के बीच ईमानदारीपूर्ण मतभेद हो सकता है। फिर भी, यदि उन दोनो के बीच आपसी सम्मान और वास्तविक सदभाव हो तो वे एक-दूसरे के मित्र बने रह सकते हैं। इसी आधार पर सैनिक तथा असैनिक जापानियो के साथ मैंने अपना सबध क़ायम

रखा था। मेरा विश्वास था कि यही सही व उचित आधार बन सकता है। जापानी पक्ष भी सदा इसी रूप का कायल रहा।

पूर्व गठित आई० एन० ए० के लिए रासबिहारी के बड़े-बड़े योगदानों में से एक यह भी था कि विभिन्नता के बावजूद उन्होंने जवानों के मन में एक मूलभूत एकता की भावना बैठा दी थी। आई० एन० ए० में आए ये विभिन्न प्रान्तों, विभिन्न धर्मों, रीति रिवाजों, आचार विचारों के लोग थे। इस पचमेल समूह में रासबिहारी यह चेतना जगाने में सफल हुए कि समस्त अन्तरों के बावजूद वे सब एक ही देश के हैं और न केवल उनकी जिम्मेदारी एक समान थी बल्कि उनमें ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष करने की एक समान योग्यता भी थी। उदाहरण के लिए, 'वीर-जाति' या 'गैर वीर जाति' जैसी कोई बात न था। ये सब ब्रिटिश लोगों द्वारा जान-बूझकर गढ़ी गयी कल्पित बातें थीं जिनसे कि उनके साम्राज्य वादी उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। बराबर का अवसर दिए जाने पर कोई भी भारतीय लड़ने का अन्य किसी योग्यता के सन्दर्भ में बराबर योग्य सिद्ध हो सकता था। उत्तर दक्षिण या पूर्व व पश्चिम का भेद प्रश्न ही नहीं था। इस प्रकार के रासबिहारी के उपदेशों का न केवल आई० एन० ए० के सदस्यों पर बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया तथा मलाया के आम भारतीय समुदाय पर भी बड़ा हितकर प्रभाव पड़ा। यहाँ यह बात उल्लेखनीय है कि यहाँ के बहुसंख्यक भारतीय दक्षिण भारत से आए थे।

25

सुभाषचन्द्र बोस का आगमन

सुभाषचन्द्र बोस के आरम्भिक जीवन काल मे इग्लैण्ड मे अध्ययन, फिर प्रतिष्ठित 'भारतीय नागरिक सवा' का उनके द्वारा इसलिए त्याग कि उपनिवेशवादी ब्रिटन के चगुल से भारत को स्वतन्त्र करवाने के लिए सघप कर सके आदि उनकी जीवनी सम्बन्धी पहले ही लिखित बहुत सी सामग्री म और वृद्धि करना मेरा उद्देश्य नही है। यह सवविदित है कि वे एक महान देश प्रेमी थे और राजनीतिक विचार-धारा मे गभीर मतभेद उत्पन्न हो जाने स पूव अनेक वर्षों तक गाधीजी जवाहर-लाल नेहरू और भारतीय स्वतन्त्रता अभियान के अन्य बहुत से नेताओ के साथ उन्होने काम किया था।

भारत से उनका वेष बदलकर नाटकीय ढग से अन्यत्र चले जाना एक ऐतिहासिक बात बन चुकी है। उस दुस्साहस का विस्तृत विवरण प्रकाशित भी हो चुका है। ब्रिटिश भारतीय पुलिस की आखो म धूल झोक्कर 'जियाउद्दीन' नाम से पहले व कलकत्ता से अफगानिस्तान गये। बाद मे एक झूठा इतालवी कूटनीतिक पार-पत्र लेकर, सिग्नार आर्लाडो मजाता नाम से मास्को व समरकन्द होते हुए बर्लिन पहुँचे।

यहाँ मेरे विषय की परिधि समिति है। दक्षिण पूव एशिया म द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान रासबिहारी ने जो भारतीय स्वतत्रता अभियान सचालित किया था जिसमे मैंने भी सक्रिय योगदान दिया था उसका नेतत्व रासबिहारी ने अपनी गम्भीर अस्वस्थता के कारण सुभाष को सौप दिया गया था, उसम सुभाष की भूमिका ही मेरा प्रतिपाद्य विषय है।

भारतीय नेशनल काग्रेस के साथ सम्बन्ध विच्छेद करने के बाद सुभाष ने फारवड ब्लाक नाम से अपनी एक वामपथी राजनीतिक पार्टी बनायी थी जिसे काग्रेस के मुकाबले म अधिक समथन प्राप्त न हुआ और कालान्तर मे वे स्वय लगभग 'राजनीतिक अलगाव' के शिकार बन गये। उनके जसे शक्तिशाली व्यक्तित्व का यह चिंतन कि भारत की स्वतत्रता प्राप्ति के क्रान्तिकारी प्रयास के

लिए उन्हें विदेश म स्थानान्तरित हो जाना चाहिए—स्वाभाविक ही था। कुछ लेखकों न उनकी तुलना सन-यात-सेन डी-वलेरा, गरीबाल्डी और मसारिक से की है। स्पष्टतया मुझे यह स्वीकारना होगा कि उन व्यक्तियों से सुभाष का सादृश्य विशेष सगत नही है। भारत के सन्दभ म स्थिति बहुत भिन्न थी।

सुभाष नि सदेह एक महान देश-प्रेमी थ और सर्वाधिक समर्पित स्वतन्त्रता सेनानियो म स एक थे लेकिन कोई भी व्यक्ति जो गाधीजी या नहरू, वल्लभभाई पटेल या फिर उन दिनों के काग्रस के अन्य अनुयायियों के नेतृत्व को चुनौती देता हो वास्तव म स्वतन्त्रता अभियान के सन्दभ म समथन हासिल नही कर सकता था। आम भारतीय जनता के लिए स्वतन्त्रता सघष का ही दूसरा नाम था काग्रस।

जो भी हो सुभाष एक वष स अधिक समय तक बर्लिन म रह और खद की बात है कि उस काल म वहाँ कुछ भी उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त नही कर सके। उन्होंने जमन और इतालवियो द्वारा युद्धबन्दी बनाये गये भारतीय सनिको म स एक सेना गठित करन का प्रयास किया किन्तु असफल रहे। हिटलर की लगभग सारी प्राथमिकताएँ यूरोप के सदभ म थी। उसकी भारत म कोई रुचि नही थी। सुभाष जो बहुत बडी बडी आशाएँ लेकर जमनी गय थ, बहुत निराश हुए। कहा जाता है कि हिटलर के साथ केवल भेंट करन के लिए ही उन्हें लम्बी प्रतीक्षा करनी पडी थी। इसलिए जमन अधिकारीगणो के साथ उनके अधिकाश सपक अपेक्षतया निचले स्तर पर ही स्थापित थे। उन्होंने पाया कि बर्लिन से एक अल्प अवधि क रेडियो प्रसारण के अलावा जमनी म उनके प्रवास स और कोई लाभकर उद्देश्यपूण नही हो सका।

दक्षिण पूव एशिया म, भारतीय स्वतन्त्रता अभियान का नेतृत्व करन के लिए सुभाष के जापान आगमन से पूव की परिस्थितियो को लेकर विभिन्न कहानियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं। मेरी नजर म वे कहानियाँ या तो पूणतया झूठी हैं या फिर आधी झूठी। उनम कुछ तो वास्तविक जानकारी के अभाव म लिखी गयी होंगी। किन्तु कुछ अन्य ऐसी है जो जान बूझकर विकृत रूप म प्रस्तुत की गयी हैं।

मोहनसिंह न कहा है कि जापानियो के साथ अपने प्रथम औपचारिक विचार विमश के दौरान उसने यह अनुरोध किया था कि सुभाष को सुदूर-पूव ले आया जाय।[1] यह एक पूणत एकतरफा वक्तव्य है। उसने यह नही कहा कि उसने किसके साथ बातचीत की थी। जहाँ तक मेरी जानकारी है मोहनसिंह और जापानियो के बीच कभी भी कोई औपचारिक विचार विमश नही हुआ था। जापानी सपक समूह न सदा इस बात पर बल दिया कि भारतीय मामलो क सबध मे कोई भी औपचारिक विचार विमश केवल भारतीय स्वतन्त्रता लीग के प्रधान रास

---

1 सोल्जस कन्ट्रीब्यूशन ट इण्डियन इण्डिपेन्डन्स'—ओप सिट प 228

बिहारी बोस या फिर उसके प्रमुख सपर्क अधिकारी के साथ ही, जो कि मैं था, किया जाना चाहिए किसी अन्य व्यक्ति के साथ नही। यदि मोहनसिंह ने चर्चित प्रश्न पर फुजिवारा के साथ विचार विमर्श किया हो तो उसे किसी भी हालत मे औपचारिक नही माना जा सकता और फिर फुजिवारा ने भी जापान सरकार को इस बारे म कोई सदेश नही दिया था क्योकि उसे इन मामलो मे दखल देने का अधिकार नही था। अत वह ऐसा करने का साहस भी नही कर सकता था।

खैर, जो भी हो, मोहनसिंह ने पूर्वचर्चित अपनी पुस्तक मे अनजाने ही स्वय अपनी प्रकृति के विषय म एक रोचक पक्ष प्रस्तुत किया है। यह पढकर आश्चर्य होता है कि दिसम्बर 1943 (?) म जब वह नजरबद था, एक बार सुभाष से मिला था, तो इस प्रश्न के उत्तर म कि 'क्या मोहनसिंह, भारत मे सुभाष को अपना नेता स्वीकार करेगा ? मोहनसिंह ने कहा कि उस स्थिति म वह ऐसा नही करेगा।'[1] भारत मे उसके नेता थे जवाहरलाल नेहरू, जिनकी रचनाएँ 'गिलम्प्सस ऑफ हिस्टरी' और 'आटोबायग्राफी' आदि वह पढ चुका था। इन सब का स्पष्ट अर्थ यही रहा होगा कि जब कि मोहनसिंह सुभाष को (कदाचित, जापानियो के कब्जे के काल म) सुदूर-पूर्व म, अपना नेता स्वीकार करता, किन्तु भारत पहुँचते ही वह अपनी स्वामिभक्ति बदल लेता, सुभाष का साथ छोडकर नेहरू के साथ जा मिलता। धोखा देने की जानी-बूझी क्रिया की कितनी स्पष्ट स्वीकारोक्ति है यह। अवसरवादिता कदाचित कुछ लोगो के चरित्र का ही अग होती है। इस आश्चर्य की बात नही कहा जा सकता कि जिस मोहनसिंह सुभाष के साथ अपनी भेंट होने का दावा करता है, वही, शायद उसकी उनके साथ अन्तिम भेट भी रही होगी। मलयालम भाषा की एक कहावत है—

'पालम कटक्कुपोल नारायणा,
पालम कटन्नाल पिन्न कूरायणा।'

इस कहावत म एक खतरनाक पुल पार करने वाले एक व्यक्ति का जिक्र है। पुल पार करते समय तो वह बडा धार्मिक भक्त हो जाता है, और 'नारायण नारायण' जपता है, किन्तु जैसे ही सही सलामत पुल के पार पहुँचता है वह पूर्णतया भिन्न प्रकार का व्यक्ति बनकर नारायण का परिहास भी करता है कि 'अब तुम भाड मे जाओ।

सत्य तो यह है कि सुभाष को एक वैकल्पिक नेता स्वीकार करने की सलाह मैंने जनवरी, 1942 म ही दी थी। यह परामर्श मैंने जापान के द्वितीय विश्व युद्ध म प्रवेश के तुरन्त बाद दिसम्बर 1941 म सिंगापुर से बधाई पहुचने पर जनरल तोजो के सम्मुख प्रस्तुत किए जाने के लिए जापान सरकार के युद्ध-मत्रालय

1 मोहनसिंह कन्स्टीटयूशन टु इण्डियन इण्डिपे डन्स—सोल्जर मिठ प 264

को भेजे जाने वाले अपने एक संदेश में दिया था।

मेरे प्रस्ताव का सारांश यह था कि रासबिहारी को तुरन्त ही जापान तथा दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय स्वतंत्रता अभियान पर सर्वोच्च नियंत्रण कर लेना चाहिए, किन्तु युद्ध काल में स्वाभाविक रूप से ही यह बात बुद्धिमानापूर्ण ही होती है कि किसी भी आकस्मिकता को ध्यान में रखते हुए एक विकल्पी नेतृत्व का प्रबन्ध किया ही जाए। तत्कालीन स्थिति में ऐसे व्यक्ति का ही चयन किया जा सकता था जो पहले ही भारत से बाहर हो क्योंकि प्रत्यक्षतः गांधीजी या जवाहरलाल नेहरू जैसी राष्ट्रीय हस्तियों के लिए देश से बाहर आना असंभव था। सुभाषचन्द्र बोस, जो जर्मनी में मौजूद थे, असल में मात्र ऐसे व्यक्ति थे जो आकस्मिकता के संदर्भ में नम्बर दो का स्थान ग्रहण कर सकते थे।

ज्यों ही मैं शंघाई से तोक्यो पहुँचा और रासबिहारी से मिला उन्हें जो कुछ मैंने किया था, उसकी सूचना दी। उन्होंने पूर्ण सहमति दर्शाई।

जापान सरकार ने यह सलाह बर्लिन में अपने सैनिक सहचारी को पहुंचा दी और उन्हें आदेश दिया कि सुभाषचन्द्र बोस के साथ सम्पर्क बनाये रखें। किसी भी निश्चित कारवाई के लिए वे तोक्यो से आनेवाले अगले आदेश की प्रतीक्षा करें। मुझे तथा रासबिहारी बोस को यह ज्ञात था कि जापानी सैनिक सहचारी (कर्नल यामातोतो) इसी आदेश के अनुसार सुभाषचन्द्र बोस के साथ सम्पर्क बनाये हुए थे किन्तु उसके आगे और कोई कारवाई नहीं की गयी थी। वास्तव में, यही वाकया, इस विचार का सृजक था कि भविष्य में कभी भी सुभाष से पूर्व एशिया में भारतीय स्वतंत्रता अभियान का नेतृत्व सँभालने के लिए कहा जा सकता था। इस विषय में कही गयी अन्य कोई भी बात असत्य मानकर उसकी अवहेलना की जानी चाहिए।

सन 1943 के आरम्भ में रासबिहारी बोस का स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा था। काम के बेहद तनाव के कारण उनकी हालत बहुत बिगड़ गयी थी। वे बहुत अरसे से मधुमेह से पीड़ित थे। कार्याधिक्य व परेशानी के कारण बीमारी बिगड़ गयी। दुर्भाग्यवश उन्हें फेफड़े की तपेदिक भी हो गयी। सन 1943 के आरम्भ में वे बहुत रुग्ण हो गये थे।

कुछ काल तक रासबिहारी को यह ज्ञात न था कि उन्हें तपेदिक रोग हो गया था। हिकारी किकन के साथ संलग्न जापानी सैनिक चिकित्सकीय दल के एक युवा चिकित्सक डा० अबोकि ने उनकी जाँच के बाद बताया था कि उन्हें ऐसी भयानक बीमारी थी। यह बड़ी भयानक स्थिति थी। रासबिहारी ने डाक्टरी निदान का समाचार पाते ही मुझसे अपनी परेशानी की चर्चा की। सुभाष को पूर्व एशिया लाने के लिए कुछ सकारात्मक यत्न अति आवश्यक हो गया।

अपने प्रिय नेता की गम्भीर हालत का समाचार पाकर मैं बहुत चिंतित हो

उठा। किन्तु सच्चाई का सामना करना ही था। मैने तुरन्त हिकारी किकन से अनुरोध किया कि तोक्यो म जापानी सैनिक हाई कमान तक यह सदेश पहुँचादे कि जमन पक्ष के साथ सलाह करके सुभाष को शीघ्र जापान और वहा से सिंगापुर लाये जान का तरीका खोजा जाए।

स्थिति की गम्भीरता को पहचानत हुए हिकारी किकन ने तुरन्त एक सदेश तोक्यो भेजा। जापान सरकार तथा हिटलर के प्रशासन तत्र के बीच तुरन्त ही विचार-विमर्श हुआ। वर्लिन म जापानी राजदूत (जनरल ओशिमा) और जमन विशेषज्ञ के बीच दो-तीन महीने तक सयुक्त मत्रणा हुई और उसी के अनुरूप सुभाष को जापान पहुँचाने की विधि आदि का निर्धारण किया गया। यह निणय किया गया कि जमनी की नौसना हिन्दमहासागर म एक निर्धारित स्थल तक के लिए एक पनडुब्बी सुलभ कराएगी और वहा से सुभाष को ले जाने की जिम्मेदारी जापानी अधिकारियो की होगी।

यह एक ऐतिहासिक यात्रा थी। जमन और जापानी नौसेनाओ के बीच सहयोग का एक शानदार नमूना। यह यात्रा वेहद खतरनाक भी थी और इसस सुभाष के शारीरिक साहस का भी स्पष्ट प्रमाण मिलता है। उनके साथ दो भारतीय साथी भी यात्रा कर रहे थे, वे थे—आबिद हसन और स्वामी। जमन यू-बोट (पनडुब्बी) इग्लिश चनल और वे ऑफ बिस्के' से होकर आयी और अटलाटिक सागर मे पश्चिम अफ्रीका के तट से होकर दक्षिण अफ्रीका के जल-प्रागण से गुजरती हुई हिन्द महासागर म प्रविष्ट हुई, जहाँ मडगास्कर टापू के दक्षिण म एक स्थल पर वह यात्रा समाप्त हुई। वहाँ भारी जोखिम उठाकर सुभाष को एक जापानी पनडुब्बी पर सवार कराया गया जो उन्ह सुमात्रा ले गयी जहाँ वे 1 मई 1943 को उतरे। 16 मई को उन्हे विमान द्वारा तोक्यो लाया गया।

तोक्यो म कुछ समय रहने के बाद और जनरल तोजो से शिष्टाचार-भेंट के बाद सुभाष 2 जुलाई, 1943 को सिंगापुर पहुँच गये। उनके आने की घटना का समस्त दक्षिण-पूव एशिया और विशेषकर मलाया के भारतीया द्वारा भारी स्वागत किया गया क्याकि यह एक निर्विवाद तथ्य था कि हालाँकि एक उग्रवादी व्यक्ति होने के नाते सुभाष को लोकप्रिय भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस के प्रति गलतफहमी थी तो भी उनम भारी आकषण था।

उनके आगमन से सवाधिक आनदित हुए स्वय रासबिहारी। अस्वस्थता और बेहद काम के बावजूद वे सुभाष को लान के लिए तोक्यो तक गय। वे मर्यादा व शिष्टाचार के घोर आग्रही थे। इसलिए चाहते थे कि उनके उत्तराधिकारी के साथ यथासम्भव सौजन्यपूण व्यवहार किया जाए। दोनो एक साथ एक ही विमान म सिंगापुर पहुँचे।

उनके साथ सिंगापुर पहुँचने के दो दिन बाद रासबिहारी न कात हाल म

दौरान जर्मनी के साथ मिलकर लडाई म भाग लिया था तो भी जापानियो के बीच हिटलर की नीतियो के प्रति एक सदह अदर-ही-अदर विद्यमान था। जापान एक राजतत्रीय देश था जहाँ के लोग सम्राट को दिव्य व्यक्ति मानते थे। हिटलर का, जाकि नाजी पार्टी का नेता था, एक पूर्णतया भिन्न व्यक्तित्व था। नाजी व्यवस्था और जापानी परम्परा दो मूलत भिन्न बाते थी।

यह जानकर कि शिवराम को कुछ परेशानी हा रही थी, मैंने हिकारी किकन म सवाददाताओ के साथ अलग से एक अनौपचारिक सभा करने का निर्णय किया। वहाँ भी आरम्भ म तो बडी कठिनाई हुई। न जाने क्यो जापानी समाचारपत्र जगत न सुभाष का पसद नहीं किया था। वे एक विचित्र प्रकार की प्रतिकूल प्रतिक्रिया दर्शा रहे थे। लेकिन किसी ने कोई निश्चित शिकायत नहीं की। तो भी धीरे धीरे सभा म शाति का वातावरण छा गया। बाद म शिवराम न बताया कि जापानी भाषा म मेरी पारगतता ही सभा का वातावरण बदलने म सहायक हुई थी।

सर्वप्रथम तो वह घोषणा समस्या का कारण बनी जो सुभाष न स्वतत्र भारत की अन्तरिम सरकार बनाये जाने के सम्बन्ध म कातै हाल की सभा म की थी। जापानियो को इससे कुछ परेशानी हुई हो, ऐसी बात तो प्रतीत नहीं होती थी किन्तु 'नेताजी' शब्द उन्हे लगातार परेशान कर रहा था। उनका विचार था कि सुभाष दक्षिण-पूर्व और पूर्व एशिया म जापानियो के स्थान पर नेता बनने का प्रयास कर रहे हैं। तथ्य यह था कि उन्होने पनडुब्बी की अपनी यात्रा के दौरान यह विशेष नाम अपने लिए चुन लिया था और शिवराम न अनजाने ही उसे प्रचारित भी कर दिया था। अब यह जिम्मा मेरा था कि जापानी समाचारपत्र-जगत के प्रतिनिधियो से इस नाम को स्वीकृति दिलावें।

मैंने इस शब्द के मासूम अर्थ के बारे म बहुत व्याख्यान आदि दिये। हिन्दी भाषा म इस शब्द का किसी भी प्रकार के नेता के लिए उपयोग किया जा सकता है। इस शब्द का तात्पर्य इतना ही है कि सुभाष भारतीय समुदाय के नेता हैं। पत्रकारो म से कुछ तो पूर्णतया असतुष्ट थे। फिर भी अतत किसी ने विरोध पर कोई खास बल नहीं दिया।

आतरिक स्वरूप की एक अन्य समस्या भी थी। मलाया म और भारतीय राष्ट्रीय सेना म भी बहुत से मुसलमान थे जो हिन्दुत्व की प्रतीक किसी भी बात से खुश न थे और उसे सदेह की दृष्टि म देखते थे। नेताजी संस्कृत भाषा का शब्द था किन्तु कहना ही होगा कि यह सुभाष की ही महानता का प्रताप था कि गुरू-गुरू की थोडी नाराजगी के बाद मुस्लिम बधुओ के इस बारे म मन का सदेह भी जाता रहा।

रासबिहारी से उत्तराधिकार प्राप्त करने के दिन म ही सुभाष का नारा

के बल पर भारत का स्वतन्त्रता दिलाने वाली शक्ति के रूप म आजाद हिंद फौज के निर्माण व दढीकरण की धुन सताने लगी। इसलिए उनके प्रयास पूरी तरह आई० एन० ए० से सलग्न लगभग 10 हजार जवानो के लिए प्रशिक्षण व अन्य सुविधाएँ अधिक मात्रा म बेहतर माल-सामान आदि प्राप्त करन की दिशा म ही होने लग। साथ ही युद्धबदी शिविरा और मलाया की असनिक आबादी म से ताजा भरती के बल पर आई० एन० ए० की सदस्य-सख्या को बढान के भी प्रयास किये जान लग।

5 जुलाई को अर्थात काते हॉल की सभा के अगले दिन उन्होंने नागरिक वेश भूपा त्याग दी और सनिक वर्दी और बूट पहन लिय (अगस्त, 1945 म उनके तिरोधान काल तक यही उनकी औपचारिक वेशभूपा रही।) सिटी हॉल के मदान म सम्पन्न भारतीय सैनिका व नागरिका की एक विशाल सभा म उन्होंने बहुत आवेश के साथ घोपणा की कि आई० एन० ए० द्वारा एक सशस्त्र आक्रमण के बल पर भारत को स्वतन्त्रता दिलायी जानी चाहिए और इस काय म सहायक सभी साधनो को अपने म शामिल कर लिया जाना चाहिए। उन्हाने सनिका को दिल्ली चलो' का नारा दिया।

उन्होने चर्चिल की भापा मे कहा कि 'स्वतनता प्राप्ति की प्रक्रिया जसे काय म शहादत के एवज मे वे अपने अनुयायिया को भूख, प्यास, कठिनाई जबरन यात्रा और मृत्यु" का उपहार दे रहे थे। खेद की बात है कि वह भापण भयानक रूप से भविष्यसूचक सिद्ध हुआ जिसका प्रमाण एक वप से भी कम समय के इफाल अभियान म मिल गया।

6 जुलाई का आई० एन० ए० के सदस्या की एक औपचारिक परेड आयो जित की गयी जिसम सुभाप ने सलामी ली और फिर वसा ही भापण किया। जनरल तोजो, जो उस समय मलाया के जापान अधिकृत क्षेना की निरीक्षण-यात्रा पर सिंगापुर आय हुए थ इस सभा मे आये। विभिन्न क्षेत्रो की यात्रा के दौरान व मनीला से आये थे। उन्होंने ब्रिटेन से स्वतन्त्रता जीतने म भारत की सहायता के लिए जापान की तत्परता की पुन पुष्टि की।

इस परेड के दौरान हुई एक दुघटना ने दशका के बीच के अधविश्वासी लोगो को बहुत परेशान कर दिया। आगे-आगे चलने वाले एक जापानी टक पर एक भारतीय राष्ट्रीय झडा लगा था, सयोगवश वह झडा सडक के आर-पार लगे तारो म उलझकर अपने डडे से अलग हो गया और धरती पर गिर गया तथा पीछे आन वाले वाहन के नीचे कुचला गया। सुभाप बहुत क्रुद्ध हो गय। जनरल तोजो न कोई भाव नही दर्शाया।

छह मास की अवधि म आई० एन० ए० की सदस्य-सख्या बढकर 30 हजार तक पहुच गयी। लेकिन खेद इस बात का था कि कनल भोंसले और उनके

कार्यालय के कमचारियो के बढिया काम के बावजूद इतनी बडी सदस्य सख्या का सभार-तत्र और अय सगठनात्मक व्यवस्था लगातार कमजार पडती गयी। भारतीय समुदाय के हजारा गर सनिक नागरिक जो युद्ध विषयक जानकारी स वचित थे, केवल आई० एन० ए० की यूनिफाम धारण कर सल्यूट करना और अकडकर चलना सीख गये थे। वे या घमत फिरत थ माना नव विस्तारित सेना के सदस्य हो। व केवल जापानियो स विशेष लाभ आदि प्राप्त करन के उद्देश्य स ऐसा किया करते थे। इस प्रकार सुभाष की आई० एन० ए० के ऐसा आचरण करन वाला के कारण सेना की प्रभावकारी शक्ति पहल से कही कम हो गयी थी। वास्तव म सही सख्या क्या थी, यह कोई भी नही जानता था।

जब सन् 1945 म, ब्रिटेन न पुन बमा व थाईलैंड आदि पर कब्ज़ा कर लिया, हिन्द चीन सयुक्त शक्तियो की सेना के हाथ आ चुका था, उस समय आई० एन० ए० की सदस्य-सख्या कोई 23 हज़ार थी जिसम सभी श्रणियो के कमचारी शामिल थे।

सुभाष तथा हिकारी किकन व जापान सरकार के अय अधिकारीगणा के बीच सपक केवल आई० एन० ए० की ओर से किये जान वाले अनुरोधो तक ही सीमित था। जापान के सम्मुख उपस्थित अपनी कठिनाइयो के कारण मागे मुख्यत तो अपूण ही रह जाती थी। ज्या ज्या जापान के खिलाफ युद्ध का दबाव बढता गया स्थिति दिन ब दिन खराब होती गयी। सुभाष न प्रशसनीय साहस व दढता का परिचय दिया।

लेकिन खेद की बात यह थी कि गर सनिक भारतीय समुदाय के सभी मामलो को उच्चतम नेता द्वारा नज़रअदाज किया जा रहा था। इसलिए जापानी अधिकारियो के साथ विचार-विमश करके इन मामलो का निपटारा करना पूरी तरह मेरा ही जिम्मा बन गया।

डाक्टरा की सलाह के अनुसार रासबिहारी को पेनाग मे, जहाँ की जलवायु सिंगापुर की तुलना म बेहतर थी, कुछ दिन विश्राम करने को राजी कर लिया गया। वहा मै उनके साथ ही रहा। लेकिन एक मास के भीतर ही हम वहा से लौट आये और रासबिहारी ने तोक्यो लौटने के लिए तयारी आरम्भ कर दी।

उनकी रवानगी की पूव सध्या को म पूरा दिन उनके घर पर ही रहा था। उन सभी के लिए, जो उनके साथ काम कर चुके थे, यह एक अति हृदय विदारक दिन था। सुभाष से विदा लेने की इच्छा से रासबिहारी ने अपने सचिव शेषन से कहा कि टेलीफान द्वारा सुभाष को सूचित कर दे कि व शाम को उनके बगले पर आएँगे और बगाली शैली का भोजन भी करेंगे। सुभाष ने एकदम उत्तर दिया "नही-नही, मैं स्वय आकर उन्ह लिवा ले जाऊँगा, कृपया उनसे कहे कि मेरी प्रतीक्षा करे"। वे शाम को छह बजे अपनी शानदार चेवरले गाडी म आए और

रासबिहारी को अपने घर लिवा ने गय ।

रासबिहारी ने मुझस पूछा था कि अतत तोक्यो लौटन स पूव सुभाष को क्या सलाह देना उचित रहगा। मैं जानता था कि यह रासबिहारी का काम करन का तरीका था। अगर कभी उन्हे किसी निणय के लिए अय किसी की सहायता की आवश्यकता नही भी हुआ करती थी, फिर भी वे (यह ऐसा ही एक अवसर था) अपने विश्वासपात्र साथियो स उनका मत पूछ लिया करते थ। मैंने क्वल इतना कहा कि 'आप जानत है कि उनस क्या कहना चाहिए, मरे लिए कुछ भी कहने की आवश्यकता ही कहाँ है?' 'रासबिहारी क मुख पर बडी समझदारी की मुस्कान छा गयी और वे बोले, 'हाँ ये बात तुम्हारी प्रवत्ति के अनुकूल ही है। मैं जानता था कि तुम यही कहोगे'' ।

बाद म उन्हान सुभाष क साथ अपनी बातचीत का साराश मुझे कह सुनाया। उन्हाने युद्ध के बारे म सुभाष का विस्तार स समझा दिया था। जापान बडी गभीर कठिनाई म था, हर स्थान पर खाद्यादि का भारी अभाव था और निर्धारित राशन आदि म भारी कटौती की जा रही थी। आपातकालीन युद्ध प्रशिक्षण स्त्रियों क लिए भी लागू कर दिया गया था। शस्त्रास्त्र की कमी होने लगी थी, राइफलों और सगीनो क स्थान पर बास के बने अस्त्रो का प्रशिक्षण क अभ्यास के लिए उप योग किया जा रहा था। उन्हान सुभाष का बताया कि इस विचार का त्याग ही श्रयस्कर होगा कि आई० एन० ए० सना ब्रिटेन के साथ युद्ध करेगी और विजयी होगी।

उन्होन सुभाष से कहा 'हमारे पास दो जोडी आखें होनी चाहिए। एक चेहरे पर सामन और एक पीछे की ओर'। पीछे की ओर वाली आखे पृष्ठभूमि की गति विधि देखने के लिए हो यानी युद्ध स्थल म और स्वय जापान म क्या हो रहा है और सामन की आखें, वतमान म देखे और इस बात का फसला करें कि भविष्य मे क्या होने वाला है ।

रासबिहारी ने सुभाष को यह चेतावनी भी दी कि उन्हे मचुको और अय जापानी अधिकृत क्षेत्रो की कहानी (विशेषकर चीन की) अवश्य स्मरण रखनी चाहिए। जापानियो की अति नतिक मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति क कारण बहुत कठि-नाइयाँ उठ सकती थी। इतना ही नही, यदि व किसी देश म कोई बलिदान करेगे ता उसक आधार पर विभिन्न दाव भी उठाएँगे। यदि जापानी सेना ब्रिटेन से जूझने के लिए भारत म प्रवेश करती है तो तोक्यो स्थित सरकार अवश्य ही इस प्रकार सोचगी कि उसे बदले म कुछ पाने का अधिकार प्राप्त हो जाए तो ठीक रहेगा। यह स्वाभाविक मनोवैज्ञानिकता थी किन्तु बात दरअसल यह थी कि हम नही चाहत थे कि भारतीय स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिए कोई विदेशी सनिक या नागरिक अपनी जान खतरे म डाले। भारत का मात्र अपने लागो के बल पर

स्वतन्त्रता प्राप्त करनी चाहिए। सामग्री आदि के रूप मे प्राप्त सहायता का स्वागत हो सकता था। लकिन चूंकि सुभाष के मन म आई० एन० ए० तथा जापानियो द्वारा भारत पर सयुक्त आक्रमण के बडे-बडे इराद थ इसलिए रासबिहारी उनस एमे इरादा के त्याग का गभीरतापूवक अनुरोध कर रह थे क्याकि आई० एन० ए० कभी भी प्रभावकारी ढग स लडाई नही कर सकती थी और न ही भारत म मित्र-शक्तिया की सनाआ के विरुद्ध सनिक कारवाई मे जापानी सफल हो सकत थ।

मैं चुप रहा, कि बिना बाधा के रासबिहारी अपनी बात पूरी कर सके। उन्हान कहा कि उन्होन सुभाष को गाधीजी का 'भारत छोडो' अभियान का स्मरण दिलाया। ब्रिटेन का निश्चित रूप स इस बात पर क्रोध तो था। लेकिन भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस की नीति थी कि भारत को ब्रिटिश सत्ता स मुक्ति दिलायी जाए, ऐसी स्थिति म किसी अन्य दश द्वारा भारत मे आकर ब्रिटेन का स्थान लन की बात का प्रश्न ही नही उठता था। कुल मिलाकर रासबिहारी न सुभाष को यह हार्दिक सलाह दी कि स्वय अपनी देखभाल म और भारत के भीतर स्वतन्त्रता सेनानिया का मनोबल बढान के लिए एक प्रभावकारी तथा अनुशासित सगठन के रूप म आइ० एन० ए० का अस्तित्व अवश्यमेव उपयोगी है। किन्तु इसे कभी भी एग्लो-अमरीकन शक्तिया के साथ युद्ध करने की सभावनापूण शक्ति न माना जाय।

रासबिहारी कुछ देर क लिए रुके। कदाचित यह जानने के लिए कि मै उनस पूछूगा कि सुभाष की प्रतिक्रिया क्या थी किन्तु मैंने जान बूझकर प्रश्न नही किया जसा कि मैने अनुमान लगाया था, शीघ्र ही उन्होने स्वय मुझे बताया कि 'सुभाष ने कोइ टिप्पणी नही की'। रासबिहारी ने अपने खास अदाज म यह भी कहा कि 'सुभाष की मुख मुद्रा से वे बहुत प्रसन्न नही लगते ये। यह स्पष्ट था।

सुभाष रासबिहारी का सम्मान करते थे किन्तु उनकी सलाह नही मानते थे। वे निश्चय ही पूरी ईमानदारी के साथ कडा श्रम करते थे, किन्तु खेद की बात यह है कि प्रस्तुत स्थिति के प्रति अनदेखी प्रवृत्ति अपनाकर और स्वतन्त्र मत रखन वाले सहकर्मिया की वस्तुपरक सलाहो का अनसुनी करके ही व ऐसा करते थे। व अपनी मनमानी करते रह और तीन मास के भीतर आजाद हिन्द की अन्तरिम सरकार का सविधान भी तैयार कर लिया। ये सब कम से कम, सिद्धान्त के स्तर पर तो बगकाक सम्मेलन के सर्वाधिक महत्वपूण प्रस्ताव का उल्लघन था जिसमे कहा गया था कि भारत के भावी सविधान की रूपरेखा भारत के लोगा यानी भारत मे रहन वाले लोगो के द्वारा तैयार की जाएगी।

21 अक्टूबर, 1943 को काते सभा भवन की एक विशाल सभा म उन्हाने इस सविधान का सक्षिप्त रूप घोषित किया। 13 मन्त्रिया के एक मन्त्रिमडल के गठन की भी घोषणा की गयी। उनम ये कप्तान डॉ० लक्ष्मी जो महिलाओ की

सस्थाओ की प्रभारी अधिकारी थी, आइ० एन० ए० के अध्यक्ष कनल जे० क० भोसले और प्रचार मत्री एस० के० अय्यर आदि। 'इश्वर क नाम पर' शपथ ग्रहण कराते हुए सुभाष ने इस अन्तरिम सरकार का भार सभाला और उनके कुल पद थे राज्याध्यक्ष प्रधानमत्री युद्ध मत्री विदशमत्री, और आई० एन० ए० क सुप्रीम कमाडर। रासबिहारी को जोकि तोक्यो म थ, 'सर्वोच्च परामशदाता' नियुक्त किया गया था।

इन सब नयी परिस्थितियो के सम्बध म भारी बहस आदि का अड्डा था मेरा घर। किसी को सुभाष की योग्यता या विश्वसनीयता पर कोई सदह नही था। किन्तु जिन लोगो ने आई० एन० ए० का जन्मत और पलत बढत दखा था और जो यह भी जानत थे कि युद्ध क्या रूप लेता जा रहा है, वे जापानियो की सहायता से सशस्त्र कारवाई क बल पर भारत का स्वतत्रता दिलाने की सुभाष की सनक को शुरू से ही गलत मानत थ। उनकी योजना मूत रूप न ले सकी। यदि यह मान भी लिया जाता कि जापानी सनाओ का उपयोग किया जा सकता था तो भी वह अव्यवहाय ही होता क्योकि हर क्षेत्र मे युद्ध स्थिति जापानियो के लिए अत्यधिक प्रतिकूल होती जा रही थी।

सुभाष हमारे विचार भली भाति जानत थे। शिवराम और मैंने कई बार उन्ह अपने विचार बदलने के लिए राजी करना चाहा था। किन्तु उनका स्वभाव हालाकि वे बहुत ही ईमानदार और कतव्यनिष्ठ थे इतना हठीला और दुराग्रही था कि व अपने विचार बदलने को बिलकुल भी तयार नही थ। हमे एक मलयालम कहावत की याद हो आयी जिसम एक एसे व्यक्ति का वणन है जो इस बात पर बल दिए जाता है कि जो घोडा उसने पकडा है उसके दो साग हैं हालाकि किसी को एक भी सीग दिखायी नही देता था।

एक दिन उन्होने अचानक ही स्वय भारत के लिए प्रसारण करने का निश्चय किया। उन्होने स्वय ही उस वार्ता की पाडुलिपि भी तयार कर ली। आई० आई० एल० के प्रचार विभाग की निर्धारित प्रथा के अनुसार जो अभी भी मरे ही नियत्रण म थी, वह वाता मरे पास लायी गयी ताकि मैं उस पढ लू। उस वाता म महात्मा गाधी, जवाहरलाल नेहरू व अन्य सम्मानित भारतीय राष्ट्रीय नेताओ के लिए अपमानसूचक कुछ अशा को दखकर मैं आश्चयचकित रह गया। वह सब ऐसे ढग से लिखा गया था जो अशोभनीय था। मैं इस प्रकार की वार्ता के प्रसारण की कभी भी अनुमति न दे सकता था जिसम निजी प्रतिकार भावना की बू आती हो। बिना कोई बतगड बनाये, जिसके परिणाम मे बेकार की विरोध भावना खडी हो सकती थी मैंने कवल आपत्तिजनक अशो को काट कर उस पाडुलिपि का पुन टाइप करवा दिया और सुभाष को भेज दिया।

जब वह प्रसारण आरम्भ करने वाले थ तो परिवतनो पर उनका ध्यान गया

और वे आश्चर्यचकित रह गय। उन्हान अय्यर से पूछा कि कुछ काटा गया था या रह गया था या कि प्रचार विभाग म किसी ने परिवतन किया था? अय्यर को निश्चिय ही सब कुछ ज्ञात था और उसन उन्हे सच सच बता दिया कि मैंने उसम से कुछ अश काट दिए थे। सुभाष न टिप्पणी की 'ओह! नायर साहब ने उन्हे काटा है?" आग कुछ न कहा और जो पाडुलिपि मैंन भेजी थी उसी को प्रसारित कर दिया।

अगले दिन उन्होंने अय्यर के (जो न जाने कस, सुभाष के निकटतम के कृपा-पात्र बन चुके थे और आइ० आई० एल० के उचित कार्यों को छोड और सभी कुछ कर रह थे) हाथा मुने सन्दश भेजा कि वे जानना चाहते थे कि उनके मसौदे मे से कुछ अश क्या मैंन काट दिये थे। मैंन अय्यर को बाते स्पष्ट करते हुए बताया कि चर्चित अश हरगिज शामिल नही किये जाने चाहिए। यह लीग की नीति न थी कि भारत के राष्ट्रीय नताआ मे से किसी पर आक्षेप किया जाए। मैंने अय्यर से सुभाष को य भी स्मरण करान को कहा कि जबकि उन्हे शानो शौकत और आराम से रहने का सौभाग्य प्राप्त है और वे एक अति शानदार महल मे रह रहे हैं भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस के नेता जिन्हे वे अपशब्द कहने का हक समझते है भारत म ब्रिटिश जेला मे सड रह है। हम अमर्यादित और असतुलित कोई काय नही करना चाहिए और न ही अपने देश के नेताआ के विरुद्ध कुछ कहना चाहिए। मामला वही समाप्त हो गया।

सुभाष का काम काज का तरीका रासबिहारी से बहुत भिन्न था। रास बिहारी हालाकि गभीर अवसरो पर एक कडे अनुशासन प्रेमी थे मगर निजी रूप स बडे अनौपचारिक थ। अपने साथिया के साथ हँसी मजाक भी किया करते थे। किन्तु सुभाष सदा अपन साथिया से एक फासला बनाये रखते थे। उनके व्यवहार म एक प्रकार की मालिक नौकर की सी भावना दिखायी देती थी। इतना ही नही, यह भी खेद की बात थी कि वे उन सबके प्रति जो रासबिहारी के निकट सम्पर्क म काम करते रह थे, एक अस्पष्ट सदेह पाले हुए थे, उन व्यक्तियो म मैं और शिवराम भी थे।

मुझे सूचना मिली थी कि जमन गुप्तचर विभाग मुझे इसलिए पस द नही करता था कि उनकी तुलना म जापानी हाई कमान म मेरी कही अधिक सुनवाई हुआ करती थी, सुभाष के मन म उन्हान ही मेरे विरुद्ध द्वेष भावना जगा दी थी। साथ ही उन्हाने सुभाष को बताया था कि मेरे जसे आई० आई० एल० के मुख्य सम्पर्क अधिकारी की अवहेलना करना अच्छा न होगा। इस प्रकार हमारे नये नेता एक द्विविधा म थे कि मेरे साथ क्या व्यवहार किया जाए। उन्हे परेशान होने की कोई आवश्यकता न थी। मैं सदा उनके और लीग के साथ था, जब तक कि वगकाक म, निर्धारित नीतियो का पालन किया जा रहा था। मै सुभाष का प्रति-

द्वन्द्वी नहा था, वल्कि रामबिहारी व अन्य जना द्वारा जिसम मुख्यत मैं भी था, स्थापित सस्था का एक सच्चा सेवक था। मै मोहनसिंह न था जिसके मन म नतत्व हडप लेने की चाह थी या जो अपने मन मे एक तानाशाह बनन की आकांक्षा पाल रहा था। यह बडे ही खेद की बात थी कि सुभाप ने मरे और शिवराम जस व्यक्तियो को आरम्भ मे ठीक से पहचाना ही नही। काला तर म अलवत्ता व हम पहचान गये।

मैं तथा उस अभियान मे मेरे निकट के साथी चापलूसी की कला म पारगत नही थे। कुछ लोग एसे थे जो अपन निजी लाभ के लिए एसा कर लिया करत थे। उनम थे एस० ए० अय्यर ए० एम० साहे और डा० (कनल) ए० सी० चटर्जी। कनल डी० एस० राजू को सुभाप का निजी चिकित्सक चुने जान का सम्मान प्राप्त था। दुर्भाग्यवश नये विश्वासपात्रो मे से अधिकाश 'जी हुजूरी' का पाट वखूबी निभा रहे थ, जिनका मूल काम ही था नेता का वह सब वताना, जोकि वह सुनना चाहता था। वे निष्पक्ष सलाह प्रस्तुत करने मे रुचि नही रखते थे।

प्रचार विभाग के काय-कलाप मे, जिस शिवराम और मैंन इतना कष्ट उठा कर, एक अति कायक्षम व्यवस्था का रूप दिया था—गत्यावरोध उत्पन्न हो गया। विभिन्न भापाआ म वितरित हमारे समाचार बुलेटिनो और रेडियो प्रचार तत्र के माध्यम से हमने भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस के समथन मे प्रचार की एक योजना चला रखी थी। सुभाप के अधीन इस स्थिति म परिवतन आ गया। व प्रचार की दिशा म किसी भी नीति के अनुसार काम करने म रुचि नही रखत थे। उनका रुख कवल युद्धप्रियता ही दर्शाता था जो रह रहकर उजागर हो उठता था।

इसम स देह नही कि उनके निजी आकपण के कारण सदा ही बहुत वडी सख्या म लोग उ ह सुनन आया करत थे। लेकिन विशाल श्रोता समूह और उनकी आराधना भावना व प्रशसा से प्राय वे उत्तेजित हो उठते थे और वह उत्तेजना उस सीमा को पहुँच जाती जब अनजाने ही वे समझदारी का त्याग कर बडी भावुक लहरा म बह जाते और परिणाम की परवाह नही करत थ। सन 1943 की सर्दियो म एक सावजनिक भापण के दौरान उ होन घोपणा की कि वप का अ त होन म पूव आइ० एन० ए० सेना भारत की धरती पर कदम रखेगी। इस भापण का आम जनता म बहुत सशक्त प्रभाव पडा। किन्तु यह बात एकदम बुद्धिमत्तापूण नही थी। एक तो यह कि आई० एन० ए० सन् 1943 के अ त स पूव भारत की धरती पर कदम रखने योग्य बिलकुल न थी। दूसरी बात यह कि यदि भारत पर आक्रमण करने के लिए उसकी तयारी का ही प्रश्न था तो एक सेनाध्यक्ष के लिए घटना से पूव उसकी घोपणा करना वांछनीय न था। सुभाप ने शत्रु पक्ष को पूव सूचना का एक उपयोगी समाचार दिया जिसन उसका सम्पूण लाभ उठात हुए प्रतिरक्षा का पर्याप्त प्रब ध कर लिया।

शिवराम और मैंने इस समाचार को दबाने का बहुत प्रयास किया, जो समाचार-जगत समस्त विश्व में फैला रहा था, किन्तु हम पूर्ण सफलता प्राप्त न हुई। हानि हो चुकी थी। श्रोताओं की एक विशाल और जय जयकार करती भीड़ को देखकर सुभाष उत्तेजना की लहर में बह गये। भाषणबाजी के एक ही झोंके में अनजाने ही उन्होंने इम्फाल और कोहिमा की अपनी प्रिय योजनाओं की सफलता के सभी अवसरों की संभावना का गला घोट दिया था। संयुक्त दक्षिण-पूर्व एशिया कमान' में, इस चुनौती का सामना करने के उद्देश्य से बहुत वृद्धि कर दी गयी जिसका उद्देश्य इस चुनौती को पूर्णतया मिटा देना था।

अय्यर एक अति कुशल पत्रकार और प्रचार विशेषज्ञ थे। यदि सुभाष को मेरी या शिवराम की आवश्यकता न रहती तो भी संस्था की भलाई के लिए वे अय्यर की सेवाओं का सदुपयोग कर सकते थे। चूंकि हमारा विचार किसी भी बात में एकाधिकार स्थापित करने का न था इसलिए हम इस बात पर कोई आपत्ति भी नहीं हो सकती थी। हमारे पास करने को और बहुत से काम थे। हमारा लक्ष्य यही था कि अभियान को सफलता मिले। किन्तु यह विचित्र बात ही कही जायेगी कि अय्यर, जोकि एक 'मन्त्री' थे, दूतकार्य सम्पन्न किया करते थे। हां, उन्हें एक अति उच्च व सम्मानित सम्बोधन यानी 'प्रथम मन्त्री' कहकर पुकारा जाता था। यह बात नहीं थी। मालूम नहीं, इस खिताब का अर्थ क्या था। वे दुनिया भर के काम लिये फिरते थे। वे काम क्या थे, किसी को भी इसका ठीक ठीक ज्ञान न था।

सुभाष वास्तव में जर्मनी के समर्थक है या नहीं यह मत व्यक्त कराने के लिए मुझे बाध्य करने या उकसानेवाले लोगों के कारण मुझे कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। सत्य तो यह था कि मुझे भी कुछ सन्देह था कि वे जर्मनी के समर्थक थे। किन्तु प्रत्यक्ष रूप से उन लोगों को कुछ भी नहीं बता सकता था जो गलतफहमी के शिकार हो सकते थे। खेद की बात है कि सुभाष ने आरंभ से ही यह आभास दिलाया था कि वे जर्मनी के भारी समर्थक थे। इसका अर्थ यह था कि वे हिटलर की राजनीतिक सैनिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को पसन्द करते थे। एक साधारण किन्तु महत्वपूर्ण उदाहरण यह था कि सिंगापुर पहुँचते ही उन्होंने आदेश दिया कि जर्मन सैनिक अधिकारी के वेश के समान ही एक सैनिक यूनिफार्म उनके लिए तैयार की जाए। जब मुझे और मेरे साथियों को इस बात का पता चला तो हमने ऐसा वेश धारण न करने की उन्हें सलाह दी। कुछ जापानी अधिकारियों को इसकी जाने कैसे भनक पड़ चुकी थी और उनमें से कुछ मजाकिया लोगों ने सुभाष को 'नव फ्यूरर' कहकर पुकारना आरंभ कर दिया था। दर्जी ने वह यूनिफार्म ला तैयार कर दी लेकिन पुनर्विचार के पश्चात सुभाष ने उसे न पहनने का निश्चय किया। बदले में उन्होंने एक भारतीय सैनिक अधिकारी की

वेशभूषा से कुछ कुछ मिलता जुलता परिधान धारण करने का निर्णय किया।

सैनिक साज सामान या अधिकार सूचक अन्य वाह्याडम्बर का रासबिहारी की दृष्टि म कोई महत्त्व न था। वे 'जन्मजात नेता' थ, जिन्हें दिखावे या आडम्बर की कोई आवश्यकता नहीं थी, किन्तु सुभाष को यह सब बहुत प्रिय था। सुभाष एक सशक्त रक्षक दल मे घिरे सागर तट पर स्थित कटाग क्षेत्र म एक विशाल व शानदार भवन मे रहते थ और सहायको की (जिनम एक निजी खिदमतगार भी था) एक टुकडी के साथ बडी शानोशौकत के साथ यात्रा किया करते थे। उन्होंने अपने निजी उपयोग के लिए जनरल तोजो से 12 सीटो वाला एक विमान भी प्राप्त कर लिया था। विमान सम्बन्धी इस कहानी का एक अति रोचक पहलू यह था कि सुभाष ने एक भारतीय विमान चालक की नियुक्ति की माग की। जनरल तोजा ने मुस्कराकर यह कहते हुए उनका यह अनुरोध नामजूर कर दिया कि मैं यह जोखिम उठाना नही चाहता कि विमान गलत दिशा म उडाकर ले जाया जाए। हमारे नेता द्वारा पद व स्थिति के प्रतीको के उपयोग का लेकर हमम से किसी को कोइ आपत्ति न थी। वास्तव मे हम तो यह चाहते थे कि उन्हे हर तरह का आराम व सुविधा प्राप्त हाने ही चाहिए। लेकिन इस बात को एक पूजा वस्तु' की-सी मान्यता क्यो दी जाए जिससे लोगो को कुछ अप्रिय कहने का मौका मिले।

मैं यह सब दोषारोपण की भावना से नही कह रहा हूँ बल्कि केवल इस दृष्टि स कि मेरे पाठक कदाचित जानना चाहग कि जिस व्यक्ति न अत्यधिक सक्रियता पूवक आई० आई० एल० आर आइ० एन० ए० को एक ठोस आधार पर गठित किया था आर उसे अपने उत्तराधिकारी का अच्छी हालत म और बिना किसी बतगड के सौप दिया था, उन दोना क व्यक्तित्व मे कितना अन्तर था।

अगस्त 1943 मे, कनल इवाकुरो का सिगापुर से स्थानातरित कर दिया गया और उनके स्थान पर कनल सताशी यामामोतो नियुक्त कर दिये गये, जो उससे पूव बर्लिन म जापान के सनिक अताश' रह चुके थे आर जिन्हे सुभाष जानत थे। यह दुर्भाग्य ही कहा जायगा कि हालाकि सुभाष का उनके साथ बर्लिन मे परिचय था ता भी सिगापुर म उनकी बहुत नही पटी। हिकारी किकन की मनो दशा भी इवाकुरो के काल की तुलना म कुछ बदलती जा रही थी। पूवकालीन सौहार्द कुछ घटता जा रहा था।

जब सुभाष ने स्वतन्त्र भारत की अस्थाई सरकार को जापान सरकार द्वारा औपचारिक मान्यता दिय जाने का अनुरोध किया तो यामामोतो ने इस मामले को सिफ यह कहकर टाल दिया कि फसला तोक्यो स्थित सरकार तन्त्र द्वारा किया जायेगा। द्वितीय ब्यूरो क 8वे विभाग के कनल नागी को मौके के निरीक्षण और सुभाष के साथ विचार विमश आदि करने क लिए भेजा। नागी बहुत अधिक तो प्रभावित नही हुआ किन्तु उसने भाड म जाओ' जैसी प्रवृत्ति अपनायी और

'मान्यता' की सिफारिश कर दी। तब तोजो ने अपनी सम्मति दी और उसके बाद 21 अक्तूबर को काते हॉल म सुभाष ने सगत औपचारिक घोषणा की।

इस बीच कनल भासले के नेतत्व म आई० एन० ए० का पुनगठन काय धीमी गति से चलता रहा और उन्ह माल-सामान भी बहुत निम्न स्तर का मिलता रहा। यह सब अपरिहाय था क्योंकि जापानी स्वय भी सैनिक व राजनीतिक सन्दभ म किसी अच्छी स्थिति म न थे। उन्ह गभीर पराजय उठानी पड रही थी। आइ० एन० ए० को दिये जानेवाले अधिकाश अस्त्र सिंगापुर म उसके समपण के अवसर पर ब्रिटिश व भारतीय सेनाओ से जब्त किय गये सामान मे से थे।

पुनगठित आई० एन० ए० की सदस्य सख्या सुभाष के लक्ष्य अर्थात तीन लाख तक कभी भी नही पहुँच सकी जिसकी चर्चा वे अनक बार कर भी चुके थे। (एक बार तो भावातिरेक म बहकर उन्हाने इसी सख्या को वास्तव म तीस लाख भी घोषित कर दिया था किन्तु बाद म उन्होन स्वय ही अपनी भूल स्वीकार कर ली थी।) सर्वाधिक बडी सख्या 25 से 30 हजार के बीच थी और वह भी मुख्यत केवल कागज पर यक्ति आकडा क रूप मे ही। आवश्यकता पडने पर वास्तव म युद्ध कर सकने याग्य सनिक सख्या, जिनके पास पुराने तथा हल्के स्तर के अस्त्र भी थ 12 और 15 हजार के भीतर ही थी।

25 अगस्त, 1943 को सुप्रीम कमाडर के रूप मे सुभाष ने आई० एन० ए० का सम्पूण नियत्रण सभाल लिया। सेना के नियमा आदि की एक नव सहिता तयार की गयी थी। लेकिन जापानी सेना से भिन्न एक स्वतत्र और अलग' इकाई के रूप म आई० एन० ए० को जापान की मान्यता प्राप्त कराना कठिन सिद्ध हुआ। 'सदन एक्सपेडिशन फोसस' के कमाडर इन चीफ फील्ड माशल कौन्ट जुइची तेराउची इसके विरुद्ध थे। उनका विचार था कि एक युद्धक शक्ति के रूप मे आई० एन० ए० अपर्याप्त है। अत उसे केवल गौण सहायक भूमिकाएँ ही दी जा सकती है। उन्हे यह भी भय था कि यदि इस सेना को कही युद्धस्थल मे अकेले भेज दिया जाय और यदि वह ब्रिटिश पक्ष से जा मिलने का निणय करे तो जापानी पक्ष उस पर कोई नियत्रण नहो रख पायेगा। इसलिए उन्होंने जापानियो के निरीक्षणात्मक अतिम अधिकारो का त्याग अस्वीकार कर दिया।

कुछ पीछे मुडकर देखे तो पता चलेगा कि सुभाष पूव एशिया मे उस काल म आये थे जब जापान को युद्ध म भारी पराजय उठानी पड रही थी। वास्तव मे, आरभ म प्राप्त सफलताएँ बीच मे ही रुक गयी थी। एडमिरल इसाराकू यामामातो के सनिक बेडे को अमरीकी नौसेना के हाथा भारी हार खानी पडी थी। यह घटना 1942 के आरम्भ की है। जापानी पक्ष को क्षति उठानी पडी थी, चार विमान वाहक पोत एक अति विशाल युद्धक गश्ती पोत और 300 से अधिक विमान नष्ट हो गय थे जबकि अमरीकी पक्ष के बेडे को बहुत ही कम हानि हुई थी।

मिड वे पर जापानी सना री हार का समाचार सनिक सेंसर व्यवस्था क माध्यम स आम जनता का नही बताया गया था। उत्तरी व दक्षिणी लगभग सभी मोर्चों पर अमरीकी उग्र हात जा रह थ। फरवरी 1943 म ग्वादल कनाल म जापानी सना का बहुत क्षति उठाकर पीछे हटना पडा था। उसक कुछ ही समय पश्चात् सर्वाधिक भयकर दुघटना हुई जिसम 14 अप्रल, 1943 को एक अमरीकी विमान न एडमिरल यामामातो के विमान का मार गिराया। अमरीका न जापानी सनिक गुप्त सक्ता आदि का समझ पान म सफलता प्राप्त कर ली थी। व अपन शत्रु (जापान) की थल सना, नौ सना तथा वायु सना की लगभग सभी दनिक गतिविधियो की जानकारी रखते थ।

यूरोप म जमनी का बहुद कठिनाई का सामना करना पड रहा था। पहली फरवरी को स्तालिनग्राद म जमनी की सनसनीखेज हार हुई जिसके बारे म हिटलर ने यह साच रखा था कि उस पर वह आसानी स विजय प्राप्त कर लगा। स्तालिनग्राद असख्य जमन सनिको की कब्रगाह सिद्ध हुआ आर रूसी मुकाबल क इतिहास म एक स्मरणीय अध्याय बन गया।

इन सबके बावजूद, सुभाष आइ० एन० ए० को बडा बनाने के लिए अधिक शस्त्रास्त्र तथा अन्य सुविधाओ की मांग जापानियो के सम्मुख बराबर करत रह। दूसरी तरफ सुभाष के बारे म यह धारणा जोर पकडती रही कि या तो वे यह नही जानते थे कि उनके इर्द-गिर्द क्या हो रहा था या फिर उनके मन म अति आत्म विश्वास की भावना भरी हुई ह। फिर भी सुभाष म ऐसी कुछ बात थी जिसस जापानियो ने बहुत खुलकर कभी उनकी निन्दा नही की और जहाँ तक मानवीय सदभ म सभव था व उनकी मागो को पूरा करन का प्रयास करत रहे।

भीतर ही भीतर, सुभाष आई० एन० ए० की सदस्य सख्या के विस्तार के लिए एक सशक्त अभियान मे सलग्न थे। उन्होन कप्तान डॉ० लक्ष्मी के नेतत्व म रानी झासी रेजिमेन्ट नाम से नारियो की एक टुकडी का गठन भी किया। सुभाष बहुत बढिया वक्ता थे और अपने श्रोताओ मे बहुत प्रबल भावना जगा सकत थे। वे समय समय पर कोष एकत्र करन के अभियान पर निकलत थे। उनका लक्ष्य था, तीन करोड पाउड' और उनका दावा था कि मैं वह धनराशि एकत्र कर लूगा"। वास्तव मे काफी बडी मात्रा म माल एकत्र करने मे वे सफल भी हुए थे क्योकि गरीब श्रमिक वर्ग की नारियाँ भी जो कुछ उनके पास होता था दे देती थी। उन्हे यह लगता था कि वे अपनी मातभूमि के लिए कुछ कर रही है। वह बडा ही मार्मिक दश्य होता जब उनम से बहुत सी स्त्रिया अपना मगल सूत्र तक सुभाष की युद्ध-पेटी मे डाल दिया करती थी।

किन्तु धन एकत्र करने के प्रयासो का सर्वाधिक दुखद प्रसग यह था कि वे

उक्त काम का उचित ढग से लेखा जोखा रखने का कष्ट नही करते थे। कोई नही जानता कि उस राशि म से कितना उन लोगो द्वारा हथिया लिया गया जो उनके इद गिर्द मॅडराया करते थे। इसके अलावा विडम्बना की अति इस तथ्य से हुई कि धनी लोग जो काफी मात्रा म धन दे सकते थे थोडा-सा धन देकर खिसक जाते जबकि सुभाष गरीब लोगो को नही छोडते थे। मैंने एक बार जब सुभाष से कहा कि धनी लोगो से ज्यादा और गरीबो से कम धन वसूला जाए तो उन्होने मेरा अनुमोदन करते हुए यह आश्वासन दिया कि वे स्थिति को सुधारने का प्रयास करेंगे। दुर्भाग्यवश इस स्थिति मे कोई सुधार नही हुआ।

उन दिनो की याद करके मुझे वेदना होती है। विशाल स्तरीय धोखाधडी की चर्चा हुई थी। दु ख की बात तो यह थी कि स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सुभाष कुछ नही कर रहे थे। गरीब भारतीय श्रमिक, जिनमे से अधिकाश तमिलनाडु के थे, जितना दे सकते थे उससे कही अधिक देते थे। मगर उन्हे यह ज्ञात न था कि उनके खून-पसीने की कमाई का बडा भाग कोई अन्य व्यक्ति उडा ले जायगा। सुभाष म देश प्रेम कूट कूटकर भरा था। लेकिन खेद की बात यह है कि अपनी मडली के कुछ सदस्यो को अपने पाप छिपाने के लिए सुभाष ने अपनी प्रशस्ति की आड लेने की अनुमति दे रखी थी। ये आम तौर पर कहा जाता था कि सोने के जेवरात और अन्य मूल्यवान वस्तुएँ एस० ए० अय्यर की निगरानी म थी और केवल वही जानते थे कि कितना माल है और सब कहा रखा हुआ है।

नवम्बर, 1943 म रूजवेल्ट, चर्चिल स्तालिन और चियाकायशेक यह निर्णय करने के लिए काहिरा म मिले कि जापान को फोरमोसा, मचूरिया पेस्करार व जापान द्वारा जबरन हथियाये गये समस्त अन्य क्षेत्रो से, जिनमे कोरिया भी शामिल था, खदेड बाहर किया जाय। बाद म यही नेता तेहरान म भी मिले जहा यह गुप्त निर्णय किया गया कि यूरोपीय युद्ध म विजय प्राप्त करते ही जापानियो पर आक्रमण के लिए रूस, अमरीका तथा ब्रिटेन के साथ आ मिलेगा।

मित्र राष्ट्रो की इन कारवाइयो के सतुलन के रूप मे जनरल तोजो ने उसी मास म तोक्यो म एक सम्मेलन बुलाया था जिसे 'वृहत्तर पूर्व एशिया सम्मेलन' का नाम दिया गया था।

एक तथ्य जो विश्व की नजरो से छिपा न रह सका यह था कि जबकि काहिरा सम्मेलन म चार स्वतंत्र विश्व शक्तियो के नेताओ ने भाग लिया था, वृहत्तर पूर्व एशिया सम्मेलन के लिए उन्ही क्षेत्रो स प्रतिनिधि आये जिन पर जापान का कब्जा था। सिंगापुर से सुभाष आये, बर्मा स डॉ० बामा, थाईलैण्ड से पिबुलसौग्राम, इण्डोनेशिया से सुकरनो, फिलिपीन से लारल और चीन स वाग चिंग वे आये। एक अन्य प्रतिनिधि थे—मचूको के प्रधान मन्त्री। जनरल तोजो ने सभापति का पद सभाला। वहा लिये गए निर्णय काफी एकतरफा थे अर्थात वृहत्तर पूर्व एशिया

सह समृद्धि योजना के अतगत आनवा
विजय प्राप्त न कर ली जाए तब तक प
काहिरा सम्मेलन का समाचार
गया था। इसके विपरीत तोक्यो सम्म
था—जाता के मनोबल को ऊँचा उठा
दौरान सुभाष बहुत लोकप्रिय रहे और
लिखा-कहा गया। उन्होंने स्वय बहुत
जिनमे जनरल तोजो भी थे, खूब धा
परिस्थिति मे इन सबका कोई विशेष म
सुभाष को राजनीतिक बढ़ावा वि
तोजो ने यह घोषणा की कि जापान द्व
निकोबार द्वीप स्वतत्र भारत की अस
चचिन सरकार को अस्थाई रूप म एव
निश्चय ही यह एक 'नाम मात्र का' प्रव
महत्व के सामरिक द्वीपो का नियत्रण
घोषणा का निस्सन्देह दक्षिण-पूर्व ए
पडा।
तोक्यो सम्मेलन से पूर्व की एक
क्योकि इससे सुभाष के अपने उन सह
महत्वपूर्ण पदो पर आसीन थे सवधा
तो उन्हे पता चला कि मै वहा पहले से
पूर्व वे मुझे सिंगापुर म देख चुके थे और
मै उनसे पहले ही तोक्यो कैसे पहुच गय
स्थिति के कारण सामान्य जिज्ञासावश
पूछा जाना चाहिए था ही कि मैं वहाँ
मेरी यात्रा के विषय म कुछ भी जानने
इस प्रकार की अवहेलना का मुझे
रह सका कि रासबिहारी कैसी मानर्व
बोझ क्यो न हो ऐसा स्नेही भाव दिख
कभी कभी तो अवश्य ही सुभाष अपन
थ कि उनके और सुभाष के बीच बफ
मै इतनी जल्दी कैसे पहुँच गया
जापान सरकार उत्सुक थी कि इस सम्
तोक्यो म उपस्थित रहूँ और इसलिए स

अधिकारी देने म असमथ थ । यह इस बात का स्पष्ट सक्त था कि जापानियो के पास सामरिक साधनो का विशेष रूप से अभाव है।

युद्ध के दौरान गुप्त सूचना को गुप्त ही रखा जाना होता है। चर्चित कागज वहा नही होना चाहिए था जहाँ मैंने उसे पाया था। बिना किसी वितडावाद के मैंने उसे गुम करने का प्रबन्ध किया। तत्कालीन परिस्थिति म भी कदाचित उस गुप्त पाडुलिपि का महत्व अधिक नहीं था। खैर, मैं चाहता था कि विशिष्ट गुप्त कागजो की सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया जाए। मैंने उस कागज पर अकित जानकारी को रटकर याद कर लिया और इस बात का इत्मीनान हो जाने पर कि आवश्यकता पडने पर मैं उसे स्मरण कर पाऊँगा, उसे नष्ट कर दिया। बाद मे एक दिन, जब मैंने सुभाष को वही कागज खोजते देखा तो सोचा कि उन्हें सच बता दिया जाना चाहिए। मैंने ऐसा ही किया और यह जानकर मुझे खुशी हुई कि उन्होंने इस मामले को आगे नही बढाया और अय्यर, जो कि समस्त गुप्त फाइलो के प्रभारी माने जाते थे, काफी शर्मिंदा हुए।

हिकारी किकन की प्रत्येक बैठक म सुभाष का प्रिय विषय होता था—भारत पर आक्रमण। श्री सेन दा सदा ही इस योजना का सशक्त विरोध करते थे। उन्हें इस बारे म कोई शक न था कि जापानी या आइ० एन० ए० के सैनिको द्वारा भारत पर सशस्त्र आक्रमण अत्यधिक घातक सिद्ध होगा। किन्तु सुभाष इससे सहमत न थे। विरोध प्रकट करते हुए श्री सेन-दा तोक्यो जाने के लिए सिंगापुर से रवाना हो गये और हिकारी किकन से कह गये कि उस विषय मे आवश्यक परामर्श आइन्दा तोक्यो से ही भेजा जाएगा।

अक्तूबर 1943 मे शिवराम और उनके अधीन कुछ प्रचार कर्मचारी सुभाष के आदेशानुसार, प्रचार-कार्य पुनर्गठित करने के लिए रगून रवाना हुए। बर्मा स्थित हिकारी किकन के अध्यक्ष लेफ्टिनेन्ट कर्नल कितावे ने इस कार्य म विशेष दिलचस्पी नहीं दर्शायी। लेकिन शिवराम ने शीघ्र ही अपने व्यवहार-कौशल से उन्हें जीत लिया और रेडियो रगून से कार्यक्रम प्रसारित करने के लिए एक प्रभावकारी प्रचार-सगठन की स्थापना करने मे वे सफल हो गये। यह एक खतरनाक नियुक्ति थी क्योंकि उस समस्त क्षेत्र पर ब्रिटेन के विमान बमवर्षा कर सकते थे। एक हवाई हमले मे शिवराम के घर पर बम गिर पडा था। यह चमत्कार ही कहा जाएगा कि शिवराम जीवित बच गये थे।

शिवराम पाच छह महीने तक रगून मे रहे और सुभाष के मुख्यालय के साथ जोकि जनवरी 1944 म वहा स्थानातरित कर दिया गया था, सलग्न रहे। सुभाष के कार्यालय मे काम के दौरान प्रचार-मत्री अय्यर के कारण उन्हें बडी कठिनाई उठानी पडी। उनका एक मात्र काम था—सुभाष को खुश रखना। जैसी कि सामान्य प्रत्याशा की जा सकती है वे न तो कोई सकारात्मक परामर्श पाते थे

और न प्रचार सबधी मामलो मे शिवराम की अच्छी सलाह को सुनते थे। विभिन्न मत्रियो के बीच काफी मात्रा मे अन्दरूनी कहा सुनी चला करती थी और अन्य कुछ वरिष्ठ कर्मचारियो मे भ्रष्टाचार भी फैला था। उनमे से एक तो सुभाष के आदेशानुसार आई० एन० ए० के गुप्तचर विभाग द्वारा गिरफ्तार भी किया गया था। शिवराम ने एक बार मुझे बताया कि अपने जीवन भर मे ऐसा बुरा प्रशासन उन्होंने कभी नही देखा था जैसाकि रगून मे सुभाष के मुख्यालय मे कार्य-कलाप के दौरान देखा।

मैं आई० आई० एल० के मुख्यालय के प्रभारी की हैसियत से सिंगापुर मे ही रहा। मेरा कार्यालय अभी भी तोक्यो स्थित जापान सरकार के साथ सम्पर्क का प्रमुख माध्यम था। यह स्थान (आई० आई० एल०) ही एकमात्र साधन था जिसके द्वारा दक्षिण-पूर्व एशिया के भारतीय निवासियो को युद्ध के मोर्चों और भारत मे होनेवाली घटनाओ की जानकारी मिलती। सिंगापुर से समाचारो का वितरण और प्रचार प्रसार जारी रखे गये। सुभाष के पास जिनका ध्यान 'दिल्ली चलो' की सैनिक योजना पर ही केन्द्रित था, जापानी सेनाओ के साथ भारतीय गैर-सैनिक समुदाय के सबधो से जुडी असख्य समस्याओ पर नजर डालने का समय न था। ये समस्यायें सदा ही खीझ और रोष का कारण बनी थी। मैं काफी हद तक हिकारी किकन की सहायता से इन समस्याओ के समाधान का प्रयास करता रहा। प्रति वर्ष नव वर्ष के बाद का पहला सप्ताह जापान मे बहुत उत्सव व आनन्द का समय होता था और अब भी है। किन्तु जनवरी, 1944 मे लोग उदास और निराश थे। सेंसर व्यवस्था के बावजूद जापान की पराजय के समाचार स्वदेश मे पहुँच रहे थे।

प्रशात क्षेत्र के सभी युद्धस्थलो पर थल सेना और नौसेना को वापस लौटना पड रहा था। सप्लाई तथा सेवा आदि की व्यवस्था कर पाना कठिन था। हवाई सेना को भी बुरी तरह मार खानी पड रही थी और एक समय तो ऐसा भी आया जब विमान बर्मा से मँगाये गये एक विशेष गोद से प्लाई वुड का जोड जोडकर तैयार किये जा रहे थे। जब मित्र राष्ट्रो की सेनाओ द्वारा समुद्री मार्गों मे सुरगे बिछा दिये जाने के कारण इस वस्तु की सप्लाई मे भी रोक लग गयी तो जापान की वायु सेना की दशा वास्तव मे शोचनीय हो गयी। भारी कठिनाइयो को सह सकने की विशेष शक्ति से सम्पन्न होने के बावजूद लोगो की सहनशक्ति जवाब देने लगी। हर चीज का नितान्त अभाव था।

इतना ही नही सरकार ने सम्पूर्ण भरती की योजना अपनायी जिसमे 12 से 60 वर्ष के भीतर के सभी पुरुषो का सेना मे शामिल होना था और 12 से 40 वर्ष के बीच की अविवाहिता और विधवा नारियो को भी। एक अति निराशापूर्ण स्थिति मे ताजा ने 'युद्ध प्रयास के समजन' को बेहतर करने के बहाने से स्वय

प्रधान मत्री, युद्ध मत्री और सेनाध्यक्ष आदि के अनक पद सँभाल लिय जैसाकि इतिहास म पहल कभी नही हुआ था और इस प्रकार उन्ह एक नया उपनाम भी मिला 'टोटल तोजो' अर्थात् 'सम्पूण तोजो'।

लगभग सम्पूण हताशा का समय था जब तोजो न बमा की सीमा क पार मित्र राष्ट्रा की सेनाआ के विरुद्ध सुभाष के आक्रमण के सनकी अनुरोध को स्वीकृति द दी। जापानी प्रधान मत्री निश्चित रूप स जानते थे कि उसकी सम्पक-व्यवस्था पर पहले ही बहुत अधिक बोझ हाने और सप्लाई व सवाआ की गभीर कमी की स्थिति मे जापान, दूरस्थ भारत पर आक्रमण कर सकने की स्थिति म बिलकुल नही था। इसलिए यह सब ऐसा प्रतीत हुआ मानो डूबता व्यक्ति तिनक का सहारा लेने का प्रयास कर रहा हो।

एक सनिक होने के नात जो बात आत्मघाती थी उसकी अनुमति देत हुए तोजा को केवल दो ही बाता से प्रेरणा मिली होगी। एक, भारत पर आक्रमण स ही कदाचित बर्मा की प्रतिरक्षा का सर्वोत्तम प्रयास हो सकता था जिसे मित्र शक्तियाँ पुन अपने अधिकार म लेने की तैयारी म थी। दो, जापानी जनता क मनोबल को एक भिन्न दिशा म मोडने के लिए नया मोर्चा खडा करक एक भ्राति उत्पन्न की जा सकती थी कि जापान अब भी टूटने के बजाय जीवित और सघषरत है। सभवतया एक यह धुधली आशा भी थी कि यदि उत्तर पूर्वी भारत का रौंदकर ऐंग्लो-अमरीकी सेनाओ को वहाँ से खदेडा जा सक तो वहाँ स विमान द्वारा भारी मात्रा में चीन भेजी जानेवाली सामग्रियो की सप्लाई को रोका जा सकता है और इस प्रकार चीन के उस क्षेत्र मे जापानी सना पर दबाव को घटाया जा सकता है।

शोक प्रकट करते हुए सुविख्यात व्यक्ति रासबिहारी बोस की अन्त्येष्टि मे आर० एल० कुजु ससई, श्री कोकी हिरोता (दाये से तीसरे) अन्त्येष्टि समारोह के अध्यक्ष जनरल अराकी और (सबसे बाइ ओर) जनरल तोजो।

जनरल तोजो रासबिहारी बोस की अन्त्येष्टि मे एक शोक सदेश पढ़ते हुए।

श्री के० के० चेतूर, तोक्या म आसाही समाचार पत्र म भारतीय सम्पक मिशन के तत्कालीन प्रमुख (बाद म राजदूत) बाये से दायें—स्टाफ़ का एक सदस्य श्री गिची इमाई (मुख्य सपादक, विदेश विभाग)। लेखक, श्री चेतूर और श्री वाडा (सहायक सपादक, विदेश विभाग)

श्री शितारोड्यू प्रधान सपादकीय लेखक, आसाही शिमबन (छायाकार—आसाही शिमबन)

न्यायमूर्ति डॉ० राधा विनोद पाल के साथ लेखक हिराशिमा मेमोरियल मे (1952 मे)। उनके पीछे हैं श्री सेन, बगला द्विभाषिया और श्री मसाहिदे तनाका (जिन्होंने न्यायमूर्ति पाल के विसम्मत निणय के प्रकाशित भाग का अनुवाद किया)।

न्यायमूर्ति डॉ० राधा विनोद पाल (बाइ ओर) और श्री मासाबुरो शिमोनाका

लेखक (स्व०) प्रधानमन्त्री श्रीमती इदिरा गाधी का तोक्या के स्वागत-समारोह म रासबिहारी बोस की पुत्री श्रीमती हिमुची स परिचय कराते हुए।

महारानी एलिजाबेथ ओर ड्यूक आफ एडिनबग (1974 मे) के सम्मान म तोक्यो म राष्ट्र मडल देशा के राजदूतावासा द्वारा शिजुकु गाडन मे आयोजित स्वागत समारोह म—श्रीमती नायर महारानी का स्वागत करते हुए उनके साथ खडे हैं लखक। महारानी के साथ खडे हैं—
त क तत्कालीन राजदूत श्री एस० थान।

हकोने मे पाल शिमोनाका मेमोरियल हॉल (1974)।

पाल शिमोनाका ममोरियल हॉल के एक समारोह के अवसर प्रथम पक्ति, बायें से दायें भारत के तत्कालीन राजदूत और मुख्य अतिथि श्री एरिक गोन्सालवेज, प्रख्यात स्कालर-दार्शनिक डा० तनीकावा, (होसई विश्वविद्यालय क भूतपूव अध्यक्ष तथा पाल मेमोरियल समिति के अध्यक्ष), श्रीमती गोन्सालवेज, श्रीमती कोरा (जापान म टगोर सोसाइटी की अध्यक्षा), लेखक और (सबसे बाइ ओर) श्री तनाका, डॉ०

भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह म (16 सितम्बर 1981) म तत्कालीन भारतीय राजदूत श्री के० पी० एस० मेनन के साथ लेखक। बाये से दाये—श्रीमती मेनन श्री के० पी० एस० मेनन, लेखक और श्रीमती नायर।

तोक्यो म भारतीय राजदूतावास म आयोजित एक स्वागत-समारोह (15 अक्तूबर, 1
म भारत के तत्कालीन उपराष्ट्रपति श्री एम० हिदायतुल्ला के साथ लेखक।

लेखक श्री ए० एम० नायर तोक्यो स्थित अपने घर के अध्ययन कक्ष में 'आर्डर आफ मेरिट आफ द सैकेड ट्रेजर' की उपाधि धारण किए हुए

(8)

26

इम्फाल का मोर्चा

इस परियोजना के गम्भीर सैनिक दोषो पर ध्यान दिये बिना ही सुभाष ने भारत पर आक्रमण के प्रश्न पर तोजो की सहमति को अपनी निजी विजय समझा। उन्होने 'स्वतन्त्र भारत की अस्थायी सरकार' के कार्यालय को जनवरी, 1944 के आरम्भ मे ही रगून स्थानातरित कर लिया था। उससे कुछ समय पहले उन्होने औपचारिक रूप से अण्डमान पर अधिकार कर लिया था। ले० कर्नल ए० डी० लोकनाथन ने जो अण्डमान तथा निकोबार दोनो द्वीपो के चीफ कमिश्नर के पद पर आसीन किए गये थे, पाया कि 'क्षेत्र का हस्तातरण' नाममात्र की ही बात थी, दोनो द्वीपो मे से किसी पर उनका किसी तरह का कोई प्रभावकारी नियन्त्रण नही था।

भारत मे की जानेवाली आक्रमक कारवाई को आपरेशन यू का गुप्त नाम दिया गया था। तोजो से इसकी अनुमति पाने के तुरन्त बाद सुभाष ने बर्मा क्षेत्र मे जापानी सेना के कमाडर ले० जनरल ममाकाजू कवावे और ले० जनरल रेन्या मुतागिच्च के साथ, जो भारत मे उस अभियान के प्रभारी होनेवाले थे बडे दीर्घ विचार विमर्श किए। सुभाष ने प्रस्ताव रखा कि आई०एन०ए० आक्रमण का नेतृत्व करेगी और जापानी सेना उसके पीछे आ सकती है। कवावे क्रोध से आग बबूला हो गए। सुभाष ने जापानी मानसिकता की नासमझी का परिचय दिया। इस घटना से समस्त योजना पर लगभग पानी ही फिर गया। जापानी सैनिक अपने सम्राट के आराधक थे। वे किसी भी गैर जापानी कमाडर के पीछे नही चल सकते थे। सुभाष का प्रस्ताव उनके राष्ट्रीय गर्व को ठेस पहुँचाने के समान था। वे उससे पहले ही 'हारा कीरी' (यानी पेट चीरकर आत्महत्या) बेहतर मानते थे। जब फील्ड मार्शल तेराऊची ने इस बारे मे सुना तो वे भी कवावे की भाँति ही क्रोध से आगबबूला हो गये। लेकिन चूकि सुभाष ने तुरन्त ही अपना रुख बदल लिया था, इसलिए मामला वही समाप्त हो गया।

कवावे इस मामले मे अधिक-से-अधिक यह छूट देने को तैयार थे कि जापानी कमान के व्यापक नियन्त्रण मे एक भारतीय कमाडर के अधीन, आई०एन०ए० की

एक रेजिमट को लडने के लिए भेजा जा सकता था। आई० एन० ए० क सनिका की लडाई की भूमिका, इस प्रकार प्रयोग के आधार पर तैनात रेजिमट की उपलब्धिया पर निभर करती थी। बाकी सहायक कार्यों क लिए सयुक्त कारवाई के तौर पर कुछेक विषया म अस्थायी सहमति हो गयी। किन्तु वस्तुत सुचारु रूप स कुछ भी नही हुआ।

इसके प्रतिकूल बहुत गडबडी और आरोप प्रत्यारोपा का सिलसिला चलता रहा। अतत कवाबे तथा मुतागुची न यह भी स्वीकार किया कि इस रेजिमट के अलावा सौ-दो सौ सनिका वाली आई० एन० ए० की छोटी छोटी टुकडिया को भी जापानी कमानो के साथ सलग्न कर दिया जाए लकिन उनका काम विशेष रूप से कवल सहायक श्रणी का हागा जसकि सडका व पुला का निर्माण, उनकी मरम्मत करना राशन आदि लाना-ल जाना सप्लाई मार्गा की सुरक्षा करना जगल की आग आदि को बुझाना, बलगाडियाँ चलाना और ऐस ही कुछ औ काम। मगर इस रजिमट का औपचारिक उपयाग बाद म नही के बराबर हुआ।

सनिक कारवाई की गई। पहले अरकान पहाडियो और इम्फाल म की गई। 4 फरवरी 1944 को शुरू की गई अरकान की लडाई जापानियो क पक्ष म कुछ देर जारी रही किन्तु मित्र राष्ट्रो की कमान ने जसे ही उस सेना का सामना करना आरभ किया तो आक्रामक सना को वापस लौटने और अपनी गतिविधि को दक्षिणी क्षत्र मे भारत बर्मा सीमा पर जवाबी हमले को रोकने की दिशा म सीमित रखन पर बाध्य कर दिया।

इम्फाल पर चढाई 21 माच को की गयी थी, किन्तु वह तीन मास म ही समाप्त हो गयी। इस घटना को कुछ युद्ध इतिहासकारो ने विश्व के पारपरिक भू-युद्ध के इतिहास मे सर्वाधिक त्रासदीपूण घटना कहा है।

जापानियो ने करीब एक लाख बीस हजार सनिक युद्धक्षत्र मे भेज दिये थे किन्तु उनकी तयारी बहुत अपर्याप्त और बेतरतीब थी। उनके पास पर्या मात्रा म भारी उपकरण नही थे और हल्के शस्त्रास्त्र आदि की सप्लाई भी बहु कम थी। परिवहन आदि के लिए कुल मिलाकर केवल 4 टन वजनवाले 26 ट्रक थे जिनम से अधिकाश खराब हालत म थ कुछ तो रवाना होने से पूव ही बेकार हो गये थ। राशन का कुछ अश बलगाडियो पर ढोया जा रहा था और बाकी पदल सनिको के सिर पर लाद कर भेजा जाता था। प्रस्तावित युद्ध क्षेत्र सर्वाधिक रोग पीडित क्षेत्रो मे स एक था जहाँ नाम मात्र को ही चिकित्सा सुविधाए उपलब्ध थी।

उस क्षेत्र के कमाडर जिनम सुभाष भी थे, भारतीय पक्ष की हालात के बारे म पूणतया अनभिज्ञ थ। एस० ई० ए० सी० यानी सयुक्त दक्षिण पूव एशिया

कमान ने, जिसकी स्थापना एडमिरल लुई माउटबेटन की सुप्रीम कमान के अधीन की गयी थी, न केवल भारत मे जापानियो के प्रवेश को रोकने, बल्कि अराकान और मितकियाना से आरभ कर फिर चिंदविन घाटी और अन्य स्थलो पर, यानी समस्त बर्मा क्षेत्र को पुन कब्जे मे कर लेने के उद्देश्य स एक अतिविशाल और शक्तिशाली सेना एकत्र कर ली थी। जापानी गुप्तचर विभाग अतिशय अपर्याप्त था। जब जापानियो की बर्मा क्षेत्र की सेना ने इम्फाल अभियान चलाने का आदेश दिया तब उसे यह मालूम न था कि उस क्षेत्र की एस० ई० ए० सी० जो कि सिर से पाव तक सशक्त स्थिति म थी और जिसकी सैनिक सख्या भी तिगुनी थी उस पर झपट पडने को तयार खडी थी। जापानी सेनाओ को वायु सेना का सरक्षण लगभग दुर्लभ था। कार्यक्षम विमानो की सख्या, जो उसे सुलभ थी, एस० ई० ए० सी० द्वारा प्रयुक्त विमानो की तुलना म दसवा भाग भी नही थी। रणक्षेत्र भी माउण्टबेटन की कमान का भलीभाति पहचाना हुआ था लेकिन आई०एन०ए० और जापानियो के लिए एकदम अनजाना।

सिंगापुर म जापानी सेना का प्रचार-कार्य दयनीय स्तर तक निरर्थक प्रतीत होता था। जापानी तथा आई० एन० ए० की सेनाओ की सफलता की झूठी खबरे फैलायी जा रही थी। जो चित्र वितरित किये जा रहे थे और जिनम जापानी सेनाओ की इम्फाल विजय के फोटो चित्र थे उनमे से एक मे आई०एन०ए० सैनिक सुभाष का चित्र थामे था। दूसरे एक चित्र मे उन्हे विजित क्षेत्र मे भारतीय ध्वज फहराते दिखाया गया था। ये वास्तव म मलाया के जाने-पहचाने क्षेत्र म लिये गए पहले के फोटो थे।

इम्फाल की लडाई आदि के सम्बन्ध म विभिन्न कथाए प्रचलित है। कुछ का कहना है कि जापानी तथा आई० एन० ए० की सेनाओ ने ऐसा घोर युद्ध किया कि आरभ म ब्रिटिश सेनाओ को इम्फाल से हटना पडा था। इसलिए उस नगर पर वास्तव म कुछ समय तक आक्रमणकारी रेजिमेन्टो का अधिकार रहा था। अन्य विवरणो मे कहा गया है कि आक्रमण को सफलता मिलने ही वाली थी कि जापानी सेना और आई०एन० ए० के पास समस्त सप्लाई, जिसमे गोला-बारूद भी सम्मिलित था, समाप्त हो गई। उन्हे, ब्रिटिश सेना, विशेषकर गुर्खा रेजिमटो द्वारा पीछे खदेड दिया गया था। कोई भी निश्चयपूर्वक नही कह सकता कि वास्तव म क्या हुआ था सिवाय इसके कि अन्त म यह समस्त अभियान जापानी तथा आई० एन० ए० के सैनिको के लिए एक भयकर दुर्घटना सिद्ध हुआ।

अपने कुछ जापानी परिचितो से, जो उस युद्ध म क्षेत्र कमाडर थे, मुझे पता चला है कि जापानी तथा आई०एन०ए० के सैनिको के पास सामान और शस्त्रास्त्र आदि का गभीर अभाव था और शत्रु पक्ष की तुलना म उनकी सख्या बहुत ही कम थी। वही अधिक शस्त्र सज्जित ब्रिटिश सेना के मुकाबले म उनकी स्थिति

वेहद खराब थी। यह अफवाह कि आरभ म ब्रिटिश सेनाओ पर बहुत अधिक दबाव था, जान बूझकर मित्र राष्ट्रो की कमान द्वारा फैलायी गयी थी। इम्फाल तथा कोहिमा दोनो ही क्षेत्रो म एक चतुर चाल की भाँति ब्रिटिश पक्ष न आक्रामक सेनाओ को कुछ समय के लिए आग वढने दिया और फिर उन्हें घेरकर उनकी नाकाबदी करके उन्हें नष्ट कर दिया। जापानी सना तथा कनल एम०जेड० कियानी के अधीन एक आई० एन० ए० की टुकडी न भी कुछ समय तक डटकर मुकाबला किया लेकिन उनका मुकाबला बहुत भारी और सशक्त सेनाआ स था।

इम्फाल अभियान म जापानियो की हानि आश्चयजनक थी। लगभग 64 हज़ार सनिक मारे गय थे, और अन्य असख्य जगलो के रास्ते पीछे हटते हुए मलेरिया, हैज़ा, टायफाइड और अन्य रोगो के कारण मर गये थे। यह एक प्रकार की मरण-यात्रा थी जिसका परिणाम अति दुखदायी था। वनो म वर्षा के कारण जगह जगह दलदली क्षेत्र फल थ और उफन कर उमडती और अति जोखिम भरी नदियो से अवरुद्ध ये दलदली तथा पहाडी क्षेत्र एकदम अगम्य थे। बहुत बडी सख्या म लोग ज़हरीले साँपो के काटने से और अन्य अनेक गुप्त खतरो के कारण प्राण खो बैठे। भूख, प्यास, रोग, मृत्यु—वर्मा के अड्डा तक क माग म यही सब था और कुछ नही। बहुत से सनिक ता मुख्यालय के अस्पतालो तक, किसी प्रकार बचकर पहुचने के वाद भी मर गये क्योकि वे असाध्य रोगो के शिकार हो गये थ।

अपेक्षाकृत अज्ञात एक तथ्य यह है कि तीनो फील्ड डिविजन कमाडर लेफ्टिनेंट जनरल यानागिदा यामागुची और सातो ने अपने ऊपर के अधिकारी लेफ्टिनेन्ट जनरल मुतगुची तथा लेफ्टिनेन्ट जनरल कवावे से और बाद मे फील्ड माशल तेरा उचि से भी मूल कमान द्वारा समस्त अभियान के सम्पूण कुप्रबन्ध के बारे म शिकायत की थी। मुतगुची ने कडा रुख अपनाया और सभी सगत अधिकारियो की बदली कर दी। किन्तु इस सबसे स्थिति म कोई सुधार नहा हुआ। लेफ्टिनन्ट जनरल कोतोकू सातो ने जिन्होने अपने सैनिको मे स 25 हज़ार के करीब सर्वोत्तम व्यक्ति खो दिए थे, मुतगुची के आदेश का उल्लघन किया और बाकी बच रह 10 हज़ार लोगो के साथ वापसी यात्रा आरम्भ कर दी और वही लडने की आज्ञा की अवहेलना की। मुतगुची की इस धमकी का कि उन्ह कोट माशल कर दिया जाएगा सातो का निभय तथा कडा उत्तर यही था "मैं उस आदश का उल्लघन इसलिए कर रहा हूँ कि मेरे विचार मे यह समस्त योजना 'बेहूदा और पागलपन भरी' है। जापानी सनिक इतिहास मे एक फील्ड माशल अथवा अन्य किसी भी सनिक द्वारा खुली अवज्ञा की यह अकेली घटना थी। इससे इम्फाल अभियान की त्रासदी की भयकरता का पता चलता है।

आई० एन० ए० की क्षति के सम्बन्ध म अनुमान था कि कोई 6000 व्यक्ति मारे गय थे और भूख व रोग के कारण अन्य दो हज़ार मृत्यु का ग्रास बन गये

थे। जो लोग बमा लौटकर अस्पताल म भरती हो पान मे सफल हो सके उनकी सख्या कोई ढाई हज़ार ही थो। युद्ध के दौरान, लगभग दो हज़ार सनिक ब्रिटिश पक्ष म जा मिले। यह घटना सुभाप के लिए बहुत बडा सदमा थी, क्याकि सुभाप ने वडे ज़ोर शोर स घोपणा की थी कि जिस क्षण आई० एन० ए० के सैनिक भारत की धरती पर पाँव रखेंगे ब्रिटिश कमान के अधीन युद्धरत भारतीय सेना उनसे आ मिलगी और 'दिल्ली की ओर कूच' म शामिल हो जायगी। कि तु परिणति सारी विपरीत दिशा मे हुई। विपक्षी सेना से जा मिलने वाला न नि सदेह दिल्ली की ओर कूच किया, शायद रेलगाडी अथवा विमान द्वारा कदी की हैसियत से। कि तु आई० एन० ए० को कभी भी उस आर आग वढन का अवसर नही मिला। आई० एन० ए० के सैनिक जापान की पराजय और युद्ध की समाप्ति के वाद ही वहाँ जा पाये थे।

इस भयकर विनाश के शिकार सनिको के प्रति हमारे मन म निश्चय ही दुख भर आता है। 70 हज़ार से भी अधिक युवको को एक ऐसे तकहीन निणय की कीमत अपने खून से चुकानी पडी जिस पर उनका कोई नियत्रण न था।

हमने सिंगापुर मे ये समाचार वडे विस्मय के साथ सुना कि इन सब त्रासदियो के वाद भी सुभाप आशावादी थे और पुनसगठन और भारत पर द्वितीय आक्रमण की तैयारी करना चाहते थे। जब हमने यह रिपोट सुनी कि सुभाप ने कवावे को बताया था कि वे जापानी सना की कुमुक के रूप मे झासी की रानी रेजिमट की नारी-सनिका को भी मोर्चे पर भेजेंगे तो यह भय हुआ कि कदाचित वे अपना सतुलन खो वठे है और शीघ्र ही उनका इलाज किया जाना चाहिए। सौभाग्यवश कवावे ने यह प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया। अपनी ओर से, मैंने हिकारी किकन से कहा कि बर्मा क्षेत्र की सेना को यह परामश पहुँचा दिया जाए कि यदि एक और आक्रमण का प्रयास किया गया तो उनकी कमान म एक भी व्यक्ति नही बचेगा और आने वाली पीढिया इसके लिए उन्ह कभी क्षमा नही करेंगी। एस०ई०ए०सी० के आक्रमणो के दवाव के कारण वर्मा क्षेत्र की समस्त सेना लगभग समाप्त हो चुकी थी फिर भी वह अपन पाव जमाये थी। जापानियो को दृढता उल्लेखनीय थी क्याकि कई मास के प्रयासा के बावजूद ब्रिटिश सेनाएँ बर्मा की प्रमुख सुरक्षा पक्ति को पार करने मे असमथ रही थी।

इम्फाल की दुर्भाग्यपूण अभियान-योजना अपने विनाशकारी अत की ओर पहुँच गयी थी, तभी सिंगापुर मे एक दुघटना हो गयी। 24 अप्रैल, 1944 को के० पी० केशव मेनन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

केशव मेनन इस गलतफहमी मे थे कि जापानी नागरिक होने के नाते महान भारत प्रेमी रासविहारी बोस भारतीय स्वतत्रता अभियान के एक प्रभावकारी नेता बनने मे असमथ हैं। इस वजह से मेनन उनसे अनुचित व्यवहार करते थे। तो

भी आई० आई० एल० का प्रत्येक व्यक्ति जिनमे रासबिहारी भी थे, मेनन की ईमानदारी और सत्यनिष्ठा का सम्मान करता था। वे एक कट्टर राष्ट्र प्रेमी थे और गाधीजी के नेतत्व मे भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस की नीतिया के प्रबल समथक थे। मैं उन्ह जानता था। कुछ समय तक मैंने उनके साथ काम भी किया था। उस समय मे तिरवनन्तपुरम मे एक छात्र था।

जहाँ कही, थोडी सी सौजन्यता वाछनीय होती वहाँ भी व कुछ कडा रख अपनाते थे। यह जीवन मूल्य सम्बन्धी उनके निजी निणयो की कठोरता के कारण था जिन्हे वे दढता से अपनाये हुए थे। यह प्रवृत्ति उनके सशक्त व्यक्तित्व का ही एक अग थी। जो उन्ह अच्छी तरह जानत थे, जैसाकि रासबिहारी और मैं, वे उनकी भलाई को भी भली प्रकार पहचानते थे।

जहा तक मुझे ज्ञात है, के० पी० केशव मेनन या आई० एन० ए० या आई० आइ० एल० के विषय म अब तक जितने भी लोगो ने लिखा, उनम से किसी ने भी यह चर्चा नही की है कि सिगापुर म वे जापानी सेना द्वारा क्यो बदी बनाए गए थे। प्रत्यक्षत उन लेखको को इसका कारण ज्ञात न था। कदाचित स्वय श्री मनन को भी इस विषय म कोई निश्चित जानकारी न थी क्योकि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मलाया म उनके जीवन के विषय मे उनके अनेक जिल्दोवाले सस्मरणो म भी इसकी कोई चर्चा नही मिलती है। इसका सही कारण मुझे और रासबिहारी को इसलिए ज्ञात था कि हम दोनो की पहुँच जापानी सेना के भीतरी हल्का तक थी और मुझे पता चला कि केशव मेनन को खुद सुभाषचन्द्र बोस के कहने पर गिरफ्तार किया गया था।

युद्धकालीन असामान्य वातावरण मे भी अपने विचारो को सशक्त ढग से व्यक्त करने की केशव मेनन की प्रवत्ति के कारण अनेक बार मुझे चिता होती थी। वे लापरवाही बरतने के भी आदी थे और इस बात का ध्यान नही रखते थे कि किन अत्यन्त नाजुक मामलो पर वे किससे बात कर रहे है और जिससे बात कर रहे है वे उनके विश्वास-पात्र भी हैं या नही ? सुभाष की नीतियो के विशेषकर उनकी भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस विरोधी नीतिया के केशव मनन कडे आलोचक थे। सुभाष के सरक्षण और दख रेख मे जापानी सेना तथा आई० एन० ए० की सेना द्वारा भारत पर आक्रमण की भयानक दुघटना के समाचार मेनन को भी बहुत कष्ट दे रहे थे। इससे सुभाष के नेतत्व के प्रति उनकी कडवाहट मे और वद्धि हुई।

उस समय अपने घर आए एक अतिथि से बात करते हुए उन्होने अन्य बातो के साथ यह भी कहा कि सुभाष को, जिन्हाने गाधीजी नेहरू और पटेल आदि की महत्ता को कम करके अपने आप को भावी स्वतत्र भारत का राजनेता' घोषित कर लिया है और भारत पर आक्रमण की आत्मघाती दिशा म अग्रसर हैं,

चाहिए कि अपन मस्तिष्क का परीक्षण व ठीक-ठीक इलाज कराएँ। उन्होंने ये भी कहा कि य राजनेता' जिन्हाने एक बार भारत मे समाजवादी होन का दावा किया था, वास्तव म फासिस्ट वन रहे हैं, जसाकि दक्षिण-पूव एशिया में उनकी गतिविधिया के तानाशाही रख से प्रमाणित हो गया है।

जासूसी सस्कार क उन अतिथि महादय ने पचमागी वनकर मेनन की टिप्पणी का ज्या-का त्यो सुभाष को जा सुनाया। क्रोध और प्रतिशोध की आग म जलते हुए सुभाप न वर्मा क्षेत्र की सना को भडकाया कि सिंगापुर स्थित जापानी सनिक पुलिस को आदेश दिया जाय कि केशव मेनन को एक एम खतरनाक व्यक्ति की हैसियत स गिरफ्तार कर लिया जाय जो जापानी युद्ध प्रयासो म अडगा लगा रहा है।

ऐसे भी कुछ लोग हैं, जो सोचत हैं कि केशव मेनन को सिंगापुर स्थित जापानी अधिकारीगणो के आदेश पर गिरफ्तार किया गया था, जिसका प्रतिनिधित्व हिकारी किकन करता था। यह सच नही है। उनकी गिरफ्तारी का आदेश सुभाष चन्द्र बोस के अनुरोध पर सीधे रगून से ही आया था जो वर्मा क्षेत्र की सेना की ओर से सिंगापुर स्थित सैनिक पुलिस कमान को एक सीधे सिगनल के रूप म प्राप्त हुआ था। हिकारी किकन तथा आई०आई०एल० के मुख्यालय को इस घटना की सूचना मनन की गिरफ्तारी और उन्ह जेल मे डाल दिय जान के बाद ही प्राप्त हुई।

रगून से आने वाले सदेश पर तुरत' का सकेत था और सनिक पुलिस ने बिजली की सी गति से उस पर अमल किया। वे सवेरे चार बजे मेनन के घर गये और उनके परिवार के सभी सदस्या को पुलिस की निगरानी म एक कमरे म बद कर दिया और अपनी पत्नी या बच्चा स एक भी शब्द कहने की अनुमति के बिना, जिन्ह इस विपय म कोई जानकारी न थी, उन्ह पकड कर ले गए। यह समस्त गतिविधि न केवल सामान्य शालीनता का अपमान थी बल्कि हिकारी किकन तथा आई० आई० एल० के लिए भी बहुत अनादर सूचक थी। इस गिरफ्तारी के समय केशव मेनन आई० आई० एल० के सदस्य थे।

जिस किसी व्यक्ति ने रासबिहारी बोस के नेतृत्व मे भारतीय स्वतन्त्रता लीग का उद्भव और उसे परवान चढत देखा था उसके लिए यह अकल्पनीय था कि एक ऐसा समय भी आएगा जब उनका उत्तराधिकारी जापानी सनिक पुलिस से केशव मनन जैस दश भक्त की गिरफ्तारी का अनुरोध करेगा। और नितान्त निदयतापूण तथ्य यह था कि उन्हे एक ततीय श्रेणी के अपराधी जैसा वर्ताव मिला था। पहले तो उन्ह पूछताछ आदि के लिए जेल ले जाया गया और फिर अत्यधिक कठोर परिस्थितियो मे वदी बना दिया गया था। उन्ह इतना अधिक कष्ट उठाना पडा था कि उनका बचे रहना उन सभी लागो के लिए आशका का विषय था जो

जानते थे कि क्या कुछ भुगत चुके थे। मोहनसिंह तथा कनल गिल जैसे लोगो से भी, जिन्होने आई० आई० एल० को बहुत अधिक हानि पहुँचाई थी, गिरफ्तार किए जाने पर भद्र व्यवहार किया गया था और समस्त सुख चैन की सुविधाओ के साथ घरा मे रखा गया था और यह सब आई० आई० एल० के आदेश पर हुआ था। मगर सुभाष, केशव मेनन को एक प्रकार से हत्यारो व विक्षिप्ता की श्रेणी के बदियो के बीच रखे जाने के लिए फेंक रहे थे।

सैनिक पुलिस व्यवस्था, हिकारी किकन की नियत्रण परिधि स बाहर थी। अत हम उन आदेशा के प्रत्यादेश जारी करवाने मे असफल थे। निजी स्तर पर मै सैनिक पुलिस व्यवस्था म कुछ मित्रो के माध्यम से अपना प्रभाव डालकर केशव मेनन को उस अत्याचार से बचाए रख सका जो व लोग सामान्यत अन्य बदियो पर करने के आदी थे। फिर भी उनके परिवार का कोई सदस्य या अन्य कोई भारतीय उनस नही मिल सकता था। उनके पुत्र को एक बार मिलने की अनुमति केवल इसलिए दी गयी कि मनन की पुत्री की मत्यु का समाचार उन्हे दे सके जो सिंगापुर म उनके परिवार के साथ रहती थी।

के० पी० केशव मेनन की गिरफ्तारी की घटना दक्षिण पूव एशिया म सुभाष के जीवन-काल की एक अधकारमय घटना ही कही जाएगी।

27

आजाद हिन्द फौज का विघटन

इफाल की पराजय के बाद शिवराम जो रगून म बहुत दुखी थे सिंगापुर लौट आये। उन्हे इस बात की बहुत प्रसन्नता थी कि सुभाप ने लीग के प्रवक्ता की भूमिका निभाने और मेरे साथ अपना पहले का सा प्रचार-काय चलाने के लिए उन्ह वापस भेज दिया था। स्वाभाविक रूप से मुझे भी इससे बडी प्रसन्नता हुई।

किन्तु एक बार फिर उनके लिए कठिनाइयाँ उत्पन्न होने लगी। उन्ह रगून से हर प्रकार के क्लेशकर निर्देश प्राप्त होत रहे कि उन्हे क्या करना चाहिए और क्या नही। उन्हे यह निर्देश दिया गया कि ऐसे कायक्रम तयार करें जिनमे गाधीजी की जिन्ना के साथ वार्ता (सितम्बर, 1944 म) की भर्त्सना की गयी हो, नहरू को ब्रिटिश लोगो का मित्र तथा राजाजी को वायसराय (फील्ड माशल वेवल) का एजेन्ट दिखाया गया हो। सरदार पटेल तथा भूलाभाई दसाई जस अन्य नेताओ की भी सिंगापुर स्थित आई० आई० एल० के रेडियो केन्द्र से प्रसारित कायक्रमो मे निन्दा की जाए।

इस पर शिवराम को बेहद क्रोध आया और उन्होन सुभाप को लिखा कि वे आई० आई० एल० की सदस्यता और प्रचार विभाग म अपन पद—दोनो स मुक्ति चाहते है। जहा तक मेरा प्रश्न है मैन एसी कोई कारवाई नही की। मरी यह निश्चित धारणा थी कि यदि एसा हुआ तो रगून से आनवाले एस किसी भी आदश की अवहेलना करूँगा क्योकि वे बगकाक सम्मलन म पारित आई० आई० एल० की नीतियो के खिलाफ होंगे। मैंने शिवराम को वसा कायक्रम तयार करन से रोक दिया। आश्चय ही कहा जायेगा कि रगून से कभी एसा कोई विशिष्ट आदेश मुझे प्राप्त नही हुआ या ऐसा भी कहा जा सकता है कि यह उतनी आश्चयजनक बात नही है, क्योकि सुभाप, अय्यर तथा उनके साथियो को यह अवश्य मालूम होगा कि मैं रगून या अन्य किसी भी स्थान से प्राप्त किसी भी तकहीन सलाह को स्वीकार नही करूँगा।

शिवराम के पत्र से सुभाप को बहुत चिन्ता हुई। शिवराम को अपने नेता से

मिलने के लिए रगून बुलाया गया। शिवराम वहाँ गये और उनकी नेताजी से इस सम्बन्ध मे लम्बी बातचीत हुई। उस गत्यावरोध का कोई उचित समाधान प्राप्त नही किया जा सका और शिवराम ने इस बात पर बल दिया कि उसका इस्तीफा स्वीकार किया जाए।

उस समय सुभाप ने एक तरीका खोज निकाला जिससे कि किसी प्रकार लीग से सम्बन्ध तोडे बिना ही शिवराम को अन्यत्र भेजा जा सकता था। इस बात पर सहमति हुई कि वह प्रचार विभाग का काम छोड सकता था क्योकि वह, जैसा कि उसे सहन करना पड रहा था, अपने काम काज म दखलन्दाजी बर्दाश्त नही कर सकता था लेकिन सुभाप न उनके लिए तोक्यो मे एक काम निर्धारित किया। उनसे कहा गया कि वे जापानी कूटनीतिक प्रथाओ तथा काय विधि आदि की जानकारी पाने के लिए अध्ययन करे। कदाचित सुभाप की यह धारणा रही होगी कि उनके भारत देश का 'राजनेता' बनने के बाद जब अन्य देशो के राजदूता तथा प्रतिनिधियो आदि का स्वागत-सत्कार करना होगा और बदले मे अन्य देशो को अपने राजदूत भेजने होगे उसके लिए शिवराम का यह ज्ञान उपयोगी सिद्ध होगा। पहले ही से यह अफवाह गरम थी कि एक सज्जन श्री हाचिया, जापान सरकार द्वारा सुभाष की स्वतत्र भारत की स्थायी सरकार के लिए राजदूत के रूप मे चुन लिये गये थे हालाकि यह कभी ज्ञात नही हो सका कि वे क्या काम करत थे।

शिवराम ने सोचा कि दक्षिण पूव एशिया से निकल जाने का यह बढिया अवसर है। इसलिए व रगून स सिगापुर लौट आये और तोक्यो जाने की तयारी करने लगे। यह सन 1944 की शरत ऋतु का समय था।

यह दैवयाग ही था कि लगभग उसी समय मुझे हिकारी किकन द्वारा जापान सरकार की ओर से एक सदेश मिला जिसमे यह कहा गया था कि मै तोक्या म आई० आई० एल० का प्रचार-काय सभाल लू क्योकि उसकी अब तक की व्यवस्था सतोपजनक नही है। मुझे यह भी पता चला कि शीघ्र ही सिंगापुर स्थित हिकारी किकन का अपना कार्यालय भी बद होने जा रहा है।

मुझे एक कठिन निणय लेना था। आइ०आई० एल० से विलग होना, जिसकी स्थापना के लिए मने रासबिहारी बोस के साथ मिलकर इतना कडा श्रम किया था, एक दुखदायी प्रस्ताव था। साथ ही इस तथ्य को नजरअदाज करना भी ठीक न था कि नव नेतत्व की छाया म वह सस्था लगभग छिन्न भिन्न हो चुकी थी। सुभाप न चेष्टा की थी कि लीग की शाखाआ की अतिविस्तत सरचना के स्थान पर, स्वतत्र भारत की अस्थायी सरकार के नियत्रण म नयी इकाइया स्थापित कर दी जाएँ जिनके कमचारी आई०एन०ए० के सदस्य हा और जिन्हे दक्षिण-पूव एशिया के गर सनिको म से लिया गया हो। इसका परिणाम था—घोर अस्तव्यस्तता। आइ०एन०ए० के सदस्या को ऐसे कार्यालय चलाने का कोई अनुभव न था। य एसा

आचरण करत थे माना वे जापान की आधिपत्य सेना के अग हो। उनके आचरण से उस भारतीय समुदाय को आपत्ति थी जो स्वय अपनी देखभाल करना चाहते थे।

सुभाष दक्षिण पूव एशिया म विभिन्न स्थानो की यात्रा करते और वडी जोशीली भाषा मे भाषण देने और लोगो को 'करने या मरने' का आह्वान करने उकसाते थे। उनके कार्यकलाप से कुछ ऐसा आभास मिलता था मानो समुदाय का काम-काज केवल भाषणा से ही चलाया जा सकता था। बहुत से लोगो ने उन घिसी पिटी नीरस बाता म रुचि लेना बन्द कर दिया क्याकि उन्हे बार बार केवल वही सब सुनने को मिलता था। कुछ अन्य लोग असमजस म थे। वे यह नही समझ पाते थे कि स्वतत्र भारत की अस्थायी सरकार और आई० आई० एल० मे भला क्या अन्तर है। वास्तव मे ऐसा अभिमान ता समाप्त ही हो चुका था। भारतीय अकेले या अपनी पसन्द के समूहो मे, सीधे ही जापानियो के साथ सम्पक करने लगे थे। सुभाष अपनी यात्राओ म आई० एन० ए० के लिए अधिकाधिक स्वमसेवको की माग करत थे क्योकि वे चाहते थे कि भारत पर एक और आक्रमण किया जाए। किन्तु इन आह्वाना की प्रतिक्रिया क्षीण होती गयी और अन्तत शून्यमे बदल गयी।

बहुत भारी मन से मैंने एक सुबह शिवराम से कहा कि मैं भी सिंगापुर छोड कर तोक्यो जा रहा हूँ क्याकि वही से मैं किसी सार्थक उपलब्धि की आशा करता हूँ। मैंने सलाह दी कि उन्हे चाहे जिस किसी भी काम के लिए भेजा जा रहा हो वे और मैं मिलकर तोक्यो से सचालित प्रचार काय म कुछ सुधार अवश्य कर सकते हैं। शिवराम इस पर सहमत हो गये और रेडियो तोक्यो तथा जापान के अन्य समाचार-माध्यमा से सम्पक बनाने म सहायता की आशा मे कुछ युवको को भरती करने के काम मे लग गये।

मैंने अक्तूबर के प्रथम सप्ताह म सिंगापुर छोडा और कुछ दिन के बाद तोक्यो पहुँच गया। प्रचार-काय मे अपने लगभग दस सहायको को साथ लेकर शिवराम भी अक्तूबर के दूसरे सप्ताह म मुझ से आ मिले।

तोक्यो पहुँचते ही, मैंने अपनी पत्नी व पुत्र की खोज-खबर ली और य जानकर सतोष हुआ कि वे गाँव म पहुँच गए थे और सकुशल थे। अन्य वडे जापानी नगरा की भाँति तोक्यो भी मित्र राष्ट्रो की सेनाओ द्वारा अधिकार म ले लिया गया था और विभिन्न प्रशात क्षेत्रीय द्वीपो से उडनेवाले अमरीकी बमवर्षको की मार का शिकार हो चुका था। सुरक्षा की दृष्टि से उस समय सिंगापुर से तोक्यो आना 'कुएँ स निकलकर खाई म गिरने' के समान था। 9 जुलाई, 1944 को जिस दिन इम्फाल अभियान को औपचारिक रूप स रद्द कर दिया गया था, (हालाकि वास्तव म वह बहुत पहले ही समाप्त हो चुका था) अमरीकिया द्वारा, मरियाना द्वीप समूह म सहपान कर कब्जा किये जाने का समाचार भी मिला था।

उस द्वीप की रक्षा करनेवाले 25 हजार जापानी सैनिको म से एक भी नहा बचा था। उ ही म थे एडमिरल नगुमो, जिन्होंने दो वष पूव पल हावर के आक्रमण म एक सेना की कमान सँभाली थी। साइपान द्वीप पर उतरने के कारण जापान की मुख्य भूमि अमरीका के बी० 29 सुपर फोरट्रेस बमवषको की मार की सीमा के भीतर आ गयी थी। उसी महीने जापान न न्यू जार्जिया को भी खो दिया था।

इन भारी पराजयो के कारण तोजो की स्थिति विकट हा गयी थी। उन्हें और उनके मन्त्रिमडल को, 18 जुलाई, 1944 को त्यागपत्र देन पर बाध्य होना पडा। अवकाशप्राप्त जनरल कुनिकाई कोयसो नए प्रधान मन्त्री बनाये गये। उन्हें कोरिया से बुलवाया गया जहा वे गवनर जनरल के पद पर आसीन थे। इसके पूव वे क्वानतुग सेना के कमाडर रह चुके थे। जब वे मचुको म थे तब मेरा उनसे परिचय था।

किन्तु प्रधान मन्त्री के परिवतन के बावजूद स्थिति मे कोई सुधार नहो आया और इस निणय म भी कोई फेर बदल न हुई कि कोयसो की सत्ता को एडमिरल योनाई के समान स्तर पर ही रखा जाएगा (जिससे कि नौसेना को सतुष्ट रखा जा सक)। युद्ध मे जापान का पराजय का सिलसिला जारी रहा। सितम्बर आते-आते, गिलबट द्वीप भी अमरीकियो के हाथ म चला गया और अक्तूबर मे मैक आथर की सेना न लेइते खाडी मे भीषण युद्ध के बाद फिलिपीन के लूजोन नामक स्थान पर अपनी जग-विख्यात विजय प्राप्त की, जहाँ मित्रराष्ट्रो की सेनाओ ने उसी वष जून मे फ्रास के नोरमण्डी क्षेत्र के बाद, सर्वाधिक बडी मात्रा म जल-थली विमान उतारे थे। लेइते के युद्ध मे जापानी नौसेना ने लगभग अपने दो तिहाई पोत गवा दिये। जापान उस सदमे से कभी नहीं उबर सका।

अपने थोडे से सहयोगियो के साथ, मै और शिवराम आवश्यकता के अनुरूप तोक्यो म ठहरे रहे और खतरा की छाया म बने रहे। कि तु मैंने इस बात पर बल दिया कि मेरी पत्नी तथा पुत्र गाव म ही रह। वास्तव म यह मेरी पत्नी की ही करामात थी कि हम भुखमरी का शिकार होन से बचे रहें, जो पहले ही तोक्यो की जनसख्या के कुछ भागा को अपनी लपट म ले चुकी थी। विभिन्न असाधारण और प्राय खतरनाक जरियो स वे किसी-न किसी प्रकार हम पर्याप्त मात्रा म आवश्यक खाद्य पदाथ आदि भेजती रही जिससे हमारी सस्था के लिए एक रसोई चलाई जा सकती थी और हम भोजन मिल जाता था। शिवराम तथा मैंने जा कुछ बन पडा, अपने कार्यालय के लिए किया। हमने रेडियो तोक्यो से अपने प्रसारण जारी रखे और उनम उस समय जहा तक सम्भव था, घटनाओ

की ईमानदारीपूर्ण और सच्ची जानकारी देते रहे। हम जानते थे कि अ त निकट है।

नवम्बर 1944 तक, रासबिहारी अत्यधिक बीमारी के कारण शैयाग्रस्त हो चुके थे। उनके घर म केवल एक नौकरानी रहा करती थी और मैंने देखा कि उसमे हालांकि कतव्यनिष्ठा तो थी लेकिन वह बहुत अधिक सहायक सिद्ध नही होती थी। इसलिए मैं दिन म तो प्रचार-कार्यालय का काम सभालता था और रात म रासबिहारी की सेवा-सहायता के लिए उनके घर मे जाने लगा। सिंगापुर से उनके आने के बाद की घटनाओ के समाचारो से उन्हे इतना क्लेप होता था कि कुछ समय बाद मैंने उनका ध्यान युद्ध की घटनाओ से हटाने का प्रयास किया। हालांकि मेरे डाक्टर मित्र, जो भी वहाँ मिल सकते थे, यथासभव सहायता करते थे, तो भी डाक्टरी सुविधा प्राप्त कर पाना अति कठिन था।

पहली नवम्बर 1944—तोक्यो का आकाश बी 29 बमवपक विमानो की एक के बाद एक आनेवाली लहरो के हवाई हमले के बाद स्वच्छ हुआ ही था, जब एक छोटा-सा विमान जिस पर सुभाप तथा बर्मा म हिकारी किकन के अध्यक्ष जनरल साबुरो इसोदा सवार थे, राजधानी के हवाई अड्डे पर उतरा। वे दोनो सम्मानित अतिथि सनिक मामलो के विपय म नए प्रधान मन्त्री तथा शाही जनरल स्टाफ के लोगो से परामश आदि के लिए आए थे।

तोक्यो म कुछ सप्ताह के प्रवास के दौरान सुभाप ने अनेक सावजनिक भाषण दिये जिनम अन्त मे जापान की विजय की भविष्यवाणी की गयी। उन्होने ये घोपणा भी की कि दक्षिण पूव एशिया म, भारतीयो की विशाल स्तरी भरती के बल पर आई० एन० ए० का विस्तार किया जाएगा और यह भी वि ब्रिटिश सत्ताधारियो को खदेडकर बाहर करने के लिए भारत पर एक अन्य आक्रमण किया जाएगा। दोमे समाचार एजेन्सी से सलग्न मेरे एक मित्र इन भाषणो को सुनकर अवाक् रह गये और उन्होने धीरे से मेरे कान म कहा कि 'ये वे व्यक्ति है जिन्हे निश्चय ही अलफ्रेड महान का अवतार माना जाना चाहिए"। उनके द्वारा की गयी तुलना की उपयुक्तता के विपय म सन्देह था किन्तु यह अवश्य कहना होगा कि सुभाप एक अति विचित्र और भयकर आशावादी थ। उनकी विचारधारा की विवेकपूणता के विपय मे मतभेद हो सकता है लेकिन उनकी ओजस्विता का भडार, जिसके बल पर वे एक के बाद भापण दिया करते थे, वास्तव म असाधारण था। मैंने उनके कुछ भापण सुने लेकिन बाद म मैने जाना बद कर दिया था क्योकि ऐसी बाते सुनने का कोई लाभ न था जो उस समय कोई राजनीतिक या व्यावहारिक अथ नही रखती थी।

शाही हाई कमान, सुभाप की सनिक योजनाए या अन्य किसी भी प्रकार की योजनाएँ सुनने म रुचि नही रखती थी। हाई कमान ने उन्हे पीगेमित्सु क पास भेज

दिया जो तत्कालीन विदेश मंत्री थे। कदाचित यह उनसे छुटकारा पाने का ही एक तरीका था। किन्तु पीगमितसु के पास भी उनसे मिलने का समय न था। फिर सुभाष ने जनरल कोइसो से मिलने के प्रयास किए। अपने प्रयासों के बावजूद जब वे मिलने का समय न ले पाये तो मुझसे पूछा कि क्या मैं उनकी सहायता कर सकता हूँ?

मैं अपने पुराने मधुर काल के परिचय का लाभ उठाते हुए कोइसो से बात कर सकता था किन्तु मैंने अपने जनरल मित्र योनाई के माध्यम से जो नामके प्रधान थे और सरकार के किस मंडल के सदस्य होने के नाते जिनका सरकारी हल्कों में बहुत प्रभाव था प्रयास करना बेहतर समझा। मैंने सुभाष का परिचय उनसे कर वाया और योनाई से अनुरोध किया कि जनरल कोइसो के साथ सुभाष की भेंट का प्रबंध करवा दें।

यह बात बड़ी रोचक थी कि योनाई से उनका परिचय करवाने के बाद सुभाष ने मुझे सलाह दी कि उन्हें उनके साथ अकेला छोड़ दिया जाए। इसका अर्थ था कि मुझे कमरे से बाहर निकल जाना चाहिए था। मुझे बड़ी जोर की हँसी आयी किन्तु मैंने अपने पर काबू पा लिया और धीमी गति से बाहर चला गया।

योनाई ने सुभाष की इच्छानुसार जनरल कोइसो के साथ उनकी भेंट का प्रबन्ध करा दिया। विचार विमर्श का उद्देश्य जैसाकि मुझे शीघ्र ही योनाई से पता चल गया आई० एन० ए० के लिए और अधिक अस्त्र व गोला बारूद की माँग से सम्बद्ध था। यह बात आश्चर्यजनक थी कि कैसे एक महान नेता, अपने मेजबान देश की अति गंभीर स्थिति की वास्तविकता की पूर्ण अवहेलना कर छोटे स्तर का आचरण कर सकता था। कोइसो की प्रतिक्रिया अनुमान के अनुकूल ही थी, उन्होंने इस अस्वीकृति के साथ तुरन्त ही उस बैठक का अन्त कर दिया कि सुभाष या अन्य किसी भी व्यक्ति द्वारा, बर्मा सीमा के पार किसी भी सैनिक कारवाई की अनुमति नहीं दी जा सकती। दूसरी ओर कोइसो ने सुभाष से कहा कि समस्त सुलभ आई० एन० ए० संसाधनों को एकत्र करके वे बर्मा में एस० ई० ए० सी० के विरुद्ध जापानी प्रतिरक्षा प्रयासों में मददगार बनें। सुभाष के समक्ष हामी भरने के सिवा कोई विकल्प न था और अधिक बहस की भी गुंजाइश नहीं थी। जापान के लिए स्थिति अत्यधिक निराशापूर्ण थी।

नवम्बर के अन्तिम सप्ताह में रंगून के लिए रवाना होने से पूर्व सुभाष मेरे साथ रासबिहारी से मिलने के लिए गये जो बहुत बीमार थे। बातचीत के दौरान रासबिहारी ने उन्हीं के शब्दों में सुभाष को 'अन्तिम परामर्श' दिया। आई० आई० एल० के रेडियो प्रसारणों और अन्य प्रचार प्रयासों की चर्चा करते हुए रासबिहारी ने सुभाष से कहा कि तोक्यो से किये जानेवाले प्रसारण ठीक-ठाक थे किन्तु सुभाष को चाहिए कि अपनी ओर से कोई अन्य शत्रु पैदा न करें। जिन लोगों को

इन सबका सन्दर्भ विदित था वे इस 'सलाह' का अर्थ भली भाँति समझ सकते थे। यह टिप्पणी अय्यर की सहायता से सुभाष द्वारा वर्मा से किये जानेवाले प्रचार-कार्यक्रमों के लिए थी। उन कार्यक्रमों में ब्रिटेन के साथ साथ अमरीका पर भी काफी चोट की जाती थी। रासविहारी सुभाष को यह जताना चाहते थे कि हमारा शत्रु केवल ब्रिटेन ही है।

यह अवश्य उल्लेखनीय है कि सुभाष ने रासविहारी की अंतिम सलाह को माना। उन्होंने अमरीका के विरुद्ध प्रचार करना बंद कर दिया।

रंगून लौटने पर उन्होंने जो कुछ देखा वह निरुत्साहित कर देनेवाला था। माउण्टबेटन की एस० ई० ए० सी० सेना वर्मा पर पुनः कब्जा करने की तैयारी कर रही थी। जापानी सेना की 15वीं डिविजन इस आक्रामक लहर को रोकने के वीरतापूर्ण प्रयास कर रही थी किन्तु उसकी स्थिति बहुत अनुकूल न थी। जो कुछ आई० एन० ए० की सेना में बच रहा था उसे सुभाष ने जापानी सेना की सहायता के लिए अर्पण कर दिया। उन्होंने मलाया का दौरा किया और यथासंभव चेष्टा की कि और अधिक लोग सेना में भरती हों। किन्तु स्वाभाविक रूप से ही कोई अनुकूल प्रतिक्रिया परिलक्षित नहीं हुई। उलटे जैसाकि मैंने बाद में सुना, बहुत से स्थानों पर तो उनका काफी विरोध हुआ। इसका स्पष्ट कारण यह था कि भारतीयों को इस उद्देश्य से भरती किया जा रहा था कि वे जापानियों की ओर से किराये के सिपाहियों की भाँति युद्ध करें। जब दक्षिण पूर्व एशिया के देश भक्त भारतीय रासविहारी के नेतृत्व में आई० आई० एल० संस्था में शामिल हुए थे तो उनका इरादा यह कतई न था।

कार्यक्षमता में सुधार लाने के उद्देश्य से सुभाष ने अपने मंत्रिमंडल में विस्तार किया। एन० राघवन को वित्त मंत्री का कार्यभार सौंपा गया। इस सन्दर्भ की एक रोचक बात यह थी कि यह पद स्वीकार करने से पूर्व राघवन ने रासविहारी बोस को तार भेजकर उनकी स्वीकृति माँगी। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि इससे पूर्व वे रासविहारी की कार्य-परिषद से त्याग पत्र दे चुके थे जिसका उन्हें पश्चाताप था। यह राघवन की नैतिक महानता थी कि उन्होंने रासबिहारी से परामर्श करना उचित समझा जो आई० आई० एल० के भूतपूर्व नेता होने के अलावा अभी भी सुभाष की संस्था के सुप्रीम कमांडर थे। रोग-ग्रस्त देश भक्त रासविहारी स्वयं टेलिग्राम भेज पाने की स्थिति में न थे और इसीलिए उनकी ओर से, मुझे टेलिग्राम भेजने का आदेश हुआ जिसमें कहा गया कि राघवन मंत्रिमंडल में शामिल होना स्वीकार कर लें। मैंने यह संदेश भेज दिया। राघवन मंत्री बन गये। किन्तु वह स्थिति आ चुकी थी जब कोई या कुछ भी आई० एन० ए० अथवा जापानियों को बचा नहीं सकता था।

रासविहारी की इहलीला 21 फ़रवरी, 1945 को समाप्त हो गयी। मैं उनके

घर पर रात को ठहरा करता था और उनके अन्त स पूर्व जल की अन्तिम बूंद उनके कठ म डालने का अप्रिय काम भी मुझे ही करना पडा। जब उन्ह यह भान हो गया कि मृत्यु उनका जीवन-द्वार खटखटा रही थी तो उन्होने मुझस कहा कि वे भारत की स्वतत्रता का सघष आग बढाने क लिए पुन जन्म लेंगे। उनकी अन्तिम दृष्टि सामन की दीवार पर टँगी तख्ती पर टिकी थी, जो सदा वहाँ रहती थी और जिस पर लिखा था वन्दे मातरम्'।

एक महान जीवन की इति हो गयी थी। भारतमाता न अपना एक महान पुत्र और अपनी स्वतत्रता के सग्राम का एक अग्रणी सनानी खो दिया था। निजी रूप स मेरे लिए उनकी मृत्यु एक बडा आघात थी। वह दुख अभी भी मेरे हृदय म बना है।

कप्तान मोहनसिंह ने बहुत ही घटिया और ओछा रुख अपनाया है जबकि उन्होंने अपनी पुस्तक म रासबिहारी के खिलाफ अनक निन्दात्मक बातें लिखी हैं जो भारत के महानतम स्वतत्रता सनानियो म स एक थे। अन्य अभद्र टिप्पणियो क अलावा, उसने उन्ह बौना' कहकर सबोधित किया है। उस व्यक्ति स बढकर ओछा या बौना' और कोई व्यक्ति नही हो सकता, जो महानायक रासबिहारी बोस के लिए जो भारतीय देश प्रेमियो के बीच महान थ, ऐस अपशब्दो का प्रयोग करता हो। यही गनीमत है कि मोहनसिंह ने अपनी पुस्तक म स्वय अपनी लम्बाई की एवरेस्ट पवत से तुलना नही की।

रासबिहारी की मृत्यु स कुछ ही क्षण पूव जापान के सम्राट ने उन्ह एक अति विशिष्ट सम्मान से विभूषित किया था। सकेण्ड आडर आफ राइसिंग सन' नामक पदक उन्ह सम्राट की ओर से शाही मुख्यालय के लेफ्टिनन्ट जनरल मइजो अरिसूये के कर कमलो द्वारा प्रदान किया गया।

जापानियो ने एक शालीन और गरिमामय अन्त्येष्टि सभा का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता अन्त्येष्टि समिति के प्रधान के रूप म, भूतपूव प्रधानमत्री कोकि हिरोता न की। बडी सख्या मे जापानी गण्यमान्य व्यक्ति तथा समस्त भारतीय समुदाय वहा उपस्थित था। उनका अन्तिम सस्कार तोक्यो के शिबा नामक स्थान पर जोजाजी मदिर म सम्पन्न हुआ और जो जापानी उन्ह अन्तिम श्रद्धाजलि भेंट करने आय, उनम थे जनरल तोजो और मत्रिमडल के अन्य अनेक सदस्य, जो अतीत मे पदस्थ रह चुके थे या उस समय पदासीन थे। मदिर का विशाल भवन व अहाता शोक मनानेवालो स खचाखच भरा था और बहुत से लोग स्थानाभाव के कारण बाहर खड रह थे।

माच, 1945 तक बर्मा म माउण्टबैटन के आक्रमण के कारण जापान की पश्चिमी सीमा की सुरक्षा पक्ति को गभीर खतरा पैदा हो गया था। अप्रैल म बमा क्षेत्र की सना के प्रधान का स्थान जनरल हेइतारो किमुरा ने ले लिया जो पहले

कवावे के अधीन थी। लेकिन उससे अत्यधिक आक्रांत जापानी सेनाओं को किसी प्रकार की राहत न मिली। वह अत्यधिक कठिन स्थिति में थी। बर्मा में घोर अस्तव्यस्तता फैली थी। किमुरा के सैनिक वीरतापूर्वक लड़े किन्तु एस० ई० ए० सी० की सेनाओं के दबाव को सहन करने में असमर्थ रहे। जापानी सेनाओं के एक लाख से भी अधिक सदस्य मार गए। जापान ने आइ० एन० ए० की अनेक टुकड़ियों को जापानी सेनाओं के साथ कंधे से-कंधा मिलाकर लड़ने के लिए भेजा था और उसमें से बहुतों की जान गयी। किन्तु बहुत बड़ी संख्या में वे ब्रिटेन की 14वीं सेना से जा मिले जिससे सुभाष को बेहद क्रोध आया और उन्होंने प्रतीक्षा की कि समय आने पर उन देशद्रोहियों को मजा चखायेंगे।

जापान समर्थित आजाद बर्मा के अध्यक्ष भागकर मोउल्मेइन जा पहुंचे थे और उनके परिवार को थाईलैंड भेज दिया गया था। जनरल आँग सान के गुरिल्ला सैनिक जापानियों की सहायता करने के बजाय, जैसाकि किमुरा ने की थी उल्टे उन्हें परेशान कर रहे थे। सुभाष की स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार का मुख्यालय और आई० एन० ए० भीतरी परेशानियों से बुरी तरह ग्रस्त था। आई० एन० ए० से सैनिकों का अपसरण बदस्तूर जारी था।

किमुरा ने बर्मा छोड़कर थाईलैंड जाने का निर्णय किया। सुभाष अभी भी और अधिक संख्या में आई० एन० ए० में सैनिक भर्ती कर पाने और लड़ाई जारी रखने की आशा पाल रहे थे और ताजा सैनिक भर्ती करने के उद्देश्य से एक बार फिर मलाया गये। किन्तु इस सब का कोई नतीजा नहीं निकला। अन्ततः उन्होंने बैंकाक लौट जाने की किमुरा की सलाह मान ली। आई० एन० ए० के सदस्य कुछ सौ सैनिकों और झांसी की रानी रेजिमेंट की कुछ महिला सैनिकों के साथ 7 मई 1945 को यानी जर्मनी के आत्मसमर्पण और यूरोप में युद्ध की समाप्ति का समाचार आने के एक दिन पूर्व सुभाष बैंकाक पहुंचे।

जब जापानी सेनाएँ बर्मा से हटीं तब तक स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार, आई०एन० ए० और आई० आई० एल० सभी छिन्न भिन्न हो गयी थीं।

सिंगापुर से आनेवाले मित्रों द्वारा मुझे यह समाचार मिला कि बर्मा की पराजय के बाद और थाईलैंड से जापानियों के शीघ्र ही निकाल जाने पर सुभाष एक बार पुनः सिंगापुर गये। उनका उद्देश्य था आइ० एन० ए० में और संख्या में भरती करना जिससे कि वे कम-से-कम मलाया पर तो अपना कब्जा रख सकें जो उनकी आखिरी उम्मीद थी। उनका विचार अभी भी यही प्रतीत होता था कि कोई चमत्कार ऐसा होगा कि जापान अन्ततः विजयी होगा।

इससे भी अधिक बेचैनी का कारण यह था कि वे इस सिद्धांत को ही मान जा रहे थे कि उनके द्वारा दक्षिण-पूर्व एशिया में चलाई जानेवाली समग्र क्रांति के माध्यम से ही भारत को स्वतंत्र कराया जा सकता है। चूंकि प्रचार का अन्य

कोई प्रब ध न था अत सुभाप स्वय, रेडियो सिंगापुर से प्रसारण किया करत और भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस का, उसकी पराजयवादी प्रवृत्ति' के लिए दोषी ठहराते हुए एक अ य सशस्त्र आक्रमण का विचार प्रस्तुत किया करत थे। मलाया म हर स्थान पर वे भारतीय सनिको से खून और बाकी समुदाय स धन व वस्तुआ आदि की माग किया करत थ। व बहुत अधिक श्रम किया करत थे, किन्तु लोगो के बीच बहुत अधिक असन्तोष और डर फल गया जि ह यह भय लगा रहता था कि उ हे कदाचित कही अधिक भयानक सकट की ओर धकेला जा रहा था बनिस्वत उस आफत के जो मित्र देशो की सेनाओ द्वारा मलाया पर पुन अधिकार के लिए आक्रमण किये जाने के समय उन पर टूट सकती थी।

ये सब समाचार इतन कष्टकर थे कि एक समय ऐसा भी आया जब मई 1945 मे मैने सोचा कि मुझे वहाँ के भारतीय समुदाय की विपदाआ को बाँटने के लिए और यह जाचने के लिए कि क्या उनकी सहायता के लिए कुछ कर पाना सम्भव है पुन एक बार बगकाक या सिंगापुर जाना चाहिए। मैंने यातायात सुविधा के सन्दभ मे शाही मुख्यालय म एक कनल मित्र से विचार विमश किया किन्तु मुझे बताया गया कि यदि मैं बल दू तो व सुविधाएँ तो मिल सकती थी, मगर जापान युद्ध की दष्टि से सम्पूण विनाश के कगार पर खडा था और एसे प्रयास किये जा रहे थे कि युद्ध को किसी तरह एक सम्मानपूण अन्त दिया जा सके।

इस स्थिति के कारण मैन तोक्यो म ही रहकर जो कुछ बच रहा था, उसे देखन और, हालांकि स्थिति वास्तव मे एकदम निराशापूण थी, कुछ भी व्यवहाय हो करने के लिए तत्पर रहने का निणय किया।

लगभग उसी समय मुझे एक समाचार प्राप्त हुआ, जो काफी कुतूहलजनक था। मुझे पता चला कि एस० ए० अय्यर न, जो उस समय बगकॉक मे थे, सुभाप के साथ वहाँ के पुतगाली वाणिज्य दूतावास के प्रमुख के साथ निरन्तर सम्पक बना रखा था। वहाँ के कौसिल जनरल हालाकि पुतगाली राष्ट्रिक थे किन्तु उनका ज म गोआ म हुआ था। यह बात समझ से परे थी कि एक भारतीय व्यक्ति जो स्वतत्र भारत की अस्थायी सरकार म एक उच्च पद पर आसीन था, पुतगालियो के साथ सम्ब ध क्यो बनाये था। बात कुछ स दिग्ध रग लिये थी। किन्तु मैंने निणय किया कि अय्यर पर खामखाह स देह न करूँ और साचा कि कदाचित ये उनका कोई निजी मामला था और उसमे स देह की कोई बात न थी।

आई० एन० ए० की बाकी कहानी आम तौर पर सवविदित है। बहुत से लोगो के स्वतत्रता अभियान से सन 1947 म भारत को स्वतत्रता प्राप्त हो सकी। उस सेना के प्रभाव के बारे म बहुत कुछ लिखा जा चुका है। आई० एन० ए०

तथा सुभाष का हमारे स्वतंत्रता संघर्ष में निश्चय ही अति सम्मानित स्थान है, किन्तु प्रमुख भूमिका केवल उन्हीं के द्वारा निभायी गयी, ऐसा कहना ग़लत होगा। मेरी दृष्टि में भारतीय स्वतंत्रता मख्यत भारत के भीतर के नेताओं के प्रयासों और देश के भीतर के भारतवासियों के आत्मबलिदान के बल पर प्राप्त की गयी। यह भी सही है कि आई० एन० ए० तथा विश्व के विभिन्न भागों से भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की ओर से भी उन्हें भारी मात्रा में नैतिक समर्थन मिला। किन्तु हम इन समस्त गतिविधियों के विवरण को उचित परिप्रेक्ष्य में ही देखना चाहिए। यदि व्यावहारिक बुद्धि पर भावना और उत्तेजना को हावी न होने दिया जाता और यदि उसे रोक पाते तो इम्फाल की पराजय की भयंकर त्रासदी भी रोकी जा सकती थी। यह तथ्य भी नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता।

मित्र देशों की सेनाओं के सम्मुख आई० एन० ए० सेना के आत्मसमर्पण के बाद उसके सदस्यों को भारत भेजकर ब्रिटिश शासकों ने उनके कुछ सैनिकों पर अनेक अपराधों के आरोप में मुकदमा चलाया गया। अपराध थे कि साम्राज्य के विरुद्ध युद्ध, हत्या, हत्या की प्रेरणा और अपने साथी युद्धबन्दियों को अपने साथ मिलाने में जो तरीके अपनाये गये तत्सम्बन्धी अमानुषिक क्रूरता आदि। शासकों को इस बात का एहसास हुए बिना ही आम जनता के सम्मुख इस तरह ब्रिटिश के मुकदमा के चलाये जाने की क्रिया ने भारत में राष्ट्र प्रेम को और भी अधिक भड़का दिया।

ब्रिटेन का युद्ध लड़ने के उद्देश्य से विशाल स्तर पर की गयी भारतीयों की भरती के परिणाम में ब्रिटिश इण्डिया की सशस्त्र सेना में भारतीयों की संख्या पहले से बहुत अधिक हो चुकी थी और अपने ब्रिटिश सहकर्मियों की तुलना में पक्षपातपूर्ण व्यवहार के कारण असन्तोष से भरे ये नए अफसर तथा सैनिक अब और अधिक मौन नहीं रह सकते थे। जब तक इंग्लैंड से लाखों की तादाद में सशस्त्र सैनिक आदि भारत में लाये जाते ब्रिटेन भारत को और अधिक दासता की बेड़ियों में जकड़े नहीं रख सकता था।

आई० एन० ए० के मुकदमों के प्रश्न ने अत्यधिक राजनीतिक रूप ले लिया। नेहरू, भूलाभाई देसाई, तेजबहादुर सप्रू और अन्य अनेक नेताओं की प्रेरणा के बल पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने आई० एन० ए० के सैनिकों की पैरवी करने का निर्णय किया। देश भर में राष्ट्रीय स्तर पर एक गहन देश प्रेम की लहर फैल गयी। ब्रिटिश साम्राज्यशाही के विरुद्ध रोष अपनी चरम सीमा को पहुँच गया। बम्बई में नौसेना के भारतीय अंग ने ब्रिटिश कमाण्डरों के विरुद्ध विद्रोह किया।

आई०एन०ए० के लोग नायकों की भांति महान करार दिये गये। लेकिन इस प्रक्रिया के दौरान जैसा कि ऐसी स्थिति में प्रायः हुआ करता है, अनेक अयोग्य व्यक्तियों को भी ख्याति मिल गयी। आई० एन० ए० के भूतपूर्व सैनिकों ने भारत

की स्वतत्रता प्राप्ति के अवसर पर नौकरियाँ आदि के अनुरोध किये या कह दुहाई दी और अपनी महानता के वशीभूत होकर जवाहरलाल नेहरू ने, बिना यह जानने की चेष्टा किय कि कौन वास्तविक स्वतत्रता सेनानी था और कौन मात्र मिथ्या दावा कर रहा था उन्ह नौकरियाँ व सुविधाएँ आदि प्रदान की। ऐसे भी कुछ लोग थे जिनमे कोई सम्मान आदि पाने की योग्यता ही नही थी लेकिन जिन पर सम्मान प्रतिष्ठा थापा गयी थी। मरे विचार म ऐसी घटना कनल शाह नवाज खाँ स सम्बद्ध थी जि ह नहरू के अधीन स्वतन्त्र भारत की सरकार मे एक मत्री का पद मिला था। युद्ध के आरम्भिक कष्टपूण दिनो म सिगापुर म सभी यह सोचत थे कि उनका बर्ताव अत्यधिक असहायतापूण था। वे केवल अलग बैठकर दूर से तमाशा देखनवाले थे और इस बात के प्रति काफी अनिश्चित थे कि जापानियों के अधीन युद्धबन्दी बने रह या भारतीय स्वतत्रता लीग म शामिल हो जाएँ। (बाद म व सुभाष के कृपाभाजन बन गये थे।)

स्वय अपनी सेवाओं के सही मूल्याकन स वचित होकर किसी शिकायत के आधार पर य सब नहीं कह रहा हूँ। एकदम नही। वास्तव म जैसाकि उन कुछेक भारतीयो की भाँति जोकि आई० आई० एल० और आई० एन० ए० से सलग्न थे और जि ह बाद म भारत की विदेश सेवा म भर्ती कर लिया गया था, मुझे भी ऐसा करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। यह वचन भी मिला था कि कालातर म उचित समय आने पर मुझे कही पर राजदूत बनाकर भेज दिया जायगा किंतु मैंने अपने मन म भारतीय स्वतत्रता सघष म अपनी भूमिका को एक और ही नजरिये स देखा था। आइ० आई० एल० के मूलभूत सिद्धातो म स एक था 'अनासक्त कम'। स्वतन्त्र भारत की नौकरशाही व्यवस्था म एक सम्भावित नौकरी पाना मेरे लिए प्रेरणा का कारण नही रहा था। और जब मुझे स्वतत्र भारत के अफसरो के नववग का अग बनाये जाने पर विचार किया जा रहा था तो मैंने उन सब म कोई रुचि नहीं दर्शायी। एक राजनीतिक नियुक्ति की भाँति यदि मुझे सीधे ही एक दूतावास का वरिष्ठ अध्यक्ष बनाकर भेजा जाता तो बात कुछ और होती। किन्तु पेशेवर कूटनीतिकों के चक्र म एक उम्मीदवार की भूमिका जो मेरे मित्रो म स कुछ न स्वीकार की मुझे बहुत पसन्द नही आया।

इसी कारण स स्वतत्रता सेनानियों की खुभी के समान उग आनेवाली पौद के सम्बन्ध म जिन्होंने नेहरू के सम्मुख सलामी दी और नौकरी व अन्य सुविधाओं के उपहार प्राप्त किये अभिव्यक्त मेरे विचारो का स्वय मेरे जीवन व पेशे से कोई सम्बन्ध नही है। जहाँ तक जापान म मेरे कोई कूटनीतिक पद अपनाने का प्रश्न था भारत सरकार मुझ तोक्यो म अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर पाने म सफल नहीं होती क्योंकि मैं मित्र शक्तियों की, कम-से-कम उसके ब्रिटिश अग की, बहुत अधिक वामपथी विचारों वाला व्यक्ति था।

लेकिन मैंन यह नही सोचा कि मक आथर गीर उसके दल के ताक्यो की दायि इचि भवन म अड्डा जमाने और जापान पर आधिपत्य आरम्भ करन के साथ जापान म एक गर सरकारी व्यक्ति की भाँति मेरा काय समाप्त हो गया था। कभी-न-कभी पराजित देश तथा मित्र राष्ट्रा के बीच शाति सधि तो हानी ही थी। मरे मन म न जाने क्या यह विचार हुआ कि उस दिशा म मुझे एक कतव्य का पालन करना था। मैं उत्सुक था कि भावी घटनाओ पर नजर रखू और परिवर्तित स्थिति म भारत तथा जापान के बीच के सबधो की दिशा म एक उपयोगी भूमिका निभाऊँ।

28

जापान द्वारा आत्मसमर्पण

सन 1944 के अन्त तक तोक्यो तथा जापान के अन्य नगरा पर अमरीकिया द्वारा भारी बम वर्षा की जा चुकी थी। स्थिति दिना दिन बिगडती ही जा रही थी। कष्ट तथा विपन्न सहन कर पाने की जापानियो की घोर क्षमता का ही प्रताप था कि राजधानी तथा अन्य स्थाना म ग़र सनिक नागा के बीच सामान्य गतिविधि का कुछ आभास दिखायी देता था। हालाँकि हमन हथियार पूरी तरह नही डाले थे, तो भी शिवराम के लिए और मेरे लिए यानी हम दानो क लिए अपना काम जारी रखना अधिकाधिक कठिन होता जा रहा था।

तोक्यो म बन रहना निरथक दखकर द्वितीय ब्यूरो स मर अनुराध किय जाने पर बडी कठिनाई से परिवहन का प्रबन्ध करवाने के बाद बडा जोखिम उठाकर शिवराम सिंगापुर के लिए रवाना हो गय। व रासबिहारी बोस के निधन म कुछ ही समय पूव रवाना हुए। हालाँकि इस बात म कोई सन्देह न था कि युद्ध जापान की पराजय के साथ समाप्त हो जाएगा, तो भी मैं वही बना रहा। मक आथर की सनाएँ 9 जुलाई, 1944 को लूज़ोन म उतर चुकी थी जसाकि पहले भी कह चुका हूँ और उन्हाने मनीला की आर बढना आरम्भ कर दिया था। 16 फरवरी 1945 का अमरीका के पाचवें बडे के जो पश्चिमी जापान क समुद्री क्षेत्र म 200 मील तक की सीमा म प्रवेश कर चुका था, कोई डेढ हज़ार विमाना ने ताक्या तथा योकोहामा पर बम वपा की। चूकि जापानी वायु सेना की ओर स कतइ कोइ विराध प्रस्तुत नही किया गया था इसलिए यह एक प्रकार स बाधाहीन बम वर्षा थी। जापानी वायु सेना म जो कुछ बच रहा था, वह मात्र उसका कामी काज़े नामक विभाग ही था, जो बी-29 बमवषका के मुकाबले म कुछ भी नही था।

इवोजिमा द्वीप पर अमरीकिया का दवाव बढता जा रहा था। माच मास मे उस द्वीप की सुरक्षा क्षमता पूणतया खडित हो गयी। जापानी तथा मित्र देशा की सेनाआ म हताहता की सख्या बहुत बडी थी। ओकिनावा के लिए भी माच म युद्ध आरम्भ हो गया था और 4 अप्रल को जब जनरल कोइसा न त्याग पत्र दने का

निणय किया और एडमिरल कान्तारो सुजुकी न पद सँभाला तब यह और भी सख्त होता जा रहा था। सुजुकी जिन्होंन, रूस जापान युद्ध म बहुत ख्याति पायी थी, कुछ आनाकानी कर रहे थे, क्योंकि उनका विचार था कि व बहुत वृद्ध हो चुके थे। (वे 77 वष के थे) फिर भी उन्होंने सम्राट की इच्छा के आगे सिर झुका दिया। वह कदाचित ओकिनावा की रक्षा के लिए जापान की ओर से अतिम प्रयास था। किन्तु उसका कोई लाभ न हो सका। जापानी नौसेना ने अपना सर्वोत्तम युद्ध-पोत 72 हजार टन भार का 'यामोतो' जोकि उस समय विश्व म सबसे बडा सागरगामी पोत था, खो दिया और अन्य पन्द्रह युद्ध-पोत भी नष्ट हो गये। सर्वाधिक भयकर व खूनी युद्ध-शृखलाओ म स एक म 12 हजार से भी अधिक व्यक्ति मारे गये थे। मृतका म रासबिहारी के पुत्र मासाहिदे भी थे। अनुमान था कि अमरीकी पक्ष म मतको की सख्या 13 हजार थी।

उधर तोक्यो पर, 9 माच को घोर बमवर्षा की गयी जो अपनी किस्म की घोरतम बमवर्षाओ मे से एक थी। यह रात्रिकाल म आग लगानेवाले बमो का हमला था और इसका उद्देश्य था तोक्यो के उत्तर-पूर्वी बाह्याचल म स्थित जापान की शस्त्रास्त्र फक्टरी को नष्ट कर दिया जाए। कोई साढे तीन सौ बी 29 बमवषको ने 5 हजार फीट की ऊँचाई से तोक्यो पर उडानें भरी और 2 हजार टन से भी अधिक नापाम, मैगनीशियम और फोसफोरस गिराया। जापानी वायुसेना के पास रात्रि को उडान भर सकनेवाले विमान न थे और न ही अधकार मे मार करनेवाले शत्रु विमाना के विरुद्ध कोई रेडार नियत्रण व्यवस्था थी। उस एक रात म, एक लाख से भी अधिक लोग मृत्यु को प्राप्त हुए थ और पाँच लाख लोगो न अपने घरो को राख होते देखा था।

कुछ दिनो के अन्तराल म एक के बाद एक बमवर्षा जारी रही और मई मास तक आधा तोक्यो नगर तबाह हो चुका था। सम्राट यह देखन के लिए कि क्या हो रहा है, अपने महल से बाहर निकले। और जो कुछ उन्होंने देखा, उसस निश्चय ही उन्ह बहुत कष्ट हुआ। लेकिन आम जापानियो न अविश्वसनीय आत्म-सयम का परिचय दिया। वे अभी भी सम्राट के आगे नम्रता से झुकत रहे और शिकायत म चू तक न की।

ओकिनवा के पतन के साथ जापानी द्वीपसमूह पर मित्रदशा की सनाओ की जकड एक निकट सभावना का रूप ले चुकी थी। लगभग दम घुटकर समाप्त होन वाले देश पर यह जकड घातक रूप से मजबूत हो गयी थी। सम्राट क महल अथवा नगर पर असख्य बम गिरानेवाले नीची उडानें भरनेवाले मित्र दशा की सनाओ के युद्धक विमानो द्वारा जानबूझकर बचाई गयी कुछ इमारतो को छोडकर समस्त तोक्यो जल रहा था। अकेले तोक्यो म असख्य लोगो के मर जान क अलावा 50 लाख से भी अधिक जापानी बेघर-बार हो चुके थ। यहबात काफ़ी आश्चयजनक

है कि नगर की लगभग आधी जनता जा वेघर-बार हो चुकी थी, कैंस जीवित बच रही कदाचित इसलिए कि वह ग्रीष्म काल था। यदि शीत काल हाता ता घर-बार विहीन लागा म स बहुत स सर्दी के शिकार हा जात।

